रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन आर आर सी - ०१/२०१९ - CEN RRC - 01/2019

RRB Group D 2019

Level-1 Posts (Group D) · CEN RRC 01/2019 · CBT (17 Aug - 11 Oct 2022) · Question Paper

Hindi

All 99 Shifts (Sets) · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet contains all **99 shift papers** of the **RRB Group D 2019** examination in **Hindi**, with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

Source and order. Original question images of the official RRB response sheets (no retyping). RRB shuffled questions and options for every candidate; here each paper runs section by section in the official order (Maths Q1-25, Reasoning Q26-55, General Science Q56-80, General Awareness Q81-100), options in RRB's own order.

Answer key. Official RRB key; 12 questions carry RRB's final (post-objection) answer; 36 questions dropped by RRB are printed as asked, with RRB's note and no tick.


2 of these 9900 questions are shown in English. RRB did not release them in Hindi to any candidate whose response sheet we could reach, so the official English version is printed instead and marked with an ENGLISH chip. Nothing here is machine translated.

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions appear section by section in the order of the paper, numbered 1 onward.
- Diagram and wide-table questions appear at full width at the end of their section.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.



Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

- Set 1 — 17 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 2 — 17 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 3 — 17 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 4 — 18 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 5 — 18 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 6 — 18 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 7 — 22 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 8 — 22 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 9 — 22 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 10 — 23 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 11 — 23 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 12 — 23 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 13 — 24 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 14 — 24 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 15 — 24 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 16 — 25 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 17 — 25 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 18 — 25 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 19 — 26 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 20 — 26 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 21 — 26 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 22 — 29 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 23 — 29 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 24 — 29 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 25 — 30 Aug 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 26 — 30 Aug 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 27 — 30 Aug 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 28 — 01 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 29 — 01 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 30 — 01 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 31 — 02 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
- Set 32 — 02 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
- Set 33 — 02 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
- Set 34 — 05 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM

Set 35	05 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 53	14 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 36	05 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 54	14 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 37	06 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 55	15 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 38	06 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 56	15 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 39	06 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 57	15 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 40	08 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 58	16 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 41	08 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 59	16 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 42	08 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 60	16 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 43	09 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 61	17 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 44	09 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 62	17 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 45	09 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 63	17 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 46	12 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 64	18 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 47	12 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 65	18 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 48	12 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 66	18 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 49	13 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 67	19 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 50	13 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 68	19 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 51	13 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 69	19 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 52	14 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 70	20 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM

Set 71	20 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 86	29 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 72	20 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 87	29 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 73	22 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 88	30 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 74	22 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 89	30 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 75	22 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 90	30 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 76	26 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 91	06 Oct 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 77	26 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 92	06 Oct 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 78	26 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 93	06 Oct 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 79	27 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 94	07 Oct 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 80	27 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 95	07 Oct 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 81	27 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 96	07 Oct 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 82	28 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM	Set 97	11 Oct 2022 9:00 AM - 10:30 AM
Set 83	28 Sep 2022 12:45 PM - 2:15 PM	Set 98	11 Oct 2022 12:45 PM - 2:15 PM
Set 84	28 Sep 2022 5:00 PM - 6:30 PM	Set 99	11 Oct 2022 5:00 PM - 6:30 PM
Set 85	29 Sep 2022 9:00 AM - 10:30 AM		

Q1 Mathematics

यदि $x+y+z=11$ है, और $xy+yz+zx=42$ है, तो $x^2+y^2+z^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 37 ✓

B. 39

C. 41

D. 43

Q2 Mathematics

P और Q अकेले एक कार्य को क्रमशः 9 दिन और 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे Q से शुरू करके एक-एक दिन छोड़कर कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिन में पूरा हो जाएगा?

A. $10\frac{1}{3}$ ✓

B. $10\frac{5}{6}$

C. $11\frac{1}{3}$

D. $11\frac{5}{6}$

Q3 Mathematics

श्रीनिवास ने अभी हाल ही में अपने से 4 वर्ष छोटी लड़की से शादी की है। 5 वर्ष के बाद उनकी औसत आयु 33 वर्ष होगी। लड़की की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

A. 30 वर्ष

B. 26 वर्ष ✓

C. 31 वर्ष

D. 35 वर्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

वह अधिकतम संभव लंबाई ज्ञात कीजिए, जिसका उपयोग करके 5 m 25 cm, 7 m 35 cm और 4 m 90 cm की लंबाइयों को पूर्णतः मापा जा सकता है।

A. 35 cm ✓


B. 45 cm

C. 25 cm

D. 55 cm

Q5 Mathematics

यदि ABCD चित्र में प्रदर्शित किए गए अनुसार एक समांतर चतुर्भुज है, जिसके दो विकर्ण AC और BD, O पर प्रतिच्छेदित करते हैं, तथा OA = x + 3, OB = y + 2, OC = 2x + y, OD = 3y है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।



A. 1

B. 2 ✓

C. 3

D. 4

Q6 Mathematics

दोतरफा यात्रा के दौरान गौरव की औसत चाल 15 km/h है। यदि वह जाते समय प्रति घंटे 20 km की दूरी तय करता है, तो लौटते समय उसकी चाल ज्ञात कीजिए।

A. 10 km/h

B. 15 km/h

C. 12 km/h ✓

D. 11 km/h

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

यदि समीकरण $ax^2 + x + b = 0$ के मूल बराबर हैं, तो निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?

A. $b^2 = 4a$

B. $b^2 < 4a$

C. $b^2 > 4a$

D. $ab = \frac{1}{4}$ ✓

Q8 Mathematics

इनमें से कौन सा द्विघात समीकरण है?

A.) $b - \sqrt{3} + 2b - \sqrt{32} = 0$

B.) $(x - 4x^2 + 5) + \sqrt{3}x + 8 = 0$

C.) $(p - q)^2 - q^3 + 2pq - \sqrt{p} = -3$

D.) $(x + 3)^{\frac{1}{2}} = 0$

A. A

B. B ✓

C. C

D. D

Q9 Mathematics

20 महिलाएं एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकती हैं। 16 पुरुष उसी कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकते हैं। एक पुरुष और एक महिला की कार्य कुशलता का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 3 : 2

B. 4 : 3

C. 5 : 4 ✓

D. 5 : 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Mathematics

जॉन ने एक लैपटॉप, उसके अंकित मूल्य पर 25% की छूट पर खरीदा। यदि उसने लैपटॉप के लिए ₹28,473 का भुगतान किया, तो उसका अंकित मूल्य क्या था?

A. ₹37,694

B. ₹37,964 ✓

C. ₹37,496

D. ₹37,946

Q11 Mathematics

2 m भुजा वाली एक घनाकार पानी की टंकी में 3.5 cm त्रिज्या वाला एक वृत्ताकार इनलेट है। यदि पानी के प्रवाह की गति 2 m/s है, तो इसके द्वारा टंकी को भरने में कितना समय (लगभग) लगेगा?

A. 22 मिनट

B. 19.2 मिनट

C. 17.3 मिनट ✓

D. 1 घंटा

Q12 Mathematics

एक वर्ष पूर्व, साकेत और तिलक की आयु का क्रमशः अनुपात 5 : 6 था। चार वर्ष बाद, यह अनुपात 6 : 7 हो जाएगा। साकेत की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

A. 26 वर्ष ✓

B. 30 वर्ष

C. 25 वर्ष

D. 31 वर्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q13 Mathematics

sinθ को cotθ के पदों में व्यक्त कीजिए, जहां θ एक न्यून कोण है।

A. $\frac{1}{\sqrt{1+cot^2\theta}}$ ✓

B. $\frac{1}{1+cot^2\theta}$

C. $1+cot^2\theta$

D. $\sqrt{1+cot^2\theta}$

Q14 Mathematics

$0.6+\left(\sqrt{0.81}-\left(\sqrt{0.0144}+0.4\div 0.5\right)\right)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 0.58 ✓

B. 0.62

C. 0.78

D. 0.82

Q15 Mathematics

X और Y, सोने और प्लेटिनम की दो मिश्र धातुएं हैं, जो इन धातुओं को क्रमशः 5 : 2 और 5 : 7 के अनुपात में मिलाकर तैयार की गई हैं। यदि हम इन मिश्र धातुओं की समान मात्राओं को पिघलाकर एक तीसरी मिश्र धातु Z बनाते है, तो Z में सोने की मात्रा और प्लेटिनम की मात्रा का अनुपात क्या होगा?

A. 73 : 95

B. 95 : 73 ✓

C. 84 : 73

D. 95 : 84

Q16 Mathematics

यदि 6, 18, 39 और x समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 139

B. 117 ✓

C. 112

D. 115

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

यदि किसी घन के एक फलक का परिमाप $24\ cm$ है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए।

A. 216 cm^3 ✓

B. 200 cm^3

C. 180 cm^3

D. 154 cm^3

Q18 Mathematics

एक क्रम में व्यवस्थित 11 संख्याओं का औसत 41 है। पहली पांच संख्याओं का औसत 18 है, और अंतिम पांच संख्याओं का औसत 64 है। छठी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 41 ✓

B. 45

C. 55

D. 64

Q19 Mathematics

दो व्यक्तियों की आयु में 30 वर्ष का अंतर है। यदि 5 वर्ष पहले बड़े व्यक्ति की आयु छोटे व्यक्ति की आयु की 3 गुनी थी, तो छोटे व्यक्ति की वर्तमान आयु कितनी है?

A. 20 वर्ष ✓

B. 30 वर्ष

C. 25 वर्ष

D. 35 वर्ष

Q20 Mathematics

₹2,000 की राशि पर 8.25% वार्षिक दर से 7 फरवरी 2022 से 20 अप्रैल 2022 तक की अवधि के लिए साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

A. ₹35

B. ₹33 ✓

C. ₹31

D. ₹37

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹2,500 है, और उसका विक्रय मूल्य ₹2,375 है, तो प्रतिशत हानि ज्ञात कीजिए।

A. 3%

B. 4%

C. 5% ✓

D. 6%

Q22 Mathematics

$27 \div 3 - 27 \times 0 + 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. −18

B. 12

C. 10 ✓

D. 13

Q23 Mathematics

△ABC में, यदि ∠A = 40° और ∠B = 70° है, तो बहिष्कोण A का माप ज्ञात कीजिए।

A. 110°

B. 140° ✓

C. 30°

D. 70°

Q24 Mathematics

$36\ cm$ को km में बदलें।

A. $0.0036\ km$

B. $0.00036\ km$ ✓

C. $0.00063\ km$

D. $0.000036\ km$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Mathematics

यदि दो संख्याओं का योग 430 है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 43 है, तो निम्नलिखित में से कौन सा वह सही संख्या-युग्म है?

A. 86, 344

B. 129, 301 ✓

C. 172, 258

D. 215, 215

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

E, F, G, H, I, J और K एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। H, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F और K एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। F और E दोनों I के ठीक बगल में बैठे हैं। H और E एक दूसरे के ठीक बगल में बैठे हैं। K, पंक्ति के दाएं सिरे पर बैठा है। J, H के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। J के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. G ✓


B. H

C. F

D. E

Q27 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई-चार्ट एक वैज्ञानिक कैलकुलेटर के निर्माण में किए गए व्यय के प्रतिशत वितरण को दर्शाता है। पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [Direct labour cost- प्रत्यक्ष श्रम लागत, Direct material cost- प्रत्यक्ष सामग्री लागत, Advertisement- विज्ञापन, Mnufacturing- विनिर्माण, Transportation- परिवहन]
यदि 500 कैलकुलेटरों का निर्माण किया जाता है, और उन पर प्रत्यक्ष श्रम लागत ₹1,00,000 है, तो एक कैलकुलेटर का विक्रय मूल्य कितना रखा जाना चाहिए, ताकि निर्माता को 44% का लाभ प्राप्त हो सके?

A. ₹1,500

B. ₹1,000

C. ₹1,200 ✓

D. ₹600

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$25.19 \times 3 + 4.41 - 0.9 = ?$

A. 62

B. 78 ✓

C. 95

D. 100

Q29 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'MFBTF' को 'LEASE' लिखा जाता है, और 'UNISE' को 'TMHRD' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'TRICK' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. USDJL

B. SSHJB

C. USJDL

D. SQHBJ ✓

Q30 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

10 : 55 :: 12 : 65 :: 18 : ?

A. 85

B. 92

C. 95 ✓

D. 90

Q31 General Intelligence and Reasoning

उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?

S2L, P6N, M18P, J54R, G162T,?

A. D486V ✓

B. D324V

C. E486V

D. D386V

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

सभी तवे, पेन हैं।

सभी पेन, ब्रश हैं।

सभी ब्रश, मेज हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ मेज, तवे हैं।

(II) सभी पेन, तवे हैं।

(III) कोई भी पेन, तवा नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓


B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है।

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

Q33 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



Medal winners - पदक विजेता

Gymnasts - जिमनास्ट

Girls - लड़कियां

उपरोक्त आरेख के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. उन लड़कियों की संख्या, जो जिमनास्ट भी हैं, 41 है।

B. उन जिमनास्टों की संख्या, जो पदक विजेता भी हैं, 34 है।

C. उन लड़कियों की संख्या, जो न तो जिमनास्ट हैं, और न ही पदक विजेता हैं, 23 है।

D. उन पदक विजेताओं की संख्या, जो लड़कियां भी हैं, 27 है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

एक जंगल में छः जिराफ P, Q, R, S, T और U हैं, जिनमें से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है। S, Q से लंबा है। P, R से लंबा है। S, T से छोटा है। Q, P से लंबा है, किंतु T से छोटा है। T, U से छोटा है। इन छः जिराफों में से कौन सा जिराफ सबसे छोटा है?

A. Q

B. P

C. T

D. R ✓

Q35 General Intelligence and Reasoning

रमन एक बिंदु से चलना शुरू करता है, और उत्तर की ओर 200 m चलता है, फिर वह बाएं मुड़ता है, और 300 m चलता है, फिर दाएं मुड़ता है, और 400 m चलता है, और फिर पुनः दाएं मुड़ता है, और 300 m चलता है। रमन आरंभ बिंदु से कितनी दूर है?

(सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 600 m ✓

B. 700 m

C. 1400 m

D. 200 m

Q36 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 42514563 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ा जाता है, और प्रत्येक सम अंक से 1 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या के सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों का अंतर क्या होगा?

A. 2

B. 5

C. 7 ✓

D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्ति - A, B, C, D, E और F, एक वृत्ताकार मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। D और A के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, C के दाईं ओर ठीक बगल में है। E, F के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। E, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। F के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. D ✓

B. E

C. C

D. A

Q38 General Intelligence and Reasoning

P, L, K, U, J और Y समान कैलेंडर वर्ष के छः क्रमागत महीनों में राजस्थान और उत्तर प्रदेश की यात्रा पर गए। P ने नवंबर के महीने में राजस्थान की यात्रा करना पसंद किया। U ने P से ठीक दो महीने पहले उत्तर प्रदेश की यात्रा की। Y ने यात्रा के लिए जुलाई के महीने को पसंद किया। J ने Y और U द्वारा पसंद किए गए महीनों के ठीक मध्य में राजस्थान का दौरा करना पसंद किया। L ने Y से ठीक एक महीने पहले यात्रा की। K ने किस महीने में यात्रा की?

A. अगस्त

B. सितंबर

C. अक्टूबर ✓

D. नवंबर

Q39 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
Y H S D S Y I R A Y E U G I R O A B U B R X M P Q
उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है, और ठीक बाद भी एक व्यंजन है?

A. 2

B. 3

C. 4 ✓

D. 5

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(15, 41, 4)
(19, 71, 5)

A. (13, 55, 3)

B. (44, 91, 3)

C. (10, 8, 2) ✓

D. (41, 125, 4)

Q41 General Intelligence and Reasoning

राजन एक बिंदु से चलना शुरू करता है, और उत्तर की ओर 200 m चलता है, फिर वह बाएं मुड़ता है, और 300 m चलता है, फिर दाएं मुड़ता है, और 400 m चलता है, और फिर बाएं मुड़ता है, और 1 km चलता है। अब राजन का मुख किस दिशा में है?

(सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. दक्षिण

B. पूर्व

C. पश्चिम ✓

D. उत्तर

Q42 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
55, 104, 140, 165,?

A. 185

B. 181 ✓

C. 192

D. 174

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

दी गई अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

T % N 9 * M $ 3 U = L 8 Y @ G & 3 E > W & 4 R F ! K

ऐसे प्रतीकों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए, जिनके ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अक्षर आता है।

A. 1 ✓

B. 2

C. 3

D. 4

Q44 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कोई कंप्यूटर मार्कर नहीं है।

सभी इरेज़र मार्कर हैं।

सभी पेन इरेज़र हैं।

निष्कर्ष:

I. कोई पेन कंप्यूटर नहीं है।

II. कुछ इरेज़र कंप्यूटर हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करते है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्रों - A, S, D, F और G ने एक ही कैलेंडर वर्ष के क्रमागत महीनों में एक कोचिंग संस्थान में प्रवेश लिया। A ने मई में प्रवेश लिया। केवल D ने F और S के बीच प्रवेश लिया, जबकि G ने A के ठीक एक महीने बाद प्रवेश लिया। F प्रवेश लेने वाला अंतिम मित्र था। D ने किस महीने में प्रवेश लिया?

A. अगस्त ✓

B. जुलाई

C. सितंबर

D. जून

Q46 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

मुफ्त पास लेने के लिए कृपया 21 अप्रैल तक कार्यक्रम के लिए पंजीकरण कीजिए। वैध निवास प्रमाण पत्र के बिना पास जारी नहीं किया जाएगा।

धारणा:

I. मतदाता पहचान पत्र एक वैध निवास प्रमाण पत्र है।

II. पास, कार्यक्रम स्थल पर खरीदे जा सकते हैं।

A. केवल धारणा I निहित है

B. केवल धारणा II निहित है

C. न तो धारणा I और न ही II निहित है ✓


D. धारणा I और II, दोनों निहित हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित चार्ट वर्ष (year) 2012 से 2016 तक विभिन्न वर्षों के दौरान एक संगठन के उत्पादन को दर्शाता है। चार्ट का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



2015 से 2016 तक उत्पादन में हुई प्रतिशत वृद्धि कितनी थी?

A. 40%

B. 50% ✓

C. 25%

D. 21%

Q48 General Intelligence and Reasoning

विद्यार्थियों की एक कक्षा में, पाउलो को शीर्ष से 18वां और नीचे से 45वां स्थान मिला है। कक्षा में विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 60

B. 61

C. 62 ✓

D. 63

Q49 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

9, 10, 18, 45, 109, ?

A. 234 ✓

B. 218

C. 198

D. 327

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

8:45 बजे घड़ी की दोनों सुइयों (घंटे वाली सुई और मिनट वाली सुई) के बीच बना कोण लगभग कितना होगा?

A. 17°

B. 10°

C. 7° ✓

D. 2°

Q51 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर-समूह युग्मों में, पहला अक्षर-समूह, एक निश्चित तर्क का पालन करते हुए दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। इन युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो निम्न युग्मों के समान तर्क का पालन करता हो।
PRO: LJM
ZEN: BWN

A. DEN: WWN

B. KLP: QPL ✓

C. NYZ: MCB

D. GUN: UGM

Q52 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?
कथन: $P \leq Q < F = R > M \geq B$
निष्कर्ष:
I. $R > P$
II. $F < B$

A. केवल निष्कर्ष I सही है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II सही है।

C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 General Intelligence and Reasoning

यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तथा '−' और '×' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

100 × 121 + 11 − 7 ÷ 24 − 8 × 33 × 99 ÷ 17 = ?

A. 80

B. 90

C. 100 ✓

D. 101

Q54 General Intelligence and Reasoning

शब्द DAUGHTER में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) ऐसे कितने अक्षर-युग्म मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं?

A. 2

B. 3

C. 4 ✓

D. 5

Q55 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

संख्या/ प्रतीक	7	5	E	%	&	4	8
कूट	S	D	M	U	T	L	A

शर्तें:

(i) यदि दूसरा घटक एक विषम संख्या है, और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो इन दोनों (दूसरा और अंतिम घटक) के कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

(ii) यदि तीसरा घटक एक सम संख्या है, और पांचवां घटक एक प्रतीक है, तो इन दोनों (तीसरे और पांचवें घटक) के कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

(iii) यदि पांचवां घटक एक प्रतीक है, और छठा घटक भी एक प्रतीक है, तो इन दोनों घटकों (पांचवें और छठवें घटक) को R के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

प्रश्न: E 7 5 % & 4 % 8

A. M A T U D L U S

B. M S D U T L U A

C. M A D U T L U S ✓

D. M A D U R R U S

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Science

वह प्रक्रिया जिसके द्वारा जल रिसकर भूमि में प्रवेश करता है, _____ कहलाती है।

A. परासरण

B. वाष्पोत्सर्जन

C. अंत:स्यंदन ✓

D. भस्मीकरण

Q57 General Science

निम्न में से किस प्रकार के प्रतिबिंब पर्दे पर प्राप्त किए जा सकते हैं?

(a) वास्तविक और बड़ा

(b) वास्तविक और छोटा

(c) आभासी और बड़ा

(d) आभासी और छोटा

A. (a) और (b) दोनों ✓

B. (b) और (c) दोनों

C. (c) और (d) दोनों

D. (a) और (d) दोनों

Q58 General Science

न्यूलैंड के अष्टक नियम में, पहला तत्व _____ है, और अंतिम ज्ञात तत्व _____ है।

A. हाइड्रोजन, ज़िर्कोनियम

B. हाइड्रोजन, लैंथेनम

C. हाइड्रोजन, थोरियम ✓

D. हीलियम, ज़िर्कोनियम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q59 General Science

दो क्रमागत समजातीय श्रेणी के सदस्यों के बीच आणविक द्रव्यमान में अंतर कितना होगा?

A. 08

B. 12

C. 14 ✓

D. 16

Q60 General Science

विद्युत मोटर का कौन सा भाग उसमें प्रवाहित धारा के प्रवाह की दिशा को उलट देता है?

A. विभक्त वलय (split ring) ✓

B. ब्रश (brush)

C. कुंडली (coil)

D. मृदु लौह कोर (soft iron core)

Q61 General Science

निम्नलिखित असंतुलित समीकरण द्वारा निर्दिष्ट किए गए अनुसार, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया में क्रमशः कितने जल और कार्बन डाइऑक्साइड अणु भाग लेते हैं?

$H_2O(l) + CO_2(g) \rightarrow C_6H_{12}O_6(aq) + O_2(g) + H_2O(l)$ (सूर्य के प्रकाश और क्लोरोफिल की उपस्थिति में)

A. 3 और 6

B. 4 और 5

C. 6 और 6 ✓

D. 6 और 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

नीचे दी गई तालिका गर्भनिरोधन की चार विधियों और उनके कार्य करने के तरीके को दर्शाती है। कौन सा विकल्प इनके सुमेलन को दर्शाता है?

विधि	प्रभाव
A. कॉपर-टी	i) अंडाणु गर्भाशय तक नहीं पहुंचेगा
B. मुखी गोलियां	ii) शुक्राणु गर्भाशय ग्रीवा तक नहीं पहुंचते हैं
C. कंडोम	iii) रोपण रुक जाएगा
D. नलिका उच्छेदन (Tubectomy)	iv) निषेचन रुक जाएगा

A. A-i, B-ii, C-iii, D-iv

B. A-ii, B-i, C-iv, D-iii

C. A-iv, B-iii, C-ii, D-i ✓

D. A-iii, B-ii, C-iv, D-i

Q63 General Science

श्वसन तंत्र का कौन-सा भाग वायु-मार्ग के निपातन (collapsing) को रोकता है?

A. श्वासनली

B. पसली

C. मेरुदंड

D. उपास्थि वलय ✓

Q64 General Science

AIDS का पूर्णरूप क्या है?

A. Artificial Immune Deficiency Syndrome (आर्टिफिशियल इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम)

B. Acquired Immune Deficiency Syndrome (अक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम) ✓

C. Aggravated Immune Deficient Syndrome (एग्रेवेटेड इम्यून डेफिशिएंट सिंड्रोम)

D. Added Immune Deficient Syndrome (एडेड इम्यून डेफिशिएंट सिंड्रोम)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

बल्ब के फिलामेंट को _____ प्राप्त करने के लिए अत्यंत पतला और लंबा बनाया जाता है।

A. उच्च प्रतिरोध ✓

B. उच्च प्रतिरोधकता

C. उच्च वोल्टेज

D. उच्च धारा

Q66 General Science

कशेरुकियों की यकृत कोशिकाओं में SER द्वारा कौन-सा महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है?

A. प्रोटीन का संश्लेषण


B. लिपिड का संश्लेषण

C. जटिल शर्कराओं का संश्लेषण

D. औषधियों और विषों का निराविषीकरण ✓

Q67 General Science

एक पत्ती की अनुप्रस्थ काट के निम्नांकित चित्र का अध्ययन करें, और बताएं कि कौन सा विकल्प इसके सही अक्षरांकन को दर्शाता है?



A. a - मोमी क्यूटिकल, b - ऊपरी अधिचर्म, c - रंध्र, d - वायु अवकाश, e - केंद्रक

B. a - ऊपरी अधिचर्म, b - मोमी क्यूटिकल, c - रंध्र, d - वायु अवकाश, e - हरित लवक

C. a - ऊपरी अधिचर्म, b - निचली वाह्य त्वचा, c - रंध्र, d - वायु अवकाश, e - केंद्रक

D. a - ऊपरी अधिचर्म, b - निचली वाह्य त्वचा, c - रक्षक कोशिका, d - वायु अवकाश, e - हरित लवक ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 General Science

निम्नलिखित अपघटन अभिक्रिया में, p q r s की पहचान कीजिए:

p $FeSO_4$ (s) → q Fe_2O_3 (s) + r SO_2 (g) + s SO_3(g)

A. 1,1,2,1

B. 1,1,1,1

C. 3,1,1,1

D. 2,1,1,1 ✓

Q69 General Science

जब परमाणु क्रमांक _____ और नाभिकीय आवेश _____, तब नाभिक और संयोजी इलेक्ट्रॉनों के बीच आकर्षण बल _____, इसलिए, Li से F तक परमाणु त्रिज्या _____ ।

A. बढ़ता है, बढ़ता है, बढ़ता है, घटती है ✓

B. घटता है, घटता है, घटता है, बढ़ती है

C. बढ़ता है, घटता है, घटता है, बढ़ती है

D. बढ़ता है, बढ़ता है, घटता है, घटती है

Q70 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा जीव-समूह पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक होता है?

A. शैवाल और प्रोटोजोआ

B. प्रोटोजोआ और लाइकेन

C. जीवाणु और कवक ✓

D. शैवाल और लाइकेन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 General Science

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

(i) टिन-लेड मिश्र धातु का उपयोग फ्यूज तार बनाने के लिए किया जाता है।

(ii) फ्यूज को विद्युत्मय तार से जोड़ा जाता है।

(iii) फ्यूज बनाने हेतु चयनित पदार्थ का गलनांक उच्च होना चाहिए।

A. (i) और (ii) दोनों ✓

B. (ii) और (iii) दोनों

C. (i) और (iii) दोनों

D. (i), (ii) और (iii)

Q72 General Science

एक धुएं से भरे कमरे में प्रवेश करने पर प्रकाश की एक बारीक किरण इनमें से किसके कारण दिखाई देती है?

A. प्रकाश का परावर्तन

B. प्रकाश का अपवर्तन

C. प्रकाश का वर्ण-विक्षेपण

D. प्रकाश का प्रकीर्णन ✓

Q73 General Science

यदि एक आपतित प्रकाश किरण किसी अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र से गुजरती है, तो आपतित किरण और परावर्तित किरण के बीच बनने वाला कोण _____ के बराबर होगा।

A. 0° ✓

B. 90°

C. 150°

D. 180°

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 General Science

निम्नलिखित में से किस यौगिक का उपयोग श्वेत-श्याम (black and white) फोटोग्राफी में किया जाता है?

A. सिल्वर क्लोराइड

B. सिल्वर ब्रोमाइड

C. सिल्वर क्लोराइड और सिल्वर ब्रोमाइड दोनों ✓

D. सिल्वर ऑक्साइड

Q75 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा संबंध ओम के नियम (Ohm's law) के सही गणितीय रूप का निरूपण करता है?

A. $R = I/V$

B. $I = R/V$

C. $I = V^2R$

D. $V = IR$ ✓

Q76 General Science

जिप्सम को गर्म करके एक रासायनिक यौगिक X तैयार किया जाता है। यह एक सफ़ेद चूर्ण है और इसका उपयोग अग्निरोधी पदार्थ के रूप में होता है। यौगिक X क्या है?

A. बेकिंग सोडा

B. धावन सोडा

C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड

D. प्लास्टर ऑफ पेरिस ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q77 General Science

एक धारावाही परिनालिका के लिए इनमें से कौन से कथन सही हैं?

(i) इसका उपयोग मृदु लोहे के टुकड़े को चुंबकित करने के लिए किया जा सकता है।

(ii) यह छड़ चुंबक की भांति कार्य करता है।

(iii) क्षेत्र रेखाएं संकेंद्रित वृत्त होती हैं।

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (i) और (ii) दोनों ✓

D. (i) और (iii) दोनों

Q78 General Science

क्लोर-एल्कली (chlor-alkali) प्रक्रिया में तीन उत्पाद, _____, _____ और _____ उत्पन्न होते हैं।

A. हाइड्रोजन, क्लोरीन, NaOH ✓

B. क्लोरीन, हाइड्रोजन, Na_2CO_3

C. ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, NaOH

D. क्लोरीन, ऑक्सीजन, Na_2CO_3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q79 General Science

गोलीय दर्पण के मुख्य अक्ष के बारे में इनमें से कौन से कथन सत्य हैं?

(i) यह दर्पण पर अभिलंब होता है।

(ii) आपतन बिंदु हमेशा मुख्य अक्ष पर स्थित होता है।

(iii) मुख्य फोकस हमेशा मुख्य अक्ष पर स्थित होता है।

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (i) और (ii) दोनों

D. (i) और (iii) दोनों ✓

Q80 General Science

श्वसन की इनमें से किस अभिक्रिया में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है?

A. ग्लूकोज के पाइरूवेट में रूपांतरण

B. पाइरूवेट के एथेनॉल में रूपांतरण

C. पाइरूवेट के CO_2, H_2O और ऊर्जा में रूपांतरण ✓

D. पाइरूवेट के CO_2 में रूपांतरण

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

उच्चतम न्यायालय ने किस वर्ष में दहेज के मुद्दों से संबंधित 'सतबीर सिंह बनाम हरियाणा राज्य' मामले में अपना फैसला सुनाया?

A. 2022

B. 2021 ✓

C. 2020

D. 2019

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q82 General Awareness and Current Affairs

7 मार्च 2022 को, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) ने शिक्षा मंत्रालय और यूनिसेफ (UNICEF) के साथ साझेदारी में, भारत में स्कूली शिक्षा छोड़ चुकी किशोरियों को औपचारिक शिक्षा में वापस लाने के लिए _____ अभियान शुरू किया।

A. कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ✓

B. सुकन्या समृद्धि योजना

C. बालिका पढ़ाओ योजना

D. किशोरी शक्ति योजना

Q83 General Awareness and Current Affairs

28 मई 2022 से प्रभावी रूप से, निम्नलिखित में से किसे लोकपाल प्रमुख के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया है?

A. न्यायमूर्ति बी एस पाटिल

B. न्यायमूर्ति पी विश्वनाथ शेट्टी

C. न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार मोहंती ✓

D. न्यायमूर्ति चित्तरंजन शर्मा

Q84 General Awareness and Current Affairs

उस स्वदेशी रूप से विकसित हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट सिस्टम का नाम क्या है, जिसका दिसंबर 2021 में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा सफल उड़ान परीक्षण किया गया था?

A. प्रलय (Pralay)

B. निर्भय (Nirbhay)

C. अभ्यास (Abhyas) ✓

D. शौर्य (Shaurya)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q85 General Awareness and Current Affairs

देशांतर और अक्षांश के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है?

A. 180° E और 180° W एक ही देशांतरीय रेखा को संदर्भित करते हैं।

B. देशांतर कभी भी एक दूसरे को प्रतिच्छेदित नहीं करते हैं। ✓

C. अक्षांश कभी भी एक दूसरे को प्रतिच्छेदित नहीं करते हैं।

D. अक्षांश रेखाएं एक दूसरे के समानांतर होती हैं।

Q86 General Awareness and Current Affairs

जैन धर्म में, 'जैन' शब्द संस्कृत शब्द 'जिन्' से लिया गया है, जिसका अर्थ है _____, अर्थात् जिसने सभी मानवीय भावावेशों पर विजय प्राप्त कर ली हो।

A. विजेता ✓

B. फुर्ती

C. खरापन

D. अमर

Q87 General Awareness and Current Affairs

अर्थशास्त्र में, मांग वक्र की ढलान (slope) सामान्यतः _____ होती है।

A. बाएं से दाएं नीचे की ओर ✓

B. बाएं से दाएं ऊपर की ओर

C. बाएं से दाएं X अक्ष के समानांतर सीधी

D. बाएं से दाएं वक्रीय

Q88 General Awareness and Current Affairs

उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन भारत के इनमें से किस राज्य में पाए जाते हैं?

A. केरल ✓

B. उत्तर प्रदेश

C. गुजरात

D. राजस्थान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q89 General Awareness and Current Affairs

जनवरी 2022 में, वी अनंत नागेश्वरन को भारत का नया मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) नियुक्त किया गया, जिन्होंने _____ का स्थान ग्रहण किया।

A. कौशिक बसु

B. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन ✓

C. अरविंद सुब्रमण्यन

D. रघुराम राजन

Q90 General Awareness and Current Affairs

भारत सरकार द्वारा वर्ष _____ में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया।

A. 2019

B. 2020

C. 2021 ✓

D. 2022

Q91 General Awareness and Current Affairs

फरवरी 2022 में, जैव चिकित्सा नवाचार (बायोमेडिकल इनोवेशन) पर ICMR/DHR नीति किसने लॉन्च की?

A. अमित शाह

B. मनसुख मंडाविया ✓

C. नितिन गडकरी

D. नरेन्द्र मोदी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q92 General Awareness and Current Affairs

2021 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव किसने प्राप्त किया?

A. सरिता मोर

B. बबीता फोगाट

C. मोना

D. अंशु मलिक ✓

Q93 General Awareness and Current Affairs

1930 में नमक उत्पादन पर ब्रिटिश एकाधिकार के खिलाफ इनमें से कौन सा अहिंसक विरोध किया गया था?

A. सविनय अवज्ञा

B. दांडी यात्रा ✓

C. खेड़ा सत्याग्रह

D. खिलाफत आंदोलन

Q94 General Awareness and Current Affairs

पेरियार नदी इनमें से किस भारतीय राज्य में बहती है?

A. केरल ✓

B. पंजाब

C. ओडिशा

D. त्रिपुरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

2021 में बाल साहित्य पुरस्कार कितनी भाषाओं में प्रदान किया गया था?

A. 23

B. 22 ✓

C. 24

D. 21

Q96 General Awareness and Current Affairs

प्रथम पंचवर्षीय योजना के शुभारंभ के समय योजना आयोग के अध्यक्ष इनमें से कौन थे?

A. राजेंद्र प्रसाद

B. हरेंद्र कुमार मुखर्जी

C. सरदार वल्लभभाई पटेल

D. जवाहरलाल नेहरू ✓

Q97 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान राष्ट्रपति को तीन प्रकार के आपातकालों की घोषणा करने का अधिकार देता है। इनमें से कौन सा उनमें शामिल नहीं है?

A. अनुच्छेद 352 - राष्ट्रीय आपातकाल

B. अनुच्छेद 356 - राज्य में आपातकाल (राष्ट्रपति शासन)

C. अनुच्छेद 358 - सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल ✓

D. अनुच्छेद 360 - वित्तीय आपातकाल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness and Current Affairs

पंचायती राज व्यवस्था सबसे पहले भारत के किस राज्य में लागू की गई थी?

A. पश्चिम बंगाल

B. मध्य प्रदेश

C. राजस्थान ✓

D. उत्तर प्रदेश

Q99 General Awareness and Current Affairs

'चलो लोकू (Chalo Loku)' उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?

A. आंध्र प्रदेश

B. अरुणाचल प्रदेश ✓

C. उत्तर प्रदेश

D. मध्य प्रदेश

Q100 General Awareness and Current Affairs

_____, 1956 से राष्ट्रीय आय, उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण से संबंधित डेटा जारी करने के लिए नोडल एजेंसी है।

A. मौद्रिक नीति कार्यालय

B. केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ✓

C. केंद्रीय वित्तीय कार्यालय

D. लोक परिसंपत्ति प्रबंधन कार्यालय

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

पिछले वर्ष, रंजन का मासिक वेतन ₹34,500 था, और इस वर्ष उसका मासिक वेतन ₹38,640 है। पिछले वर्ष के मासिक वेतन की तुलना में, इस वर्ष रंजन के मासिक वेतन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

A. 12% ✓

B. 13%

C. 15%

D. 20%

Q2 Mathematics

A, B और C कोई व्यवसाय शुरू करते हैं। वे क्रमशः 6 महीने, 12 महीने और 14 महीने के लिए साझेदारी करते हैं। यदि उनके लाभों का अनुपात क्रमशः 5 : 4 : 7 है, तो उनके संबंधित निवेशों का अनुपात _____ है।

A. 5 : 2 : 3 ✓

B. 2 : 3 : 5

C. 1 : 5 : 3

D. 2 : 3 : 7

Q3 Mathematics

36 संख्याओं का माध्य 42 पाया गया। बाद में, यह पता चला कि एक संख्या 47 को चूकवश 41 पढ़ा गया था। दी गई संख्याओं का सही माध्य ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)।

A. 42.17 ✓

B. 42.83

C. 43.74

D. 43.62

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

$0.4\overline{24}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त कीजिए, जहां p और q पूर्णांक हैं, और $q \neq 0$ है।

A. $\frac{41}{990}$

B. $\frac{41}{165}$

C. $\frac{13}{33}$

D. $\frac{14}{33}$ ✓

Q5 Mathematics

एक वस्तु को ₹1,920 में बेचने पर जेम्स द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ, उस वस्तु को ₹1,500 में बेचने पर हुई प्रतिशत हानि के बराबर है। यदि वह 10% लाभ अर्जित करना चाहता है, तो उसे उस वस्तु को किस विक्रय मूल्य पर बेचना चाहिए?

A. ₹4,000

B. ₹2,000

C. ₹1,881 ✓

D. ₹7,000

Q6 Mathematics

$(\sin^2 22° + \sin^2 68°)$ और $(\cos^2 33° + \cos^2 57°)$ का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 1 : 4

B. 1 : 1 ✓

C. 2 : 1

D. 1 : 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

एक पाठ्यपुस्तक में कुल 892 पृष्ठ हैं। इसे दो भागों में बांटा गया है। पुस्तक के दूसरे भाग में, पहले भाग की तुलना में 52 पृष्ठ कम हैं। पुस्तक के दूसरे भाग में कितने पृष्ठ हैं?

A. 420 ✓

B. 472

C. 482

D. 464

Q8 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सी संख्या 4 और 8 दोनों से विभाज्य है?

A. 8342

B. 3842

C. 4382

D. 3824 ✓

Q9 Mathematics

$6124.8 \times 625.5 \times 0.0043$ का मान निम्न में से किसके बराबर होगा?

A. $6.1248 \times 62.55 \times 0.43$

B. $612.48 \times 625.5 \times 0.43$

C. $61.248 \times 6255 \times 0.043$ ✓

D. $6.1248 \times 62.55 \times 0.043$

Q10 Mathematics

यदि रीना अपने घर से निकलकर 3 km/h की चाल से चलती है, तो वह एक जन्मदिन पार्टी में 20 min की देरी से पहुंचती है। यदि वह अपनी चाल को बढ़ाकर 4 km/h करती है, तो वह 30 min पहले पहुंच जाती है, तो उसके घर और जन्मदिन पार्टी वाले स्थान के बीच की दूरी कितनी है?

A. 4 km

B. 7 km

C. 9 km

D. 10 km ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

यदि एक गोले का आयतन $36\pi\ cm^3$ है, तो गोले का व्यास _____है।

A. 3 cm

B. 6 cm ✓

C. 9 cm

D. 27 cm

Q12 Mathematics

जब दो तिर्यक रेखाएं, तीन समानांतर रेखाओं को प्रतिच्छेदित करती हैं, और पहली तिर्यक रेखा द्वारा निर्मित अंतःखंडों का अनुपात 3 : 4 है, तो दूसरी तिर्यक रेखा द्वारा निर्मित अंतःखंडों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 4 : 3

B. 2 : 4

C. 3 : 4 ✓

D. 1 : 1

Q13 Mathematics

सरल कीजिए: $(3^2)^3 + (2^3)^2$

A. 729

B. 379

C. 739

D. 793 ✓

Q14 Mathematics

5 पुरुष और 6 महिलाएं एक कार्य को 6 दिन में कर सकते हैं, जबकि 3 पुरुष और 5 महिलाएं उसी कार्य को 9 दिन में कर सकते हैं। 3 पुरुष और 2 महिलाएं उसी कार्य को कितने दिन में कर सकते हैं?

A. $10\frac{9}{11}$ दिन

B. $11\frac{5}{11}$ दिन ✓

C. $12\frac{1}{11}$ दिन

D. $13\frac{3}{11}$ दिन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

एक तल पर चार अलग-अलग बिंदु इस प्रकार हैं, कि कोई भी तीन बिंदु संरेख नहीं हैं। उनसे होकर खींची जा सकने वाली भिन्न ऋजु रेखाओं (distinct straight lines) की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 4

B. 8

C. 6 ✓

D. 2

Q16 Mathematics

48, 72 और एक अन्य संख्या x का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 576 है। नीचे दिए गए मानों में से कौन सा x का मान हो सकता है?

A. 96

B. 192 ✓

C. 144

D. 288

Q17 Mathematics

A की आयु, B की आयु से दोगुनी है। B की आयु, C की आयु के 1/3 के बराबर है। A, B और C की आयु का योगफल 42 वर्ष है। A और B की आयु का योगफल ज्ञात कीजिए।

A. 15 वर्ष

B. 21 वर्ष ✓

C. 23 वर्ष

D. 12 वर्ष

Q18 Mathematics

साधारण ब्याज पर निवेशित, एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष में ₹1,250 और 5 वर्ष में ₹2,000 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित)।

A. 11.11%

B. 16.67%

C. 27.27%

D. 33.33% ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Mathematics

निम्न में से कौन सी योजना ग्राहक के लिए सर्वाधिक लाभकारी है?

योजना 1.) 5 ख़रीदें 3 मुफ़्त पाएं

योजना 2.) 5 खरीदें 6 पाएं

योजना 3.) 10% और 5% की दो क्रमिक छूट

A. योजना 1 ✓

B. योजना 1 और 2 दोनों

C. योजना 2

D. योजना 2 और 3 दोनों

Q20 Mathematics

14 वर्ष पहले, एक पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी थी। वर्तमान में, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी है। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का योग ज्ञात कीजिए।

A. 56 वर्ष

B. 84 वर्ष ✓

C. 98 वर्ष

D. 42 वर्ष

Q21 Mathematics

$3x^2 + 6x - 5 = 0$ के मूलों की प्रकृति क्या है?

A. मूल वास्तविक और समान हैं।

B. मूल वास्तविक और असमान हैं। ✓

C. मूल वास्तविक और 2 से अधिक हैं।

D. कोई भी मूल वास्तविक नहीं है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

व्यंजक $(3a-4b-2c)^2$ का विस्तारित रूप क्या होगा?

A. $9a^2+16b^2+4c^2-24ab+16bc-6ac$

B. $9a^2+16b^2+4c^2-24ab+8bc+12ac$

C. $9a^2+16b^2+4c^2-24ab+16bc-12ac$ ✓

D. $9a^2+16b^2+4c^2+12ab-8bc+6ac$

Q23 Mathematics

दिए गए आंकड़ो की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

11, 16, 33, 15, 51, 18, 71, 75, 22, 17

A. 18

B. 22

C. 20 ✓

D. 24

Q24 Mathematics

7 m त्रिज्या और 20 m ऊंचाई वाली एक बेलनाकार टंकी में भरे पानी की मात्रा ज्ञात कीजिए। यह ज्ञात है कि टंकी पूर्ण रूप से भरी हुई है।

A. 3080 m^3 ✓

B. 3125 m^3

C. 4250 m^3

D. 5110 m^3

Q25 Mathematics

$3x^2-13x+6=0$ के मूलों का गुणनफल _____ है।

A. 4

B. 5

C. 2 ✓

D. 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

9 1 @ 4 * 7 ^ 5 3 # 9 1 < 5 4 @ 3 $ # 2 * 6 ! 4 2 & 9 < 3 6 # 2 % 2 @ 7

यदि दी गई शृंखला की सभी सम संख्याओं को एक ऐसी संख्या से बदल दिया जाता है, जो अभाज्य और सम दोनों ही है, तो इस प्रकार बनने वाली परिणामी शृंखला में ऐसी कितनी संख्याएं होंगी, जिनके ठीक पहले एक अभाज्य संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक होगा?

A. 4 ✓

B. 3

C. 5

D. 2

Q27 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

सभी फोन टैबलेट हैं।

कोई टैबलेट कैलकुलेटर नहीं है।

सभी ड्राइव कैलकुलेटर हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ ड्राइव फोन हैं।

II. कुछ कैलकुलेटर फोन हैं।

III. कोई टैबलेट ड्राइव नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष III पालन करता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '÷' है, '-' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है, '÷' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

16 + 4 − 8 ÷ 3 × 2 = ?

A. 31 ✓

B. 22

C. 23

D. 14

Q29 General Intelligence and Reasoning

बिंदु A से बिंदु B तक पहुंचने के लिए, अनीता को पश्चिम की ओर 70 m चलना चाहिए, फिर उसे दाएं मुड़ना चाहिए और 70 m चलना चाहिए, फिर उसे बाएं मुड़ना चाहिए और 150 m चलना चाहिए, फिर उसे बाएं मुड़ना चाहिए और 70 m चलना चाहिए, फिर उसे बाएं मुड़ना चाहिए और 90 m चलना चाहिए, फिर उसे दाएं मुड़ना चाहिए और 100 m चलना चाहिए, और अंत में उसे बाएं मुड़ना चाहिए और 130 m चलना चाहिए। बिंदु B, बिंदु A से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 100 m, उत्तर

B. 130 m, उत्तर

C. 100 m, दक्षिण ✓

D. 130 m, दक्षिण

Q30 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित ग्राफ और तालिका तीन परीक्षाओं – परीक्षा 1 , परीक्षा 2 और परीक्षा 3 में तीन व्यक्तियों - A, B और C द्वारा प्राप्त अंकों को दर्शाते हैं। ग्राफ एवं तालिका का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



	Test 1	Test 2	Test 3
A	45	50	75
B	35	65	80
C	40	45	65

(संदर्भ – Test – परीक्षा)
यदि परीक्षा 1 और परीक्षा 2, दोनों के लिए पूर्णांक 80 हैं, और परीक्षा 3 के लिए पूर्णांक 100 हैं, तो सभी तीनों परीक्षाओं के प्रदर्शन को देखते हुए, A ने C से कितने प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त किए?

A. 8.2%

B. 7.69% ✓

C. 6.92%

D. 5.56%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन के आधार पर, दो निष्कर्ष निकाले गए हैं। बताएं कि कौन से निष्कर्ष कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन: $Z > R \geq Y > P = Q \leq N < S$

निष्कर्ष:

1. $P > S$

2. $Z < Q$

A. केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B. केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C. निष्कर्ष 1 और 2 दोनों ही सत्य हैं।

D. न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 सत्य है। ✓

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिविज, पलक, रवनीत, सेजल और तपन एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। रवनीत और तपन के बीच में केवल पलक बैठी है। तपन, सेजल के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। रवनीत और दिविज के बीच में केवल सेजल है। तपन के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

A. दिविज ✓

B. पलक

C. रवनीत

D. सेजल

Q33 General Intelligence and Reasoning

यदि 15 मार्च 2022 को मंगलवार था, तो 15 मार्च 2020 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

A. शनिवार

B. सोमवार

C. शुक्रवार

D. रविवार ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

S, T, U, V, W और X एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, और उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 6 है।
V सबसे नीचे वाली मंजिल पर रहता है। X और U में से प्रत्येक एक सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है। T, U और W के ठीक मध्य वाली मंजिल पर रहता है। W मंजिल क्रमांक 2 पर रहता है। मंजिल क्रमांक 5 पर कौन रहता है?

A. T
B. X
C. U
D. S ✓

Q35 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(12, 15, 18)
(45, 35, 25)

A. (14, 28, 14)
B. (13, 10, 17)
C. (15, 20, 25) ✓
D. (19, 18, 1)

Q36 General Intelligence and Reasoning

निम्न संख्या श्रेणी के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
5 1 2 6 3 8 6 5 3 6 5 3 2 5 6 9 5 1 7 2
उपरोक्त श्रेणी में ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है, और ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

A. 2 ✓
B. 3
C. 5
D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T, U और V एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 7 है। Q, मंजिल क्रमांक 2 पर रहता है। R, U की मंजिल के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। S, V की मंजिल के ठीक नीचे वाली मंजिल पर है। T और P की मंजिलों के बीच में केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। R सबसे ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। R और P की मंजिलों के बीच में केवल एक व्यक्ति रहता है। P किस मंजिल पर रहता है?

A. दूसरी मंजिल

B. तीसरी मंजिल

C. चौथी मंजिल

D. पांचवीं मंजिल ✓

Q38 General Intelligence and Reasoning

सात मित्र - P, Q, R, S, T, U और V, एक वृत्ताकार मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। Q और S के बीच में केवल R बैठा है। P और V के बीच में केवल T बैठा है। V, Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। V, U के बाईं ओर तीसरे स्थान पर है। R के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. P

B. S ✓

C. T

D. V

Q39 General Intelligence and Reasoning

निम्न अनुक्रम का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 3 ^ % 7 2 4 £ 3 ¥ 4 ƒ @ 8 8 & 6 @ 1 (दाएं)

उपरोक्त अनुक्रम में ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक बाद एक प्रतीक है, और ठीक पहले भी एक प्रतीक है?

A. 1

B. 2

C. 3 ✓


D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित चित्र में, आयत विद्यार्थियों को निरूपित करता है, वृत्त लड़कियों को निरूपित करता है, अंडाकृति कला संकाय को निरूपित करती है, और त्रिभुज खेलकूद को निरूपित करता है। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं, उस भाग से संबंधित व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। कितनी लड़की-विद्यार्थियों ने कला संकाय का चयन किया है, और वे खेलकूद में भाग नहीं लेती हैं; तथा ऐसे कितने विद्यार्थी हैं, जो खेलकूद में भाग लेते हैं, किंतु वे लड़कियां नहीं हैं, और उन्होंने कला संकाय का चयन किया है?



A. 138 और 178, क्रमशः

B. 211 और 178, क्रमशः ✓

C. 479 और 211, क्रमशः

D. 138 और 479, क्रमशः

Q41 General Intelligence and Reasoning

उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?

UCK-4, WFO-9, YIS-19, ALW-39, ?

A. COA-77

B. COA-79 ✓

C. CPB-79

D. BOA-76

Q42 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 34135278 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है, और प्रत्येक सम अंक से 1 घटाया जाता है, तो बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंकों का योग क्या होगा?

A. 3

B. 7

C. 4 ✓

D. 1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

O, P, Q, R, S, T और U सात डिब्बे हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। R और P के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। S और T के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। P और Q के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। Q को सबसे नीचे रखा गया है। T को Q के ठीक ऊपर रखा गया है। S और Q के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

A. एक

B. दो ✓

C. तीन

D. चार

Q44 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?

कथन: $H > Y \geq S = X = A > W$

निष्कर्ष:

I. $H < S$

II. $A \leq Y$

A. केवल निष्कर्ष I सही है।

B. केवल निष्कर्ष II सही है। ✓

C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

₹30 प्रति मीटर की दर से उस आयताकार भूखंड के चारों ओर बाड़ लगाने की लागत ज्ञात कीजिए, जिसका क्षेत्रफल 100 m^2 है, और एक भुजा की लंबाई 20 m है।

A. ₹2,400

B. ₹1,500 ✓

C. ₹3,000

D. ₹1,200

Q6 Mathematics

यदि $\frac{a+1}{a} = k$ है, तो $\frac{a^2-1}{a^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $k^2 + 2$

B. $k - 2k^2$

C. $2k - k^2$ ✓

D. $k + 2$

Q7 Mathematics

$2^3 \times 3^2 \times 5$, $2^2 \times 5^2 \times 7$ और $3^3 \times 5^2 \times 7^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

A. $2^3 \times 3^2 \times 5^3 \times 7^2$

B. $2^3 \times 3^2 \times 5 \times 7^3$

C. $2^3 \times 3^3 \times 5^2 \times 7^2$ ✓

D. $2^3 \times 3^4 \times 5^2 \times 7$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

यदि △ ABC इस प्रकार △DEF के समरूप है कि 2AB = DE और BC = 8 cm है, तो EF किसके बराबर है?

A. 12 cm

B. 4 cm

C. 16 cm ✓

D. 8 cm

Q9 Mathematics

एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की वर्तमान आयु का अनुपात 7 : 6 है। 6 वर्ष बाद, यह अनुपात 8 : 7 होगा। यदि उनके विवाह के समय, उनकी आयु का अनुपात 4 : 3 था, तो उनका विवाह आज से कितने वर्ष पहले हुआ था?

A. 13 वर्ष

B. 15 वर्ष

C. 16 वर्ष

D. 18 वर्ष ✓

Q10 Mathematics

एक बल्लेबाज पिछली 5 पारियों में निम्नानुसार रन बनाता है। यदि औसत स्कोर 43 है, तो चौथी (4^{th}) पारी में उसका स्कोर ज्ञात कीजिए।

1^{st}	2^{nd}	3^{rd}	4^{th}	5^{th}
92	53	35	x	27

A. 8 ✓

B. 12

C. 10

D. 4

Q11 Mathematics

यदि x = 3 है, तो x + 7x, x + 5 और x + 6 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

A. 24

B. 8

C. 9

D. 3 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q12 Mathematics

बारह वर्ष पहले, रेखा की आयु उसकी बहन की आयु के $\frac{2}{5}$ के बराबर थी। रेखा और उसकी बहन की वर्तमान आयु का अनुपात 3 : 4 है। उनकी वर्तमान आयु का योग कितना है?

A. 36 वर्ष ✓

B. 28 वर्ष

C. 48 वर्ष

D. 42 वर्ष

Q13 Mathematics

दो रेलगाड़ियां एक ही समय पर क्रमशः स्टेशन A और स्टेशन B से, क्रमशः 60 km/h और 40 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। जिस समय वे एक-दूसरे से मिलती हैं, उस समय तक तेज़ चलने वाली रेलगाड़ी, धीमे चलने वाली रेलगाड़ी से 60 km अधिक की दूरी तय कर चुकी होती है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी कितनी है?

A. 300 km ✓

B. 360 km

C. 420 km

D. 450 km

Q14 Mathematics

320 m और 380 m लंबी दो एक्सप्रेस रेलगाड़ियां एक ही समय पर अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होती हैं। इनकी चालें क्रमशः 84 km/h और 42 km/h है। तेज़ चाल से चलने वाली रेलगाड़ी, धीमी चाल से चलने वाली रेलगाड़ी को कितने सेकंड में पार करेगी?

A. 45 सेकंड

B. 50 सेकंड

C. 120 सेकंड

D. 60 सेकंड ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

श्रीमान सक्सेना ₹150 प्रति दर्जन की दर से कुछ पेन खरीदते हैं। वह उन्हें ₹15 प्रत्येक की दर से बेचते हैं। उनका प्रतिशत लाभ/हानि ज्ञात कीजिए।

A. 20% लाभ ✓

B. 37.5% हानि

C. 28.6% हानि

D. 18.5% लाभ

Q16 Mathematics

यदि $1+\sqrt{3}$ और $1-\sqrt{3}$ एक द्विघात समीकरण के मूल हैं, तो वह द्विघात समीकरण ज्ञात कीजिए।

A. $x^2-2x-2=0$ ✓

B. $x^2-2x+2=0$

C. $x^2-2x+3=0$

D. $x^2-2x-3=0$

Q17 Mathematics

समीकरण $5x^2-11x+6=0$ के मूलों का योग _____ है।

A. $\frac{6}{5}$

B. $-\frac{6}{5}$

C. $-\frac{11}{5}$

D. $\frac{11}{5}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

सरल कीजिए: $\left(\frac{2}{3}+\frac{1}{3}\right) \times 23 - 13 + 6$

A. 16 ✓

B. 10

C. 23

D. 29

Q19 Mathematics

उस समषट्भुज का क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजा का माप 6 cm है।

A. $5\sqrt{2}$

B. 18

C. $54\sqrt{3}$ ✓

D. 36

Q20 Mathematics

12, 24 और 45 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

A. 25

B. 30

C. 90 ✓

D. 60

Q21 Mathematics

यदि $\frac{a}{b} = \frac{4}{3}$ और 3a + 2b = 24 हैं, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

A. 4

B. 5

C. $\frac{13}{3}$

D. $\frac{16}{3}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

12 वर्ष में किसी राशि पर प्राप्त साधारण ब्याज, मूलधन के $\frac{3}{5}$ के बराबर है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

A. 5% ✓

B. 6%

C. 7%

D. 8%

Q23 Mathematics

एक वस्तु का क्रय मूल्य, अंकित मूल्य के 64% के बराबर है। 4% की छूट देने के बाद प्राप्त प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

A. 50% ✓

B. 60%

C. 40%

D. 45%

Q24 Mathematics

यदि आंकड़ों 11, 17, x + 1, 3x, 19, 2x - 4, x + 5 का माध्य 21 है, तो इन आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

A. 11

B. 15

C. 17

D. 19 ✓

Q25 Mathematics

सरल कीजिए: $\sqrt{\frac{1+\sin\theta}{1-\sin\theta}}$

A. $\sec\theta - \tan\theta$

B. $\operatorname{cosec}\theta + \tan\theta$

C. $\operatorname{cosec}\theta - \tan\theta$

D. $\sec\theta + \tan\theta$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

6, 8, 13, 23, 40, ?

A. 52

B. 66 ✓

C. 75

D. 86

Q27 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
24, 28, 35, 48, 73,?

A. 123

B. 121

C. 122 ✓

D. 120

Q28 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन और तर्कों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

बढ़ती लागतों का हवाला देते हुए, प्राइवेट विद्यालयों ने इस शैक्षणिक वर्ष के लिए अपनी फीस में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है।

तर्क:

I. इस वर्ष सरकार ने प्राइवेट विद्यालयों पर लगाए जाने वाले करों में 8 प्रतिशत की कमी की है।

II. शिक्षक संघ, प्राइवेट विद्यालयों के वेतन में 15 प्रतिशत की कटौती के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

A. तर्क I कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क II कथन का समर्थन करता है

B. तर्क II कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क I कथन का समर्थन करता है

C. तर्क I और II, दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं ✓


D. तर्क I और II, दोनों कथन का समर्थन करते हैं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित चार्ट वर्ष 2014 से 2019 तक विभिन्न वर्षों के दौरान कंपनी-A की बिक्री को दर्शाता है। चार्ट का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



किन वर्षों के दौरान बिक्री, सभी छह वर्षों की औसत बिक्री से कम थी?

A. 2014, 2015 और 2016

B. केवल 2014 और 2015 ✓

C. केवल 2014 और 2017

D. केवल 2014

Q30 General Intelligence and Reasoning

उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए छात्रों की एक पंक्ति में, कृष बाएं सिरे से 19वें स्थान पर है, जबकि माया दाएं सिरे से 30वें स्थान पर है। जब वे दोनों अपने स्थान आपस में बदल लेते हैं, तो कृष बाएं सिरे से 36वें स्थान पर आ जाता है। पंक्ति में कितने छात्र हैं?

A. 66

B. 62

C. 65 ✓

D. 63

Q31 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T और U नामक छह टीमों ने एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात - जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई और जून में टूर्नामेंट जीते। टीम R ने जनवरी में टूर्नामेंट जीता। टीम Q ने टीम U से ठीक पहले वाले महीने में टूर्नामेंट जीता। टीम P ने टीम S के ठीक पहले वाले महीने में टूर्नामेंट जीता। टीम R और टीम S के महीनों के बीच ठीक दो टीमों ने टूर्नामेंट जीता। टीम T ने किस महीने में टूर्नामेंट जीता?

A. फरवरी ✓

B. मार्च

C. अप्रैल

D. मई

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. सभी तोते फाख्ते हैं।
2. कोई फाख्ता कनारी नहीं है।
3. सभी राजहंस कनारी हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ राजहंस तोते हैं।

II. कोई कनारी तोता नहीं है।

III. कोई तोता राजहंस नहीं है।

IV. कुछ कनारी तोते हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं। ✓

C. केवल निष्कर्ष I और IV पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष IV पालन करता है।

Q33 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न निम्नलिखित तीन-अक्षरों वाले शब्दों पर आधारित है:
(बाएं) CAR HAT FED EYE (दाएं)
बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और दाएं से पहले शब्द के पहले अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

A. 6

B. 7 ✓

C. 8

D. 9

Q34 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

3 : 25 :: 7 : 81 :: 11 : ?

A. 121

B. 144

C. 169 ✓

D. 196

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '÷' है, '−' का अर्थ '+' है, '×' का अर्थ '−' है, और '÷' का अर्थ '×' है, तो निम्न व्यंजक का मान क्या होगा?
$[\{(36 \times 16) - (5 \div 3)\} + (2 - 5)]$

A. 1

B. 5 ✓

C. 10

D. 15

Q36 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या/प्रतीक	@	%	!	4	2	5	#	?	+	=	3	&	7	<
कूट	C	L	N	D	M	B	R	A	P	J	X	W	E	H

शर्तें:

i. यदि पहला तत्व एक प्रतीक है, और अंतिम तत्व एक संख्या है, तो इन दोनों के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

ii. यदि पहला तत्व एक विषम संख्या है, और अंतिम तत्व एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम तत्वों को Ø के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

iii. यदि दूसरे और तीसरे तत्व, दोनों या तो संख्या या प्रतीक हैं, तो तीसरे तत्व को दूसरे तत्व के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

'% + < 2 5 =' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. L P P M B J ✓

B. L P H M B J

C. L H H M B J

D. J H P M B L

Q37 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'DOVE' को 'PEFW' और 'CROW' को 'SDXP' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MYNA' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. NZOB

B. ZNBO ✓

C. ZMBO

D. ZNOB

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होने वाले किसी एक सप्ताह के अलग-अलग दिन होनी है। केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षाएं R और V के बीच हैं। केवल दो व्यक्तियों की परीक्षाएं Q और P के बीच हैं। V की परीक्षा शनिवार को है। Q की परीक्षा, R की परीक्षा के ठीक पहले है। केवल U की परीक्षा, P और V के बीच है। T की परीक्षा बुधवार को नहीं है। Q की परीक्षा सोमवार को है। S की परीक्षा किस दिन आयोजित की जाती है?

A. सोमवार

B. मंगलवार

C. बुधवार ✓

D. रविवार

Q39 General Intelligence and Reasoning

छह मेंढक - P, Q, R, S, T और U एक वृत्ताकार तालाब के परित: उसके केंद्र की ओर मुख करके बैठे थे। T, S के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा था। P, U के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा था। P, Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर नहीं बैठा था। Q और S के बीच में केवल दो मेंढक बैठे थे। P के दाईं ओर ठीक बगल में कौन सा मेंढक बैठा था?

A. T

B. U

C. S

D. R ✓

Q40 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन के आधार पर, चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष कथन के आधार पर सत्य है?

कथन: $P = L \geq K > J < F < N$

A. $K = F$

B. $J = L$

C. $P > J$ ✓

D. $N > K$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन के आधार पर, दो निष्कर्ष निकाले गए हैं। बताएं कि कौन से निष्कर्ष कथन के आधार पर सत्य हैं?

कथन: $A < Q$, $Q \leq X$, $E = A < T$
निष्कर्ष:
1. $T < E$
2. $A = X$

A. केवल निष्कर्ष 1 सत्य है।

B. केवल निष्कर्ष 2 सत्य है।

C. निष्कर्ष 1 और 2 दोनों ही सत्य हैं।

D. न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 सत्य है। ✓

Q42 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

8 : 67 : : 10 : 103 : : 17 : ?

A. 145

B. 192

C. 292 ✓

D. 312

Q43 General Intelligence and Reasoning

छह शिक्षक - C, D, E, F, G और H, एक वृत्ताकार मेज के परित: मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। H और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं, जबकि F, C के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। E, H के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D, G और F दोनों के ठीक बगल में बैठा है। C के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. D

B. G ✓

C. H

D. C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

NECTAR : TCVEGP : : POCKET : VGMEQR : : MONKEY : ?

A. AGMPQO ✓

B. AGMRSO

C. BHMPQP

D. AFMPQN

Q45 General Intelligence and Reasoning

छह मकान - K, L, M, N, O और P एक ही कॉलोनी में स्थित हैं। L, K के दक्षिण में 50 m की दूरी पर स्थित है। P, K के पश्चिम में 250 m की दूरी पर स्थित है। O, K के उत्तर में 200 m की दूरी पर स्थित है। N, L के दक्षिण में 190 m की दूरी पर स्थित है। M, L के पूर्व में 150 m की दूरी पर स्थित है। मकान O, मकान L के सापेक्ष किस दिशा में है?

A. पूर्व

B. पश्चिम

C. उत्तर ✓

D. दक्षिण

Q46 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित प्रश्न दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 721, 463, 227, 316, 627 (दाएं)
(उदाहरण के लिए, संख्या 456 में : 6 = इकाई अंक, 5 = दहाई अंक और 4 = सैकड़े का अंक है)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जाएंगी।
यदि प्रत्येक संख्या के इकाई अंक को उसी संख्या के सैकड़े के अंक से बदल दिया जाए, तो कौन सी मूल संख्या सबसे बड़ी संख्या बन जाएगी?

A. 721

B. 627 ✓

C. 227

D. 316

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

अनुज एक बिंदु A से चलना शुरू करता है, और उत्तर की ओर 10 m चलता है, और फिर बाएं मुड़ता है और 5 m चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 5 m चलता है, और पुनः दाएं मुड़ता है और 5 m की दूरी तय करके बिंदु P पर पहुंचकर रुक जाता है। बिंदु P से शुरू करके बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में चलना चाहिए?

(सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 5 m पूर्व की ओर

B. 10 m पश्चिम की ओर

C. 15 m उत्तर की ओर

D. 15 m दक्षिण की ओर ✓

Q48 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '-' है, '-' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, और '×' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

24 - 3 × 12 + 4 ÷ 3 = ?

A. 8 ✓

B. 10

C. 11

D. 12

Q49 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '-' है, '-' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, और '×' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

21 + 48 - 8 × 6 ÷ 4 = ?

A. 37

B. 38

C. 39 ✓

D. 40

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

आज बुधवार है। 75 दिन बाद सप्ताह का कौन सा दिन होगा?

A. मंगलवार


B. सोमवार ✓

C. बुधवार

D. शुक्रवार

Q51 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट किसी विशेष वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों - P, Q, R, S, T और U - में एक कंपनी के व्यय को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



कंपनी द्वारा किए जाने वाले कुल व्यय का लगभग कितने प्रतिशत भाग, क्षेत्र S पर व्यय किया जाता है?

A. 26.4% ✓

B. 28.3%

C. 24%


D. 20.05%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

निम्न आरेख में, R = विद्यार्थी, P = लड़के, W = लड़कियां, और Z = मनोविज्ञान हैं। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं, उस भाग से संबंधित व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं। कितनी लड़कियां मनोविज्ञान की विद्यार्थी हैं?



A. 19

B. 18

C. 17

D. 16 ✓

Q53 General Intelligence and Reasoning

शब्द 'PARTICLE' में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) ऐसे कितने अक्षर-युग्म मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं?

A. शून्य

B. एक

C. दो ✓

D. तीन

Q54 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

G _ Q _ A _ T _ N _ G T Q N _ G _ Q N D

A. T N G Q B C T ✓

B. T G G Q B C Q

C. T N G Q B Q C

D. T A G N B C T

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

नीचे तीन कथन और तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?
कथन:
I. कुछ बंदर, पांडा हैं।
II. कुछ पांडा, जिराफ हैं।
III. सभी जिराफ, शेर हैं।
निष्कर्ष:
I. कुछ शेर, पांडा हैं।
II. कुछ शेर, बंदर हैं।
III: कुछ जिराफ, बंदर हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓
B. निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।
C. केवल निष्कर्ष III पालन करता है।
D. सभी निष्कर्ष पालन करते हैं।

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

रासायनिक अभिक्रिया $N_2 + xH_2 \rightarrow 2NH_3$ में, x का मान कितना है?

A. 1
B. 2
C. 3 ✓
D. 4

Q57 General Science

निम्न में से कौन सी धातु एल्यूमिनियम सल्फेट विलयन से एल्यूमिनियम को विस्थापित कर सकती है?

A. Fe
B. Cu
C. Mg ✓
D. Hg

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q58 General Science

पौधों में अपशिष्ट उत्पाद के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्पादन कब होता है?

A. श्वसन के दौरान ✓

B. प्रकाश संश्लेषण के दौरान

C. वाष्पोत्सर्जन के दौरान

D. श्वसन और प्रकाश संश्लेषण दोनों के दौरान

Q59 General Science

जिप्सम से प्लास्टर ऑफ पेरिस बनाने के लिए कितने तापमान की आवश्यकता होगी?

A. $100°C$ ✓

B. $0°C$

C. $373°C$

D. $173°C$

Q60 General Science

एक श्वेत प्रकाश पुंज किसी त्रिभुजाकार कांच के प्रिज्म के माध्यम से वर्ण-विक्षेपित होकर सात रंगों की एक पट्टिका निर्मित करता है। इनमें से कौन से कथन सही हैं?

(a) लाल रंग घटक का अपवर्तनांक न्यूनतम होता है।

(b) बैंगनी रंग घटक का विचलन न्यूनतम होता है।

(c) कांच में श्वेत प्रकाश के सभी घटकों की चाल समान होती है।

A. केवल (a) ✓

B. केवल (b)

C. (a) और (b) दोनों

D. (b) और (c) दोनों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q61 General Science

यदि 50 Ω प्रतिरोध वाली चालक कुंडली समय के साथ परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र में इस प्रकार है कि प्रेरित EMF 5V है, तो कुंडली में प्रेरित धारा ज्ञात कीजिए।

A. शून्य

B. अनंत

C. 0.01 A ✓

D. 0.1 A

Q62 General Science

_____ का बिश्नोई समुदाय वन और पशु संरक्षण में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है।

A. राजस्थान ✓

B. गुजरात

C. मध्य प्रदेश

D. हरियाणा

Q63 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा लवण, लगभग 7 pH वाला जलीय विलयन उत्पन्न करेगा?

(i) NH_4Cl

(ii) Na_2CO_3

(iii) K_2SO_4

A. केवल (i)

B. केवल (ii)

C. (i) और (ii) दोनों

D. केवल (iii) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q64 General Science

विद्युत पारेषण लाइनों के लिए इनमें से प्रमुखतः किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?

A. निक्रोम

B. तांबा ✓

C. टंगस्टन

D. टिन-लेड मिश्र धातु

Q65 General Science

निम्नलिखित अभिक्रिया का उत्पाद क्या होगा?

$$\underset{\text{Ethanol}}{CH_3-CH_2-OH} + \underset{\text{Oxygen (From the oxidizing agent)}}{2[O]} \xrightarrow[\text{or Acidified } K_2Cr_2O_7 + \text{Heat}]{\text{Alkaline } KMnO_4 + \text{Heat}}$$

संदर्भ: [ethanol-एथेनॉल, oxygen (from oxidizing egent)-ऑक्सीजन (ऑक्सीकारक कर्मक से प्राप्त), alkaline-क्षारीय, acidified-अम्लीकृत, heat-ऊष्मा)

A. CH_3CHO

B. $CH_2=CH_2$

C. CH_3COOCH_3

D. CH_3COOH ✓

Q66 General Science

मानव शरीर में श्वसन वर्णक कहां पाया जाता है?

A. रक्त प्लाज्मा में

B. लाल रक्त कणिकाओं में ✓

C. श्वेत रक्त कणिकाओं में

D. प्लाज्मा और श्वेत रक्त कणिकाओं दोनों में

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q67 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरणीय कारक कुछ जंतुओं में विकासशील जीव के लिंग निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

A. वायु

B. आर्द्रता

C. तापमान ✓

D. प्रकाश

Q68 General Science

मेंडेलीफ की आवर्त सारणी में आधुनिक आवर्त सारणी के किस समूह का उल्लेख नहीं किया गया है?

A. हैलोजेन समूह (Halogen group)

B. कैल्कोजेन समूह (Chalcogen group)

C. निक्टोजेन समूह (Pnictogen group)

D. उत्कृष्ट गैस समूह (Noble gas group) ✓

Q69 General Science

निम्नलिखित में से गलत कथनों का चयन कीजिए।

(i) न्यूलैंड ने तत्वों को बढ़ते हुए परमाणु द्रव्यमानों के क्रम में व्यवस्थित किया और अष्टक नियम दिया।

(ii) सोडियम, लीथियम के बाद आठवां तत्व है।

(iii) कैल्शियम, बेरीलियम के बाद आठवां तत्व है।

(iv) अष्टक नियम केवल मैग्नीशियम तक ही लागू था, क्योंकि मैग्नीशियम के बाद प्रत्येक आठवें तत्व में पहले के समान गुण मौजूद नहीं थे।

A. iv ✓

B. iii

C. ii

D. i

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q70 General Science

$2\ AgCl \rightarrow 2Ag\ (s) + Cl_2\ (g)$

उपरोक्त अभिक्रिया के घटित होने के लिए उपयुक्त स्थिति क्या है?

A. सूर्य का प्रकाश + दाब

B. ऊष्मा

C. ऊष्मा + दाब

D. सूर्य का प्रकाश ✓

Q71 General Science

एक इलेक्ट्रिक ओवन की रेटिंग 2500 W है। इसके द्वारा 5 घंटे में उपयोग की जाने वाली ऊर्जा कितनी होगी?

A. 12.5 J

B. 12.5 kWh ✓

C. 12500 J

D. 12500 kWh

Q72 General Science

एक माध्यम के निरपेक्ष अपवर्तनांक का मान हमेशा _____ होता है।

A. 1 से कम

B. 1 से अधिक ✓

C. 1 के बराबर

D. 0 के बराबर

Q73 General Science

जब किसी विद्युत उपकरण के टर्मिनलों पर 50 V का विभवांतर आरोपित किया जाता है, तो उसमें 5 A की धारा प्रवाहित होती है। यदि विभवांतर को बढ़ाकर 110 V कर दिया जाए, तो उपकरण द्वारा ली जाने वाली धारा कितनी होगी?

A. 5 A

B. 10 A

C. 11 A ✓

D. 25 A

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 General Science

वायूतक कोशिकाएं (Aerenchyma cells) _____ में पाई जाती हैं।

A. मटर


B. नीम

C. नागफनी

D. जलकुंभी ✓

Q75 General Science

निम्नांकित चित्र विभिन्न प्रकार की श्वेत रक्त कणिकाओं को दर्शाता है। सही नामांकन वाले विकल्प की पहचान कीजिए।



A. a - न्यूट्रोफिल, b - इओसिनोफिल, c - बेसोफिल, d - लिम्फोसाइट, e - मोनोसाइट ✓

B. a - न्यूट्रोफिल, b - बेसोफिल, c - लिम्फोसाइट, d - इओसिनोफिल, e - मोनोसाइट

C. a - इओसिनोफिल b - न्यूट्रोफिल, c - बेसोफिल, d - मोनोसाइट, e - लिम्फोसाइट

D. a - न्यूट्रोफिल, b - मोनोसाइट, c - इओसिनोफिल, d - बेसोफिल, e - लिम्फोसाइट

Q76 General Science

एक प्रकाश किरण एक अवतल दर्पण के ध्रुव पर आपतित होती है। आपतित किरण और मुख्य अक्ष के बीच निर्मित न्यून कोण क्या कहलाता है?

A. परावर्तन कोण

B. आपतन कोण ✓

C. विचलन कोण

D. निर्गमन कोण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q77 General Science

मानव नरों में मौजूद लिंग गुणसूत्र XY हैं। इनके बीच क्या अंतर है?

A. X-गुणसूत्र बड़ा होता है, जबकि Y-गुणसूत्र छोटा होता है. ✓

B. Y-गुणसूत्र बड़ा होता है, जबकि X-गुणसूत्र छोटा होता है।

C. इनके आकार में कोई अंतर नहीं होता है।

D. Y-गुणसूत्र में X-गुणसूत्र से अधिक जीन होते हैं।

Q78 General Science

निम्नलिखित में से किस दर्पण द्वारा हमेशा आभासी एवं सीधा प्रतिबिंब निर्मित होता है?

(A) उत्तल दर्पण

(B) समतल दर्पण

(C) अवतल दर्पण

A. केवल A

B. केवल B

C. A और B दोनों ✓

D. B और C दोनों

Q79 General Science

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें केवल जैव निम्नीकरणीय पदार्थ शामिल हैं।

A. कांच, धातुएं, अंडे के छिलके, कागज, टेट्रा पैक

B. बैटरियां, सब्जियों के छिलके, बासी रोटी, कांच, धातुएं

C. अंडे के छिलके, कागज, बासी बिस्किट, फल, सब्जियों के छिलके ✓

D. टेट्रा पैक, धातुएं, चमड़ा, बासी बिस्किट, फल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Science

फ्लेमिंग के दाएं हाथ के नियम के अनुसार, दाएं हाथ की तर्जनी और मध्यमा उंगली क्रमशः _____ और _____ की दिशाओं को निरूपित करती हैं।

A. प्रेरित धारा, चुंबकीय क्षेत्र

B. चुंबकीय क्षेत्र, प्रेरित धारा ✓

C. चालक की गति, चुंबकीय क्षेत्र

D. चालक की गति, प्रेरित धारा

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

इनमें से कौन सा नियामक निकाय, भारत में एकमात्र नोट जारी करने वाला प्राधिकरण है?

A. भारतीय रिजर्व बैंक ✓

B. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

C. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण

D. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

Q82 General Awareness and Current Affairs

भारत का कौन सा माइक्रोफाइनेंस संस्थान केवल स्वर्ण आभूषणों पर ऋण प्रदान करता है, और विदेशी मुद्रा विनिमय सेवाएं, धन अंतरण सेवाएं, धन प्रबंधन सेवाएं, यात्रा एवं पर्यटन सेवाएं प्रदान करता है?

A. महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड

B. मुथूट फाइनेंस लिमिटेड ✓

C. आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड

D. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness and Current Affairs

समुद्री संसाधनों के मानचित्रण, खोज और उपयोग संबंधी असाधारण अवसरों हेतु भारत के केंद्रीय बजट, 2021 में किस नए मिशन की घोषणा की गई है?

A. डीप ओशन मिशन (Deep Ocean Mission) ✓

B. ब्लू इकोनॉमी मिशन (Blue Economy Mission)

C. समुंद्र सेतु मिशन (Samundra Setu Mission)

D. मेरीटाइम एक्सरसाइज मिशन (Maritime Exercise Mission)

Q84 General Awareness and Current Affairs

'पैंथालासा (Panthalassa)' शब्द इनमें से किससे संबंधित है?

A. महासागर ✓

B. मृदा

C. वायुमंडल

D. पर्वत

Q85 General Awareness and Current Affairs

शीतकालीन ओलंपिक में भारत के/की एकमात्र प्रतिभागी का नाम बताइए, जो विशाल जायंट स्लालोम स्पर्धा (giant slalom event) में 45वें स्थान पर रहे/रही।

A. आंचल ठाकुर

B. शैलजा कुमार

C. हिमांशु ठाकुर

D. आरिफ खान ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q86 General Awareness and Current Affairs

अटल इनोवेशन मिशन (AIM) और नीति (NITI) आयोग ने _____ के सहयोग से कम्युनिटी इनोवेटर्स फेलोशिप (CIF) लॉन्च की, जो 'विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस' को चिह्नित करती है।

A. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ✓

C. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

D. भारतीय विज्ञान संस्थान

Q87 General Awareness and Current Affairs

इंदिरा गांधी सरकार ने भारतीय रुपये का अवमूल्यन किस वर्ष किया था?

A. 1978

B. 1956

C. 1966 ✓

D. 1970

Q88 General Awareness and Current Affairs

भारत में देश का सर्वोच्च कार्यपालक कौन होता है?

A. राष्ट्रपति ✓

B. प्रधानमंत्री

C. उपराष्ट्रपति

D. लोकसभा अध्यक्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q89 General Awareness and Current Affairs

महात्मा गांधी ने 1919 में इनमें से किस अधिनियम के खिलाफ राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह शुरू करने का निर्णय लिया था?

A. अंतर्देशीय उत्प्रवास अधिनियम

B. रॉलेट एक्ट ✓

C. पिट्स इंडिया एक्ट

D. विनियमन अधिनियम

Q90 General Awareness and Current Affairs

किस वर्ष से, भारत का केंद्रीय बजट फरवरी के अंतिम कार्य दिवस के बजाय 1 फरवरी को प्रस्तुत किया जाता है?

A. 2015

B. 2017 ✓

C. 2019

D. 2021

Q91 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान में 11वें मौलिक कर्तव्य को किस वर्ष में जोड़ा गया?

A. 2002 ✓

B. 2012

C. 1998

D. 2004

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q92 General Awareness and Current Affairs

गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति निम्नलिखित में से किस शहर में हुई थी?

A. कौशांबी

B. लुंबिनी

C. बोधगया ✓

D. सांची

Q93 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन सा राज्य, चौथे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 की पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा?

A. कर्नाटक

B. मणिपुर

C. राजस्थान

D. हरियाणा ✓

Q94 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किस अवसर पर प्रति वर्ष तमिलनाडु में 'नाट्यंजलि उत्सव' मनाया जाता है?

A. जन्माष्टमी

B. महाशिवरात्रि ✓

C. दीवाली

D. पोंगल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

2 फरवरी 2022 को विश्व आर्द्रभूमि दिवस (World Wetlands Day) मनाया गया था। इस वर्ष की विषय वस्तु (थीम) क्या थी?

A. वेटलैंड्स एंड वॉटर (Wetlands and water)

B. वेटलैंड्स एक्शन फॉर पीपल एंड नेचर (Wetland's action for people and nature) ✓

C. वेटलैंड्स एंड बायोडायवर्सिटी (Wetlands and Biodiversity)

D. वेटलैंड्स एंड क्लाइमेट चेंज (Wetlands and climate change)

Q96 General Awareness and Current Affairs

जून 2022 तक, भारत में कितने भाषा विश्वविद्यालय स्थित हैं?

A. 6 ✓

B. 16

C. 26

D. 20

Q97 General Awareness and Current Affairs

जुलाई 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौलाना आज़ाद फेलोशिप योजना (MANF) के तहत कितने अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों को एम. फिल. और पीएच.डी करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित वित्तीय सहायता के रूप में पांच वर्ष के लिए फेलोशिप प्रदान की जाती है?

A. दो

B. चार

C. छह ✓

D. आठ

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness and Current Affairs

14 फरवरी 2022 को, ISRO ने 2022 के अपने पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह, EOS-04 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इसे किस रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया था?

A. PSLV-C51

B. PSLV-C52 ✓

C. PSLV-C53

D. PSLV-C54

Q99 General Awareness and Current Affairs

महेंद्रगिरि की पहाड़ियां किस राज्य में स्थित हैं?

A. झारखंड

B. छत्तीसगढ़

C. पश्चिम बंगाल

D. ओडिशा ✓

Q100 General Awareness and Current Affairs

कलकत्ता में एक शाही चार्टर द्वारा नगर निगम की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

A. 1688

B. 1687

C. 1726 ✓

D. 1736

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Mathematics

रचना, 60 मिनट में 21 संतरे खा सकती है। वह जानना चाहती है कि उसे समान गति से 35 संतरे खाने में कितने मिनट लगेंगे?

A. 80 मिनट

B. 90 मिनट

C. 100 मिनट ✓

D. 120 मिनट

Q2 Mathematics

दो पाइप A और B एक 1000 लीटर की टंकी को क्रमश: 5 घंटे और 6 घंटे में भर सकते हैं। यदि उन्हें एक साथ खोल दिया जाए, तो वे 1800 लीटर की एक खाली टंकी को भरने में कितने घंटे का समय लेंगे?

A. $\frac{54}{11}$ ✓

B. $\frac{52}{11}$

C. $\frac{25}{11}$

D. $\frac{45}{11}$

Q3 Mathematics

सरल कीजिए: $\sqrt{625} - \sqrt{324} + 33^2$

A. 1069

B. 1609

C. 1906

D. 1096 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

$\sqrt{1234321}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 121

B. 139

C. 1111 ✓

D. 1219

Q5 Mathematics

एक सम षट्भुज के प्रत्येक बाह्य: कोण का माप क्या होता है?

A. 60^0 ✓

B. 30^0

C. 45^0

D. 120^0

Q6 Mathematics

$(3x-2y)^2(x^2+y^3)^2$ के विस्तारित रूप में x^4y^3 का गुणांक क्या होगा?

A. 18 ✓

B. 15

C. 12

D. 14

Q7 Mathematics

एक फल विक्रेता ₹4,800 में 800 सेब खरीदता है। वह परिवहन पर ₹800 खर्च करता है। उसे प्रत्येक सेब पर ₹10 का लाभ प्राप्त करने के लिए, प्रत्येक सेब को किस मूल्य पर बेचना चाहिए?

A. ₹76

B. ₹32

C. ₹12

D. ₹17 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

यदि $x : 6 :: 6 : y$ और $x : y :: y : 6$ है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा क्रमशः x और y के सही मानों को दर्शाता है?

A. 6 और 6 ✓

B. 6 और 12

C. 12 और 6

D. 12 और 12

Q9 Mathematics

यदि निम्न आंकड़ों का माध्य 4 है, तो लुप्त बारंबारता ज्ञात कीजिए।

x	3	5	9	2
f	3	4	–	8

A. 4

B. 5

C. 3 ✓

D. 7

Q10 Mathematics

156.025 + 251.216 - 52.156 का मान ज्ञात कीजिए।

A. 355.085 ✓

B. 302.152

C. 326.327

D. 332.074

Q11 Mathematics

यदि दो संख्याओं का औसत 26 है, और उनमें से एक संख्या 12 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 14

B. 20

C. 40 ✓

D. 52

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q12 Mathematics

एक पिता की आयु, उसके पुत्र की आयु की सात गुनी है। अब से तीन वर्ष बाद, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की पांच गुनी हो जाएगी। पिता की वर्तमान आयु कितनी है?

A. 45 वर्ष

B. 42 वर्ष ✓

C. 39 वर्ष

D. 36 वर्ष

Q13 Mathematics

एक कार्यालय के फर्श की विमाएं 5 m × 3 m हैं। ₹60/m^2 की दर से इसकी दीवारों और छत को पेंट करने की लागत ₹7,440 है। कमरे की ऊंचाई (m में) ज्ञात कीजिए। (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

A. 6.8 ✓

B. 4.5

C. 5.6

D. 3.5

Q14 Mathematics

8118, निम्न में से किससे विभाज्य है?

A. 5

B. 6 ✓

C. 7

D. 8

Q15 Mathematics

एक डीलर ने अपने माल का $\frac{3}{5}$ भाग, 25% के लाभ पर और शेष भाग क्रय मूल्य पर बेचा। इस पूरे संव्यवहार में उसकी प्रतिशत हानि या प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

A. 18% हानि

B. 18% लाभ

C. 15% हानि

D. 15% लाभ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q16 Mathematics

दिए गए आँकड़ों का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

x	10	20	30	40	50
f	5	5	4	6	5

A. 30.4 ✓

B. 30.6

C. 26.4

D. 16.4

Q17 Mathematics

रैखिक समीकरण युग्म $5x - 3y = 7$ और $7x + 4y = 18$ के कितने हल हो सकते हैं?

A. एक ✓

B. एक भी नहीं

C. अनंत

D. तीन

Q18 Mathematics

यदि समीकरण $(a+3)x^2 - 13ax + 7 - a = 0$ का एक मूल दूसरे मूल का व्युत्क्रम है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

A. -2

B. -3

C. 2 ✓

D. 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Mathematics

यदि 2 वर्ष पहले रवि ने मोनू से 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर ₹3,000 की राशि उधार ली थी, तो उसे चुकाने के लिए रवि द्वारा मोनू को कुल कितनी राशि का भुगतान करना होगा?

A. ₹2,344.80

B. ₹3,453.90

C. ₹3,244.80 ✓

D. ₹4,321

Q20 Mathematics

छह अंकों की वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 8, 10, 12 और 16 से पूर्णतः विभाज्य हो।

A. 100020

B. 100040

C. 100060

D. 100080 ✓

Q21 Mathematics

एक बेलन के आधार की त्रिज्या 7 cm और ऊंचाई 15 cm है। उसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

A. $308\pi\ cm^2$ ✓

B. $380\pi\ cm^2$

C. $803\pi\ cm^2$

D. $830\pi\ cm^2$

Q22 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सा, एक चतुर्भुज नहीं है?

A. समांतर चतुर्भुज

B. समचतुर्भुज

C. वृत्त ✓

D. समलंब चतुर्भुज

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q23 Mathematics

$\frac{sin^2\theta - sin^4\theta + 1}{1 - sin^2\theta} + \frac{1 - tan^2\theta - tan^4\theta}{1 + tan^2\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. −1

B. 0

C. 1

D. 2 ✓

Q24 Mathematics

z के किन मानों के लिए निम्न समीकरण के मूल समान होंगे?

$(z + 4)x^2 + (z + 1)x + 1 = 0$

A. 4, 3

B. 2, −5

C. 5, −3 ✓

D. 2, −3

Q25 Mathematics

दो पाइप A और B एक टंकी को क्रमशः 15 घंटे और 20 घंटे में भर सकते हैं, जबकि एक तीसरा पाइप C, पूरी भरी हुई टंकी को 30 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइप एक साथ खोले जाते हैं, तो एक खाली टैंक कितने समय में भर जाएगा?

A. 12 घंटे ✓

B. 13 घंटे

C. 15 घंटे

D. 18 घंटे

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T और U नामक छह लड़कियां एक सीधी पंक्ति में बैठी हैं। सभी का मुख उत्तर दिशा की ओर है। U, R के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। S, Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। U, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। T, U के ठीक बगल में नहीं है। पंक्ति में P का स्थान कौन सा है?

A. बाएं सिरे से दूसरा ✓


B. बाएं सिरे पर

C. बाएं सिरे से तीसरा

D. दाएं सिरे से तीसरा

Q27 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित बार ग्राफ दिए गए वर्षों के दौरान कपास के उत्पादन (टन में) में हुई वृद्धि को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [production of cotton in tons- कपास का उत्पादन टन में, years- वर्ष]

2017 की तुलना में 2020 में कपास के उत्पादन में लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

A. 26%

B. 25.05%

C. 28.12% ✓

D. 30.50%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

निम्न तालिका दिए गए वर्षों में विश्वविद्यालयों A, B, C और D द्वारा साक्षात्कार-कृत और चयनित छात्रों की संख्या को दर्शाती है। तालिका का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

छात्र / वर्ष	A		B		C		D	
	साक्षात्कार-कृत	चयनित	साक्षात्कार-कृत	चयनित	साक्षात्कार-कृत	चयनित	साक्षात्कार-कृत	चयनित
2017	1500	700	1200	800	1800	1000	1200	750
2018	1600	800	1500	600	2000	1120	1400	460
2019	2200	900	2000	680	1800	1100	2000	500
2020	1500	950	1600	700	1800	1200	1500	450
2021	1100	400	1500	490	1300	800	1300	350

दिए गए वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय C में चयनित छात्रों की कुल संख्या, उन्हीं वर्षों के दौरान साक्षात्कार-कृत छात्रों की कुल संख्या की लगभग कितने प्रतिशत है?

A. 40%

B. 50%

C. 60% ✓

D. 65%

Q29 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(2, 4, 18)
(4, 6, 50)

A. (3, 5, 32) ✓

B. (2, 5, 49)

C. (6, 7, 65)

D. (5, 4, 18)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या/प्रतीक	8	=	4	7	@	%	>	2	!	?	5	3	<	9
कूट	Z	F	T	J	D	H	E	X	V	W	K	U	P	A

शर्तें:

यदि पहला तत्व एक प्रतीक है, और अंतिम तत्व एक संख्या है, तो इन दोनों के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

यदि पहला तत्व एक विषम संख्या है, और अंतिम तत्व एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम तत्वों को Ø के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

यदि दूसरे और तीसरे तत्व, दोनों पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे तत्व को दूसरे तत्व के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

'3 = < 2 @ 8' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. Ø F E X D Ø

B. Ø F P X D Ø ✓

C. Ø P F X D Ø

D. Ø F ED X Ø

Q31 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '÷' है, '−' का अर्थ '+' है, '×' का अर्थ '−' है, और '÷' का अर्थ '×' है, तो निम्न व्यंजक का मान क्या होगा?

$[\{(12 \times 3) - (2 \div 3)\} + (1 - 4)] \div 4$

A. 9

B. 16

C. 12 ✓


D. 8

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



Fathers - पिता

Engineers - इंजीनियर

movie-lovers - फिल्म प्रेमी

ऐसे कितने पिता हैं, जो फिल्म प्रेमी भी हैं, किंतु इंजीनियर नहीं हैं?

A. 29

B. 44

C. 38 ✓

D. 61

Q33 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ होटल, डॉरमेट्री हैं।

कुछ गेट, शेल्टर हैं।

सभी शेल्टर, फेंस हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ गेट, डॉरमेट्री हैं।

(II) कुछ फेंस, गेट हैं।

(III) कुछ होटल, शेल्टर हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

C. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है।

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

छह डॉक्टर - K, L, M, N, O और P एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। सभी का मुख उत्तर दिशा की ओर है। N और L के बीच में केवल O बैठा है। L और K के बीच में केवल P बैठा है। K, M के दाईं ओर पांचवें स्थान पर बैठा है। M के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. N ✓


B. P

C. L

D. O

Q35 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं विभिन्न व्यवसायों में संलिप्त व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करती हैं।



कितने व्यक्ति माली (Gardeners) हैं, किंतु अभियंता (Engineers) नहीं हैं?

A. 56

B. 68 ✓

C. 75

D. 80

Q36 General Intelligence and Reasoning

जान्हवी और प्रणीता एक पंक्ति के सिरों पर खड़ी हैं, जिसमें सभी विद्यार्थियों का मुख उत्तर दिशा की ओर है। जान्हवी और रवि के बीच में केवल 26 विद्यार्थी खड़े हैं। रवि और प्रणीता के बीच में केवल 14 विद्यार्थी खड़े हैं। पंक्ति में कुल कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

A. 42

B. 43 ✓

C. 44

D. 45

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

निम्न संख्या श्रेणी के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
2 5 2 6 5 2 2 6 3 8 9 5 6 3 6 2 2 5 5 3
उपरोक्त श्रेणी में ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है, और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

A. 1
B. 2
C. 3 ✓
D. 4

Q38 General Intelligence and Reasoning

संख्या 318924765 के प्रत्येक अंक को अवरोही क्रम में बाएं से दाएं की ओर व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. शून्य
B. एक ✓
C. दो
D. तीन

Q39 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?
कथन: F = E ≥ D = A > Z < S = O
निष्कर्ष:
I. F ≥ D
II. D < O

A. केवल निष्कर्ष I सही है। ✓
B. केवल निष्कर्ष II सही है।
C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
D. न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न नीचे दी गई पांच तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है:
(बाएं) 448 455 275 563 215 (दाएं)
यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो प्राप्त परिणाम क्या होगा?

A. 3

B. 4 ✓

C. 5

D. 6

Q41 General Intelligence and Reasoning

छः मित्रों - अरुण, सुरेश, राहुल, प्रियंका, दिलन और हिबा ने एक ऑनलाइन परीक्षा दी। उस परीक्षा में सभी को अलग-अलग अंक प्राप्त हुए। सुरेश ने प्रियंका से अधिक, किंतु अरुण से कम अंक प्राप्त किए। हिबा को सबसे कम अंक प्राप्त हुए। दिलन ने राहुल से कम अंक प्राप्त किए। अरुण ने प्रियंका और राहुल, दोनों से अधिक अंक प्राप्त किए। इन छः मित्रों में किसने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए?

A. सुरेश

B. अरुण ✓

C. राहुल

D. प्रियंका

Q42 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन करें, जो समान तर्क का पालन करता है।

STM : RUL

PJR : OKQ

A. MTL : LUM

B. TCS : SDR ✓

C. BUP : AVQ

D. VEW : UDV

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या/प्रतीक	^	#	5	7	@	%	>	2	!	?	4	8	$	3
कूट	L	F	B	J	D	H	E	X	V	Z	K	U	R	P

शर्तें:

यदि पहला तत्व एक प्रतीक है, और अंतिम तत्व एक संख्या है, तो इन दोनों के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

यदि पहला तत्व एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम तत्वों को क्रमशः Ø और ¥ के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

यदि दूसरे और तीसरे तत्व, दोनों पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे तत्व को दूसरे तत्व के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

'7 # ^ 2 !' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. J B F V Z

B. J F L X ¥

C. Ø F L X ¥ ✓

D. Ø F L X V

Q44 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।
Q W _ R _ X E _ Q _ E R Q Z E _

A. EQZYR

B. EQRYR ✓

C. EQRYE

D. EQRER

Q45 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

5, 6, 10, 12, 15, ?, 20, 24

A. 19

B. 21

C. 20

D. 18 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

यदि नीचे दी गई संख्या के सभी अंकों को अवरोही क्रम में बाएं से दाएं की ओर व्यवस्थित किया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से तीसरे अंक का योग कितना होगा?

(बाएं) 259812357 (दाएं)

A. 8

B. 10 ✓

C. 11

D. 12

Q47 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

(बाएं) 4 T 6 $ 2 A D & C E 2 4 + & 7 6 U 5 H U K 8 E W @ E A & P (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने स्वर हैं, जिनके ठीक पहले एक संख्या है, और ठीक बाद एक व्यंजन भी है?

A. शून्य

B. एक

C. दो ✓

D. तीन

Q48 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

9, 10, 22, 69, 280, ?

A. 560

B. 576

C. 1405 ✓

D. 1450

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q49 General Intelligence and Reasoning

विशाल एक पार्क में दक्षिण दिशा की ओर मुख करके खड़ा है। फिर वह उसी बिंदु पर 90° दक्षिणावर्त मुड़ता है। उसके बाद, वह 45° दक्षिणावर्त मुड़ता है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है?

A. दक्षिण-पश्चिम

B. उत्तर-पूर्व

C. उत्तर-पश्चिम ✓

D. दक्षिण-पूर्व

Q50 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

27 : 140 :: 22 : 115 :: 32 : ?

A. 140

B. 165 ✓

C. 130

D. 155

Q51 General Intelligence and Reasoning

छः डिब्बों - A, B, C, D, E और F को एक ऊर्ध्वाधर स्तंभ में व्यवस्थित किया गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। B को ऊपर से दूसरे स्थान पर रखा गया है। केवल D को A और B के बीच रखा गया है। E, D के नीचे किसी एक स्थान पर है, और E और D के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। F सबसे निचले स्थान पर नहीं है। कौन सा डिब्बा नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है?

A. D

B. C

C. A

D. E ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद दो धारणाएं I और II दी गई हैं। आपको कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए यह बताना है कि दी गई धारणाओं में से कौन सी धारणाएं कथन में निहित हैं?

कथन:

परिवहन कर्मियों की हड़ताल के कारण बस सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं, जिसकी वजह से लोग अपने कार्यस्थलों पर नहीं पहुंच सके।

धारणा:

I. नागरिकों को मेट्रो रेल सेवाओं का अधिक उपयोग करना चाहिए।

II. बहुत से लोग अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए बस सेवाओं पर निर्भर हैं।

A. केवल धारणा I निहित है

B. केवल धारणा II निहित है ✓

C. न तो धारणा I और न ही II निहित है

D. धारणा I और II, दोनों निहित हैं

Q53 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन सा वर्ष एक अधिवर्ष (leap year?) था?

A. 2002

B. 2006

C. 2012 ✓

D. 2018

Q54 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा के 65 विद्यार्थी उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में खड़े हैं। अमृत पंक्ति के बाएं सिरे से 46वें स्थान पर है, जबकि काशवी पंक्ति के दाएं सिरे से 14वें स्थान पर है। अमृत और काशवी के बीच कुल कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

A. 4

B. 5 ✓

C. 6

D. 7

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

सुजाता एक पार्क में पूर्व दिशा की ओर मुख करके खड़ी है। फिर वह 135° वामावर्त मुड़ती है। उसके बाद, वह 90° वामावर्त मुड़ती है। फिर, वह 45° दक्षिणावर्त मुड़ती है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है?

A. पूर्व

B. उत्तर-पश्चिम

C. पश्चिम ✓

D. दक्षिण-पश्चिम

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

जनन में मूल घटना क्या है?

A. DNA की प्रतिकृति ✓

B. RNA की प्रतिकृति

C. प्रोटीन का निर्माण

D. कोशिका विभाजन

Q57 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन आयनिक यौगिकों के लिए सत्य नहीं है/हैं?

i. आयनिक यौगिकों के गलनांक और क्वथनांक निम्न होते हैं।

ii. आयनिक यौगिक भंगुर होते हैं और दाब आरोपित करने पर टुकड़ों में टूट जाते हैं।

iii. धनात्मक और ऋणात्मक आयनों के बीच प्रबल आकर्षण बल के कारण आयनिक यौगिक ठोस होते हैं, और कुछ हद तक कठोर होते हैं।

iv. आयनिक यौगिक गलित अवस्था में विद्युत का चालन करते हैं।

A. केवल i ✓

B. i और ii

C. i और iii

D. i और iv

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q58 General Science

यदि कोई पदार्थ अभिक्रिया के दौरान हाइड्रोजन का त्याग करता है, तो उसे _____ कहा जाता है।

A. अपचयित हुआ

B. ऑक्सीकृत हुआ ✓

C. विघटित हुआ

D. उदासीनीकृत हुआ

Q59 General Science

एक प्रकाश किरण, वायु माध्यम से जल माध्यम (अपवर्तनांक = 1.3) में इस प्रकार जाती है कि आपतन कोण x डिग्री है और अपवर्तन कोण y डिग्री है। अनुपात (sin y)/ (sin x) का मान ज्ञात कीजिए।

A. 1/1.3 ✓

B. 1.3

C. 1

D. 0.3

Q60 General Science

निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान कीजिए।

(a) किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता पदार्थ की प्रकृति पर निर्भर करती है।

(b) किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल से स्वतंत्र होती है।

(c) एक शुद्ध धातु की प्रतिरोधकता उसकी मिश्र धातु से अधिक होती है।

A. केवल (a)

B. केवल (b)

C. (a) और (b) दोनों ✓

D. (b) और (c) दोनों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q61 General Science

परावर्तन के नियम इनमें से किस दर्पण के लिए सत्य हैं?

(A) अवतल दर्पण

(B) उत्तल दर्पण

(C) समतल दर्पण

A. केवल A और B

B. केवल B और C

C. केवल A और C

D. A, B और C ✓

Q62 General Science

एक प्रकाश किरण, दो माध्यमों को पृथक करने वाले इंटरफेस पर 45° के आपतन कोण पर आपतित होती है, जिसके लिए अपवर्तन कोण 30° है। पहले माध्यम के सापेक्ष दूसरे माध्यम का अपवर्तनांक _____ के बराबर है।

A. $\sqrt{2}$ ✓

B. $\frac{1}{\sqrt{2}}$

C. $\frac{1}{2}$

D. $\frac{\sqrt{3}}{2}$

Q63 General Science

क्लोरोफ्लोरोकार्बन निर्गमित न करने वाले रेफ्रिजरेटरों का निर्माण संपूर्ण विश्व में अनिवार्य कर दिया गया है। यह ओजोन के क्षरण को रोकने में किस प्रकार सहायक होगा?

A. यह ऑक्सीजन के अणुओं को ओजोन में बदलने में सहायता करेगा।

B. इससे CFC ओजोन अणुओं में बदल जाएंगे।

C. यह ऑक्सीजन अणुओं से CFC के उत्पादन को कम करेगा।

D. यह ओजोन अणुओं के साथ अभिक्रिया करने वाले CFC के निर्गमन को कम करेगा। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q64 General Science

कोशिका के _____ में, ग्लूकोज से पाइरुवेट बनता है।

A. कोशिकाद्रव्य ✓

B. केंद्रक

C. राइबोसोम

D. माइटोकॉन्ड्रिया

Q65 General Science

किसी छड़ चुंबक के अंदर चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा _____की ओर होती है।

A. उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव

B. दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी ध्रुव ✓

C. केंद्र से उत्तरी ध्रुव

D. केंद्र से दक्षिणी ध्रुव

Q66 General Science

हृदय में ऑक्सीजन युक्त रक्त और कार्बन डाइऑक्साइड युक्त रक्त को आपस में मिलने से रोकने में निम्न में से क्या सहायक होता है?

A. त्रिवलन-कपाट

B. फुप्फुसीय कपाट

C. महाधमनी कपाट

D. कक्षों के बीच की भित्ति ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q67 General Science

जब चुंबकीय क्षेत्र और चालक की गति के बीच का कोण _____ होता है, तो प्रेरित धारा की दिशा निर्धारित करने के लिए फ्लेमिंग के दाएं हाथ के नियम का उपयोग किया जा सकता है।

A. 0°

B. 30°

C. 90° ✓

D. 180°

Q68 General Science

भारत के किस राज्य में पेयजल के भंडारण के लिए 'खड़ीन (Khadins)' बनाए जाते हैं?

A. पश्चिम बंगाल

B. गुजरात

C. राजस्थान ✓

D. कर्नाटक

Q69 General Science

जंतु प्रजनन (Animal Reproduction) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता गलत है?

A. पुनर्जनन प्रजनन के समान नहीं होता है

B. अमीबा में, दो कोशिकाओं का विभाजन किसी भी तल में होता है

C. शुक्राशय मानव नरों में मौजूद एक ग्रंथि है

D. मानव मादा में अंडाणु का निषेचन गर्भाशय में होता है ✓

Q70 General Science

निम्न में से किस यौगिक का क्वथनांक अधिकतम होता है?

A. मेथेन

B. एसिटिक अम्ल ✓

C. क्लोरोफॉर्म

D. एथेनॉल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

सुजलम एक बिंदु से पश्चिम की ओर मुख करके चलना शुरू करता है, वह बाएं मुड़ता है और 10 m चलता है, फिर दाएं मुड़ता है, और 12 m चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 11 m चलता है, और फिर बिंदु P पर पुनः बाएं मुड़ता है और 17 m चलता है। बिंदु P पर बाएं मुड़ने से पहले, उसका मुख किस दिशा की ओर था?

(सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. पूर्व

B. पश्चिम

C. उत्तर

D. दक्षिण ✓

Q41 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, MUTINY को 25149202113 लिखा जाता है, और MAGIC को 397113 लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में NECTAR को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. 191253014

B. 182203614

C. 182103513

D. 181203514 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन के आधार पर, चार निष्कर्ष निकाले गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष कथन के आधार पर सत्य नहीं है?

कथन: $B > F \geq P > L = K \leq W < M$

A. $L < M$

B. $F > K$

C. $P = K$ ✓

D. $B > L$

Q43 General Intelligence and Reasoning

यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '-' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, और साथ ही '×' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$12 - 104 \times 8 + 5 \div 4 = ?$

A. 5 ✓

B. 7

C. 9

D. 11

Q44 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, अक्षरों/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार संख्याओं का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

Letter/ Symbol	I	L	M	H	Y	O	C	E	R
Code	4	5	9	1	2	3	6	7	8

(संदर्भ : Letter/Symbol - अक्षर/प्रतीक, Code - कूट)

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक स्वर है, और अंतिम घटक एक व्यंजन है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

(ii) यदि पहला घटक एक व्यंजन है, और अंतिम घटक एक स्वर है, तो पहले और अंतिम घटकों को 0 के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरे और पांचवें दोनों घटक स्वर हैं, तो पांचवें घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में, और दूसरे घटक को पांचवें घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

प्रश्न: EICHER

A. 876417

B. 814767

C. 876147 ✓

D. 877416

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 21, 2)

(7, 33, 4)

A. (8, 51, 9) ✓

B. (11, 24, 3)

C. (6, 40, 8)

D. (10, 93, 3)

Q46 General Intelligence and Reasoning

पांच छात्र - 1, 2, 3, 4 और 5, एक वृत्ताकार मेज के परित: केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। 4, 1 के दाईं ओर ठीक बगल में, और 2 के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। 5, 1 के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

A. 5, 3 के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।

B. 1, 5 के ठीक बगल में बैठा है।

C. 3, 5 और 1 के बीच में बैठा है। ✓

D. 2, 4 और 1 के बीच में बैठा है।

Q47 General Intelligence and Reasoning

स्तंभ E, स्तंभ U के उत्तर में, और स्तंभ R के पूर्व में है। स्तंभ N, स्तंभ U के पश्चिम में, और स्तंभ I के पूर्व में है। स्तंभ J, स्तंभ I के दक्षिण में है। स्तंभ U के सापेक्ष स्तंभ R की स्थिति क्या है?

A. उत्तर में

B. दक्षिण में

C. दक्षिण-पश्चिम में


D. उत्तर-पश्चिम में ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित लाइन-ग्राफ तीन क्रमागत वर्षों - 2014, 2015 और 2016 में छह अलग-अलग जिलों - A, B, C, D, E और F में छात्रों के प्रवेशों की संख्या (हजार में) को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



दिए गए तीन वर्षों के लिए जिला B में प्रवेशों की कुल संख्या, और पहले दो क्रमागत वर्षों (2014 और 2015) के लिए जिला E में प्रवेशों की कुल संख्या का अंतर कितना है?

A. 80

B. 20 ✓

C. 40

D. 25

Q49 General Intelligence and Reasoning

लड़कों की एक पंक्ति में, सूरज और भीम के बीच केवल 8 लड़के खड़े हैं। सूरज आगे से 21वें स्थान पर है, जबकि भीम पीछे से पहले स्थान पर हैं। पंक्ति में कुल कितने लड़के हैं?

A. 29

B. 31

C. 30 ✓

D. 32

Q50 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '-' है, '-' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$28 - 2 + 80 \times 5 \div 14 = ?$

A. 52

B. 54 ✓

C. 25


D. 45

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं किसी आईटी कार्यालय में विभिन्न ब्रांडों के लैपटॉप उपयोग करने वाले व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करती हैं।



कितने लोग सोनी (Sony) और डेल (Dell) दोनों ब्रांड के लैपटॉपों का उपयोग करते हैं?

A. 6

B. 10

C. 16 ✓

D. 20

Q52 General Intelligence and Reasoning

जब 9:25 बजे हो, तो 12 घंटे वाली घड़ी की मिनट वाली सुई और घंटे वाली सुई के बीच बना कोण लगभग कितना होगा?

A. 130 डिग्री ✓

B. 150 डिग्री

C. 190 डिग्री

D. 100 डिग्री

Q53 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F और G, एक साथ मिलकर खरीदे गए एक वीडियो गेम को खेलना चाहते हैं। उनमें से प्रत्येक को, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के किसी एक दिन, यह गेम मिलेगा। यह सप्ताह के किसी एक दिन में एक को ही मिलेगा। A रविवार को खेलेगा। D, A के ठीक पहले वाले दिन खेलेगा। B, E के ठीक बाद वाले दिन खेलेगा। E बुधवार को खेलेगा। C को यह सोमवार को नहीं मिलेगा। F को यह B और D के बीच वाले दिन मिलेगा। G को यह किस दिन खेलने को मिलेगा?

A. शुक्रवार

B. गुरुवार

C. सोमवार ✓


D. शनिवार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं किसी छोटे गाव के उन व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करती हैं, जो अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों पर निर्भर हैं।



कितने व्यक्ति सौर ऊर्जा (Solar energy) और कोयले से प्राप्त ऊर्जा (Coal energy) दोनों पर निर्भर हैं?

A. 28

B. 12

C. 77

D. 40 ✓

Q55 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

13 : 96 :: 18 : 131 :: 14 :?

A. 100

B. 102

C. 103 ✓

D. 104

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

किसी समजातीय श्रेणी के अगले सदस्य में एक कार्बन परमाणु के साथ कितने हाइड्रोजन परमाणु जोड़े जाएंगे?

A. 1

B. 2 ✓

C. 3

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Science

व्यक्ति का लिंग निर्धारण _____ द्वारा होता है।

A. शुक्राणु और डिंब दोनों में मौजूद गुणसूत्रों


B. शुक्राणु में मौजूद गुणसूत्रों ✓

C. डिंब में मौजूद गुणसूत्रों

D. शुक्राणु और डिंब दोनों में मौजूद गुणसूत्रों और माता-पिता की आहार संबंधी आदतों

Q58 General Science

निम्नांकित चित्र एक एकल जीव की प्रजनन क्रिया और मामूली भिन्नताओं वाली एक संतति को दर्शाता है। इस अंतर का क्या कारण हो सकता है?



A. प्रोटीन निर्माण में त्रुटियां

B. DNA प्रतिरूपण में त्रुटियां ✓

C. जीन का अक्रियाशील होना

D. RNA निर्माण में त्रुटियां

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q59 General Science

किसी धारावाही चालक पर लगने वाले बल की दिशा परिवर्तित करने के लिए इनमें से किस विधि का उपयोग किया जा सकता है?

(i) धारा का परिमाण बदलना

(ii) चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता परिवर्तित करना

(iii) धारा की दिशा बदलना

A. केवल (i)

B. केवल (iii) ✓

C. (i) और (iii) दोनों

D. (ii) और (iii) दोनों

Q60 General Science

निम्नलिखित में से गलत कथन की पहचान कीजिए।

A. किसी छड़ चुंबक के बाहर, चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की दिशा उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव की ओर होती है।

B. एक स्वतंत्र रूप से लटका हुआ छड़ चुंबक उत्तर-दक्षिण दिशा में इंगित करता है।

C. प्रतिकर्षण, चुंबकत्व का सुपुष्ट परीक्षण (sure test) है।

D. कई क्षेत्र रेखाएं चुंबकीय क्षेत्र के अंदर किसी दिए गए बिंदु पर प्रतिच्छेदित करती हैं। ✓

Q61 General Science

कीटनाशक, हालांकि ये अजैवनिम्नीकरणीय होते हैं, कृषि के लिए लाभकारी और हानिकारक दोनों होते हैं। कीटनाशकों के संबंध में गलत विकल्प का चयन कीजिए।

A. ये पौधे में क्लोरोफिल की मात्रा को कम करते हैं, और इसलिए प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करते हैं

B. ये पौधे की वृद्धि को कम करते हैं

C. ये नाइट्रोजन चयापचय में फेरबदल करते हैं, इसलिए पौधों में प्रोटीन की मात्रा कम हो जाती है

D. इनका उपयोग खरपतवार, कीटों और पौधों के रोगों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

अमीबा में, भोजन का ग्रहण _____ द्वारा होता है।

A. मुंह

B. कशाभिका की गति

C. पक्ष्माभ की गति

D. शरीर की पूरी त्वचा ✓

Q63 General Science

धातु के दो तार A और B एक ही पदार्थ से बने हैं। तार A की लंबाई l और त्रिज्या r है, जबकि तार B की लंबाई 2l और त्रिज्या 2r है। तार A और तार B के प्रतिरोधों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 1 : 2

B. 2 : 1 ✓

C. 1 : 4

D. 4 : 1

Q64 General Science

माध्यम A से माध्यम B की ओर जाते समय एक प्रकाश किरण अभिलंब की ओर झुकती है। इनमें से कौन से कथन सही हैं?

(A) माध्यम A, माध्यम B की तुलना में प्रकाशिक रूप से सघन है।

(B) माध्यम A में प्रकाश की चाल, माध्यम B की तुलना में अधिक है।

(C) माध्यम B का अपवर्तनांक, माध्यम A के अपवर्तनांक से अधिक है।

A. A और B दोनों

B. B और C दोनों ✓

C. A और C दोनों

D. A, B और C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

3.0 cm ऊंचाई वाली किसी वस्तु को एक 6.0 cm फोकस दूरी वाले उत्तल दर्पण के सामने 20.0 cm की दूरी पर उसके मुख्य अक्ष पर रखा गया है। इसके प्रतिबिंब की ऊंचाई _____होगी, और यह _____होगा।

A. 3.0 cm से कम, सीधा ✓

B. 3.0 cm से अधिक, सीधा

C. 3.0 cm से कम ,उल्टा

D. 3.0 cm से अधिक ,उल्टा

Q66 General Science

आधुनिक आवर्त सारणी में _____ समूह और _____ आवर्त हैं।

A. 18, 7 ✓

B. 17, 8

C. 18, 6

D. 18, 5

Q67 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा उत्सर्जी उत्पाद पौधों के पुराने जाइलम में संग्रहित होता है?

A. राल (Resin) ✓

B. मॉरफीन (Morphin)

C. कार्बन डाइऑक्साइड

D. साइट्रिक अम्ल

Q68 General Science

सरदार सरोवर बांध का निर्माण गुजरात में _____ पर किया गया है।

A. गंगा नदी

B. महानदी नदी

C. नर्मदा नदी ✓

D. सतलुज नदी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

कक्षा X के छात्रों द्वारा चार अलग-अलग प्रयोग किए गए।

I. नवीन ने $CuSO_4$ के जलीय विलयन की कुछ मात्रा से भरा एक बीकर लिया, और उसमें मैग्नीशियम की पट्टी का एक टुकड़ा डाल दिया।

II. आयुष ने $CuSO_4$ के जलीय विलयन की कुछ मात्रा से भरा एक बीकर लिया, और उसमें प्लेटिनम के कुछ टुकड़े डाल दिए।

III. स्नेहा ने $CuSO_4$ के जलीय विलयन की कुछ मात्रा से भरा एक बीकर लिया, और उसमें कुछ कॉपर टर्निंग डाल दिए।

IV. आकृति ने $CuSO_4$ के जलीय विलयन की कुछ मात्रा से भरा एक बीकर लिया, और उसमें चांदी के तार का एक टुकड़ा डाल दिया।

उनमें से कौन विस्थापन अभिक्रिया करने में सक्षम था?

A. आयुष

B. नवीन ✓

C. आकृति

D. स्नेहा

Q70 General Science

निम्न में से कौन सा कोशिकांग अमीबा में जल की मात्रा को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी होता है?

A. प्लाज्मा झिल्ली

B. संकुचनशील रसधानी ✓

C. खाद्य रसधानी

D. कोशिका द्रव्य

Q71 General Science

बाबू, एक परखनली में तनु नाइट्रिक अम्ल की कुछ मात्रा लेता है, और परखनली को 70° C पर लगभग 10 मिनट तक गर्म करता है। नाइट्रिक अम्ल के pH पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. बढ़ेगा

B. घटेगा ✓

C. स्थिर रहेगा

D. पहले बढ़ेगा और फिर घटेगा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Science

डॉबेराइनर के अनुसार, निम्न में से कौन सा सत्य है?

A. त्रिक के पहले और दूसरे तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों का योगफल, तीसरे तत्व के परमाणु द्रव्यमान के बराबर होता है।

B. त्रिक के दूसरे और तीसरे तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों का समांतर माध्य, पहले तत्व के परमाणु द्रव्यमान के बराबर होता है।

C. त्रिक के पहले और तीसरे तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों का योगफल, दूसरे तत्व के परमाणु द्रव्यमान के बराबर होता है।

D. त्रिक के पहले और तीसरे तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों का समांतर माध्य, दूसरे तत्व के परमाणु द्रव्यमान के बराबर होता है। ✓

Q73 General Science

यीस्ट में होने वाले किण्वन और मनुष्यों की पेशीय कोशिकाओं में होने वाले अनॉक्सी श्वसन में क्या समानता है?

A. दोनों माइटोकॉन्ड्रिया में होते हैं

B. दोनों कोशिका द्रव्य में होते हैं ✓

C. दोनों में एथेनॉल बनता है

D. दोनों में लैक्टिक अम्ल बनता है

Q74 General Science

कार्बन के किस रूप का उपयोग शुष्क स्नेहक के रूप में किया जाता है?

A. कोयला

B. कोक

C. हीरा

D. ग्रेफाइट ✓

Q75 General Science

क्लोरीन गैस पोटैशियम आयोडाइड विलयन से अभिक्रिया करके पोटैशियम क्लोराइड और आयोडीन का निर्माण करती है। यह किस प्रकार की अभिक्रिया का उदाहरण है?

A. संयोजन अभिक्रिया

B. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया

C. अपघटन अभिक्रिया

D. विस्थापन अभिक्रिया ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 General Science

प्रतिरोधकता की S.I. इकाई _____ है।

A. ohm

B. mho

C. ohm m ✓

D. ohm/m

Q77 General Science

किसी वस्तु को 15 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब _____होगा।

A. वास्तविक और सीधा

B. वास्तविक और उल्टा ✓

C. आभासी और सीधा

D. आभासी और उल्टा

Q78 General Science

निम्न कथनों पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन-I: बेकिंग सोडा का रासायनिक सूत्र $CaSO_4$ ½ H_2O है।

कथन-II: बेकिंग सोडा का उपयोग खिलौने और सजावटी सामान बनाने में तथा सतहों को चिकना करने के लिए किया जाता है।

A. दोनों कथन सत्य हैं।

B. दोनों कथन असत्य हैं। ✓

C. कथन-I सत्य है, और कथन -II असत्य है।

D. कथन-II सत्य है, और कथन-I असत्य है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q79 General Science

किसी वस्तु को एक 12 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस के मुख्य अक्ष पर 18 cm की दूरी पर रखा गया है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन _____ होगा, और प्रतिबिंब _____ होगा।

A. 1 से कम ,सीधा

B. 1 से कम ,उल्टा

C. 1 से अधिक ,सीधा

D. 1 से अधिक ,उल्टा ✓

Q80 General Science

दो प्रतिरोधों A और B के प्रतिरोध क्रमशः 5 ओम और 10 ओम हैं। यदि वे 5 V के एक वोल्टेज स्रोत के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित हैं, तो प्रतिरोध A में उत्पन्न शक्ति और प्रतिरोध B में उत्पन्न शक्ति का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 1 : 2 ✓

B. 1 : 4

C. 2 : 1

D. 4 : 1

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित विकल्पों में से उस खिलाड़ी की पहचान कीजिए, जिन्हें कुश्ती खेल में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया।

A. शरद कुमार

B. रवि कुमार ✓

C. सुहास यतिराज

D. निषाद कुमार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q82 General Awareness and Current Affairs

एक सामान्य मानसून वर्ष के दौरान निम्न में से किस अवधि में, मानसूनी हवाएं संभवतः पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा में पहुंच जाती हैं?

A. जून के पहले सप्ताह में

B. जुलाई के पहले सप्ताह में ✓

C. अगस्त के पहले सप्ताह में

D. मई के पहले सप्ताह में

Q83 General Awareness and Current Affairs

भारतीय भाषा संस्थान (CIIL) का मुख्यालय _____ में स्थित है।

A. बेंगलुरु

B. मैसूर ✓

C. पांडिचेरी

D. चेन्नई

Q84 General Awareness and Current Affairs

अक्षांश के समांतर निम्नलिखित में से कौन सी रेखा उनके स्थान के साथ सुमेलित नहीं हैं?

A. कर्क रेखा - उत्तरी गोलार्ध

B. मकर रेखा - पूर्वी गोलार्ध ✓

C. आर्कटिक वृत्त - भूमध्य रेखा के उत्तर में

D. अंटार्कटिक वृत्त - भूमध्य रेखा के दक्षिण में

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q85 General Awareness and Current Affairs

भारत में मानवजातीय अल्पसंख्यकों के लिए स्वतंत्रता एवं समान अवसरों के अधिकार को बनाए रखने के लिए और अल्पसंख्यकों के सम्मान तथा गरिमा हेतु जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रति वर्ष किस दिन को 'अल्पसंख्यक अधिकार दिवस' के रूप में मनाया जाता है?

A. 27 फरवरी

B. 29 अगस्त

C. 18 दिसंबर ✓

D. 25 दिसंबर

Q86 General Awareness and Current Affairs

रोवर्स कप का संबंध किस खेल से है?

A. क्रिकेट

B. हॉकी

C. फ़ुटबॉल ✓

D. नौकायन

Q87 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से किस मामले में कानून बनाने का अधिकार केवल केंद्रीय विधायिका को ही है?

A. कारागार/जेल

B. व्यापार एवं वाणिज्य

C. कृषि

D. डाक एवं तार ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, मार्च 2021 तक किस राज्य में पवन ऊर्जा की क्षमता सर्वाधिक है?

A. गुजरात ✓

B. तमिलनाडु

C. राजस्थान

D. कर्नाटक

Q89 General Awareness and Current Affairs

फसल उत्पादन में इनमें से किस पर बहुत अधिक लागत शामिल नहीं होती है?

A. बीजों पर लागत

B. उर्वरकों पर लागत

C. कीटनाशकों पर लागत

D. पशु आहार पर लागत ✓

Q90 General Awareness and Current Affairs

भारत में किस प्रकार की राजनीतिक दल प्रणाली है?

A. एक-दलीय प्रणाली

B. द्वि-दलीय प्रणाली

C. त्रि-दलीय प्रणाली

D. बहु-दलीय प्रणाली ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243B के अनुसार, मध्यवर्ती स्तर पर पंचायतों का गठन _____ से अनधिक जनसंख्या वाले राज्य में नहीं किया जा सकता है।

A. 5 लाख

B. 10 लाख

C. 20 लाख ✓

D. 25 लाख

Q92 General Awareness and Current Affairs

वित्तीय साक्षरता सप्ताह के लिए 2022 की थीम के रूप में RBI द्वारा किस विषय वस्तु (थीम) का चयन किया गया है?

A. ऋण अनुशासन तथा औपचारिक संस्थानों से ऋण (Credit Discipline and Credit from Formal Institutions)

B. गो डिजिटल, गो सिक्योर (Go Digital, Go Secure) ✓

C. किसान (Farmers)

D. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (Micro, Small and Medium Enterprises)

Q93 General Awareness and Current Affairs

2021 में पहली हरित हाइड्रोजन माइक्रोग्रिड परियोजना कहां शुरू हुई?

A. महाराष्ट्र

B. आंध्र प्रदेश ✓

C. तमिलनाडु

D. केरल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q94 General Awareness and Current Affairs

_____ ने हिंदू धर्म के पुनरुद्धार और पश्चिम में 'नव-वेदांत' के रूप में ज्ञात अद्वैत वेदांत के उनके विवेचन के प्रसार में प्रमुख भूमिका निभाई।

A. स्वामी विवेकानंद ✓

B. स्वामी दयानंद

C. सम्राट अशोक

D. श्री रामकृष्ण परमहंस

Q95 General Awareness and Current Affairs

सिख धर्म के लिए सामाजिक सुधार आंदोलन - निरंकारी आंदोलन के संस्थापक कौन थे?

A. श्री सोहन सिंह

B. बाबा बालक सिंह

C. बाबा गुरमीत देव

D. बाबा दयाल दास ✓

Q96 General Awareness and Current Affairs

जून 2022 तक, कारखाना अधिनियम में कितनी बार संशोधन किया गया है?

A. 9

B. 5

C. 8 ✓

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q97 General Awareness and Current Affairs

जनवरी 2022 में, Jio ने किस विश्वविद्यालय के साथ 6G प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और मानकीकरण से संबंधित गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?

A. कैनेडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च

B. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस बेंगलुरु

C. यूनिवर्सिटी ऑफ़ ओउलू, फ़िनलैंड ✓

D. बार्सिलोना इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी

Q98 General Awareness and Current Affairs

सेंट्रल बैंक ऑफ जिम्बाब्वे विकास को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों को कम कर रहा है। बैंक अपनी मौद्रिक नीति के रुख में _____ हो रहा है।

A. शांतिवादी (dovish) ✓

B. आक्रामक (hawkish)

C. समायोजक (Accommodative)

D. उदासीन (Neutral)

Q99 General Awareness and Current Affairs

भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?

A. 13 जनवरी

B. 23 जनवरी

C. 13 फरवरी ✓

D. 23 फरवरी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q100 General Awareness and Current Affairs

सबसे लंबी मूंछें प्रतियोगिता का आयोजन निम्नलिखित में से किस त्योहार/मेले में किया जाता है?

A. हॉर्नबिल महोत्सव

B. पुष्कर मेला ✓

C. त्रिशूर पूरम महोत्सव

D. किला रायपुर खेल महोत्सव

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

निम्न में से कौन सी साधारण भिन्न, मिश्रित आवर्ती दशमलव 0.3125125125... के मान के बराबर होगी?

A. $\frac{1561}{4995}$ ✓

B. $\frac{1783}{4995}$

C. $\frac{1653}{4995}$

D. $\frac{1967}{4995}$

Q2 Mathematics

$\triangle$ PQR में, $\angle PQR = 90^0$, $m(\overline{PQ}) = 3$ cm और $m(\overline{PR}) = 6$ cm है। $\angle PRQ$ का माप क्या है?

A. 30^0 ✓

B. 45^0

C. 60^0

D. 70^0

Q3 Mathematics

वर्तमान में, एक पिता की आयु, उसके 3 बच्चों की आयु के योगफल की दोगुनी है। 15 वर्ष बाद, पिता की आयु उसके बच्चों की आयु के योगफल के बराबर होगी। आज से 15 वर्ष बाद पिता की आयु कितनी होगी?

A. 75 वर्ष

B. 85 वर्ष

C. 90 वर्ष

D. 95 वर्ष

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

मैं 10 km/h की चाल से चलता हूं, और 2 घंटे में गंतव्य तक पहुंच जाता हूं। यदि मैं अपनी चाल में 5 km/h की वृद्धि करता हूं, तो मैं अपने गंतव्य पर कितना पहले पहुंच जाऊंगा?

A. 20 मिनट

B. 30 मिनट

C. 40 मिनट ✓

D. 50 मिनट

Q5 Mathematics

दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 385 है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 7 है। यदि दोनों संख्याओं का योग 112 है, तो उनका अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 42 ✓

B. 35

C. 50

D. 43

Q6 Mathematics

एक दुकानदार ने ₹28,000 के अंकित मूल्य वाली वस्तु पर 10% और 15% की क्रमिक छूट दी। वस्तु का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹21,420 ✓

B. ₹21,240

C. ₹22,140

D. ₹21,402

Q7 Mathematics

वह छोटी से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसमें 7 घटाने पर प्राप्त संख्या 12, 16, 18 और 21 से विभाज्य होती है।

A. 1150

B. 1051

C. 1105

D. 1015 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

$\frac{\sqrt{729}}{15} \times \frac{25}{\sqrt{81}} \times \frac{15}{\sqrt{225}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 4

B. 3

C. 2

D. 5 ✓

Q9 Mathematics

निम्न आंकड़ों के लिए, भारित माध्य ज्ञात कीजिए।

X_i	4	3	5	7	2	1
W_i	1	0	2	1	3	5

A. 5.6

B. 2.66 ✓

C. 8

D. 7.5

Q10 Mathematics

एक राशि को साधारण ब्याज की एक निश्चित वार्षिक दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश किया गया था। यदि इसे मौजूदा दर से 2% अधिक की वार्षिक दर पर निवेश किया गया होता, तो 2 वर्ष में अर्जित साधारण ब्याज ₹240 अधिक होता। निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹8,000

B. ₹24,000

C. ₹6,000 ✓

D. ₹16,000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

दो पाइप A और B एक टैंक को क्रमशः 5 घंटे और 8 घंटे में भर सकते हैं। पाइप C उसी टैंक को 10 घंटे में खाली कर सकता है। जब सभी पाइप एक साथ खोले जाते हैं तो खाली टैंक को भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

A. $4\frac{2}{9}$ घंटे

B. $4\frac{5}{9}$ घंटे

C. $4\frac{7}{9}$ घंटे

D. $4\frac{4}{9}$ घंटे ✓

Q12 Mathematics

सरल कीजिए: $\frac{3^3 \times 2^4 \times 7^2}{3^2 \times 56}$

A. 42 ✓

B. 36

C. 28

D. 70

Q13 Mathematics

17 और 68 का मध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

A. 34 ✓

B. 38

C. 42

D. 46

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

सरल कीजिए:

$(a+2b-c)(b-c)+(a-c)2b+b^2$

A. $3b^2 + 3ab - 5bc - ac$

B. $2b^2 + 3ab - 4bc + c$

C. $3b^2 + c^2 + 3ab - 5bc - ac$ ✓

D. $3ab - 5bc - ac - 2abc$

Q15 Mathematics

द्विघात समीकरण के वे मूल ज्ञात कीजिए, जो $12x^2 = 27x$ को संतुष्ट करते हों।

A. $1, \frac{3}{4}$

B. $1, \frac{4}{3}$

C. $0, \frac{9}{4}$ ✓

D. $0, \frac{3}{4}$

Q16 Mathematics

यदि किसी गोलाकार गेंद का पृष्ठीय क्षेत्रफल 616 m^2 है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजिए।

A. 1238.33 m^3

B. 1786.35 m^3

C. 1657.29 m^3

D. 1437.33 m^3 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

A, B और C ने $20 : 15 : 12$ के अनुपात में निवेश के साथ एक व्यवसाय शुरू किया। 3 माह बाद, C ने अपने निवेश का आधा हिस्सा निकाल लिया, और उससे अगले 9 माह बाद, ₹3,23,000 के लाभ को उनके बीच बांटा गया। C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

A. ₹1,14,000

B. ₹1,57,000

C. ₹57,000 ✓

D. ₹1,52,000

Q18 Mathematics

समांतर चतुर्भुज की एक समांतर भुजा की लंबाई 12 cm है, तथा इसके आधार और दूसरी समांतर भुजा के बीच की लंबवत दूरी 8 cm है। इसका क्षेत्रफल _____ है।

A. 96 cm^2 ✓

B. 48 cm^2

C. 24 cm^2

D. 192 cm^2

Q19 Mathematics

उस घनाभ का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसकी लंबाई 12 m, चौड़ाई 10 m और ऊंचाई 15 m है।

A. 1800 m^3 ✓

B. 1800 m^2

C. 1500 m^3

D. 1500 m^2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q20 Mathematics

निम्न आंकड़ों का माध्य ज्ञात कीजिए।

X	3	2	10	4	5
f	5	3	4	2	6

A. 6.52

B. 4.95 ✓

C. 8.65

D. 3.68

Q21 Mathematics

हल कीजिए।

$(a - b)^3 + (b - 2c)^3 + (-a + 2c)^3$

A. a - b + 2c

B. $(a - b + 2c)^2$

C. a − 2c + 4b

D. 3((a − b) (b − 2c) (−a+2c)) ✓

Q22 Mathematics

किसी स्टोर में, लाभ, क्रय मूल्य के 260% के बराबर है। यदि विक्रय मूल्य ₹7,200 है, तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹2,000 ✓

B. ₹2,200

C. ₹2,420

D. ₹3,000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q23 Mathematics

$3x^2 - 6x + 5 = 0$ के मूलों की प्रकृति क्या है?

A. मूल वास्तविक और समान हैं।

B. मूल वास्तविक और असमान हैं।

C. मूल वास्तविक और 2 से अधिक हैं।

D. कोई भी मूल वास्तविक नहीं है। ✓

Q24 Mathematics

चंद्रा की आयु, चंद्रिका की आयु से 10 वर्ष कम है। 5 वर्ष बाद चंद्रिका की आयु, चंद्रा की आयु की दोगुनी हो जाएगी। चंद्रिका की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

A. 10 वर्ष

B. 15 वर्ष ✓

C. 20 वर्ष

D. 25 वर्ष

Q25 Mathematics

त्रिभुज ABC में, AB = 3 m, BC = 4 m, और AC = 5 m है। त्रिभुज PRQ में, PR = 4 m, PQ = 5 m, और RQ = 3 m है।

निम्न में से कौन सा सर्वांगसमता का सही क्रम है?

A. ▲BAC, ▲RPQ के सर्वांगसम है

B. ▲BCA, ▲RPQ के सर्वांगसम है ✓

C. ▲CBA, ▲RPQ के सर्वांगसम है

D. ▲ABC, ▲RPQ के सर्वांगसम है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

दी गई संख्या, प्रतीक शृंखला का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

8 @ 4 * 7 ^ 5 3 # 9 1 < 5 7 @ 4 $ # 2 * 6 ! 4 & 9 < 6

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद एक विषम संख्या है?

A. 2

B. 3 ✓

C. 4

D. 5

Q27 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। E किसी एक भुजा पर, तथा B और D दोनों के ठीक बगल में बैठा है। C, D के ठीक सामने बैठा है, और H, B के ठीक सामने बैठा है। G, E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर, और D के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। F, G के ठीक सामने बैठा है। इनमें से कौन A के ठीक सामने बैठा है?

A. E ✓

B. G

C. F

D. B

Q28 General Intelligence and Reasoning

सैम अपने घर से बाहर निकलता है, और पूर्व की ओर 160 m चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 50 m चलता है। वह पुनःदाएं मुड़ता है, और 70 m चलता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 35 m चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, और 90 m चलकर एक गिफ्ट शॉप तक पहुंचता है। सैम के घर से गिफ्ट शॉप कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 85 m, दक्षिण ✓

B. 85 m, उत्तर

C. 120 m, दक्षिण

D. 120 m, उत्तर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

एक निर्णय और उसके बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और सही विकल्प का चयन कीजिए।

निर्णय:
कंपनी K के पास देश M के सभी शहरों और यहां तक कि गांवों में भी किराने की दुकानों और मिठाई की दुकानों की एक विस्तृत शृंखला है। कंपनी K के सीईओ (CEO) ने अगले माह से नकदी के रूप में भुगतान को पूर्णतया बंद करने का फैसला किया है।

कथन:
I. पिछले 3 वर्षों की रिपोर्टों के अनुसार, प्रति माह लगभग 24% भुगतान नकदी के माध्यम से होता था।
II. देश M की 35% आबादी या तो निरक्षर है या उनके पास बैंक खातों की सुविधा नहीं है।

A. कथन I और II, दोनों निर्णय का समर्थन करते हैं।

B. कथन I निर्णय का समर्थन नहीं करता है, और कथन II एक तटस्थ कथन है।

C. कथन I और II, दोनों निर्णय का समर्थन नहीं करते हैं। ✓

D. कथन I एक तटस्थ कथन है, और कथन II निर्णय का समर्थन नहीं करता है।

Q30 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

SEARCH : ESRAHC :: DESIGN : EDISNG :: LAYOUT :?

A. UYTLOA

B. ALOYTU ✓

C. UTYOLA

D. AOLTYU

Q31 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'NATURE' को 'QYWSUC' और 'REASON' को 'UCDQRL' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'LOTION' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. MNGVLQ

B. NMVGQL

C. OLWFRK

D. OMWGRL ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

छः मित्रों ने अपनी वार्षिक मनोविज्ञान परीक्षा में अलग-अलग अंक प्राप्त किए। Q ने केवल चार मित्रों से अधिक अंक प्राप्त किए। M ने केवल 3 मित्रों से अधिक अंक प्राप्त किए। P और N, दोनों ने T से अधिक अंक प्राप्त किए। Y ने सबसे कम अंक प्राप्त किए। N ने सर्वाधिक अंक प्राप्त नहीं किए। किसने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए?

A. T

B. M

C. Q

D. P ✓

Q33 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के शनिवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिनों में होती है। उनमें से किसी की भी परीक्षा C से पहले और B के बाद नहीं है। F की परीक्षा, A के ठीक बाद, और D से ठीक पहले है। E की परीक्षा मंगलवार को, और A से ठीक पहले है। इनमें से किसकी परीक्षा शुक्रवार को है?

A. F

B. D ✓

C. A

D. B

Q34 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ पुरस्कार टोपियां हैं।

कुछ टोपियां पदक हैं।

सभी पुरस्कार मास्क हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ मास्क टोपियां हैं।

II. कुछ मास्क पदक हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर तार्किक रूप से शृंखला को पूर्ण करेगा?

RBM 7, NXI 11, JTE 13, FPA 17, BLW 19,?

A. XSO 21

B. XOS 21

C. FHA 23

D. XHS 23 ✓

Q36 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन के संबंध में, दोनों निष्कर्षों में से कौन से सही हैं?

कथन: $U \leq W = V < Y > I \geq F > N$

निष्कर्ष:

I. $Y > U$

II. $N < I$

A. केवल निष्कर्ष I सही है।

B. केवल निष्कर्ष II सही है।

C. निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं। ✓

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II सही है।

Q37 General Intelligence and Reasoning

शैली अपने घर से निकलकर 45 m पूर्व की ओर जाती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, और 85 m चलती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, और 40 m चलती है। फिर अंततः वह बाएं मुड़ती है, और 85 m चलकर एक ATM पर पहुंचती है। उसके घर से ATM की दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 80 m

B. 85 m ✓

C. 40 m

D. 125 m

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति उत्तर दिशा की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। मोनिका और दीपेन के बीच में केवल 6 व्यक्ति बैठे हैं। मोनिका पंक्ति के दाएं सिरे से 8वें स्थान पर बैठी है। केतन, मोनिका के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। केतन और मोनिका के बीच ठीक 3 व्यक्ति बैठे हैं। केतन बाएं सिरे से 10वें स्थान पर बैठा है। दीपेन दाएं सिरे पर बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति में बैठे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 20

B. 21 ✓

C. 22

D. 23

Q39 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T, U, V और W, आठ डिब्बे हैं, जिन्हें एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। V को ऊपर से चौथे स्थान पर, और R के ठीक नीचे रखा गया है। W को सबसे ऊपर, तथा P के ठीक ऊपर रखा गया है। S और T के बीच केवल एक डिब्बे को रखा गया है। T को S के नीचे रखा गया है, और U को Q के ऊपर रखा गया है। T और Q के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

A. दो

B. एक

C. शून्य ✓

D. तीन

Q40 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। A किसी एक कोने पर, तथा E और F के ठीक बगल में बैठा है। D, A के ठीक सामने, और B के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। C किसी एक कोने पर, और F के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। G किसी भी कोने पर नहीं बैठा है। निम्नलिखित में से कौन F के ठीक सामने बैठा है?

A. G

B. B ✓

C. E


D. H

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



graduates - स्नातक

Morning-walkers - सुबह की सैर करने वाले

girls - लड़कियां

उपरोक्त आरेख के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. उन सुबह की सैर करने वालों की संख्या, जो लड़कियां भी हैं, किंतु स्नातक नहीं हैं, 19 है।

B. उन लड़कियों की संख्या, जो स्नातक और सुबह की सैर करने वाले दोनों हैं, 39 है।

C. उन स्नातकों की संख्या, जो लड़कियां भी हैं, किंतु सुबह की सैर करने वाले नहीं हैं, 22 है।

D. उन स्नातकों की संख्या, जो सुबह की सैर करने वाले हैं, किंतु लड़कियां नहीं हैं, 33 है। ✓

Q42 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

35 : 21 :: 20 : 12 :: 40 : ?

A. 39

B. 26

C. 24 ✓

D. 42

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / हटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(12, 313, 13)
(7, 50, 1)

A. (15, 150, 10)

B. (12, 158, 12)

C. (9, 90, 3) ✓

D. (4, 125, 11)

Q44 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 4681342 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाता है, और प्रत्येक सम अंक से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी संख्या के सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों का अंतर क्या होगा?

A. 2


B. 4

C. 5

D. 6 ✓

Q45 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित लाइन-ग्राफ एक राज्य के सात जिलों - P, Q, R, S, T, U और V के छात्रों की शैक्षिक अर्हता (दसवीं, इंटरमीडिएट [इंटर] और डिग्री) को दर्शाता है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



	P	Q	R	S	T	U	V
Tenth	340	300	260	340	180	260	220
Inter	220	240	320	140	280	200	280
Degree	280	360	200	260	320	320	380

[संदर्भ : Number Of Students - छात्रों की संख्या, Tenth - दसवीं, Inter -इंटर, Degree - डिग्री]

सभी जिलों से कुल मिलाकर दसवीं की अर्हता वाले छात्रों की कुल संख्या, और सभी जिलों से कुल मिलाकर डिग्री की अर्हता वाले छात्रों की कुल संख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 230

B. 240

C. 220 ✓

D. 210

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर लगभग कितना मान आना चाहिए?

(23.01 + 16.986) ÷ 2.023 × 4.05 - 41.999 + 643.999 =?

A. 542

B. 682 ✓

C. 745

D. 765

Q47 General Intelligence and Reasoning

यदि 1 जनवरी 2006 को रविवार था, तो 1 जनवरी 2009 को सप्ताह का कौन सा दिन था?

A. बुधवार

B. गुरुवार ✓

C. शुक्रवार

D. शनिवार

Q48 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका, और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

Number/ Symbol	9	∞	8	4	÷	∓	6	$	!	2	=	5	7	3
Code	H	G	K	L	U	Q	S	U	W	Y	A	C	E	G

(संदर्भ : Letter/Symbol - अक्षर/प्रतीक, Code - कूट)

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक संख्या है, और अंतिम घटक एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

(ii) यदि पहला घटक एक सम संख्या है, और अंतिम घटक एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को & के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि तीसरे और चौथे दोनों घटक अभाज्य संख्याएं हैं, तो चौथे घटक को तीसरे घटक के कूट के रूप में, और तीसरे घटक को चौथे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

प्रश्न: 2675$!

A. WSCEUY ✓

B. WUYECS

C. WSECUY

D. WECSUY

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q49 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

25, 29, 38, 54, 79, ?

A. 96

B. 110

C. 115 ✓

D. 120

Q50 General Intelligence and Reasoning

यदि शब्द BREAKDOWN के सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. 1

B. 2 ✓

C. 3

D. 4

Q51 General Intelligence and Reasoning

दी गई संख्या श्रेणी का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

29, 74, 93, 75, 19, 52, 75, 94, 93, 71

यदि सभी संख्याओं के दहाई और इकाई अंकों की स्थिति को आपस में बदल दिया जाए, तो मूल श्रेणी की कौन सी संख्याएं, श्रेणी की क्रमशः सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याएं बन जाएंगी?

A. 93 और 71

B. 19 और 29

C. 93 और 94


D. 29 और 71 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित स्टैक्ड बार चार्ट में A से E नामक पांच शोरूमों से हुई 7, 8 और 9 माप वाले जूतों की बिक्री से संबंधित आंकड़े दर्शाए गए हैं। चार्ट का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



(संदर्भ : NUMBER OF SHOES - जूतों की संख्या, SIZES - माप)

शोरूम C में, 8 माप वाले जूतों की बिक्री, 9 माप वाले जूतों की बिक्री से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है?

A. 215%

B. 225%

C. 235% ✓

D. 335%

Q53 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर लगभग कितना मान आना चाहिए?

126.012 × 14.987 - 603.045 =? + 261.987

A. 875

B. 845

C. 1025 ✓


D. 1235

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं नाश्ते में कुछ निश्चित खाद्य पदार्थ खाने वाले व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करती हैं।



कितने व्यक्ति पास्ता (Pasta) खाते हैं, लेकिन डोनट (Doughnut) नहीं खाते हैं?

A. 62 ✓

B. 50

C. 71

D. 79

Q55 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

5, 24, 46, 74, 111, 160, 224,?

A. 306 ✓

B. 360

C. 305

D. 350

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

विश्व जल दिवस _____ को मनाया जाता है।

A. 8 मार्च

B. 22 मार्च ✓

C. 15 अगस्त

D. 26 अगस्त

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा का उपयोग नहीं है?

(i) कांच, साबुन और कागज के विनिर्माण में

(ii) घरेलू प्रयोजनों के लिए शोधन मार्जक (cleaning agent) के रूप में

(iii) जल की स्थाई कठोरता को दूर करने के लिए

(iv) केक को सेंकने (Baking) करने के लिए

A. i

B. ii

C. iii

D. iv ✓

Q58 General Science

एक धारावाही परिनालिका के कारण चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं का पैटर्न _____ के समान होता है।

A. छड़ चुंबक ✓

B. अश्वनाल चुंबक

C. धारावाही सीधा तार

D. धारावाही वृत्ताकार पाश

Q59 General Science

एक विद्युत उपकरण 220 V आपूर्ति से संयोजित होने पर 5 A की धारा लेता है। विद्युत उपकरण की शक्ति ज्ञात कीजिए।

A. 0.44 kW

B. 1.1 kW ✓

C. 110 W

D. 440 W

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 General Science

वाष्पोत्सर्जन, इनमें से मुख्यतः किस स्थल पर नहीं होता है?

A. उपत्वचा (Cuticle)

B. वातरंध्र (Lenticels)

C. रंध्र (Stomata)

D. अंतः कोशिकीय अंतरालों (Intracellular spaces) ✓

Q61 General Science

एक बिंदु प्रकाश स्रोत से एक समानांतर किरण पुंज उत्पन्न करने के लिए इनमें से किस प्रकाशिक उपकरण का प्रयोग किया जा सकता है?

(A) उत्तल लेंस

(B) अवतल लेंस

(C) अवतल दर्पण

(D) उत्तल दर्पण

A. (A) और (B) दोनों

B. (A) और (C) दोनों ✓

C. (B) और (C) दोनों

D. (A) और (D) दोनों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

निम्नलिखित में से सही कथनों की पहचान कीजिए।

(a) किसी बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा, उस बिंदु पर चुंबकीय दिक्सूचक रखकर ज्ञात की जा सकती है।

(b) एक स्वतंत्र रूप से निलंबित चुंबकीय सुई उत्तर-पूर्व दिशा में इंगित करती है।

(c) चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं चुंबक के ध्रुवों के निकट सघन होती हैं।

(d) दो चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं किसी दिए गए बिंदु पर प्रतिच्छेदित कर सकती हैं।

A. (a) और (b) दोनों

B. (a) और (c) दोनों ✓

C. (b) और (c) दोनों

D. (a) और (d) दोनों

Q63 General Science

निम्न में से कौन सा यौन-संक्रमण रोग एक विषाणु के कारण होता है?

A. जुकाम

B. AIDS ✓

C. सिफ़िलिस

D. सूजाक

Q64 General Science

3.0 cm आकार वाली किसी वस्तु को एक 18 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 54 cm की दूरी पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब _____ होगा, और इसकी ऊंचाई _____होगी।

A. सीधा, 0.75 cm

B. उल्टा, 0.75 cm

C. सीधा, 1.5 cm

D. उल्टा, 1.5 cm ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा धावन सोडा के निर्माण के लिए के लिए प्रयुक्त कच्चे पदार्थों के सही समूह को दर्शाता है?

A. $NaCl$, NH_3, CO_2 ✓

B. $NaCl$, CO_2

C. $NaCl$, NH_3

D. $NaCl$ and H_2O

Q66 General Science

UNEP का पूर्ण रूप क्या है?

A. United Nations Educational Programme (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल प्रोग्राम)

B. United Nations Environment Programme (यूनाइटेड नेशंस एन्वायर्नमेंट प्रोग्राम) ✓

C. United Nations Environment Planning (यूनाइटेड नेशंस एन्वायर्नमेंट प्लानिंग)

D. United Nations Educational Planning (यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल प्लानिंग)

Q67 General Science

कौन सा विकल्प मानव पुरुष प्रजनन प्रणाली से मुक्त होने पर शुक्राणुओं के मार्ग के सही क्रम को दर्शाता है?

A. वृषण → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग → शिश्न

B. वृषण → शुक्रवाहिका → मूत्रवाहिनी → शिश्न

C. वृषण → मूत्रवाहिनी → शुक्रवाहिका → शिश्न

D. वृषण → शुक्रवाहिका → मूत्रमार्ग → शिश्न ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 General Science

सूर्य से आने वाली किरणें वायुमंडल द्वारा अपवर्तित होती हैं। इसके कारण, आभासी सूर्योदय, वास्तविक सूर्योदय से लगभग _____ होता है।

A. 2 मिनट बाद

B. 2 मिनट पहले ✓

C. 1 मिनट बाद

D. 1 मिनट पहले

Q69 General Science

निम्नलिखित में से कौन से ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के उदाहरण हैं?

i. बुझा हुआ चूना बनाना

ii. प्राकृतिक गैस का जलना

iii. श्वसन

A. केवल i

B. केवल ii

C. i और ii दोनों

D. i, ii, iii सभी ✓

Q70 General Science

आवर्त सारणी में परमाणु का आकार बाएं से दाएं जाने पर _____ और ऊपर से नीचे जाने पर _____।

A. घटता है, बढ़ता है ✓

B. घटता है, घटता है

C. बढ़ता है, घटता है

D. बढ़ता है, बढ़ता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 General Science

मानव शरीर में मूत्र निर्माण के दौरान घटित घटनाओं का अनुक्रम इनमें से कौन सा है?

A. निस्यंदन, पुन: अवशोषण, स्रावण ✓

B. निस्यंदन, स्रावण, पुन: अवशोषण, स्रावण

C. स्रावण, निस्यंदन, पुन: अवशोषण

D. पुन: अवशोषण, निस्यंदन, स्रावण, भंडारण

Q72 General Science

एक व्यस्क मनुष्य 24 घंटे में मूत्र की औसतन कितनी मात्रा उत्सर्जित करता है?

A. 1-1.5 लीटर

B. 1-1.8 लीटर

C. 1.5-2 लीटर

D. 1.5-2.5 लीटर

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q73 General Science

प्रतिरोध की S.I. इकाई इनमें से किसके समतुल्य होती है?

A. वोल्ट/एम्पियर ✓

B. एम्पियर/वोल्ट

C. जूल/कूलाम

D. कूलाम/जूल

Q74 General Science

एक तापदीप्त बल्ब का फिलामेंट बनाने हेतु सर्वाधिक उपयुक्त पदार्थ क्या है?

A. टंगस्टन ✓

B. मैंगनीन

C. टिन-लेड मिश्र धातु

D. निक्रोम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Science

रासायनिक समीकरण में अभिक्रिया की परिस्थितियों को किस स्थान पर दर्शाया जाता है?

A. केवल तीर (arrow) के ऊपर

B. केवल तीर (arrow) के नीचे

C. तीर (arrow) के ऊपर और/या नीचे ✓

D. समीकरण के आरंभ में

Q76 General Science

वह अभिक्रिया, जिसमें एक अभिकारक दो या दो से अधिक अपेक्षाकृत सरल उत्पादों में विभाजित हो जाता है, _____ कहलाती है।

A. विस्थापन अभिक्रिया

B. दोहरा-विस्थापन अभिक्रिया

C. संयोजन अभिक्रिया

D. अपघटन अभिक्रिया ✓

Q77 General Science

नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: लीथियम, सोडियम और रूबीडियम, डॉबेराइनर के त्रिक के तत्व हैं।

कथन II: त्रिक में, मध्य तत्व का परमाणु द्रव्यमान, अन्य दो तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों के औसत के लगभग बराबर था।

A. कथन I सही है, कथन II गलत है।

B. कथन II सही है, कथन I गलत है। ✓

C. दोनों कथन सही हैं।

D. दोनों कथन गलत हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 General Science

उर्वरकों के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. इसका संघटन पोषकों की पूर्व-निर्धारित मात्रा के आधार पर होता है।

B. ये बारिश या सिंचाई के पानी के साथ बह जाते हैं।

C. ये वायु और जल को कभी प्रदूषित नहीं करते हैं। ✓

D. इनका संग्रहण उचित तरीके से किया जाना चाहिए।

Q79 General Science

नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए, और सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन I: ग्रेफाइट विद्युत का कुचालक है।

कथन II: ग्रेफाइट में, प्रत्येक कार्बन परमाणु समान तल में तीन अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ बंध बनाकर जुड़ा होता है, जिससे एक षट्कोणीय सरणी (hexagonal array) बनती है।

A. कथन I सत्य है, और कथन II असत्य है।

B. कथन II सत्य है, और कथन I असत्य है। ✓

C. दोनों कथन सत्य हैं।

D. दोनों कथन असत्य हैं।

Q80 General Science

किसी वस्तु को एक उत्तल दर्पण के सामने अनंत और दर्पण के ध्रुव के बीच स्थित किसी बिंदु पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब _____ होगा।

A. वास्तविक और सीधा

B. वास्तविक और उल्टा

C. आभासी और सीधा ✓

D. आभासी और उल्टा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q81 General Awareness and Current Affairs

'गारो', 'खासी' और 'जयंतिया' पहाड़ियां भारत के किस भौतिक विभाजन का हिस्सा हैं?

A. हिमालय पर्वतमाला

B. प्रायद्वीपीय पठार ✓

C. उत्तरी मैदान

D. तटीय मैदान

Q82 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किस देशांतर को अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा माना जाता है?

A. 0°

B. 90° E

C. 90° W

D. 180° ✓

Q83 General Awareness and Current Affairs

फरवरी 2022 में, भारत का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर परम प्रवेग कहां लॉन्च किया गया था?

A. आईआईटी रोपड़ (IIT Ropar)

B. आईआईएससी बेंगलुरु (IISc Bengaluru) ✓

C. आईआईटी रुड़की (IIT Roorkee)

D. आईआईटी गांधीनगर (IIT Gandhinagar)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness and Current Affairs

कौन सा राज्य पोंगल का त्योहार मनाने के लिए प्रसिद्ध है?

A. तमिलनाडु ✓

B. त्रिपुरा

C. ओडिशा

D. तेलंगाना

Q85 General Awareness and Current Affairs

इनमें से किसे 'देशबंधु' के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने 1922 में एक सत्र के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, और मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर स्वराज पार्टी की सह-स्थापना की?

A. लाला लाजपत राय

B. गोपाल कृष्ण गोखले

C. अरबिंदो घोष

D. चित्तरंजन दास ✓

Q86 General Awareness and Current Affairs

मार्च 2022 में, किस बैंक ने ओडिशा में 'प्रोजेक्ट बैंकसखी' का शुभारंभ किया?

A. बैंक ऑफ महाराष्ट्र ✓

B. ऐक्सिस बैंक

C. HDFC बैंक

D. PNB बैंक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q87 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान में शिक्षा के अधिकार को 86वें संविधान संशोधन द्वारा 2002 में मौलिक अधिकारों के अध्याय में एक नया अनुच्छेद, _____ शामिल करके जोड़ा गया था।

A. 19A

B. 21A ✓

C. 23A

D. 25A

Q88 General Awareness and Current Affairs

इनमें से किसने अपने उभरते मोबिलिटी समाधानों और आगामी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मार्च 2022 में एक नए ब्रांड 'विडा (VIDA)' का अनावरण किया?

A. टाटा मोटर्स

B. मारुति सुजुकी

C. हुंडई मोटर्स

D. हीरो मोटोकॉर्प ✓

Q89 General Awareness and Current Affairs

'नवोदित और युवा प्रतिभा की पहचान और पोषण' श्रेणी में राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार 2021 प्राप्त करने वाले शैक्षणिक संस्थान का नाम बताइए।

A. भारतीय शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

B. मानव रचना शैक्षणिक संस्थान ✓

C. लिंगया'स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी

D. महाराष्ट्र प्रौद्योगिकी संस्थान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q90 General Awareness and Current Affairs

जनवरी 2022 में भारतीय संसद की कार्यवाहियों को बड़े पैमाने पर जनता के लिए सुलभ बनाने हेतु इनमें से कौन सा ऐप लॉन्च किया गया है?

A. डिजिटल संसद ✓

B. संसद देखो लाइव

C. ऑनलाइन संसद कार्यवाही

D. संसद योजना

Q91 General Awareness and Current Affairs

मराठी, जो एक इंडो-आर्यन भाषा है, 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या के 6.86% लोगों द्वारा बोली जाने वाली _____ सबसे बड़ी भाषा है।

A. दूसरी

B. तीसरी ✓

C. चौथी

D. पांचवीं

Q92 General Awareness and Current Affairs

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (CMIE) के अनुसार, जून 2022 में किस राज्य में सर्वाधिक बेरोजगारी दर दर्ज की गई थी?

A. गुजरात

B. गोवा

C. केरल

D. हरियाणा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q93 General Awareness and Current Affairs

केंद्रीय बैंक द्वारा पुनर्खरीद की तारीख और मूल्य के स्पष्ट विनिर्देश के साथ बेची गई प्रतिभूतियों को _____ कहा जाता है।

A. पुनर्क्रय अनुबंध (repurchase agreement)

B. रिवर्स रेपो ✓

C. ब्याज दर विनिमय (Interest Rate Swap)

D. पूर्ण खुला बाजार संचालन

Q94 General Awareness and Current Affairs

'कांगड़ा' और 'कुल्लू' घाटी भारत के किस राज्य में स्थित है?

A. उत्तराखंड

B. हिमाचल प्रदेश ✓

C. सिक्किम

D. अरुणाचल प्रदेश

Q95 General Awareness and Current Affairs

'पेडोलॉजी (pedology)' के लिए किस अन्य शब्द का उपयोग किया जाता है?

A. पादप भूगोल (Phyto Geography)

B. मृदा भूगोल (Soil Geography) ✓

C. भू-आकृति विज्ञान (Geomorphology)

D. समुद्र विज्ञान (Oceanography)

Q96 General Awareness and Current Affairs

राज्य अधिनियम के अनुसार, ग्राम पंचायत के सरपंच या मुखिया का चुनाव वार्ड सदस्यों के द्वारा _____ वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है।

A. 5 ✓

B. 3

C. 2

D. 1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q97 General Awareness and Current Affairs

मार्च 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कौन हैं?

A. नरिंदर ध्रुव बत्रा ✓

B. एन रामचंद्रन

C. नीता अंबानी

D. अभय सिंह चौटाला

Q98 General Awareness and Current Affairs

23 दिसंबर 2021 को, किस राज्य ने शक्ति आपराधिक कानून पारित किया?

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Science

स्थलीय जानवरों में, गैसीय विनिमय विसरण की क्रिया द्वारा होता है। इन जानवरों में श्वसन के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं?

a. विसरण इनकी त्वचा से होता है
b. इनकी त्वचा कोमल और संवेदनशील होती है, जो गैसीय विनिमय को सक्षम बनाती है
c. इसमें वायु के प्रवाह के लिए मार्ग होते हैं
d. इसकी त्वचा का क्षेत्रफल कम होता है लेकिन श्वसन के लिए पर्याप्त रक्त प्रवाह होता है

A. a और b
B. a, c और d
C. a, b और c ✓
D. a और d

Q57 General Science

_____ एक उपयुक्त दर्पण होता है, जिसे एक बिंदु पर सूर्य का प्रकाश केंद्रित करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

A. अवतल दर्पण ✓
B. उत्तल दर्पण
C. समतल दर्पण
D. कांच की प्लेट

Q58 General Science

एड्स (AIDS) से मानव शरीर का कौन सा तंत्र सबसे अधिक प्रभावित होता है?

A. प्रतिरक्षा तंत्र ✓
B. उत्सर्जन तंत्र
C. तंत्रिका तंत्र
D. परिसंचरण तंत्र

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q59 General Science

यदि किसी वस्तु को 18 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सामने 36 cm की दूरी पर रखा जाता है, तो उसका प्रतिबिंब _____ बनेगा।

A. दर्पण के सामने 18 cm पर


B. दर्पण के पीछे 18 cm पर

C. दर्पण के सामने 36 cm पर ✓

D. दर्पण के पीछे 36 cm पर

Q60 General Science

दो पारदर्शी माध्यमों को पृथक करने वाले एक इंटरफेस पर आपतित एक प्रकाश किरण का मार्ग चित्र में दर्शाया गया है। माध्यम (Medium) A के सापेक्ष माध्यम (Medium) B के अपवर्तनांक (n) को किसके द्वारा दर्शाया जाता है?



A. $n > 1$ ✓

B. $n = 1$

C. $0 < n < 1$

D. $n = 0$

Q61 General Science

इनमें से किस तत्व में तीन कोश और दो संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं?

A. P

B. Si

C. Mg ✓

D. Cl

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

माइटोकॉन्ड्रिया में ऑक्सीजन की मदद से पाइरूवेट के विघटन के दौरान कार्बन डाईऑक्साइड के कितने अणु बनते हैं?

A. दो

B. तीन ✓

C. पांच

D. छह

Q63 General Science

कॉपर, निम्न प्रकार से सांद्र नाइट्रिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करके क्यूपरिक नाइट्रेट तथा नाइट्रोजन डाईऑक्साइड बनाता है।

$Cu + HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + NO_2 + H_2O$

निम्नलिखित में से कौन सा संतुलित समीकरण सही है?

A. $Cu + 2HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + NO_2 + 2\ H_2O$

B. $2\ Cu + 4HNO_3 \rightarrow 2Cu(NO_3)_2 + 2\ NO_2 + 2H_2O$

C. $Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2\ NO_2 + H_2O$

D. $Cu + 4HNO_3 \rightarrow Cu(NO_3)_2 + 2\ NO_2 + 2H_2O$ ✓

Q64 General Science

स्वपोषी अपने भोजन का संग्रहण किसके रूप में करते हैं?

A. ग्लाइकोजन

B. स्टार्च ✓

C. प्रोटीन

D. वसा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

प्लास्टर ऑफ पेरिस के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है?

A. इसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधन और मूर्तियों के लिए संचक (cast) बनाने में किया जाता है।

B. इसे कैल्शियम सल्फेट डाइहाइड्रेट के नाम से भी जाना जाता है। ✓

C. इसका उपयोग पेंटिंग से पहले सतहों को चिकना बनाने के लिए किया जाता है।

D. इसका उपयोग टूटी हुई हड्डियों को सेट करने के लिए किया जाता है।

Q66 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ जैविक आवर्धन दर्शाता है?

A. ग्रीन हाउस गैसें

B. कार्बन कालिख का जमा होना

C. अम्लीय धुआं

D. रासायनिक कीटनाशक ✓

Q67 General Science

इनमें से कौन सा, आधुनिक आवर्त नियम है?

A. 'तत्वों के गुण उनके परमाणु क्रमांक के आवर्त फलन होते हैं'। ✓

B. 'तत्वों के गुण उनके परमाणु द्रव्यमान के आवर्त फलन होते हैं'।

C. 'तत्वों के गुण उनके गलनांक के आवर्त फलन होते हैं'।

D. 'तत्वों के गुण उनके क्वथनांक के आवर्त फलन होते हैं'।

Q68 General Science

निम्न में से कौन सी धातु सर्वाधिक अभिक्रियाशील है?

A. Mg ✓

B. Cu

C. Fe

D. Zn

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

यदि किसी परिनालिका के फेरों की संख्या में वृद्धि होती है, तो उसका _____ ।

A. चुंबकीय क्षेत्र बढ़ता है ✓

B. चुंबकीय क्षेत्र घटता है

C. चुंबकीय क्षेत्र नियत रहता है

D. चुंबकीय क्षेत्र घटकर शून्य हो जाता है

Q70 General Science

विद्युत मोटर में, _____ में रूपांतरण होता है।

A. सूर्य के प्रकाश का विद्युत ऊर्जा

B. विद्युत ऊर्जा का यांत्रिक ऊर्जा ✓

C. यांत्रिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा

D. विद्युत ऊर्जा का ऊष्मीय ऊर्जा

Q71 General Science

यदि तार की लंबाई दोगुनी कर दी जाए और तार के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल आधा कर दिया जाए, तो पदार्थ की प्रतिरोधकता पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

A. दोगुनी हो जाएगी

B. आधी रह जाएगी

C. अपरिवर्तित रहेगी ✓

D. 4 गुनी बढ़ जाएगी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Science

इनमें से कौन सा, पारिस्थितिकी तंत्र का एक अजैविक घटक है?

A. कवक

B. कीट

C. सूक्ष्मजीव

D. मृदा ✓

Q73 General Science

विद्युत परिणामित्र (transformer), निम्नलिखित में से किस सिद्धांत पर कार्य करता है?

A. विद्युतचुंबकीय प्रेरण ✓

B. प्रकाशवैद्युत प्रभाव

C. जूल के तापन प्रभाव

D. ओम के नियम

Q74 General Science

दी गई द्वि-विस्थापन अभिक्रिया में, उत्पादों X और Y की पहचान कीजिए।

$Pb(NO_3)_2$ (aq) + 2KI (aq) → X + Y

A. PbI_2 (s) + $2KNO_3$ (aq) ✓

B. PbI_2 (s) + KCl (s)

C. PbI_2 + HNO_3

D. कोई अभिक्रिया नहीं होती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Science

पेंसिल को पानी में डुबोने पर क्या होता है?

A. पेंसिल का रंग बदल जाता है

B. पेंसिल चमकीली दिखाई देती है

C. पेंसिल मुड़ी हुई दिखाई देती है ✓

D. पेंसिल वक्रित दिखाई देती है

Q76 General Science

N_2 के अणुओं में _____ होता है।

A. नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच तिहरा बंध ✓

B. नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच एकल बंध

C. नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच दोहरा बंध

D. नाइट्रोजन के दो परमाणुओं के बीच आयनिक बंध

Q77 General Science

1972 में शुरू हुई, पश्चिम बंगाल की अराबाड़ी परियोजना की रूपरेखा किसने तैयार की थी?

A. सुंदर लाल बहुगुणा

B. डॉ. राजेंद्र सिंह

C. डॉ. ए के बनर्जी ✓

D. डॉ. सुनीता नारायण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 General Science

निम्नलिखित में से कौन सी अभिक्रिया द्विविस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है?

A. $Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$

B. $Zn(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow ZnSO_4(aq) + Cu(s)$

C. $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2\ (aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$ ✓

D. $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$

Q79 General Science

यदि एक टोस्टर को 220 V AC के बजाय 440 V AC से जोड़ा जाए, तो प्रति सेकंड उत्पन्न होने वाली ऊष्मा, पहले उत्पन्न होने वाली ऊष्मा की _____ होगी।

A. दोगुनी

B. आधी

C. चार गुनी ✓

D. एक-चौथाई

Q80 General Science

निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. कार्बन डाईऑक्साइड, जल में ऑक्सीजन की तुलना में अधिक घुलनशील होती है।

B. श्वसन वर्णक, श्वेत रक्त कणिकाओं में मौजूद होता है। ✓

C. पाइरूवेट, लैक्टिक अम्ल में परिवर्तित होता है, जो एक तीन कार्बन वाला अणु है।

D. कूपिका की भित्तियों में रक्त वाहिकाओं का एक विस्तीर्ण जाल होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q81 General Awareness and Current Affairs

मार्च 2022 में, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में _____ के बीच की आयु वाली लड़कियों के नामांकन और प्रतिधारण में वृद्धि करना है।

A. 6 से 10 वर्ष

B. 11 से 14 वर्ष ✓

C. 14 से 16 वर्ष

D. 15 से 18 वर्ष

Q82 General Awareness and Current Affairs

इनमें से कौन सा मूल कर्तव्य 2002 में संविधान के 86वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया है?

A. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे

B. देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे

C. सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे

D. यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करे ✓

Q83 General Awareness and Current Affairs

कौन सा क्षेत्र क्षोभमंडल को समतापमंडल से अलग करता है?

A. क्षोभ सीमा (Tropopause) ✓

B. मध्य सीमा (Mesopause)

C. समताप सीमा (Stratopause)

D. ताप सीमा (Thermopause)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness and Current Affairs

प्रथम पंचवर्षीय योजना के तहत कितने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान शुरू किए गए थे?

A. पाँच ✓

B. चार

C. तीन

D. दो

Q85 General Awareness and Current Affairs

राष्ट्रव्यापी दूध ग्रिड (**nationwide milk grid**) बनाने के लक्ष्य के तहत ऑपरेशन फ्लड का शुभारंभ किस वर्ष किया गया था?

A. 1970 ✓

B. 1979

C. 1981

D. 1985

Q86 General Awareness and Current Affairs

इनमें से कौन सा, किसी फर्म के लिए स्थिर लागत (fixed cost) का एक उदाहरण **नहीं** है?

A. रेंटल लीज (Rental lease)

B. बीमा (Insurance)

C. संपत्ति कर (Property tax)

D. अनुरक्षण और मरम्मत (Maintenance and repair) ✓

Q87 General Awareness and Current Affairs

अर्थशास्त्र में, औसत उत्पाद = _____ ÷ श्रम

A. सीमांत उत्पाद

B. निश्चित लागत

C. परिवर्तनीय लागत

D. कुल उत्पाद ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस अनुच्छेद में भारतीय राष्ट्रपति के निषेधाधिकार का वर्णन है?

A. अनुच्छेद 111 ✓

B. अनुच्छेद 114

C. अनुच्छेद 122

D. अनुच्छेद 145

Q89 General Awareness and Current Affairs

जनवरी 2022 में, IIT खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने संसाधन-सीमित चिकित्सकीय संस्थानों में _____ का पता लगाने के लिए एक नया अत्यधिक सटीक, पोर्टेबल, साथ ही उपयोगकर्ता के अनुकूल, सस्ता तथा नॉन-इनवेसिव (बिना चीरफाड़ के) उपकरण विकसित किया है।

A. मुंह के कैंसर ✓

B. फेफड़ों के कैंसर

C. रक्त कैंसर

D. स्तन कैंसर

Q90 General Awareness and Current Affairs

31 जनवरी 2022 को किसे राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया?

A. डॉ. नारायण प्रधान

B. डॉ. पिनाकी तालुकदार

C. डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी ✓

D. डॉ. अमृता हाजरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness and Current Affairs

राष्ट्रीय रबड़ नीति 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व का _____ सबसे बड़ा प्राकृतिक रबड़ उत्पादक देश है।

A. पांचवां

B. छठा ✓

C. सातवां

D. आठवां

Q92 General Awareness and Current Affairs

भारत में, प्रतिवर्ष _____ को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

A. 31 अक्टूबर ✓

B. 2 अक्टूबर

C. 30 जनवरी

D. 15 दिसंबर

Q93 General Awareness and Current Affairs

भारत की ओर से FIDE 44वें विश्व शतरंज ओलंपियाड 2022 के आधिकारिक होस्टिंग अधिकार प्राप्त करने के लिए अन्य अधिकारियों के साथ-साथ कौन सा/सी भारतीय शतरंज खिलाड़ी उपस्थित था/थी?

A. दिब्येंदु बरुआ

B. कोनेरू हंपी

C. अभिजीत कुंते

D. विश्वनाथन आनंद ✓

Q94 General Awareness and Current Affairs

भारत की किन दो भाषाओं को 2008 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया?

A. तमिल और संस्कृत

B. संस्कृत और मलयालम

C. मलयालम और ओडिया

D. कन्नड़ और तेलुगू ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

अगस्त 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में कहा गया है, कि "चौदह वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी भी कारखाने या खदान में काम करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या किसी अन्य खतरनाक रोजगार में संलग्न नहीं किया जाएगा"?

A. अनुच्छेद 19

B. अनुच्छेद 24 ✓

C. अनुच्छेद 27

D. अनुच्छेद 32

Q96 General Awareness and Current Affairs

सभी पंचायत संस्थाओं में, वे सीटें जो कुल आरक्षित सीटों के _____ से कम न हों, को अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, जैसा भी मामला हो, से संबंधित महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

A. एक तिहाई ✓

B. दो तीहाई

C. आधी

D. तीन चौथाई

Q97 General Awareness and Current Affairs

आर्य समाज के संस्थापक इनमें से कौन थे?

A. बाल गंगाधर तिलक

B. दयानंद सरस्वती ✓

C. राम मोहन रॉय

D. ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness and Current Affairs

इनमें से कौन सी मध्य भारतीय बोली है, संस्कृत से काफी हद तक संबंधित है, तथा बौद्ध धर्मग्रंथों और साहित्य की प्रमुख भाषाओं में से एक है?

A. वरहदी

B. पाली ✓

C. पैशाची

D. सराइकी

Q99 General Awareness and Current Affairs

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान इनमें से किस शहर में स्थित है?

A. दिल्ली

B. पुणे ✓

C. मुंबई

D. कोच्चि

Q100 General Awareness and Current Affairs

नीतू घंघास ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में, किस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता?

A. कुश्ती

B. एथलेटिक्स

C. मुक्केबाज़ी ✓

D. जूडो

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

एक बेईमान दुकानदार अपने माल को क्रय मूल्य पर बेचता है, लेकिन 1 kg के लिए 940 gm के बाट का उपयोग करता है। उसका प्रतिशत लाभ (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

A. 5.38%

B. 6.08%

C. 6.38% ✓

D. 4.38%

Q2 Mathematics

दो रेलगाड़ियां, 80 km/h और 120 km/h की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक रेलगाड़ी की लंबाई 300 m है। उनको एक-दूसरे को पार करने में 12 सेकंड का समय लगता है। दूसरी रेलगाड़ी की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए। (2 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

A. 333.33

B. 366.67 ✓

C. 377.77

D. 388.88

Q3 Mathematics

यदि $-(2/3)$, समीकरण $kx^2 - 13x - 10 = 0$ का एक मूल है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

A. 1

B. 2

C. 3 ✓

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

तीन संख्याओं का अनुपात 5 : 6 : 8 है, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 1200 है। संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

A. 210

B. 200

C. 190 ✓

D. 180

Q5 Mathematics

नीचे 10 विद्यार्थियों के प्राप्तांक दिए गए हैं।

17, 13, 18, 11, 15, 13, 19, 18, 13, 17

उपरोक्त आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

A. 13 ✓

B. 17

C. 11

D. 19

Q6 Mathematics

दो समरूप त्रिभुजों की दो संगत भुजाओं की लंबाइयों का अनुपात 3 : 1 है। उनके संगत कोणों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 1 : 1 ✓

B. 2 : 1

C. 3 : 1

D. 1 : 3

Q7 Mathematics

$(\sin 32^\circ \cos 58^\circ + \cos 32^\circ \sin 58^\circ)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 0

B. 1 ✓

C. 2

D. 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

एक बेलनाकार छड़ का वाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 2800 cm^2 है। यदि छड़ की लंबाई 100 cm है, तो छड़ की वाह्य त्रिज्या (cm में), दो दशमलव के स्थान तक पूर्णांकित ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

A. 2.45

B. 3.45

C. 4.45 ✓

D. 5.45

Q9 Mathematics

नीरज और उसकी बहन की आयु क्रमशः 12 वर्ष और 3 वर्ष है। कितने वर्ष बाद नीरज की बहन की आयु नीरज की आयु की आधी हो जाएगी?

A. 3

B. 6 ✓

C. 7

D. 9

Q10 Mathematics

A, B और C, किसी व्यवसाय में ₹10,000, ₹12,000, और ₹15,000 की राशियां क्रमशः 5, 6 और 9 महीने के लिए निवेशित करते हैं। यदि लाभ में A का हिस्सा ₹2,500 है, तो कुल लाभ ज्ञात कीजिए।

A. ₹12,550

B. ₹12,650

C. ₹12,700

D. ₹12,850 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

समीकरण $\sqrt{3}\,x^2 - 8x + 5\sqrt{3} = 0$ के मूल ज्ञात कीजिए।

A. $-\sqrt{3}, \frac{5}{\sqrt{3}}$

B. $\sqrt{3}, \frac{-5}{\sqrt{3}}$

C. $-\sqrt{3}, \frac{-5}{\sqrt{3}}$

D. $\sqrt{3}, \frac{5}{\sqrt{3}}$ ✓

Q12 Mathematics

एक दुकानदार किसी वस्तु पर उसके क्रय मूल्य से 10% अधिक मूल्य अंकित करता है। फिर वह उस पर प्रत्येक 5% की दो क्रमागत छूटें देता है। उसका हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 0.725% हानि ✓

B. 0.525% हानि

C. 0.725% लाभ

D. 0.525% लाभ

Q13 Mathematics

विवाह के समय एक पति और उसकी पत्नी की औसत आयु 23 वर्ष थी। विवाह के 5 वर्ष बाद उनका एक वर्ष का बच्चा था। बच्चे के जन्म के समय तीन सदस्यों वाले इस परिवार की औसत आयु कितनी थी?

A. 24 वर्ष

B. 23 वर्ष

C. 20 वर्ष

D. 18 वर्ष ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

$49a^2 + 70ab + 25b^2$ के गुणनखंड ज्ञात कीजिए।

A. $(7a + 5b)^2$ ✓

B. $(5a + 7b)^2$

C. $(7a - 5b)^2$

D. $(5a - 7b)^2$

Q15 Mathematics

36, 48, 120 और 300 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

A. 900

B. 1200

C. 1800

D. 3600 ✓

Q16 Mathematics

3^2, 4^2, 5^2, 6^2 और 7^2 का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 28

B. 27 ✓

C. 25

D. 24

Q17 Mathematics

प्रत्येक 9 m की भुजा वाले घन का आयतन (m^3 में) ज्ञात कीजिए।

A. 486

B. 527

C. 648

D. 729 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

$34 - 66 \div 6 + 18 \times 8$ को सरल कीजिए।

A. 104

B. 167 ✓

C. 138

D. -600

Q19 Mathematics

राघव की मासिक आय ₹18,000 है। राघव ने 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 3 वर्ष के लिए ₹30,000 का ऋण लिया। उसके द्वारा 3 वर्ष में साधारण ब्याज के रूप में चुकाई जाने वाली राशि, उसके मासिक वेतन के कितने प्रतिशत के बराबर होगी?

A. 25% ✓

B. 20%

C. 30%

D. 35%

Q20 Mathematics

$0.\overline{696} \times 0.\overline{27}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{2083}{10989}$

B. $\frac{2085}{10989}$

C. $\frac{2087}{10989}$

D. $\frac{2088}{10989}$ ✓

Q21 Mathematics

एक समद्विबाहु त्रिभुज में शीर्ष कोण का माप 80° है। इसके प्रत्येक आधार कोण का माप कितना होगा?

A. 50° और 50° ✓

B. 60° और 40°

C. 60° और 60°

D. 60° और 50°

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

999^3 का मान ज्ञात कीजिए।

A. 997002999 ✓

B. 997003999

C. 997004999

D. 997005999

Q23 Mathematics

$\frac{(0.064)+(0.008)}{0.16+0.04-0.08}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 0.05

B. 2.7

C. 0.6 ✓

D. 1.4

Q24 Mathematics

यदि 2, 3, 8 और y समानुपात में हैं, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

A. 48

B. 24

C. 16

D. 12 ✓

Q25 Mathematics

एक लड़का, 450 m की दूरी 2 मिनट 30 सेकंड में तय करता है। यदि वह उसी चाल से चले, जिस चाल से उसने उपरोक्त दूरी तय की है, तो वह एक घंटे में कितने किलोमीटर की दूरी तय करेगा?

A. 13.5

B. 10.8 ✓

C. 12.8

D. 9.6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$5.18 \times 4 + 2.06 \times 5 - 10 \div 2 + 1 = ?$

A. 30

B. 26 ✓

C. 40

D. 15

Q27 General Intelligence and Reasoning

यदि 19 नवंबर 2005 को शनिवार है, तो 23 नवंबर 2008 को सप्ताह का कौन-सा दिन होगा?

A. बुधवार

B. रविवार ✓

C. शुक्रवार

D. मंगलवार

Q28 General Intelligence and Reasoning

किसी कक्षा के 40 विद्यार्थी उनकी लंबाई के आरोही क्रम में एक पंक्ति में खड़े हैं। सुहानी आगे से आठवें स्थान पर है, जबकि सायमा पीछे से आठवें स्थान पर है। सुहानी और सायमा के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

A. 21

B. 23

C. 24 ✓

D. 25

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

अमित बिंदु Y से चलना शुरू करता है और उत्तर की ओर 8 km ड्राइव करता है। वह दाएं मुड़ता है, 12 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Z से बिंदु Y तक पहुंचने के लिए उसे किस दिशा में और कितनी दूरी तय करनी होगी? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

A. उत्तर दिशा में 3 km

B. पूर्व की ओर 2 km

C. पूर्व की ओर 3 km ✓

D. पश्चिम की ओर 2 km

Q30 General Intelligence and Reasoning

THUNDER शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर इस प्रकार बने अक्षरों के समूह के मध्य में आएगा?

A. O

B. M ✓

C. V

D. N

Q31 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का पालन करते हुए दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो समान तर्क का पालन करता हो।

OKD : RNG

MKS : PNV

A. RVH : UYK ✓

B. RVH : VUK

C. HVK : UKH

D. HKV : EKH

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।

3, 4, 4, 6, 12, 15, ?, 49, 196, 201

A. 27

B. 32

C. 37

D. 45 ✓

Q33 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन-सा पद दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है?

BKS36, GPX48, LUC60, QZH72,?

A. VEM84 ✓


B. MVE88

C. VEM88

D. MVE84

Q34 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



ऐसे कितने विद्यार्थी (Students) हैं, जो शिक्षक (teachers) भी हैं, लेकिन भारत (India) से नहीं हैं?

A. 10 ✓

B. 12

C. 20

D. 60

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

87, 76, 67, 60, 55, ?

A. 50

B. 51

C. 52 ✓

D. 53

Q36 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं।

कथन:

1. सभी चित्र, आरेख हैं।
2. कोई भी आरेख, व्यंग-चित्र नहीं है।
3. सभी आकृतियां, व्यंग-चित्र हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ आकृतियां, चित्र हैं।

II. कोई भी व्यंग-चित्र, चित्र नहीं है।

III. कोई भी चित्र, आकृति नहीं है।

IV. कुछ व्यंग-चित्र, चित्र हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II और III पालन करता है। ✓

C. केवल निष्कर्ष I और IV पालन करता है।

D. केवल निष्कर्ष IV पालन करता है।

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

COVID-19 के बाद के समय में युवाओं के लिए बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।

तर्क:

I. कई लघु उद्योगों ने COVID अवधि के दौरान काम करना बंद कर दिया।

II. लोग लघु उद्योगों में काम करना नहीं चाहते हैं।

A. I कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि II कथन का समर्थन करता है।

B. II कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि I कथन का समर्थन करता है।

C. I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं।

D. I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं।

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q38 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या श्रेणी का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दी गई सभी संख्याएं 2-अंकीय संख्याएं हैं।

23 35 76 87 45 28 49 98 56 34 37 48 78 75 64 89 73

उपरोक्त श्रेणी में बाएं सिरे से तीसरे और दाएं सिरे से पांचवें स्थान पर आने वाली संख्याओं का गुणनफल क्या होगा?

A. 6525

B. 2880

C. 5928 ✓

D. 4586


Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

पाई-चार्ट विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटकों की संख्या दर्शाता है। आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या 20 लाख है।



संदर्भ: [UP- यूपी, Haryana- हरियाणा, Rajasthan- राजस्थान, others-अन्य]

हरियाणा और राजस्थान से आने वाले पर्यटकों की संख्या का अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 3 लाख

B. 4 लाख

C. 2 लाख ✓

D. 5 लाख

Q40 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं।

कथन:

1. कुछ खुबानी, आड़ू हैं।
2. कुछ कीवी, खुबानी हैं।
3. सभी खुबानी, मौसंबी हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ मौसंबी, कीवी हैं।

II. कोई भी आड़ू, मौसंबी नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. या तो निष्कर्ष I या II पालन करता है।

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

J, L, N, P, R, T, V और W एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (लेकिन उनका इसी क्रम में होना आवश्यक नहीं है)। उनमें से कुछ कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। W, J के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है, लेकिन P या R के ठीक बगल में नहीं बैठा है। T, L के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। R और T, N के ठीक बगल में बैठे हैं। V, R के ठीक बगल में बैठा है। P के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. J ✓

B. L

C. R

D. V

Q42 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 265367856 में, 6 और 5 को क्रमशः 3 और 9 से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में पहले और 5वें अंक (बाएं से गिनने पर) का योग क्या होगा?

A. 8

B. 5 ✓

C. 13

D. 17

Q43 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और तय करें कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. D ≥ S
2. X < W
3. S = J
4. W > Y
5. X > D
6. J ≥ E

निष्कर्ष:

I. D < Y
II. D = E
III. E = S
IV. W > J

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. केवल निष्कर्ष IV पालन करता है ✓

D. केवल निष्कर्ष III पालन करता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

छह दोस्त, M, N, O, P, Q और R एक गोल मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। P, N और R दोनों के ठीक बगल में बैठा है। Q, M और O दोनों के ठीक बगल में बैठा है। N, O के किसी भी ओर ठीक बगल में नहीं बैठा है। M कहां बैठा है?

A. O के बगल में

B. N के बगल में ✓


C. P के बगल में

D. R के बगल में

Q45 General Intelligence and Reasoning

दिया गया पाई चार्ट VV इंटरनेशनल स्कूल के छह अलग-अलग हाउस- P, Q, R, S, T और U में विद्यार्थियों की संख्या को दर्शाता है। चार्ट का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।

Total number of students = 2400



संदर्भ :

Total number of Students = 2400 : विद्यार्थियों की कुल संख्या = 2400

हाउस S के विद्यार्थियों की संख्या और हाउस T के विद्यार्थियों की संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 1: 2

B. 3: 4

C. 2: 3 ✓

D. 4: 7

Q46 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई संख्या शृंखला का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 9 6 7 6 8 2 5 7 3 2 5 8 6 2 7 5 4 9 2 4 7 3 8 5 (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

A. 4 ✓

B. 8

C. 6

D. 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा के सभी 24 विद्यार्थी उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में खड़े हुए हैं। नेहा दाएं सिरे से 8वें स्थान पर है, जबकि अभिषेक बाएं सिरे से 20वें स्थान पर है। नेहा और अभिषेक के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हुए हैं?

A. 2 ✓

B. 4

C. 3

D. 1

Q48 General Intelligence and Reasoning

संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या /प्रतीक	4	%	5	8	@	$	5	4	^	+	#	3	7	9
कूट अक्षर	G	O	H	P	T	M	A	B	L	N	F	S	Q	R

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदलना होगा।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

5 @ $ ^ 8 का कूट क्या होगा?

A. HTMLP

B. HTML©

C. ©TMLP

D. ©TML© ✓

Q49 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में खड़े हुए हैं। X, W के बाईं ओर ठीक बगल में लेकिन R के दाईं ओर ठीक बगल में खड़ा है। Z, R के बाईं ओर ठीक बगल में खड़ा है। P के बाईं ओर केवल एक व्यक्ति है। Q, Y के बाईं ओर ठीक बगल में खड़ा है। दाएं सिरे पर खड़ा व्यक्ति Y के दाईं ओर खड़ा एकमात्र व्यक्ति है। P और Q के बीच केवल चार व्यक्ति खड़े हैं। यदि कोई अन्य व्यक्ति पंक्ति में खड़ा नहीं है, तो पंक्ति में खड़े व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. सात

B. आठ

C. नौ ✓

D. दस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

8 : 32 :: 18 : 162 :: 16 : ?

A. 118

B. 130

C. 128 ✓

D. 120

Q51 General Intelligence and Reasoning

छह चचेरे भाई P, Q, R, S, T और U हैं, जिनमें से प्रत्येक की आयु अलग-अलग है। P की आयु केवल एक चचेरे भाई की आयु से अधिक है। Q की आयु S और P की आयु से अधिक है, लेकिन R से अधिक नहीं है। S की आयु केवल P की आयु से अधिक है। R, U से छोटा है। T सबसे छोटा है। सभी चचेरे भाइयों में सबसे बड़ा कौन है?

A. Q

B. U ✓

C. S

D. T

Q52 General Intelligence and Reasoning

संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या /प्रतीक	6	%	8	9	@	$	5	4	^	+	#	3	7	9
कूट अक्षर	G	O	H	Q	T	M	A	B	L	M	F	S	Q	R

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदलना होगा।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

3 @ 4 # 4 का कूट क्या होगा?

A. STBF©

B. SFTF©

C. ©TFBC

D. ©TBF© ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

72 : 90 :: 48 : 60 :: 24 : ?

A. 40

B. 24

C. 30 ✓

D. 32

Q54 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 5374816 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाता है और प्रत्येक सम अंक से 2 घटाया जाता है, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का गुणनफल क्या होगा?

A. 20

B. 3

C. 28

D. 15 ✓

Q55 General Intelligence and Reasoning

ज्योति, मॉल से निकलती है और पश्चिम की ओर 4 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 8 km ड्राइव करती है, वहां से बाएं मुड़ती है और 24 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 6 km ड्राइव करती है। फिर वह बाईं ओर मुड़ती है, 6 km ड्राइव करती है और अपने घर पहुंचती है। उसके घर के सापेक्ष मॉल किस दिशा में है?

A. उत्तर

B. उत्तर-पश्चिम ✓

C. दक्षिण-पूर्व

D. दक्षिण-पश्चिम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Science

विद्युत अपघटन विधि द्वारा NaOH के निर्माण में किस विलयन का उपयोग किया जाता है?

A. चूने का पानी (Lime water)

B. लवण जल (Brine) ✓

C. ब्रोमीन जल (Bromine water)

D. क्लोरीन जल (Chlorine water)

Q57 General Science

कठोर शारीरिक श्रम (intense activity) के बाद हुई पैर की पेशियों में ऐंठन से राहत पाने का एक अच्छा तरीका क्या है?

A. आइस-पैक को पैरों पर रगड़ना

B. दर्द निवारक मरहम लगाना

C. गर्म पैड से हल्की मालिश करना ✓

D. गर्म मीठा दूध या चाय पीना

Q58 General Science

नियत ताप पर, किसी चालक में आरोपित विभवांतर में वृद्धि करने पर, _____ ।

A. धारा का मान घटता है

B. धारा का मान बढ़ता है ✓

C. धारा का मान नियत रहता है

D. धारा का मान शून्य हो जाता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q59 General Science

निम्न में से किस आंदोलन की शुरुआत गढ़वाल में हुई थी?

A. बिश्नोई आंदोलन

B. नर्मदा बचाओ आंदोलन

C. जंगल बचाओ आंदोलन

D. चिपको आंदोलन ✓

Q60 General Science

जैविक कचरे के निपटान का इनमें से कौन सा तरीका पर्यावरण के सर्वाधिक अनुकूल है?

A. भू-भराव (Landfills)

B. भस्मीकरण

C. कम्पोस्टिंग (Composting) ✓

D. मूल्य वर्धित उत्पादों का विकास

Q61 General Science

एक संतुलित रासायनिक समीकरण में, अभिकारक को हमेशा तीर _____ लिखा जाता है।

A. के ऊपर

B. के बाईं ओर ✓

C. के दाईं ओर

D. के नीचे

Q62 General Science

परावर्तन के बाद, वस्तु का समान आकार का वास्तविक और उल्टा प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए, वस्तु को _____ रखा जाना चाहिए।

A. अवतल दर्पण से अनंत पर

B. उत्तल दर्पण के P और F के बीच

C. उत्तल दर्पण के C पर

D. अवतल दर्पण के C पर ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Science

निम्नलिखित में से कौन-सी अभिक्रिया एक संयोजन अभिक्रिया नहीं है?

A. $H_2 + O_2 \rightarrow H_2O$

B. $NH_3 + HCl \rightarrow NH_4Cl$

C. $HI \rightarrow H_2 + I_2$ ✓

D. $C + O_2 \rightarrow CO_2$

Q64 General Science

विद्युतचुंबकीय प्रेरण की परिघटना में _____ ।

A. एक गतिमान चुंबक, एक चालक के संवृत पाश में एक विद्युतवाहक बल (EMF) को प्रेरित करता है। ✓

B. चालक का गतिमान संवृत पाश, अन्य चालक के संवृत पाश में एक विद्युतवाहक बल (EMF) को प्रेरित करता है।

C. एक गतिमान चुंबक, एक चालक के संवृत पाश पर बल प्रेरित करता है।

D. एक गतिमान धारावाही कुंडली, चुंबक पर बल प्रेरित करती है।

Q65 General Science

ओज़ोन छिद्र कहां स्थित है?

A. भूमध्य रेखा के ऊपर

B. उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के ऊपर

C. औद्योगीकृत यूरोप के ऊपर

D. अंटार्कटिका के ऊपर ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Science

वर्षा की बूंदों से सूर्य के प्रकाश के अपवर्तन के कारण इंद्रधनुष दिखाई देता है। इसका अर्थ है कि:

A. सूर्य का प्रकाश एकवर्णी होता है।

B. सूर्य का प्रकाश बहुवर्णी होता है। ✓

C. वर्षा की बूंद का अपवर्तनांक 1 होता है।

D. वर्षा की बूंदों की आकृति गोलीय नहीं होती।

Q67 General Science

मनुष्यों में, संतान का लिंग _____ द्वारा निर्धारित होता है।

A. मातृ गुणसूत्र

B. पितृ गुणसूत्र ✓

C. मातृ और पितृ दोनों गुणसूत्रों

D. ऑटोसोम

Q68 General Science

न्यूलैंड के अष्टक नियम के संबंध में इनमें से कौन सा कथन सही है?

A. न्यूलैंड का अष्टक नियम, केवल हल्के तत्वों के लिए ही ठीक से लागू हो पाया। ✓

B. अंग्रेज वैज्ञानिक जॉन न्यूलैंड ने उस समय तक ज्ञात तत्वों को उनके बढ़ते परमाणु आकारों के क्रम में व्यवस्थित किया था।

C. न्यूलैंड का अष्टक नियम, केवल भारी तत्वों के लिए ही ठीक से लागू हो पाया।

D. न्यूलैंड के अष्टक में, फ्लोरीन और सोडियम के गुणधर्म समान पाए गए थे।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

इनमें से किस उद्योग में धावन सोडा का उपयोग नहीं किया जाता है?

A. साबुन

B. कांच

C. सौन्दर्य-प्रसाधन ✓

D. कागज़

Q70 General Science

किसी वस्तु को _____ दर्पण के _____ रखने से वस्तु का वास्तविक और समान आकार का प्रतिबिंब प्राप्त होगा।

A. उत्तल, F पर

B. अवतल, C पर ✓

C. अवतल, F पर

D. अवतल, P और F के बीच

Q71 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा यौगिक, समान समजातीय श्रेणी से संबंधित नहीं है?

A. C_3H_6

B. C_4H_8

C. C_5H_{10}

D. C_6H_{11} ✓

Q72 General Science

इलेक्ट्रिक जनरेटर वह उपकरण है, जो _____ परिवर्तित करता है।

A. यांत्रिक ऊर्जा को प्रकाश ऊर्जा में

B. प्रकाश ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

C. यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में ✓

D. विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q73 General Science

आधुनिक आवर्त सारणी में, हैलोजन और कार्बन परिवार के समूह क्रमांक क्रमशः क्या हैं?

A. समूह 18 और समूह 14

B. समूह 16 और समूह 14

C. समूह 16 और समूह 17

D. समूह 17 और समूह 14 ✓

Q74 General Science

मृदूतक (Parenchyma tissue) पौधों में सामान्यतः पाया जाने वाला सरल स्थाई ऊतक है। कुछ पौधों में इसे हरित ऊतक (Chlorenchyma) और वायूतक (Aerenchyma) क्यों कहा जाता है?

A. हरित ऊतक (Chlorenchyma) - इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए (पत्तियों में) क्लोरोफिल पाया जाता है
वायूतक (Aerenchyma) - इनमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं ✓

B. हरित ऊतक (Chlorenchyma) - यह पौधे को सहारा देता है
वायूतक (Aerenchyma) - इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए (पत्तियों में) क्लोरोफिल पाया जाता है

C. हरित ऊतक (Chlorenchyma) - इनमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं
वायूतक (Aerenchyma) - इनमें प्रकाश संश्लेषण के लिए क्लोरोफिल पाया जाता है

D. हरित ऊतक (Chlorenchyma) - इसमें वायु अवकाश (जलीय पौधों में) होते हैं, और ये तैरने में उनकी सहायता करते हैं
वायूतक (Aerenchyma) – यह यांत्रिक सहायता प्रदान करता है

Q75 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा V, I और R के बीच एक गलत संबंध है?

A. $R = \frac{V}{I}$

B. $V = \frac{R}{I}$ ✓

C. $V = IR$

D. $I = \frac{V}{R}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q76 General Science

इनमें से कौन सा, आंत से पचे हुए और अवशोषित वसा का परिवहन करता है?

A. प्लाज्मा

B. लसीका ✓

C. प्लेटलेट्स

D. शिरा

Q77 General Science

विद्युत गीजर में, _____ ऊर्जा _____ ऊर्जा में रूपांतरित हो जाती है।

A. विद्युत, चुंबकीय

B. यांत्रिक, विद्युत

C. विद्युत, ऊष्मीय ✓

D. विद्युत, प्रकाश

Q78 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा कथन, पादपों में जल परिवहन का सही ढंग से वर्णन करता है?

A. वह प्रक्रिया, जिसमें रंध्रों द्वारा जलवाष्प के रूप में जल की हानि होती है, वाष्पोत्सर्जन कहलाती है। ✓

B. रंध्रों से जल हानि की प्रक्रिया में ATP के रूप में ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

C. वह प्रक्रिया, जिसके द्वारा जल को जड़ों की जाइलम कोशिकाओं से खींचकर पत्तियों तक ले जाया जाता है, स्थानांतरण कहलाती है।

D. वह प्रक्रिया, जो दिन के दौरान जाइलम में जल की मुख्य चालन शक्ति (main driving force) है, वह मूल दाब (root pressure) है।

Q79 General Science

लेड (II) नाइट्रेट और पोटैशियम आयोडाइड को एक साथ मिलाने पर इनमें से किस रंग का अवक्षेप बनता है?

A. पीला ✓

B. बैंगनी

C. हरा

D. काला

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Science

किसी वस्तु को एक उत्तल लेंस के मुख्य अक्ष पर $2F_1$ से परे स्थित किसी बिंदु पर रखा गया है। इसका निर्मित प्रतिबिंब _____ होगा।

A. वास्तविक और छोटा ✓

B. आभासी और छोटा

C. वास्तविक और बड़ा

D. आभासी और बड़ा

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

1992 के _____ संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में भाग IX 'पंचायत' को जोड़ा गया था।

A. 7वें

B. 73वें ✓

C. 74वें

D. 83वें

Q82 General Awareness and Current Affairs

वित्त आयोग, संविधान द्वारा अधिदेशित एक निकाय है, जिसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद _____ के तहत स्थापित किया गया है।

A. 273

B. 276

C. 288

D. 280 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness and Current Affairs

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2022 का फाइनल मैच कहां खेला गया था?

A. ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर

B. वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई

C. नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद ✓

D. एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु

Q84 General Awareness and Current Affairs

भारत के संविधान की इनमें से कौन सी विशेषता यूनाइटेड किंगडम के संविधान से ली गई है?

A. समवर्ती सूची

B. राज्य के नीति-निर्देशक तत्व

C. एकल नागरिकता ✓

D. मौलिक कर्तव्य

Q85 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस भारतीय क्यूइस्ट (cueists) ने 19वीं एशियाई 100 यूपी बिलियर्ड्स चैंपियनशिप, 2022 में अपना आठवां खिताब जीता?

A. ध्रुव सीतवाला

B. पंकज आडवाणी ✓

C. विल्सन जोन्स

D. आलोक कुमार

Q86 General Awareness and Current Affairs

खान मंत्रालय के अनुसार, 2021 तक, देश के प्राथमिक स्वर्ण अयस्क भंडार का 44% _____ राज्य में है।

A. राजस्थान

B. कर्नाटक

C. झारखंड

D. बिहार ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q87 General Awareness and Current Affairs

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय _____ में स्थित है।

A. नई दिल्ली ✓

B. जयपुर

C. पुणे

D. लखनऊ

Q88 General Awareness and Current Affairs

भारत के इनमें से किस राज्य में सांस्कृतिक उत्सव 'लोसर' मनाया जाता है?

A. नागालैंड

B. अरुणाचल प्रदेश ✓

C. गोवा

D. कर्नाटक

Q89 General Awareness and Current Affairs

7 मार्च 2022 को, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoWCD) ने शिक्षा मंत्रालय और यूनिसेफ (UNICEF) के साथ साझेदारी में, भारत में स्कूली शिक्षा छोड़ चुकी किशोरियों को औपचारिक शिक्षा और/या कौशल प्रणाली में वापस लाने के लिए एक ऐतिहासिक मुहिम शुरू की। इस मुहिम का नाम क्या है?

A. कन्या पाठशाला उत्सव

B. कन्या प्रवेश उत्सव

C. कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ✓

D. कन्या शिक्षण उत्सव

Q90 General Awareness and Current Affairs

जैन धर्म का तीर्थ स्थल-पालीताणा मंदिर निम्न में से किस राज्य में स्थित है?

A. झारखंड

B. गुजरात ✓

C. राजस्थान

D. कर्नाटक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness and Current Affairs

'लोहित' इनमें से किस नदी की सहायक नदी है?

A. नर्मदा

B. कावेरी

C. ब्रह्मपुत्र ✓

D. सिंधु

Q92 General Awareness and Current Affairs

अगस्त 2022 तक की स्थिति के अनुसार, अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) के अंतर्गत सब्स्क्राइबर के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट आयु 18 वर्ष है लेकिन निर्दिष्ट अधिकतम आयु कितनी है?

A. 35 वर्ष

B. 40 वर्ष ✓

C. 55 वर्ष

D. 60 वर्ष

Q93 General Awareness and Current Affairs

भारत ने निम्न में से किस देश से S-400 मिसाइल सिस्टम खरीदा है?

A. रूस ✓

B. इजराइल

C. अमेरिका

D. कनाडा

Q94 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस अवधि के लिए भारत सरकार के वार्षिक बजट 2021-22 की घोषणा हुई थी?

A. 31 मार्च - 1 अप्रैल 2021-22

B. 1 जुलाई - 30 जून 2021-22

C. 1 नवंबर - 31 अक्टूबर 2021-22

D. 1 अप्रैल - 31 मार्च 2021-22 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

उस आर्थिक संकुचन (मंदी) को क्या कहा जाता है, जिसके बाद विस्तार होता है?

A. अदायगी संतुलन (Balance of payment)

B. अनुकूलनीय अपेक्षाएं (Adaptive Expectations)

C. उत्पादन फलन (Production function)

D. व्यवसाय चक्र (Business Cycle) ✓

Q96 General Awareness and Current Affairs

नॉर्मन बोरलॉग राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार (Norman Borlaug National Excellence Award) किस शोध क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया जाता है?

A. कृषि विज्ञान (Agricultural Sciences) ✓

B. ऊर्जा विज्ञान (Energy Sciences)

C. रासायनिक विज्ञान (Chemical Sciences)

D. भौतिक विज्ञान (Physical Sciences)

Q97 General Awareness and Current Affairs

हुगली नदी के तट पर सर्वाधिक विकसित उद्योग का नाम बताइए।

A. चीनी उद्योग

B. डेयरी उद्योग

C. लौह-अयस्क उद्योग

D. जूट उद्योग ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness and Current Affairs

भारत की सबसे बड़ी प्रायद्वीपीय नदी कौन सी है?

A. कृष्णा

B. गोदावरी ✓

C. कावेरी

D. नर्मदा

Q99 General Awareness and Current Affairs

ऐतिहासिक स्थान 'चौरी चौरा' किस राज्य में स्थित है?

A. हिमाचल प्रदेश

B. आंध्र प्रदेश

C. उत्तर प्रदेश ✓

D. केरल

Q100 General Awareness and Current Affairs

बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 एक ऐसा कानून है जो भारत में बैंकिंग फर्मों को नियंत्रित करता है। इस अधिनियम को किस वर्ष के बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम द्वारा संशोधित किया गया था?

A. 2018

B. 2016

C. 2020 ✓

D. 2014

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

एक लड़का अपने घर से 3 km/h की चाल से विद्यालय जाता है और विद्यालय से 5 km/h की चाल से घर लौटता है। उसे विद्यालय जाने और वापस लौटने में कुल 4 घंटे लगते हैं। उसके घर और विद्यालय के बीच की दूरी (km में) कितनी है?

A. 7.2

B. 7.3

C. 7.4

D. 7.5 ✓

Q2 Mathematics

यदि $6 : 18 :: 18 : y$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

A. 108

B. 36

C. 54 ✓

D. 72

Q3 Mathematics

12 m और 7 m भुजाओं वाले आयत में बनाए जा सकने वाले सबसे बड़े आकार के वृत्त की परिधि (m में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

A. 37

B. 22 ✓

C. 19

D. 11

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

एक व्यक्ति प्रत्येक ₹20,000 की दर से दो वस्तुएं बेचता है। उसे एक वस्तु पर 15% का लाभ और दूसरी वस्तु पर 15% की हानि होती है। इस लेनदेन में उसका कुल लाभ या हानि (निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।

A. ₹921 लाभ

B. ₹921 हानि ✓

C. ₹1,021 लाभ

D. ₹1,021 हानि

Q5 Mathematics

दो पाइप एक टंकी को क्रमशः 25 घंटे और 35 घंटे में भर सकते हैं। दोनों पाइपों को एक साथ खोलने पर टंकी को भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{175}{12}$ ✓

B. $\frac{165}{12}$

C. $\frac{175}{14}$

D. $\frac{165}{14}$

Q6 Mathematics

पहले वर्ष के दौरान, एक शहर की जनसंख्या में 10% की वृद्धि हुई, और दूसरे वर्ष में, इसमें 10% की कमी हुई। दूसरे वर्ष के अंत में, इस शहर की जनसंख्या 4,73,220 थी। पहले वर्ष के आरंभ में इसकी जनसंख्या कितनी थी?

A. 4,78,800

B. 4,78,780

C. 4,78,000 ✓


D. 4,78,880

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

निम्नांकित चित्र के अनुसार, $\Delta QRS \cong$ _____ है। [नोट: दिया गया आरेख निर्दिष्ट मापों के अनुसार नहीं खींचा गया है।]



A. ΔQPT ✓

B. ΔPTQ

C. ΔTPQ

D. ΔQTP

Q8 Mathematics

$9.46\overline{7} - 2.46\overline{7} + 4.46\overline{7}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{10321}{1100}$

B. $\frac{10521}{900}$

C. $\frac{10521}{1100}$

D. $\frac{10321}{900}$ ✓

Q9 Mathematics

निम्न में से किस स्थिति में दो समकोण त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं?

A. जब केवल उनके कर्ण बराबर हों

B. जब उनमें से किसी एक त्रिभुज की केवल एक भुजा दूसरे त्रिभुज की संगत भुजा की लंबाई के बराबर हो

C. जब उनके कर्ण बराबर हों और उनमें से किसी एक त्रिभुज की एक भुजा दूसरे त्रिभुज की संगत भुजा की लंबाई के बराबर हो ✓

D. जब उनका एक या अधिक कोण बराबर हों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Mathematics

एक कक्षा में 50 विद्यार्थी (केवल लड़के और लड़कियां) हैं। लड़कों की संख्या, लड़कियों की संख्या से 10 अधिक है। कक्षा में कितने लड़के हैं?

A. 15

B. 20

C. 25

D. 30 ✓

Q11 Mathematics

450, 1500 और 1650 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

A. 50

B. 100

C. 150 ✓

D. 200

Q12 Mathematics

द्विघात समीकरण $3x^2 - 4\sqrt{3}x + 4 = 0$ के _____ हैं।

A. दो भिन्न वास्तविक मूल

B. दो समान वास्तविक मूल ✓

C. कोई वास्तविक मूल नहीं

D. दो काल्पनिक मूल

Q13 Mathematics

एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 2916 m^2 है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

A. 44

B. 54 ✓

C. 58

D. 64

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

$(3a + 4b + 5c)^2$ को विस्तारित रूप में लिखिए।

A. $9a^2 + 16b^2 + 25c^2 + 24ab + 40bc + 30ac$ ✓

B. $9a^2 + 16b^2 + 25c^2 + 24ab + 40bc + 40ac$

C. $9a^2 + 16b^2 + 25c^2 + 24ab + 40bc + 50ac$

D. $9a^2 + 16b^2 + 25c^2 + 24ab + 40bc + 60ac$

Q15 Mathematics

वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 1876, 12503 और 6877 को विभाजित करने पर क्रमशः 1, 3 और 2 शेषफल प्राप्त हो।

A. 625 ✓

B. 675

C. 555

D. 655

Q16 Mathematics

एक स्कूल क्रिकेट टीम के 9 सदस्यों के वजन (kg में) 50, 63, x, 62, 64, 48, 51, 55, 48 हैं। यदि माध्य वजन 56 kg है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 64

B. 48

C. 63 ✓

D. 57

Q17 Mathematics

किसी त्योहार के दौरान लगी सेल में ₹1,000 अंकित मूल्य वाली कांसे की एक वस्तु 20%, 30% और 10% की तीन क्रमिक छूटों पर बेची जाती है। यदि कोई ग्राहक त्योहार के दौरान वस्तु खरीदता है तो उसे कितनी राशि (₹ में) का भुगतान करना होगा?

A. 496

B. 508

C. 504 ✓

D. 564

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

एक क्रिकेट क्लब ने ₹2,100 में 12 बल्ले और 18 गेंदें खरीदीं। कुछ दिनों के बाद, उसी प्रकार के 8 बल्ले और 22 गेंदों को समान दरों पर खरीदा गया, जिनका मूल्य ₹1,900 था। एक बल्ले का मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹50

B. ₹100 ✓

C. ₹150

D. ₹200

Q19 Mathematics

$\left(\frac{2+\sqrt{3}}{2-\sqrt{3}}+\frac{2-\sqrt{3}}{2+\sqrt{3}}+11\right)$ का धनात्मक वर्ग मूल ज्ञात कीजिए।

A. $2\sqrt{3}$

B. $2+\sqrt{3}$

C. 5 ✓

D. $5-\sqrt{3}$

Q20 Mathematics

$\frac{\cos^2 12^\circ+\cos^2 23^\circ}{2\sin^2 78^\circ+2\sin^2 67^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 0

B. 1

C. $\frac{1}{2}$ ✓

D. 2

Q21 Mathematics

यदि एक बंद घन के सबसे लंबे विकर्ण की लंबाई $10\sqrt{3}$ cm है, तो इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए।

A. 300

B. 600 ✓

C. 900

D. $100\sqrt{3}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

चार वर्ष पूर्व राजेश की आयु नरेश की आयु की तीन गुनी थी। चार वर्ष बाद उसकी आयु, नरेश की तत्कालीन आयु की दोगुनी होगी। राजेश की वर्तमान आयु (वर्षों में) कितनी है?

A. 28 ✓

B. 32

C. 33

D. 35

Q23 Mathematics

कोई निश्चित राशि, $6\frac{1}{4}\%$ की वार्षिक साधारण ब्याज दर पर कितने वर्ष में दोगुनी हो जाएगी?

A. 6.25

B. 16 ✓

C. 4

D. 8.4

Q24 Mathematics

2.5, 6.5, 4.5, 16.5, 3.5 और 2.5 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

A. 6 ✓

B. 7.25

C. 8.25

D. 5.75

Q25 Mathematics

द्विघात समीकरण $x^2 + 7x - 60$ के _____ हैं।

A. दो समान मूल

B. दो वास्तविक और असमान मूल ✓

C. कोई वास्तविक मूल नहीं


D. दो समान काल्पनिक मूल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट वर्ष 2021-2022 के दौरान ABC अस्पताल में मौजूद विभिन्न विशेषज्ञों को दर्शाता है।
पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



(संदर्भ - Oncologist - कैंसर रोग विशेषज्ञ, Pathologist - पैथोलॉजिस्ट, Neurosurgeon - न्यूरोसर्जन, Caredeologist - हृदय रोग विशेषज्ञ, Gynecologist - स्त्री रोग विशेषज्ञ, Paediatrician - बाल रोग विशेषज्ञ, ENT Specialist - नाक-कान-गला विशेषज्ञ)
यदि इन सभी विशेषज्ञों की कुल संख्या **60** थी, तो अस्पताल में नाक-कान-गला विशेषज्ञों की संख्या कितनी थी?

A. 5
B. 7 ✓
C. 10
D. 12

Q27 General Intelligence and Reasoning

छह व्यक्ति एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। आलोक, सोनू के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। लाडू, आलोक के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। सोनी, सोनू के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। डिंपल, लाडू और सोनू दोनों के ठीक बगल में बैठी है। सुषमा, लाडू के ठीक बगल में नहीं बैठी है। सुषमा के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. लाडू ✓
B. डिंपल
C. आलोक
D. सोनू

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न नीचे दी गई पांच तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 986 432 631 387 267 (दाएं)

(उदाहरण के लिए- 123 में- पहली संख्या = 1, दूसरी संख्या = 2 और तीसरी संख्या = 3 है)

नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं के क्रम में की जानी हैं।

उपरोक्त श्रेणी की तीसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को, सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

A. 12

B. 11

C. 10 ✓

D. 9

Q29 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

MODERN : RONMED :: GERMAN : AENGMR :: JUNIOR : ?

A. OURJNI

B. OURJIN ✓

C. OUJRIN

D. ORUJIN

Q30 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। हृदय, विजय के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। गौरव और विजय के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। विजय, इमरान के बाईं ओर ठीक दूसरे स्थान पर बैठा है, जो दाएं सिरे पर बैठा है। कियारा और डेविड, ललिता के ठीक बगल में बैठे हैं। गौरव के बाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. छह

$\frac{[(0.68)^2 + (0.32)^2 + 16 \times 0.0136]}{[(0.68)^3 - (0.32)^3] \div (0.3)^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{1}{4}$ ✓

B. $\frac{1}{2}$

C. $\frac{3}{8}$

D. $\frac{3}{5}$

Q12 Mathematics

ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर किए जाने पर, ₹10,000 की एक धनराशि, एक निश्चित वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 2 वर्ष में ₹11,025 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

A. 6%

B. 4%

C. 3%

D. 5% ✓

Q13 Mathematics

यदि $0.0\overline{216}$ को भिन्न के रूप में न्यूनतम पदों में लिखा जाता है, तो उस भिन्न के हर और अंश का अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 179

B. 181 ✓

C. 183

D. 187

Q14 Mathematics

$\left[\left\{(9261)^{\frac{1}{3}} \div 81^{\frac{1}{4}}\right\}^2 \times \sqrt[4]{1296}\right]$ का मान ज्ञात करें।

A. 249

B. 147

C. 294 ✓


D. 174

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

दी गई आकृति में, △ABC और △DEF समरूप हैं; यदि AB = 6.5 cm, DE = 3.9 cm, और BC = 5.15 cm है, तो EF का माप ज्ञात करें।



A. 3.09 cm ✓

B. 3.00 cm

C. 3.90 cm

D. 4.12 cm

Q16 Mathematics

दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) क्रमशः 5005 और 77 हैं। जब इन दोनों संख्याओं में से किसी एक को 55 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 18 और शेषफल 11 प्राप्त होता है। दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 330

B. 385 ✓

C. 418

D. 440

Q17 Mathematics

द्विघात समीकरण $x^2 + 19x + 60 = 0$ के मूलों का योगफल ज्ञात करें।

A. 1/19

B. −19 ✓

C. 19

D. −19/60

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

प्रारंभ में राम के पास ₹4 और श्याम के पास ₹7 थे। जतिन ने राम और श्याम में से प्रत्येक को समान धनराशि दी, जिसके बाद राम और श्याम के पास मौजूद धनराशियों का अनुपात $7:9$ हो गया। जतिन ने राम और श्याम में से प्रत्येक को कितनी धनराशि (₹ में) दी?

A. 5.50

B. 6.00

C. 6.50 ✓

D. 7.00

Q19 Mathematics

A किसी कार्य के $33\frac{1}{3}\%$ भाग को 10 दिन में पूरा कर सकता है, और B उसी कार्य के एक-चौथाई भाग को 30 दिन में पूरा कर सकता है। A, B और C एक-साथ मिलकर उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि A प्रत्येक दिन कार्य करता है, तथा B और C, एक-एक दिन छोड़कर उसकी सहायता करते हैं, जिसमें पहले दिन B, A की सहायता करता है, तो बताएं कि कार्य कितने दिन में पूर्ण हो जाएगा?

A. $18\frac{2}{3}$

B. $18\frac{4}{13}$

C. $17\frac{1}{3}$ ✓

D. $17\frac{3}{13}$

Q20 Mathematics

निम्न में से कौन-सा द्विघात समीकरण को दर्शाता है?

A. $(x+3)(x-4) = x^2 + 2x + 12$

B. $(x+2)(x+2)(x-1) = x^3 + 5x^2 + 6x + 4$ ✓

C. $(3x+4)x = 3x^2 + 16$

D. $(x-7)(x+2) = (x-2)(x)$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

$\sin^6\theta + \cos^6\theta$ को सरलतम रूप में व्यक्त कीजिए।

A. $1 - \sin^2\theta\cos^2\theta$

B. $1 + 3\sin^2\theta\cos^2\theta$

C. $1 + \sin^2\theta\cos^2\theta$

D. $1 - 3\sin^2\theta\cos^2\theta$ ✓

Q22 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सह-अभाज्य संख्याओं का एक युग्म है?

A. (196, 343)

B. (156, 234)

C. (228, 247)

D. (161, 192) ✓

Q23 Mathematics

दस वर्ष बाद रमेश की आयु राजीव की आयु की दोगनी होगी, और पांच वर्ष पहले रमेश की आयु राजीव की आयु की तीन गुनी थी। रमेश की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

A. 50 ✓

B. 20

C. 40

D. 60

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Mathematics

यदि $\left(\frac{32}{243}\right)^{k} = \frac{8}{27}$ है, तो k = _____ होगा।

A. $\frac{2}{3}$

B. $\frac{3}{5}$ ✓

C. $\frac{5}{3}$

D. $\frac{3}{2}$

Q25 Mathematics

A और B के वेतनों का अनुपात 4 : 5 है। B और C के वेतनों का अनुपात 3 : 4 है। A और C के वेतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

A. 4 : 3

B. 5 : 4

C. 3 : 5 ✓

D. 4 : 5

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

एक क्लास टेस्ट में, कुछ विद्यार्थियों को उनके अंकों के आधार पर अलग-अलग स्थान प्राप्त हुए। अंशु शीर्ष से 19वें स्थान पर है और 6 विद्यार्थियों के स्थान अंशु के नीचे हैं। क्लास टेस्ट में कुल कितने विद्यार्थियों ने भाग लिया था?

A. 25 ✓

B. 37

C. 26


D. 31

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित लाइन ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिया गया लाइन ग्राफ तीन स्कूलों (P, Q और R) में लड़कों और लड़कियों की संख्या दर्शाता है।



संदर्भ: [Number of boys/girls-लड़के/लड़कियों की संख्या,Number of boys-लड़कों की संख्या, Number of girls-लड़कियों की संख्या]
तीनों स्कूलों में लड़कों की औसत संख्या कितनी है?

A. 170
B. 160 ✓
C. 150
D. 140

Q28 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई अक्षर शृंखला का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) H A D W V Q T S P E R S T K E L M T (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

A. 4
B. 3 ✓
C. 2
D. 5

Q29 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOLVE' को 'QRJYC' लिखा जाता है, और 'FENCE' को 'DHLFC' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में, 'TASTE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. VXUQG
B. RXQQC
C. VDUWG
D. RDQWC ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q30 General Intelligence and Reasoning

वैष्णवी, दक्षिण की ओर पैदल चलना शुरू करती है। वह 10 m चलती है, दाईं ओर मुड़ती है, और 5 m चलती है। वह फिर दाईं ओर मुड़ती है, और 3 m चलती है। इसके बाद, वह फिर दाईं ओर मुड़ती है, और 10 m चलती है। फिर से, वह दाईं ओर मुड़ती है, और 8 m चलती है। अंत में, वह फिर दाईं ओर मुड़ती है, और 6 m चलती है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. दक्षिण

B. पश्चिम ✓

C. पूर्व

D. उत्तर

Q31 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

संख्या/प्रतीक	6	8	4	+	5	#	%	2	$	1	^	7	9	*	@
कूट	S	U	T	W	N	P	V	D	A	Z	J	M	O	M	Y

शर्तें:

(i) यदि पहले और अंतिम घटक संख्याएं हैं, तो अंतिम घटक को प्रतीक @ से बदला जाएगा।

(ii) यदि पहला घटक एक प्रतीक है, तो पहले घटक को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि पहले और दूसरे दोनों घटक संख्याएं हैं, तो तीसरे घटक को * के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

निम्न के लिए कूट क्या होगा?

5 6 * @ %

A. NS*YV ✓

B. YVMNS

C. NSMVY

D. VYSNM

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:

कुछ अंगूठियां, कान हैं।
कुछ अंगूठियां, उंगलियां हैं।
सभी कान, नाक हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी अंगूठियां, नाक हैं।
(II) कुछ उंगलियां, कान हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।
B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।
C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।
D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है। ✓

Q33 General Intelligence and Reasoning

यदि '-' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है, '+' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '-' है, तो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

5 - 5 ÷ 6 × 6 + 3 = ?

A. 21 ✓
B. 22
C. 32
D. 35

Q34 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन के बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन के आधार पर पता लगाएं कि कौन सा निष्कर्ष सत्य है।

कथन: $K \geq U = N > Q < R = T \leq P$

A. $K > Q$ ✓
B. $K = N$
C. $T < R$
D. $Q > U$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

निम्न श्रेणी में ऐसे कितने 7 हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक बाद 1 है और ठीक पहले 5 है?

2 7 3 5 7 1 5 7 3 5 7 1 9 7 3 5 7 1 7 3 6 5 7 1 8 1 4 7 3 5

A. पांच

B. चार ✓

C. तीन

D. दो

Q36 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '÷', '−' का अर्थ '×', '×' का अर्थ '+', और '÷' का अर्थ '−' है, तो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

45 + 9 - 4 × 15 ÷ 2 = ?

A. 30

B. 31

C. 32

D. 33 ✓

Q37 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

NALAYAK : KAYALAN :: BEAUTY : YTUAEB :: POWERTY : ?

A. TPWEROY

B. YRTEWOP

C. YTREWOP ✓

D. WOPREYT

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

एक कथन के बाद दो निष्कर्ष दिए गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथन के आधार पर सत्य है?

कथन:

$L > M \geq N > O = P \leq Q < R$

निष्कर्ष:

I. $O < R$

II. $M > Q$

A. केवल निष्कर्ष I सत्य है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II सत्य है।

C. निष्कर्ष I और II दोनों सत्य हैं।

D. या तो निष्कर्ष I या तो II सत्य है।

Q39 General Intelligence and Reasoning

G, H, I, J, K और L, ये 6 दोस्त एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए क्रिकेट मैच के परिणाम पर चर्चा कर रहे हैं। I, L और J दोनों के ठीक बगल में बैठा है। K, J के ठीक बगल में नहीं है। H, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। निम्न में से कौन-सा विकल्प G से I की स्थिति को दर्शाता है?

A. दाईं ओर दूसरे स्थान पर।

B. बाईं ओर दूसरे स्थान पर। ✓

C. दाईं ओर ठीक बगल में।

D. बाईं ओर तीसरे स्थान पर।

Q40 General Intelligence and Reasoning

36, 74, 27, 51 और 92 क्रमांक वाले पांच डिब्बों को एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। डिब्बा 51 सबसे ऊपर रखा गया है। डिब्बा 74 और डिब्बा 36 के बीच केवल डिब्बा 92 है। डिब्बा 27 के ऊपर केवल एक डिब्बा है। डिब्बा 36 सबसे नीचे नहीं है। कौन सा डिब्बा ठीक मध्य में रखा गया है?

A. डिब्बा 36 ✓

B. डिब्बा 74

C. डिब्बा 92

D. डिब्बा 27

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

यदि निम्न समीकरण में '+' और '-' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, और साथ ही '×' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$15 \div 3 - 10 \times 2 \div 18 \times 6 - 4 = ?$

A. 60

B. 61

C. 62

D. 64 ✓

Q42 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(13, 84, 8)
(21, 136, 13)

A. (27, 140, 8) ✓

B. (16, 23, 156)

C. (8, 71, 19)

D. (14, 56, 8)

Q43 General Intelligence and Reasoning

मणि बिंदु A से ड्राइव शुरू करता है और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुकता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

A. 9 km, दक्षिण की ओर

B. 12 km, पश्चिम की ओर ✓

C. 6 km, पूर्व की ओर

D. 8 km, दक्षिण की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

पांच लड़कियां, A,B,C,D, और E एक वृताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। E, A और B के ठीक बगल में बैठी है। D, E के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। C, D और B के ठीक बगल में बैठी है। A कहां बैठी है?

A. E के बाईं ओर ठीक बगल में

B. D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर

C. B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर ✓

D. C के बाईं ओर ठीक बगल में

Q45 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
सभी पृष्ठ, पुस्तकें हैं।
सभी पुस्तकें, कैटलॉग हैं।
कुछ कैटलॉग, डिजाइन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ पुस्तकें, डिजाइन हैं।
(II) सभी पृष्ठ, कैटलॉग हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है। ✓

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:

कुछ जल, गंदे हैं।
कुछ जल, नदियां हैं।
सभी गंदे, मच्छर हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ जल, मच्छर हैं।
(II) कुछ नदियां,गंदे हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Q47 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन-सा पद दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न(?) के स्थान पर आकर उसे तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?
SKC33, OGY39, KCU45, GYQ51, ?

A. MCN57

B. CUM59

C. MCN55


D. CUM57 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दिया गया पाई चार्ट चार शहरों में बेची गई कारों की संख्या दर्शाता है।
चारों शहरों में बेची गई कारों की कुल संख्या 80 है।



संदर्भ: [Surat-सूरत 40%, Delhi-दिल्ली 25%, Kolkata-कोलकाता 15%, Kochi-कोच्चि 20%]
दिल्ली में, महिला और पुरुष ग्राहकों को बेची गई कारों की संख्या का अनुपात 2:3 है। दिल्ली में महिला ग्राहकों को बेची गई कारों की संख्या कितनी है?

A. 8 ✓
B. 12
C. 6
D. 4

Q49 General Intelligence and Reasoning

एक कथन तथा उसके दो संभावित निष्कर्ष क्रमांक I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का पालन करते हैं?

कथन:
"मैं तुर्की और अमेरिका में काजू और अखरोट निर्यात करने का अपना व्यवसाय शुरू करना चाहता हूं, क्योंकि इन देशों में समान व्यावसायिक रुचियों वाले मेरे अनेक दोस्त हैं, जो मेरे विचार में मेरे लिए सहायक होंगे।" – A ने B को बताया।

निष्कर्ष:
I. कार्य क्षेत्रो में अच्छे संपर्क होना सदैव लाभदायक रहता है।
II. B को A के साथ व्यवसाय करने में कोई रुचि नहीं है।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है ✓
B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है
C. दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं
D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरी संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से और छठी संख्या का पांचवीं संख्या से है।

231 : 334 :: 289 : ? :: 319 : 422

A. 393

B. 392 ✓

C. 395

D. 394

Q51 General Intelligence and Reasoning

2:30 p.m. बजे और 3:30 p.m. बजे के बीच किस समय घड़ी की सुइयां एक साथ (एक के ऊपर एक) होंगी?

A. $14 + \frac{6}{11}$

B. $11 + \frac{4}{16}$

C. $16 + \frac{4}{11}$ ✓

D. $14 + \frac{16}{11}$

Q52 General Intelligence and Reasoning

R, S, T, U, V और W एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। T और W के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। T सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है। सबसे निचली मंजिल पर न तो U और ना ही V रहता है। केवल एक व्यक्ति S के ऊपर रहता है। U, T के ठीक नीचे और V के ठीक ऊपर रहता है। मंजिल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

A. V ✓

B. U

C. T

D. S

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई संख्या शृंखला का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 5 3 4 7 2 8 6 5 3 9 4 2 6 8 9 5 (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या और ठीक बाद में भी एक सम संख्या है?

A. 4

B. 3

C. 2

D. 1 ✓

Q54 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?

4, 9.6, 23.04, ?, 132.7104, 318.50496

A. 60.913

B. 55.296 ✓

C. 58.269

D. 51.865

Q55 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

2, 3 , 4, 9, 6, 27, 8, 81, 10, ?

A. 111

B. 183

C. 243 ✓

D. 333

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Science

द्वि-विस्थापन अभिक्रिया के परिणामस्वरूप:

i) अवक्षेप बनते हैं।
ii) गैस उत्सर्जित होती है।
iii) रंग बदल जाता है।

A. केवल i और ii
B. केवल iii
C. केवल iii और i ✓
D. i, ii और iii

Q57 General Science

आधुनिक आवर्त सारणी में तत्व 'x' का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 2, 8, 8 है। तत्व 'x' _____ में स्थित होगा।

A. $18^{वें}$ समूह ✓
B. $10^{वें}$ समूह
C. $6^{वें}$ समूह
D. $8^{वें}$ समूह

Q58 General Science

(अन्य मापदंडों को स्थिर रखते हुए) प्रतिरोध की लंबाई _____ पर, इसका मान दोगुना हो जाता है।

A. दोगुनी करने ✓
B. आधी करने
C. का वर्ग करने
D. अपरिवर्तित रखने

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q59 General Science

निम्न तालिका में, टूटी हुई प्लास्टिक की बाल्टी को कहां रखा जाएगा?

	सुरक्षित ढंग से दहन-योग्य	असुरक्षित ढंग से दहन-योग्य
पुनर्चक्रण (Recyclable)	A	B
गैर पुनर्चक्रण (Non-recyclable)	C	D

A. सेल A या C में

B. सेल A या B में

C. सेल B या D में ✓

D. सेल C या D में

Q60 General Science

निम्न में से कौन सा, प्रकाश संश्लेषण के उत्पादों का पत्तियों से पादप के अन्य भागों तक परिवहन करता है?

A. जाइलम (Xylem)

B. फ्लोएम (Phloem) ✓

C. दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

D. कॉलेंकाइमा (Collenchyma)

Q61 General Science

अवतल दर्पण द्वारा प्रकाश के परावर्तन के संबंध में निम्नलिखित में से सही गुणधर्मों का चयन कीजिए।

(a) प्रकाश परावर्तन के नियमों का पालन नहीं करता है, क्योंकि अवतल सतह एक वक्रीय सतह होती है।

(b) अवतल दर्पण के ध्रुव पर निर्देशित (directed) प्रकाश किरण, विपरीत दिशा में आपतन पथ का पुनः-अनुरेखण (retrace) करती है।

A. केवल (a) सही है

B. केवल (b) सही है

C. (a) और (b) दोनों सही है

D. (a) और (b) दोनों गलत है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

यदि प्रकाश, हवा से किसी माध्यम A में प्रवेश करता है, जिसका अपवर्तनांक 1.33 है, तो माध्यम A में प्रकाश की चाल क्या होगी?

A. $2.67 \times 10^8 \frac{m}{s}$

B. $1.67 \times 10^8 \frac{m}{s}$

C. $2.26 \times 10^8 \frac{m}{s}$ ✓

D. $1.97 \times 10^8 \frac{m}{s}$

Q63 General Science

इनमें से कौन सा तत्व प्रकृति में द्विपरमाणुक अणु के रूप में मौजूद नहीं है?

A. क्लोरीन

B. हाइड्रोजन

C. हीलियम ✓

D. नाइट्रोजन

Q64 General Science

इनमें से कौन सा विलयन pH पेपर को नीला कर देगा?

A. जठर रस (Gastric juice)

B. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड ✓

D. नींबू का रस (Lemon juice)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

निम्न में से कौन सा मानव शरीर के संचलन (Movement) के लिए मुख्यतः उत्तरदायी है?

A. तंत्रिका और उपकला ऊतकों का संयोजन

B. पेशीय और संयोजी ऊतकों का संयोजन

C. तंत्रिका और पेशीय ऊतकों का संयोजन ✓

D. तंत्रिका और संयोजी ऊतकों का संयोजन

Q66 General Science

निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. जीन, गुणसूत्रों पर स्थित होते हैं।

B. प्रत्येक जीन एक विशेष लक्षण प्रदर्शित करता है।

C. युग्मक निर्माण के समय दो युग्मविकल्पी एक साथ आते हैं। ✓

D. प्रत्येक जनन कोशिका प्रत्येक युग्म से एक गुणसूत्र ग्रहण करेगी।

Q67 General Science

एक प्रकाश किरण वायु माध्यम से जल माध्यम (अपवर्तनांक = 1.3) में प्रवेश करती है जहां आपतन कोण x अंश और अपवर्तन कोण y अंश है। अनुपात (sin y)/ (sin x) का मान निम्नांकित में से कितना होगा?

A. 1/1.3 ✓

B. 1.3

C. 1

D. 0.3

Q68 General Science

शलभों (moths) और अन्य कीटों (insects) को प्रतिकर्षित करने हेतु प्रयुक्त नेफ्थालीन की गोलियां _____ से प्राप्त होती हैं।

A. कोलतार ✓

B. कोक

C. कोयला

D. कोयला गैस

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

कौन से तत्व सिलिकॉन के समान संयोजकता प्रदर्शित करते हैं?

A. Mg और K

B. C और Ge ✓

C. Cl और Br

D. Na और H

Q70 General Science

एक विद्यार्थी एक रिबन लेता है और उसे ऑक्सीजन की उपस्थिति में जलाता है। जिससे यह मैग्नीशियम ऑक्साइड में बदल जाता है। यह प्रक्रिया क्या कहलाती है?

A. ऑक्सीकरण ✓

B. अपचयन

C. हाइड्रोजनीकरण

D. अपघटन

Q71 General Science

0.2 Ω, 0.4 Ω, 0.6 Ω, 0.8 Ω के प्रतिरोध श्रेणीक्रम में, एक 20 V वोल्टेज स्रोत के साथ संयोजित हैं। विद्युत परिपथ की निवल शक्ति कितनी होगी?

A. 200 वाट ✓

B. 20 J/s

C. 800 वाट

D. 80 J/s

Q72 General Science

कुंडली की गति की दिशा, चुंबकीय क्षेत्र के समकोण पर होने पर प्रेरित धारा _____ होगी।

A. अधिकतम ✓

B. न्यूनतम

C. शून्य

D. अनंत

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q73 General Science

लड़कियों को मासिक धर्म/रजोधर्म के दौरान संक्रमण और बीमार होने से बचने के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता के संबंध में विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. लड़कियों को अपने मासिक धर्म/रजोधर्म चक्र का ध्यान रखना चाहिए, और मासिक धर्म/रजोधर्म की शुरुआत के लिए तैयार रहना चाहिए।

B. लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन या घर पर तैयार किए गए साफ पैड का इस्तेमाल करना चाहिए।

C. लड़कियों को हर 4-5 घंटे के बाद या आवश्यकता के अनुसार पैड बदलना चाहिए।

D. लड़कियों को पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए चिप्स और पैक्ड या डिब्बाबंद नाश्ते (packed or tinned snacks) का सेवन करना चाहिए। ✓

Q74 General Science

प्लास्टर ऑफ पेरिस में उपस्थित क्रिस्टलीकरण जल अणुओं की संख्या कितनी है?

A. ½ ✓

B. 1

C. 10

D. 2

Q75 General Science

12V की एक बैटरी द्वारा इससे जुड़े एक लैंप को 3 A की धारा की आपूर्ति की जाती है। लैंप में 15 मिनट में आपूर्ति की गई ऊर्जा कितनी होगी?

A. 32000 J

B. 32150 J

C. 540 J

D. 32400 J ✓

Q76 General Science

पादप जड़ कोशिकाओं (root cells) को भी ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। इसलिए जड़ें _____ से वायु ग्रहण करती हैं।

A. कोशिका द्रव्य

B. जल

C. मृदा कणों के बीच वायु अवकाश ✓

D. रंध्र

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q77 General Science

विश्रामावस्था में, एक वयस्क मनुष्य एक मिनट में औसतन कितनी बार सांस लेता और छोड़ता है?

A. 15-18 बार ✓

B. 18-21 बार

C. 20-23 बार

D. 12-15 बार

Q78 General Science

दी गई रासायनिक अभिक्रिया का अध्ययन कीजिए, और क्रमशः x, y और z के मान ज्ञात कीजिए।

$$xFe(s) + yH_2O(g) \longrightarrow Fe_3O_4 + zH_2(g)$$

A. 3, 4, 4 ✓

B. 4, 3, 4

C. 4, 4, 3

D. 2, 4 ,3

Q79 General Science

यदि तांबे के एक तार को किसी एकसमान चुंबकीय क्षेत्र से गुजारा जाता है, तो उसमें प्रेरित धारा की दिशा इनमें से किसका उपयोग करके ज्ञात की जा सकती है?

A. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम

B. फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम ✓

C. मैक्सवेल का दाएं हाथ का पेंच का नियम

D. मैक्सवेल का बाएं हाथ का पेंच का नियम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Science

एक गोलीय दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन निम्नलिखित में से किसके बराबर होगा?

A. वस्तु की ऊंचाई - प्रतिबिंब की ऊंचाई

B. प्रतिबिंब की ऊंचाई - वस्तु की ऊंचाई

C. $\frac{\text{(वस्तु की ऊंचाई)}}{\text{(प्रतिबिंब की ऊंचाई)}}$

D. $\frac{\text{(प्रतिबिंब की ऊंचाई)}}{\text{(वस्तु की ऊंचाई)}}$ ✓

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

1938 में, कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस ने एक राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया था। इसके अध्यक्ष कौन थे?

A. जवाहर लाल नेहरू ✓

B. सरदार वल्लभ भाई पटेल

C. मौलाना अबुल कलाम आजाद

D. लाल बहादुर शास्त्री

Q82 General Awareness and Current Affairs

भारतीय रिजर्व बैंक [लघु वित्त (माइक्रोफाइनेंस) ऋण के लिए नियामक ढांचा] निर्देश, 2022 के अनुसार, एक लघु वित्त (माइक्रोफाइनेंस) ऋण को उस परिवार को दिए गए एक संपार्श्विक-मुक्त ऋण के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसकी वार्षिक घरेलू आय _____ तक है। इस प्रयोजन के लिए, परिवार का अर्थ एक व्यक्तिगत परिवार इकाई, अर्थात पति, पत्नी और उनके अविवाहित बच्चे हैं।

A. ₹1,25,000

B. ₹2,00,000

C. ₹3,00,000 ✓

D. ₹5,00,000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness and Current Affairs

फरवरी 2022 में, इनमें से कौन सा राज्य, नदियों में नाइट नेविगेशन हेतु मोबाइल ऐप लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बन गया?

A. हरियाणा

B. हिमाचल प्रदेश

C. झारखंड

D. असम ✓

Q84 General Awareness and Current Affairs

'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी', यह भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में निर्धारित है?

A. अनुच्छेद 342

B. अनुच्छेद 343 ✓

C. अनुच्छेद 344

D. अनुच्छेद 345

Q85 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प ग्राम पंचायतों का कार्य **नहीं** है?

A. स्थानीय सार्वजनिक संसाधनों का प्रबंधन

B. ग्राम सुविधाओं का विकास

C. स्थानीय करों का संग्रह

D. ब्लॉक समितियों के बजट की जांच और अनुमोदन ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q86 General Awareness and Current Affairs

अर्थशास्त्र में, 'गुणक' को, आय में वृद्धि और _____ में वृद्धि के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है।

A. ऋण

B. निवेश ✓

C. साख

D. देयता

Q87 General Awareness and Current Affairs

दिए गए विवरण के आधार पर संस्थान को पहचानें।

'संस्थान की स्थापना 1 जून 1945 को सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के सहयोग से की गई थी। संस्थान ने सबसे पहले भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलौर के परिसर में कॉस्मिक रे रिसर्च यूनिट के भीतर काम करना शुरू किया और उसी वर्ष अक्टूबर में वह बॉम्बे स्थानांतरित हो गया।'

A. शावक नानावती तकनीकी संस्थान (SNTI)

B. टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS)

C. टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (TIFR) ✓

D. राष्ट्रीय उन्नत विज्ञान संस्थान (NIAS)

Q88 General Awareness and Current Affairs

एनर्जी स्वराज यात्रा बस डॉ. चेतन सिंह सोलंकी, जो कि _____ के एक प्रोफेसर हैं, द्वारा डिज़ाइन एवं विकसित की गई है, जिसके माध्यम से वे जलवायु परिवर्तन शमन प्रयासों के तालमेल को संयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

A. आईआईटी खड़गपुर

B. आईआईटी मद्रास

C. आईआईटी दिल्ली

D. आईआईटी बॉम्बे ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q89 General Awareness and Current Affairs

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का निम्नांकित में से कौन सा एक उद्देश्य नहीं है?

A. लिंग-पूर्वाग्रह पर आधारित लिंग-चयनात्मक उन्मूलन का निषेध

B. बालिका शिशुओं की उत्तरजीविता एवं संरक्षण सुनिश्चित करना

C. बालिका शिशुओं की शिक्षा एवं सहभागिता सुनिश्चित करना

D. लाभार्थी बालिका के विवाह के समय प्रत्यक्ष बैंक अंतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से नकद अंतरण ✓

Q90 General Awareness and Current Affairs

इस्लाम में _____, किसी व्यक्ति द्वारा प्रति वर्ष कमाए जाने वाले कुल धन के उस हिस्से को कहा जाता है, जिसे वह धर्मार्थ व्यय करता है।

A. ज़कात (Zakat) ✓

B. मुदरबाह (Mudarabah)

C. मुशरकाह (Musharakah)

D. इजराह (Ijarah)

Q91 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य दक्षिण-पश्चिम मानसून से सबसे पहले वर्षा प्राप्त करता है?

A. केरल ✓

B. पश्चिम बंगाल

C. हिमाचल प्रदेश

D. राजस्थान

Q92 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय संविधान की एक प्रमुख विशेषता **नहीं** है?

A. संघवाद की स्थापना

B. सरकार का संसदीय स्वरूप

C. सामंतशाही को प्रोत्साहन ✓

D. मूल अधिकार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q93 General Awareness and Current Affairs

क्रिकेट के इतिहास में लगातार 13 T20I मैच जीतने वाले पहले कप्तान कौन हैं?

A. रोहित शर्मा ✓

B. महेन्द्र सिंह धोनी

C. बाबर आजम

D. विराट कोहली

Q94 General Awareness and Current Affairs

गांधी जयंती _____ के महीने में महात्मा गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारत में आयोजित होने वाला एक समारोह है।

A. दिसंबर

B. नवंबर

C. अक्टूबर ✓

D. सितंबर

Q95 General Awareness and Current Affairs

_____ में, जी.डी.पी. (GDP) वृद्धि दर, केंद्र सरकार के राजकोषीय/वित्तीय संतुलन और बाह्य संतुलन के संबंध में अर्थव्यवस्था के भविष्य का आकलन किया जाता है।

A. मध्यावधिक राजकोषीय नीति विवरण (Medium-term Fiscal Policy Statement)

B. समष्टि अर्थशास्त्रीय रूपरेखा संबंधी विवरण (Macroeconomic Framework Statement) ✓

C. राजकोषीय नीति कार्ययोजना विवरण (Fiscal Policy Strategy Statement)

D. राजस्व व्यय (Revenue Expenditure)

Q96 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन सा भारत में अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम है?

A. नई रोशनी ✓

B. नया उजाला

C. नया सवेरा

D. नई मंजिल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q97 General Awareness and Current Affairs

किस वर्ष उत्तराखंड में असामान्य मात्रा में वर्षा हुई थी, जिसके कारण चोराबाड़ी ग्लेशियर के टूटने और मंदाकिनी नदी में गिरने से नदी का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया?

A. 2012

B. 2013 ✓

C. 2014

D. 2015

Q98 General Awareness and Current Affairs

गिरीश चंद्र मुर्मू ने 31 मार्च 2022 को _____ का पद संभाला।

A. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ✓

B. भारत के महान्यायाभिकर्ता

C. भारत के महान्यायवादी

D. भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त

Q99 General Awareness and Current Affairs

2022 में किस फुटबॉल क्लब ने आई-लीग (I-League) का खिताब जीता?

A. मोहम्मडन स्पोर्टिंग

B. गोकुलम केरल एफ.सी. ✓

C. राजस्थान एफ.सी.

D. राउंडग्लास पंजाब

Q100 General Awareness and Current Affairs

सोन नदी किस नदी तंत्र से संबंधित है?

A. गोदावरी

B. महानदी

C. नर्मदा

D. गंगा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

शालिनी की आयु उसके दो पुत्रों की आयु के योग की चार गुनी है। अब से छह वर्ष बाद, शालिनी की आयु अपने पुत्रों की आयु के योग की दोगुनी हो जाएगी। शालिनी की वर्तमान आयु क्या है?

A. 36 वर्ष ✓

B. 26 वर्ष

C. 32 वर्ष

D. 40 वर्ष

Q2 Mathematics

निम्नलिखित में से किस द्विघात समीकरण के मूल $\frac{5}{3}$ और $-\frac{3}{4}$ हैं?

A. $6x^2 - 11x - 15 = 0$

B. $6x^2 + 11x - 15 = 0$

C. $12x^2 - 11x - 15 = 0$ ✓

D. $12x^2 + 22x - 15 = 0$

Q3 Mathematics

यदि $p\sin^2\beta + q\cos^2\beta = r$ है, तो $\cot^2\beta$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{r-p}{r-q}$

B. $\frac{p-r}{r-q}$ ✓

C. $\frac{r-q}{p-r}$

D. $\frac{r-q}{r-p}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

$\frac{(0.42)^2+36(0.05)^2}{9(0.21)^2+(0.45)^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{2}{9}$

B. $\frac{2}{3}$

C. $\frac{4}{9}$ ✓

D. $\frac{5}{18}$

Q5 Mathematics

आदित्य अकेले एक कार्य को 8 दिन में पूरा कर सकता है, और भगवान अकेले उसी कार्य को 12 दिन में पूरा कर सकता है। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया, लेकिन आदित्य को कार्य पूरा होने से 3 दिन पहले कार्य छोड़ना पड़ा। कार्य कितने दिन में पूर्ण हो जाएगा?

A. $6\frac{2}{5}$ दिन

B. $6\frac{4}{5}$ दिन

C. $6\frac{3}{5}$ दिन ✓

D. $6\frac{1}{5}$ दिन

Q6 Mathematics

यदि $x=(\sqrt{2352}\div\sqrt{1200})\div\sqrt{0.04}$ है, तो $\frac{x+1}{x-1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{3}{2}$

B. $\frac{3}{4}$

C. $\frac{2}{3}$

D. $\frac{4}{3}$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

480 विद्यार्थियों वाले एक विद्यालय में लड़कों और लड़कियों की संख्याओं का अनुपात 7 : 9 है। यदि इस विद्यालय में 3 और लड़कियों को प्रवेश दिया जाता है, तो अब लड़कों और लड़कियों की संख्याओं का अनुपात क्या होगा?

A. 10 : 13 ✓


B. 13 : 10

C. 7 : 9

D. 9 : 7

Q8 Mathematics

निम्नांकित चित्र में, $l \parallel m$ और $p \parallel q$ है। x का मान ज्ञात कीजिए।



A. 76° ✓

B. 82°

C. 96°

D. 104°

Q9 Mathematics

दो क्रमिक छूटों के बाद, ₹120 के सूची मूल्य वाली एक टाई ₹90 में उपलब्ध है। यदि दूसरी छूट 9% है, तो पहली छूट कितने प्रतिशत की है? [अपने उत्तर को 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

A. 84.42%

B. 17.58% ✓

C. 63.33%

D. 71.58%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Mathematics

यदि $100 : 250 :: 250 : x$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 625 ✓

B. 6.25

C. 250

D. 25

Q11 Mathematics

30%, 20% और 10% की तीन क्रमिक छूटों के समतुल्य एकल प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

A. 49.6% ✓

B. 50.4%

C. 60%

D. 46.9%

Q12 Mathematics

12, 15, 16, 17, 23 और 19 का औसत ज्ञात कीजिए।

A. 13

B. 15

C. 17 ✓

D. 18

Q13 Mathematics

यदि ₹2,000 की एक धनराशि, एक निश्चित वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 3 वर्ष में ₹2,360 हो जाती है, तो समान वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर समान धनराशि 5 वर्ष में कितनी हो जाएगी?

A. ₹2,500

B. ₹2,600 ✓

C. ₹2,650

D. ₹2,605

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

यदि $0.25a = 0.05b$ है, तो निम्न में कौन-सा विकल्प $\frac{b-a}{b+a}$ का सन्निकटन मान प्रदान करता है?

A. 0.16

B. 1.6

C. 0.67 ✓

D. 6.6

Q15 Mathematics

यदि नीचे दिए गए आंकड़ों के समुच्चय का भारित औसत 24.5 है, तो आवंटित वज़न (x) का अनुपस्थित मान (missing value) ज्ञात कीजिए।

वस्तु	A	B	C	D
वस्तु का मान	15	2	30	43
आवंटित वजन	3	2	x	1

A. 4

B. 10 ✓

C. 5

D. 12

Q16 Mathematics

6-अंकों वाली संख्या $473xy5$, 125 से विभाज्य है। ऐसी कितनी 6-अंकों वाली संख्याएं हैं?

A. 1

B. 2

C. 3

D. 4 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

रश्मिका को एक निश्चित चाल से चलने वाली कार में 612 km की यात्रा करनी थी। यदि वह अपने गंतव्य पर 9 घंटे में पहुंचती है, तो कार की चाल ज्ञात कीजिए।

A. 60 km/h

B. 65 km/h

C. 68 km/h ✓

D. 70 km/h

Q18 Mathematics

तीन संख्याओं का अनुपात $3 : 5 : 7$ है, और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 5250 है। मध्य वाली संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 200

B. 150

C. 350

D. 250 ✓

Q19 Mathematics

यदि समीकरण $x^2 - px + 6 = 0$ का एक मूल 2 है, और द्विघात समीकरण $x^2 + 2px + q = 0$ के मूल समान हैं, तो q का मान ज्ञात कीजिए।

A. 12

B. 16

C. 25 ✓

D. 36

Q20 Mathematics

यदि किसी संख्या का एक तिहाई, उस संख्या से 6 अधिक है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

A. -7

B. -9 ✓

C. -6

D. -5

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

12 cm × 6 cm × 4 cm माप की एक ईंट का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

A. $274\ cm^2$

B. $288\ cm^2$ ✓

C. $296\ cm^2$

D. $312\ cm^2$

Q22 Mathematics

उस सम षट्भुज का क्षेत्रफल क्या होगा, जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 4 cm है?

A. $24\sqrt{3}\ cm^2$ ✓

B. $25\sqrt{3}\ cm^2$

C. $26\sqrt{3}\ cm^2$

D. $27\sqrt{3}\ cm^2$

Q23 Mathematics

∠OQR का माप 48° है। बिंदु V, OQ पर स्थित है, VT ∥ QR है, और S, ∠OQR के अंतः-क्षेत्र में स्थित एक ऐसा बिंदु है कि V, S और T संरेख हैं, तथा S, V और T के बीच में स्थित है। P भी OQ पर स्थित एक ऐसा बिंदु है, कि P, O और V के बीच में स्थित है, और m∠PST = 120° है। ∠QPS के पूरक कोण का माप ज्ञात कीजिए।

A. 18° ✓

B. 22°

C. 28°

D. 32°

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Mathematics

दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$$4\left(\frac{3}{2}x^2 - 4x + 3\right) - \frac{1}{2}(4x^2 + 8x - 18)$$

A. $4x^2 - 20x + 21$ ✓

B. $4x^2 - 20x - 21$

C. $4x^2 + 20x - 21$

D. $4x^2 + 20x + 21$

Q25 Mathematics

दिए गए व्यंजक को सरल करें।

$$(x^2 + xy + y^2)^2 - (x^2 - xy + y^2)^2$$

A. $4xy\,(x^2 + y^2)$ ✓

B. $2xy(x^2 + y^2)$

C. $4xy\,(x^2 - y^2)$

D. $2xy\,(x^2 - y^2)$

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

यदि निम्न समीकरण में '+' और '-' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, और साथ ही '×' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$28 \div 12 + 18 \times 6 + 4 = ?$

A. 229

B. 329 ✓

C. 429

D. 529

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'DUCAT' को 'GYHGA' और 'INDIA' को 'LRIOH' के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'CHAIR' को किस रूप में लिखा जाएगा?

A. FLFOY ✓


B. GMGPZ

C. GNGPZ

D. FLFPY

Q28 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई-चार्ट का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिया गया पाई-चार्ट चार महीनों में दिए गए आर्डर की संख्या दर्शाता है। इन चार महीनों में दिए गए आर्डर की कुल संख्या 90 है।



संदर्भ: [January-जनवरी, October-अक्टूबर, November-नवम्बर, December-दिसम्बर]
फरवरी में दिए गए आर्डर की संख्या, नवम्बर में दिए गए आर्डर की संख्या से 24 अधिक है। फरवरी में दिए गए आर्डर की संख्या कितनी है?

A. 40

B. 41

C. 42 ✓


D. 44

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

दिए गए लाइन-ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

निम्नांकित लाइन-ग्राफ कंपनी LMN द्वारा कुछ वर्षों के दौरान बेचे गए ट्रकों की संख्या (हजार में) को दर्शाता है।



2012, 2013, 2014 और 2015 में बेचे गए कुल ट्रकों की संख्या, और 2016, 2017, 2018 और 2020 में बेचे गए ट्रकों की संख्या का अनुपात कितना है?

A. 56 : 55 ✓


B. 50 : 51

C. 55 : 56

D. 51 : 50

Q30 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न वर्गों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



संदर्भ:

Doctor: डॉक्टर,

Nurses: नर्स,

India: भारत,

ऐसी कितनी नर्सें हैं जो भारत से हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं हैं?

A. 32 ✓

B. 24

C. 42

D. 28

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

यदि 'CLIPBOARD' शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षर समूह में कितने स्वर होंगे?

A. दो ✓

B. तीन

C. एक

D. चार

Q32 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई अक्षर शृंखला का अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) K L A P A P S T U D A Q R T S X B Y (दाएं)

उपरोक्त शृंखला में ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

A. 4

B. 3

C. 2 ✓

D. 6

Q33 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

144 ? 196 225 256

A. 169 ✓

B. 121

C. 196

D. 179

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

7 : 56 :: 5 : 30 :: 9 : ?

A. 81

B. 86

C. 90 ✓

D. 101

Q35 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

64 343 36 125 16 ?

A. 9

B. 27 ✓

C. 243

D. 8

Q36 General Intelligence and Reasoning

उत्तर की ओर मुख किए हुए लोगों की एक पंक्ति में, अनिल दाएं सिरे से पांचवें स्थान पर है। मोना दाएं सिरे से 13वें स्थान पर है। मोना, अनिल और ऋतु के ठीक बीच में है। यदि ऋतु पंक्ति के बाएं सिरे से 5वें स्थान पर है, तो पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?

A. 25 ✓

B. 22

C. 24

D. 21

Q37 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन-सा पद दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर उसे तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?
E12JZ, M16RH, U20ZP, C24HX, ?

A. K28PF ✓

B. K29FP

C. P28KF

D. P31FK

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 5 ^ 3 * 4 2 $ 7 5 % 9 @ & # 8 3 = 9 3 + 2 % 8 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

A. 0

B. 1 ✓

C. 2

D. 3

Q39 General Intelligence and Reasoning

सात विद्यार्थी - A, B, C, D, E, F और G एक वृताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है)। D, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, G के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। B, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, B के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।
निम्न में से कौन B और D दोनों के ठीक बगल में बैठा है?

A. F

B. G ✓

C. C

D. E

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हों, और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में कौन-से, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:

सभी पुल, सड़के हैं।

कुछ फुटपाथ, सड़के हैं।

कुछ फुटपाथ, ईंट हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ पुल, ईंट हैं।

II. कुछ सड़कें, पुल हैं।

III. कुछ फुटपाथ, पुल हैं।

A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

B. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं।

C. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं।

D. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

Q41 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'HOUSE' को 'FOSUC' लिखा जाता है, और 'RAHUL' को 'PAUHJ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'ABOVE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. ZCMXC

B. XCNMB

C. CDMXC

D. YBVOC ✓

Q42 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

ZCD : XAB :: MDV : KBT :: RNT : ?

A. PLR ✓

B. POT

C. QRU

D. PMR

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

एक शाम सूर्यास्त से ठीक पहले सोनल अपनी कोचिंग क्लास से लौट रही थी। वह चौराहे पर बस की प्रतीक्षा कर रही थी, जहां उसकी मुलाकात सामने से आ रही अपनी सहेली शालिनी से हुई। उस समय, शालिनी की परछाई सीधे सोनल पर पड़ रही थी। शालिनी का मुख किस दिशा में था?

A. उत्तर

B. दक्षिण

C. पूर्व ✓

D. पश्चिम

Q44 General Intelligence and Reasoning

आरुष उत्तर की ओर 9 m चलता है, फिर बाईं ओर मुड़ता है और 17 m चलता है। वह फिर बाईं ओर मुड़ता है और 9 m चलता है। अब उसका मुख किस दिशा की ओर है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. पश्चिम

B. पूर्व

C. दक्षिण ✓

D. उत्तर

Q45 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

L J + K − Y % T # U P

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक अक्षर है, और ठीक बाद भी एक अक्षर है?

A. 1

B. 2

C. 3

D. 4 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

एक पंक्ति में राहुल आगे से 16वें स्थान पर है और रेखा पीछे से 4थे स्थान पर है, और उनके बीच 5 व्यक्ति हैं। पंक्ति में कितने व्यक्ति हैं?

A. 18

B. 19

C. 25 ✓

D. 21

Q47 General Intelligence and Reasoning

छह दोस्तों A, B, C, D, E और F में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। B, E से लंबा है, लेकिन F से छोटा है। केवल एक व्यक्ति C से छोटा है। केवल तीन व्यक्ति A से लंबे हैं। E सबसे छोटा नहीं है। सभी दोस्तों में सबसे लंबा कौन है?

A. A

B. F ✓

C. D

D. B

Q48 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
सभी ताले, ब्लॉक हैं।
कुछ ब्लॉक, खिलौने हैं।
कुछ खिलौने, गुड़ियां हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ताले, खिलौने हैं।
(II) कुछ ब्लॉक, गुड़ियां हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q49 General Intelligence and Reasoning

नीचे दो कथन दिए गए हैं और उसके बाद विकल्पों में चार निष्कर्ष दिए गए हैं। बताएं कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथन के आधार पर सत्य है?

कथन: T < P < Q, N < M < S < T

A. P < M

B. Q < S

C. P < N

D. N < Q ✓

Q50 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है)
(289, 192, 95)
(375, 278, 181)

A. (420, 324, 227)

B. (421, 324, 227) ✓

C. (421, 322, 227)

D. (421, 324, 225)

Q51 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति दक्षिण की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। नेहा, शीलू के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठी है। नेहा और कीर्ति के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। राम, कीर्ति के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। कीर्ति और कुंती के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। आलम, कुंती के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति बैठे हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 12

B. 14

C. 16 ✓

D. 18

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र Q, R, S, T और U एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं।
U, Q और S के ठीक बगल में बैठा है। T, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर तथा R और S दोनों के ठीक बगल में बैठा है। R कहां बैठा है?

A. T के दाईं ओर ठीक बगल में

B. U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर

C. S के बाईं ओर तीसरे स्थान पर

D. U के बाईं ओर तीसरे स्थान पर ✓

Q53 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथन का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

कुछ कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने पर की गई कृत्रिम जमाखोरी के कारण पिछले 15 दिनों में दालों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं।

निष्कर्ष:

I. जमाखोरी ही एकमात्र कारण है, जिसके चलते दालों की कीमत में वृद्धि होती है।

II. पंद्रह दिन पहले, दालों की उपलब्धता में कोई कमी नहीं थी।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. न तो निष्कर्ष I और ना ही II पालन करता है। ✓

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q54 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 6452851 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बने सबसे बड़े और सबसे छोटे अंक का अंतर कितना होगा?

A. 6

B. 2

C. 4

D. 8 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$75.02 \div 16.89 \times 13.47 + 749.98 - 79.29 = ?$

A. 622

B. 532

C. 727 ✓

D. 795

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

30 cm फोकस दूरी वाला एक अवतल लेंस, इससे 60 cm दूरी पर रखी वस्तु का एक प्रतिबिंब निर्मित करता है। निर्मित प्रतिबिंब की स्थिति और प्रकृति क्या होगी?

A. 20 cm, वास्तविक और उल्टा

B. −20 cm, वास्तविक और उल्टा

C. −20 cm, आभासी और सीधा ✓

D. 20 cm, आभासी और सीधा

Q57 General Science

जूल के तापन प्रभाव (Joule's heating effect) के कारण उत्पन्न ऊष्मा H _____के अनुक्रमानुपाती होती है।

A. धारा के घन

B. धारा के वर्गमूल

C. धारा के घनमूल

D. धारा के वर्ग ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q58 General Science

धात्विक लक्षण/गुण का सही आरोही क्रम बताएं।

A. Ge < Ga < Sc < Ca ✓

B. Ge < As < Ga < Ca

C. Ge < Zn < Cu < As

D. Ga < Ge < Ca < Sc

Q59 General Science

कुछ पौधों के तनो से एक चिपचिपा पदार्थ उत्पन्न होता हैं जिसका उपयोग गोंद आसंजक बनाने में किया जाता है। पौधों के लिए इस गोंद का क्या उपयोग है?

A. यह कीट परागणकों को आकर्षित करता है।

B. यह चयापचय का एक अपशिष्ट उत्पाद है। ✓

C. इसका औषधीय महत्व है।

D. यह जल के परिवहन में मदद करता है।

Q60 General Science

जब लोहे की कीलें, कॉपर सल्फेट के विलयन के संपर्क में आती है, तो उनका रंग बदलकर _____ हो जाता है।

A. भूरा ✓

B. पीला

C. लाल

D. नीला

Q61 General Science

कोशिकीय श्वसन का पहला चरण, जिसमें छह-कार्बन अणु वाले ग्लूकोज का तीन-कार्बन अणु वाले पाइरूवेट में विघटन होता है, किस कोशिकांग में घटित होता है?

A. माइटोकॉन्ड्रिया

B. कोशिका द्रव्य ✓

C. लाइसोसोम

D. केंद्रक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

निषेचन के बाद, पुष्प के इन अंगों - पुंकेसर, वर्तिका, वर्तिकाग्र, दल और बाह्यदल का क्या होता है?

A. बाह्यदल के अलावा वे झड़ जाते हैं, जो कुछ पौधों में स्थाई हो सकता है ✓

B. अधिकांश पौधों में बाह्यदल के झड़ जाने के अलावा सभी स्थाई होते हैं

C. कुछ पौधों में दल और बाह्यदल के अलावा वर्तिकाग्र, वर्तिका, पुंकेसर झड़ जाते हैं

D. पुंकेसर, दल और वाह्यदल के अलावा वर्तिकाग्र, वर्तिका झड़ जाते हैं

Q63 General Science

इनमें से कौन सा, किसी परमाणु की संयोजकता के निर्धारण में निर्णायक भूमिका निभाता है?

A. K कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

B. L कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

C. सबसे आंतरिक कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

D. वाह्यतम कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या ✓

Q64 General Science

यदि दर्पण से परावर्तन के बाद बनने वाला प्रतिबिंब आभासी और अत्यधिक छोटा है, तो वस्तु की स्थिति और दर्पण का प्रकार बताइए।

A. अनंत और अवतल दर्पण

B. अनंत और उत्तल दर्पण ✓

C. वक्रता केंद्र और अवतल दर्पण

D. C और F के बीच और अवतल दर्पण

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

विद्युत मोटर में चुंबकीय क्षेत्र में कुंडली के घूर्णन की दिशा ज्ञात करने के लिए इनमें से किसका उपयोग किया जाता है?

A. दाएं हाथ के अंगूठे का नियम

B. बाएं हाथ के अंगूठे का नियम

C. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम ✓

D. फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम

Q66 General Science

यदि 5 ओम के एक प्रतिरोध से 6 amp की धारा प्रवाहित होती है, तो इसके साथ श्रेणीक्रम में संयोजित 10 ओम के एक अन्य प्रतिरोध से प्रवाहित धारा _____ होगी।

A. 12 amp

B. 3 amp

C. 6 amp ✓

D. 0 amp

Q67 General Science

निम्न में से कौन सा संधारणीय कृषि (sustainable agriculture) का लक्ष्य नहीं है?

A. आर्थिक मूल्य को अधिकतम करना

B. पर्यावरणीय स्वास्थ्य को अधिकतम करना

C. रसायनों के इनपुट को न्यूनतम करना

D. श्रम और प्रयास को न्यूनतम करना ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 General Science

10 cm व्यास का एक सिक्का, f फोकस दूरी वाले एक अवतल दर्पण के ध्रुव से 3.5f की दूरी पर रखा गया है। प्रतिबिंब का रैखिक आवर्धन और व्यास ज्ञात कीजिए।

A. क्रमशः $\frac{1}{5}$ और 2 cm

B. क्रमशः $\frac{2}{5}$ और 4 cm ✓

C. क्रमशः $\frac{3}{5}$ और 5 cm

D. क्रमशः $\frac{4}{5}$ और 8 cm

Q69 General Science

बेंजीन में मौजूद द्विक् आबंध की संख्या _____ होती है।

A. दो

B. तीन ✓

C. चार

D. छह

Q70 General Science

C. (27, 270, 5) ✓


D. (13, 273, 7)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



संदर्भ:

Paediatricians - शिशु-रोग विशेषज्ञ, Physicians - फिजीशियन, Orthopaedic Surgeons - आर्थोपेडिक सर्जन

ऐसे कितने व्यक्ति हैं, जो शिशु-रोग विशेषज्ञ हैं, और आर्थोपेडिक सर्जन भी हैं, लेकिन फिजीशियन नहीं हैं?

A. 36

B. 19

C. 11 ✓

D. 40

Q44 General Intelligence and Reasoning

पांच दोस्त, एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है। सृष्टि और ऋचा के बीच वाली मंजिल पर केवल मीरा रहती है। अंशुल, ऋचा के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है। चंदन पहली मंजिल पर रहता है। सृष्टि के ऊपर वाली मंजिल पर कोई नहीं रहता है। दूसरी मंजिल पर कौन रहता/रहती है?

A. मीरा

B. ऋचा

C. अंशुल ✓


D. सृष्टि

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दिया गया पाई चार्ट चार ब्रांडों (A, B, X और Y) की कुल निर्मित कुर्सियों की संख्या को दर्शाता है । चारों ब्रांडों को मिलाकर कुल निर्मित कुर्सियों की संख्या 200 है।



ब्रांड A की कुर्सियों की कुल उत्पादन लागत ₹14,400 थी। ब्रांड A की एक कुर्सी की उत्पादन लागत कितनी थी?

A. ₹150

B. ₹220

C. ₹240

D. ₹200 ✓

Q46 General Intelligence and Reasoning

शब्द INTERNATIONAL में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं से) ऐसे कितने अक्षर युग्म हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में मौजूद हैं?

A. 7

B. 6 ✓

C. 5

D. 4

Q47 General Intelligence and Reasoning

मित्रों का एक समूह, एक साथ उत्तर की ओर मुख करके बैठकर एक गेम खेल रहे हैं। रेहाना, अर्जुन के बाईं ओर बैठी है; और अर्जुन, सोमिल के ठीक सामने बैठा है। यदि अर्जुन, सोमिल के साथ अपने स्थान की अदला-बदली कर लेता है, तो रेहाना अब अर्जुन से किस दिशा में बैठी है?

A. उत्तर

B. उत्तर-पूर्व

C. उत्तर-पश्चिम ✓

D. दक्षिण-पश्चिम

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(11, 117, 2)
(9, 56, 5)

A. (7, 46, 1)

B. (10, 98, 2)

C. (13, 169, 2)

D. (12, 108, 6) ✓

Q49 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'BFKMT' को 'CHNQY' लिखा जाता है, और 'XUAFL' को 'YWDJQ' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'GESIO' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. HFUJQ

B. HGVOT

C. HGUMT

D. HGVMT ✓

Q50 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) B & Z $ 6 N M @ 4 X & 7 L # 3 T Z * 5 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके के ठीक पहले एक अक्षर है, और ठीक बाद एक संख्या भी है?

A. दो

B. तीन

C. चार

D. पांच ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 5, 8, 2, 3, 4, 1, 7 और 6 को क्रमशः P, W, D, L, X, T, A और G के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।

यदि संख्या-समूह के अंतिम दो अंक विषम हैं, तो पहले और अंतिम अंकों को Q के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

यदि संख्या-समूह के अंतिम दो अंक सम हैं, तो पहले और अंतिम अंकों को L के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

उसी कूट भाषा में, '231578' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. LLTPAL

B. DLTPAL

C. LLTPAW

D. DLTPAW ✓

Q52 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, पांच-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 72238 83745 52227 72253 63776 (दाएं)
(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर करनी होंगी)
यदि प्रत्येक संख्या के पहले अंक में से 1 घटा दिया जाए, तो कितनी संख्याओं का पहला अंक 3 से पूर्णतः विभाज्य होगा?

A. दो ✓

B. तीन

C. चार

D. पांच

Q53 General Intelligence and Reasoning

टीना, मोनू, ललित, रेखा, गरिमा और सुमन - छह दोस्तों वाले समूह में, प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। ललित की लंबाई गरिमा और रेखा से कम है, लेकिन मोनू से अधिक है। सुमन की लंबाई केवल टीना से कम है। सभी छह दोस्तों में किसकी लंबाई सबसे कम है?

A. गरिमा

B. सुमन

C. मोनू ✓

D. ललित

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

पांच दोस्त, एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है। नमिता, ऊपर से दूसरी मंजिल पर रहती है। संजना, आनंद और ऋतु की मंजिलों के बीच की किसी एक मंजिल पर रहती है। अवधेश, नमिता के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। ऋतु सबसे नीचे वाली मंजिल पर रहती है। ऊपर से चौथी मंजिल पर कौन रहता/रहती है?

A. संजना ✓

B. नमिता

C. आनंद

D. अवधेश

Q55 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्र हिबा, सुहानी, प्रीतम, अहमद और रोजी एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। रोजी, प्रीतम के दाईं ओर दूसरे स्थान पर तथा सुहानी और अहमद दोनों के ठीक बगल में बैठी है। यदि अहमद, प्रीतम के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, तो हिबा कहां बैठी है?

A. सुहानी के बाईं ओर तीसरे स्थान पर

B. सुहानी के बाईं ओर ठीक बगल में

C. सुहानी के बाईं ओर दूसरे स्थान पर ✓

D. सुहानी के दाईं ओर दूसरे स्थान पर

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

एक विद्युत परिपथ में, पांच एक-समान बल्ब एक दूसरे के साथ समानांतर क्रम में 20 V (नगण्य आंतरिक प्रतिरोध) की बैटरी के साथ संयोजित हैं। जब सभी पांच बल्ब चमकते हैं, तो 5 A की धारा दर्ज की जाती है। तब परिपथ में क्षय शक्ति और प्रत्येक बल्ब का प्रतिरोध क्रमशः _____ और _____ है।

A. 31.25 W, 1.25 Ω ✓

B. 56.25 W, 2.25 Ω

C. 38.75 W, 1.55 Ω

D. 46.25 W, 1.85 Ω

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Science

दी गई अभिक्रिया के लिए सही संतुलित रासायनिक समीकरण का चयन करें।

जिंक + सिल्वर नाइट्रेट → जिंक नाइट्रेट + सिल्वर

A. $Zn(s) + AgNO_3(aq) \rightarrow ZnNO_3(aq) + Ag(s)$

B. $2Zn(s) + AgNO_3(aq) \rightarrow 2ZnNO_3(aq) + Ag(s)$

C. $Zn(s) + 2AgNO_3(aq) \rightarrow Zn(NO_3)_2(aq) + 2Ag(s)$ ✓

D. $2Zn(s) + AgNO_3(aq) \rightarrow ZnNO_3(aq) + Ag(s)$

Q58 General Science

अपशिष्ट के उत्पादन को कम करने का सर्वाधिक प्रभावी समाधान क्या है?

A. पुन: उपयोग (Reuse)

B. कम्पोस्टिंग (Composting)

C. मनाही (Refuse)

D. दहन (Combustion)

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q59 General Science

मेंडल के प्रयोगों में, पीले रंग के बीज वाले मटर के पौधों का संकरण, हरे रंग के बीज वाले मटर के पौधों के साथ कराने पर मटर के ऐसे पौधे प्राप्त हुए, जिनमें से सभी के बीज पीले रंग के थे। यदि इन पौधों का स्व-परागण कराया जाता, और उनसे 500 मटर एकत्र किए जाते, तो उनमें से कितने हरे रंग के होते?

A. लगभग 110 ✓

B. लगभग 220

C. लगभग 330

D. लगभग 440

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 General Science

निम्न में से कौन-सी रासायनिक अभिक्रियाएं संयोजन अभिक्रिया का उदाहरण हैं?

i. $3Fe(s) + 4H_2O(g) \rightarrow Fe_3O_4(s) + 4H_2(g)$

ii. $CO(g) + 2H_2(g) \rightarrow CH_3OH(l)$

iii. $2Mg(s) + O_2(g) \rightarrow 2MgO(s)$

iv. $Zn(s) + 2AgNO_3(aq) \rightarrow Zn(NO_3)_2(aq) + 2Ag(s)$

A. i और ii

B. ii और iii ✓

C. i और iv

D. iii और iv

Q61 General Science

प्रति सेकेंड 200 जूल ऊष्मा उत्पन्न होने पर, 2 ओम के एक प्रतिरोध के टर्मिनलों के बीच विभवांतर _____होगा।

A. 10 वोल्ट

B. 20 वोल्ट ✓

C. 40 वोल्ट

D. 80 वोल्ट

Q62 General Science

रात्रि में तारे, _____ के कारण टिमटिमाते हुए दिखाई देते हैं।

A. वायुमंडलीय वर्ण-विक्षेपण

B. तारों के प्रकाश के वायुमंडलीय प्रकीर्णन

C. तारों के प्रकाश के वायुमंडलीय अपवर्तन ✓

D. तारों के प्रकाश के वायुमंडलीय परावर्तन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Science

पादपों की पत्तियों पर पाए जाने वाले सूक्ष्म छिद्रों (pores) का नाम बताएं।

A. रक्षक कोशिकाएं (Guard cells)

B. रंध्र (Stomata) ✓

C. हरित लवक (Chloroplasts)

D. वातरंध्र (Lenticels)

Q64 General Science

मान लीजिए कि राम फोकस दूरी (f) वाले अवतल दर्पण के सामने विभिन्न दूरियों (u) पर एक गेंद रखता है, और संगत प्रतिबिंब दूरियों (v) को मापता है। u और v के मानों का उपयोग करके, राम ने 1/v और 1/u के बीच ग्राफ खींचा। ग्राफ से, राम ने पाया कि x और y अंतःखंड क्रमशः 0.1 cm और 0.11 cm हैं। दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।

A. 9.55 cm ✓

B. 11.25 cm

C. 8.5 cm

D. 12.65 cm

Q65 General Science

पूर्व दिशा में धारा प्रवाहित करने वाले सीधे धारावाही चालक द्वारा उत्पन्न चुंबकीय क्षेत्र की दिशा _____ दिशा के अनुदिश होती है।

A. उत्तर

B. पश्चिम

C. दक्षिण ✓

D. पूर्व

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Science

रक्त समूह A वाले एक पुरुष का विवाह, रक्त समूह B वाली एक महिला से हुआ, जिनका एक बच्चा है, जिसका रक्त समूह AB है। आनुवंशिकी के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है?

A. रक्त समूह A का जीन प्रभावी है, और रक्त समूह B का जीन अप्रभावी है।

B. रक्त समूह B का जीन प्रभावी है, और रक्त समूह A का जीन अप्रभावी है।

C. रक्त समूह A का जीन और रक्त समूह B का जीन दोनों प्रभावी हैं। ✓

D. रक्त समूह A का जीन और रक्त समूह B का जीन दोनों अप्रभावी हैं।

Q67 General Science

पादप, _____ प्रक्रिया के माध्यम से अतिरिक्त जल मुक्त करते हैं।

A. वाष्पीकरण

B. परिवहन

C. स्थानांतरण

D. वाष्पोत्सर्जन ✓

Q68 General Science

क्लोरीन की किस पदार्थ के साथ अभिक्रिया के फलस्वरूप विरंजक चूर्ण (Bleaching powder) बनता है?

A. कॉस्टिक सोडा

B. बुझा चूना ✓

C. बिना बुझा चूना

D. सोडियम क्लोराइड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

तांबे के तारों से बनी एक वर्गाकार कुंडली किसी चुंबकीय क्षेत्र में घूर्णन कर रही है। तब कुंडली में प्रेरित धारा की दिशा, _____ में एक बार बदलेगी।

A. कुंडली के प्रत्येक एक-चौथाई परिक्रमण

B. कुंडली के प्रत्येक 1/8वें परिक्रमण

C. कुंडली के प्रत्येक आधे परिक्रमण ✓

D. कुंडली के प्रत्येक 1/6वें परिक्रमण

Q70 General Science

आधुनिक आवर्त सारणी में, फॉस्फोरस को _____ में रखा गया है।

A. 15वें समूह और दूसरे आवर्त

B. 15वें समूह और तीसरे आवर्त ✓

C. 14वें समूह और दूसरे आवर्त

D. 14वें समूह और तीसरे आवर्त

Q71 General Science

निम्नलिखित अभिक्रिया में अपचयित पदार्थ की पहचान कीजिए।

$ZnO + C \rightarrow Zn + CO$

A. C

B. ZnO ✓

C. Zn

D. O

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Science

_____, चालक के टर्मिनलों के बीच विभवांतर बनाए रखने में मददगार है।

A. प्लग कुंजी

B. बैटरी ✓

C. प्रतिरोध

D. वोल्टमीटर

Q73 General Science

मैग्नीशियम रिबन को वायु की उपस्थिति में जलाने पर इनमें से कौन सा उत्पाद बनता है?

A. मैग्नीशियम ऑक्साइड का सफेद चूर्ण ✓

B. मैग्नीशियम ऑक्साइड का नीला चूर्ण

C. मैग्नीशियम डाईऑक्साइड का सफेद चूर्ण

D. मैग्नीशियम कार्बोनेट का सफेद चूर्ण

Q74 General Science

एक 3 cm ऊंची वस्तु को 20 cm की फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस के सामने 30 cm की दूरी पर रखा जाता है। प्रतिबिंब की ऊंचाई कितनी होगी?

A. 4 cm

B. 6 cm ✓

C. 8 cm

D. 10 cm

Q75 General Science

हमारी भोजन संबंधी आदतों में होने वाला इनमें से कौन सा परिवर्तन, हमारे पर्यावरण को सर्वाधिक प्रभावित करेगा?

A. अपना भोजन स्वयं उगाना

B. मांस एवं पशुजनित उत्पादों का त्याग करना ✓

C. भोजन की बर्बादी को रोकना

D. संसाधित भोजन से परहेज करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 General Science

जब कॉपर ऑक्साइड को तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल में मिलाया जाता है, तो ____ के निर्माण के कारण अम्ल का रंग नीला-हरा हो जाता है।

A. कॉपर (II) क्लोराइड ✓

B. हाइड्रोजन गैस

C. जल

D. कॉपर (I) क्लोराइड

Q77 General Science

डॉबेराइनर ने अपनी तत्वों की वर्गीकरण प्रणाली में कितने त्रिकों की पहचान की थी?

A. पांच

B. छह

C. चार

D. तीन ✓

Q78 General Science

श्वसन के दौरान निम्न में से कौन से, तीन-कार्बन वाले अणु बनते हैं?

A. एथेनॉल और लैक्टिक अम्ल

B. लैक्टिक अम्ल और पाइरूवेट ✓

C. पाइरूवेट और एथेनॉल

D. एथेनॉल और मैलिक अम्ल

Q79 General Science

यदि वायु के बुलबुलों को एक पात्र में लिए गए चूने के पानी से होकर गुजारा जाता है, तो क्या होगा?

A. विलयन में फोम और झाग निकलेगा

B. कैल्शियम कार्बोनेट के अघुलनशील निलंबन के कारण विलयन दूधिया हो जाएगा ✓

C. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया के कारण तापमान में वृद्धि होगी

D. चूने के साथ अभिक्रिया करते ही विलयन तुरंत लाल हो जाएगा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q80 General Science

आयरलैंड की लेविथान दूरबीन (Leviathan telescope) में 3.0 m फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण का उपयोग किया गया है। यदि इससे 4.0 m की दूरी पर, किसी वस्तु का 80 cm ऊंचा प्रतिबिंब बनता है, तो वस्तु की ऊंचाई, वस्तु की दूरी और आवर्धन ज्ञात कीजिए (वस्तु को दर्पण के सामने रखा गया है)।

A. क्रमशः 1.2 m, 12 m और $\frac{1}{3}$

B. क्रमशः 2.4 m, 12 m और $\frac{1}{3}$ ✓

C. क्रमशः 2.4 m, 12 m और $\frac{1}{2}$

D. क्रमशः 2.4 m, 6 m और $\frac{1}{3}$

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस दिन राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का 17वां स्थापना दिवस मनाया गया था?

A. 1 मार्च 2022 ✓

B. 2 मार्च 2022

C. 3 मार्च 2022

D. 4 मार्च 2022

Q82 General Awareness and Current Affairs

भारत में पाई जाने वाली निम्न में से किस प्रकार की मृदाएं देश के कुल क्षेत्रफल के लगभग 40 प्रतिशत भाग में मौजूद हैं?

A. जलोढ़ मृदाएं ✓

B. काली मृदाएं

C. लाल और पीली मृदाएं

D. लैटेराइट मृदाएं

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q83 General Awareness and Current Affairs

2021 में बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर अवार्ड का तीसरा संस्करण किसने जीता?

A. मीराबाई चानू ✓

B. राधा यादव

C. पी.वी. सिंधु

D. साइना नेहवाल

Q84 General Awareness and Current Affairs

जनजातीय उप योजना के अंतर्गत विभाग की उस सहायता अनुदान योजना का नाम क्या है, जिसका उद्देश्य सतत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (S & T) गतिविधियों/अनुप्रयोग के आधार पर अनुसूचित जनजातियों की जीवनयापन स्थितियों में सुधार करना और उन्हें सशक्त बनाना है?

A. जनजातीय सशक्तीकरण के लिए प्रौद्योगिकी भागीदारी (TITE) [Technological Involvements for Tribal Empowerment (TITE)]

B. जनजातीय सशक्तीकरण के लिए तकनीकी मध्यवर्तन (TITE) [Technical Interventions for Tribal Empowerment (TITE)]

C. जनजातीय सक्षमता के लिए प्रौद्योगिकी मध्यवर्तन (TITE) [Technological Interventions for Tribal Enablement (TITE)]

D. जनजातीय सशक्तीकरण के लिए प्रौद्योगिकी मध्यवर्तन (TITE) [Technological Interventions for Tribal Empowerment (TITE)] ✓

Q85 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किस वर्ष भारतीय संविधान में अनुच्छेद 21-क जोड़ा गया था, जो छह से चौदह वर्ष की उम्र के सभी बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने के मूल अधिकार से संबंधित है?

A. 2001

B. 2002 ✓

C. 2003

D. 2004

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q86 General Awareness and Current Affairs

उस सही कथन-समूह का चयन कीजिए, जो भारत सरकार के अनुसार 'भारत की शास्त्रीय भाषा' होने संबंधी मानदंडों का समर्थन करता है।

उस भाषा के गुणों में निम्नलिखित गुण शामिल होने चाहिए:

A) उसके प्रारंभिक ग्रंथों/अभिलिखित इतिहास की अधिक प्राचीनता, जो 1500-2000 वर्ष से अधिक प्राचीन हो।

B) उसके प्राचीन साहित्य/ग्रंथों का एक निकाय हो, जिसे वह भाषा बोलने वाले लोगों की पीढ़ियों द्वारा मूल्यवान विरासत माना जाता हो।

C) उसकी साहित्यिक परंपरा में मौलिकता हो, जो किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं ली गई हो

D) जिसके बोलने वालों की संख्या कम से कम बीस लाख हो

A. B, C और D

B. A, B और C ✓

C. A, C और D

D. A, B और D

Q87 General Awareness and Current Affairs

भारत सरकार की 'समग्र शिक्षा योजना', जो स्कूली शिक्षा के लिए एक एकीकृत योजना है, को निम्नलिखित में से किस अवधि के लिए जारी रखा गया है?

A. 2019-20 से 2024-25

B. 2020-21 से 2025-26

C. 2021-22 से 2025-26 ✓

D. 2022-23 से 2026-27

Q88 General Awareness and Current Affairs

लागत (cost) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा SMC का पूर्ण रूप है?

A. Short run Marginal Cost (शॉर्ट रन मार्जिनल कॉस्ट) ✓

B. Special Marginal Cost (स्पेशल मार्जिनल कॉस्ट)

C. Silent Marginal Cost (साइलेंट मार्जिनल कॉस्ट)

D. Subjective Marginal Cost (सब्जेक्टिव मार्जिनल कॉस्ट)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q89 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन सा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा मेला है?

A. रास मेला (Rass Mela)

B. जयदेव केंदुली मेला (Joydeb Kenduli Mela)

C. रामकेली मेला, मालदा

D. गंगासागर मेला ✓

Q90 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान के 73वें और 74वें संशोधनों में _____ स्थानीय निकायों के चुनावों का प्रावधान है।

A. हर वर्ष

B. हर पांच वर्ष के बाद ✓

C. हर तीन वर्ष के बाद

D. हर दो वर्ष के बाद

Q91 General Awareness and Current Affairs

एयू (AU) स्मॉल फाइनेंस बैंक की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

A. 2005

B. 1996

C. 2012

D. 2000

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q92 General Awareness and Current Affairs

1857 के विद्रोह के दौरान, निम्न में से किस जाट नेता ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए उत्तर प्रदेश में परगना बड़ौत (Baraut) और उसके आसपास के मुखियाओं और किसानों को लामबंद किया था?

A. मौलवी अहमदुल्लाह शाह

B. मौलवी लियाकत अली

C. गजाधर सिंह

D. शाहमल ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q93 General Awareness and Current Affairs

_____ एक समष्टि-अर्थशास्त्रीय (macroeconomic) शब्द है, जो आय के उस अनुपात को संदर्भित करता है, जो वर्तमान वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च किए जाने के बजाय बचाया जाता है।

A. सीमांत बचत प्रवृत्ति

B. औसत उपभोग प्रवृत्ति

C. औसत बचत प्रवृत्ति ✓

D. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति

Q94 General Awareness and Current Affairs

मार्च 2022 में, किस राज्य के नरसिंगपेट्टई नागस्वरम (Narasingapettai Nagaswaram) को भौगोलिक संकेत टैग प्राप्त हुआ है?

A. हरियाणा

B. केरल

C. पंजाब

D. तमिलनाडु ✓

Q95 General Awareness and Current Affairs

गौतम बुद्ध का संबंध निम्नलिखित में से किस गण से था?

A. मल्ला

B. लिच्छवि

C. मोरिया

D. शाक्य ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q96 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा क्रिकेट से संबंधित **नहीं** है?

A. रणजी ट्रॉफी

B. विजय हजारे ट्रॉफी

C. देवधर ट्रॉफी

D. डूरंड कप ✓

Q97 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान में _____ को संघीय कार्यपालिका का हिस्सा नहीं माना गया है।

A. भारत के राष्ट्रपति

B. भारत के प्रधान मंत्री और उनकी मंत्रिपरिषद

C. राज्य के महाधिवक्ता ✓

D. उप-राष्ट्रपति

Q98 General Awareness and Current Affairs

बारहवीं पंचवर्षीय योजना इनमें से किस वर्ष समाप्त हुई?

A. 2016

B. 2017 ✓

C. 2018

D. 2019

Q99 General Awareness and Current Affairs

'सतत भविष्य के लिए एस एंड टी में एकीकृत दृष्टिकोण (Integrated approach in S&T for Sustainable Future)' निम्नलिखित में से किसकी विषय-वस्तु (theme) है?

A. राष्ट्रीय अभियंता दिवस 2022

B. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2022 ✓

C. राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 2022

D. राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2022

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q100 General Awareness and Current Affairs

भारत में सर्वाधिक फैले हुए वन किस प्रकार के हैं?

A. पर्वतीय वन

B. उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन

C. मैंग्रोव वन

D. उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन ✓

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Mathematics

दो क्रमागत सम संख्याओं का योग 842 है। छोटी संख्या ज्ञात करें।

A. 421

B. 422

C. 420 ✓

D. 423

Q2 Mathematics

एक टंकी की तली में मौजूद एक छिद्र से पानी रिसता है। एक नल, उस टंकी को 3 घंटे में भर सकता है, और तली में मौजूद छिद्र उस पूरी भरी टंकी को 5 घंटे में खाली कर सकता है। यदि नल और छिद्र दोनों एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो खाली टंकी को पूरा भरने में कुल कितना समय लगेगा?

A. 7.5 घंटे ✓

B. 7 घंटे

C. 8.5 घंटे

D. 6.5 घंटे

Q3 Mathematics

नीचे 900 व्यक्तियों का संचयी आवृत्ति बंटन ('से कम' प्रकार) दिया गया है, जहां प्रत्येक की आयु 30 वर्ष और उससे अधिक है। बहुलक आयु (modal age) (वर्ष में) ज्ञात कीजिए (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)।

इससे कम आयु (वर्ष में)	40	50	60	70	80
व्यक्तियों की संख्या	120	250	650	850	900

A. 54.5

B. 54.8

C. 55.2

D. 55.7 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$x^2 + 3x + 12 - 2(x^3 - x + 4)$

A. $4 + 5x - x^2 - 2x^3$

B. $4 + 5x + x^2 + 2x^3$

C. $4 + 5x + x^2 - 2x^3$ ✓

D. $4 - 5x + x^2 - 2x^3$

Q5 Mathematics

$1.\bar{2}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त कीजिए, जहां p और q पूर्णांक हैं, और $q \neq 0$ है।

A. $\frac{10}{9}$

B. $\frac{11}{9}$ ✓

C. $\frac{4}{3}$

D. $\frac{13}{9}$

Q6 Mathematics

एक व्यापारी 25% लाभ पर चावल बेचने का दावा करता है, किंतु वह बेईमानीपूर्वक ऐसा बाट प्रयोग करता है, जो उस पर अंकित वजन से 15% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित कुल प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित कीजिए।)

A. 57%

B. 50%

C. 49%

D. 47% ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

राजू की बहन की आयु, राजू से 6 वर्ष अधिक है। यदि उसकी बहन की आयु 38 वर्ष है, तो राजू की आयु ज्ञात कीजिए।

A. 28 वर्ष

B. 23 वर्ष

C. 32 वर्ष ✓

D. 30 वर्ष

Q8 Mathematics

यदि p और q, समीकरण $x^2 + 4x - 21 = 0$ के मूल हैं, और $p < q$ है, तो x के पदों में वह द्विघात समीकरण ज्ञात कीजिए, जिसके मूल $(p - 1)$ और $(q + 1)$ होंगे।

A. $x^2 + 4x + 32 = 0$

B. $x^2 + 4x - 32 = 0$ ✓

C. $x^2 + 6x + 16 = 0$

D. $x^2 + 6x - 16 = 0$

Q9 Mathematics

एक लंब वृत्तीय बेलन की ऊंचाई 23 cm और आधार की परिधि 77 cm है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना होगा?

A. 1771 cm^2 ✓

B. 1823 cm^2

C. 1979 cm^2

D. 2014 cm^2

Q10 Mathematics

वस्तु X को 10% की हानि पर, और वस्तु Y को 15% के लाभ पर बेचने पर, एक व्यक्ति को ₹7 का लाभ होता है। यदि उसने वस्तु X को 12% के लाभ पर, और वस्तु Y को 5% के लाभ पर बेचा होता, तो उसे ₹10 का लाभ हुआ होता। X और Y के मूल क्रय-मूल्यों का योग (₹ में) कितना है?

A. 120

B. 125

C. 130 ✓

D. 140

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

यदि एक समांतर चतुर्भुज ABCD में, E और F विकर्ण AC पर इस प्रकार स्थित बिंदु हैं, कि $\overline{AE} = \overline{FC}$ है, तो चतुर्भुज BEDF निम्नलिखित में से क्या होगा?

A. वर्ग

B. समलंब, लेकिन समांतर चतुर्भुज नहीं

C. समांतर चतुर्भुज ✓

D. आयत

Q12 Mathematics

एक 1.75 m लंबे व्यक्ति की छाया की लंबाई 2 m है। उसी समय पर, एक लैंप-पोस्ट की छाया की लंबाई 6.4 m है। लैंप-पोस्ट की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

A. 5.6 m ✓

B. 5.7 m

C. 5.8 m

D. 5.9 m

Q13 Mathematics

क्रमशः 3 cm, 4 cm और 5 cm त्रिज्याओं वाले तीन धात्विक गोलों को पिघलाकर एक गोला बनाया गया है, इस नए गोले का आयतन कितना होगा? [$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए]

A. $905\frac{1}{7}$ cm^3 ✓

B. $825\frac{2}{7}$ cm^3

C. $675\frac{3}{7}$ cm^3

D. $345\frac{5}{7}$ cm^3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

₹100 में 100 अंडे खरीदे गए। परिवहन के दौरान, 12 अंडे टूट गए। व्यापारी ने शेष अंडे ₹1.20 प्रति अंडे की दर से बेचे। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

A. ₹7.60

B. ₹17.60

C. ₹15.60

D. ₹5.60 ✓

Q15 Mathematics

निम्न आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

2, 6, 5, 2, 4, 9, 6, 2, 6, 4, 10, 12, 6, 3, 4, 9

A. 4.5

B. 6

C. 5

D. 5.5 ✓

Q16 Mathematics

अजीम ने एक निश्चित राशि उधार ली, जो 12.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 36 माह में ₹19,800 हो गई। उधार ली गई राशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹12,800

B. ₹14,400 ✓

C. ₹13,600

D. ₹9,600

Q17 Mathematics

यदि a और b समीकरण $x^2 - 5x - 6 = 0$, के मूल हैं, तो $(a - b)^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 25

B. 49 ✓

C. 24

D. 18

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Mathematics

समान लंबाई की दो रेलगाड़ियां 36 km/h और 26 km/h की चाल से समानांतर पटरियों पर समान दिशा में चल रही हैं। तेज रेलगाड़ी, धीमी रेलगाड़ी को 18 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

A. 75 मीटर

B. 70 मीटर

C. 50 मीटर

D. 25 मीटर ✓

Q19 Mathematics

जब किसी संख्या को 15 से विभाजित किया जाता है, तो शेषफल 3 प्राप्त होता है। यदि उसी संख्या को 17 से विभाजित किया जाता है, तो शेषफल 11 प्राप्त होता है। नीचे दिए गए विकल्पों में से वह संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 183

B. 185

C. 190

D. 198 ✓

Q20 Mathematics

निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$0.\overline{1} + 0.\overline{5}$

A. $\frac{1}{90}$

B. $\frac{2}{3}$ ✓

C. $\frac{4}{9}$

D. $\frac{1}{9}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$$\frac{\sqrt{2187} \times \sqrt{432}}{\sqrt{324}}$$

A. 42

B. 48

C. 54 ✓

D. 56

Q22 Mathematics

यदि α एक न्यून कोण है, और $\tan^2\alpha - \sec\alpha = 19$ है, तो $\cos\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{2}{3}$

B. $\frac{1}{5}$ ✓

C. $\frac{1}{4}$

D. $\frac{1}{2}$

Q23 Mathematics

अनुपात $722 : 1083$ को सरलतम रूप में व्यक्त कीजिए।

A. $3 : 2$

B. $2 : 3$ ✓

C. $1 : 3$

D. $3 : 5$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Mathematics

2020 में किसी शहर की जनसंख्या में 10% की वृद्धि हुई, और फिर 2021 में 8% की कमी हुई। 2020 के आरंभ में इसकी जनसंख्या के सापेक्ष, 2021 के अंत में शहर की जनसंख्या में हुआ प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

A. 0.9% की कमी

B. 0.9% की वृद्धि

C. 1.2% की कमी

D. 1.2% की वृद्धि ✓

Q25 Mathematics

दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का गुणनफल 270 है। यदि एक संख्या 18 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 15 ✓

B. 30

C. 20

D. 27

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

राहुल, उत्तर की ओर 80 km ड्राइव करता है, और फिर वह पश्चिम की ओर मुड़ता है, और 100 km ड्राइव करता है। उसके बाद, वह दक्षिण की ओर मुड़ता है, और 80 km ड्राइव करता है, और अंत में, वह पूर्व की ओर मुड़ता है और 120 km ड्राइव करता है। उसका अंतिम बिंदु, आरंभ बिंदु से कितनी दूरी पर है?

A. 80 km

B. 50 km

C. 140 km


D. 20 km ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 General Intelligence and Reasoning

दिए गए वेन-आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें, और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। विभिन्न भागों में दी गई संख्याएं, उन व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं, जो एक निश्चित प्रकार का नाश्ता करते हैं।



(संदर्भ: Cornflakes - कार्नफ्लेक्स; Eggs - अंडे; Buttered toast - बटर टोस्ट)

ऐसे कितने व्यक्ति हैं, जो कार्नफ्लेक्स और बटर टोस्ट दोनों खाते हैं?

A. 341

B. 52

C. 100

D. 152 ✓

Q28 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और छठे पद का पांचवे पद से है।

12 : 20 :: 30 : ? :: 56 : 72

A. 44

B. 42 ✓

C. 45

D. 41

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित तालिका का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

	निम्न द्वारा तय की गई दूरी(km में)	
	रेलगाड़ी A	रेलगाड़ी B
दिन 1	362	480
दिन 2	282	596
दिन 3	421	640

रेलगाड़ी A द्वारा इन तीन दिनों में तय की गई औसत दूरी (km में) कितनी थी?

A. 336

B. 345

C. 356

D. 355 ✓

Q30 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है।

E के नीचे केवल एक व्यक्ति रहता है। A सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है। A और C के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। C, A के नीचे रहता है। D, B के ठीक ऊपर रहता है। A के ठीक ऊपर कौन रहता है?

A. F ✓

B. D

C. E

D. B

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।
(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
(24, 42)
(36, 63)

A. 48, 96
B. 36, 91
C. 40, 82
D. 52, 91 ✓

Q32 General Intelligence and Reasoning

छह मित्र, A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। C, A और E के ठीक बगल में बैठा है। F, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर और A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। यदि B, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, तो D कहां बैठा है?

A. A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर ✓
B. B के बाईं ओर दूसरे स्थान पर
C. C के दाईं ओर चौथे स्थान पर
D. E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर

Q33 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अनुक्रम में ऐसे कितने 6 हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले 3 नहीं है, लेकिन ठीक बाद 3 है?

8 6 3 6 4 8 6 8 1 8 6 3 6 5 4 8 6 2 4 3 6 8 6 9 8 8 6 4 6 9

A. पांच
B. चार
C. दो ✓
D. छह

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

यदि शब्द 'NOTED' के सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. शून्य ✓

B. तीन

C. चार

D. पांच

Q35 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

8 ? 4 6 12 30

A. 6

B. 2

C. 4 ✓

D. 8

Q36 General Intelligence and Reasoning

दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित अक्षरांकिक शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर तार्किक रूप से शृंखला को पूर्ण करेगा।

O5U, L7S, I10Q, F14O, ?

A. D19N

B. D20N

C. C20N

D. C19M ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन करें, जो समान तर्क का पालन करता है।

YVQ : TQL
WKG : RFB

A. QHK : JSP
B. DUR : APM
C. SIY : NDT ✓
D. FHL : CIU

Q38 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 25731640 के सभी अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. एक ✓
B. शून्य
C. तीन
D. दो

Q39 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से, तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. कुछ पनीर, कस्टर्ड हैं।

2. सभी दूध, पनीर हैं।

3. कुछ दही, पनीर हैं।

निष्कर्ष:

I-सभी पनीर, दूध हैं।

II-कुछ कस्टर्ड, पनीर हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓
C. निष्कर्ष I और II, दोनों पालन करते हैं।
D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और तय कीजिए कि कौन से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन : B < D, C = E, F > D, E < G, K = G, C < F

निष्कर्ष:

1. G > C

2. G < C

A. केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष 1 और 2 पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।

Q41 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। F, C और A दोनों के ठीक बगल में बैठा है। C, B के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, C के ठीक बगल में नहीं बैठा है। E के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. D

B. C

C. A

D. B ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए, और दिए गए विकल्पों में से उचित उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:

केरल में टमाटर की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी, क्योंकि दूसरे राज्यों से टमाटर लाने वाले कई ट्रकों को सीमा पर रोक दिया गया है।

तर्क:

I. केरल में टमाटर ज्यादातर बाहर से लाए जाते हैं।

II. केरल में उगाए जाने वाले टमाटरों की मात्रा, राज्य में मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होती है।

A. तर्क I कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क II कथन का समर्थन करता है।

B. तर्क II कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क I कथन का समर्थन करता है।

C. तर्क I और II दोनों कथन का समर्थन नहीं करते हैं।

D. तर्क I और II दोनों कथन का समर्थन करते हैं। ✓

Q43 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'SMART' को 'VKDPW' और 'FRAUD' को 'IPDSG' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PURGE' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. SSUEH ✓

B. QTSFF

C. RWTIG

D. RSTEG

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। E के दाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। B के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D, B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B और F के मध्य केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D और C के मध्य केवल आठ व्यक्ति बैठे हैं। E, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 16

B. 22

C. 17 ✓

D. 21

Q45 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या/ प्रतीक	/	#	9	7	@	%	>	2	!	?	6	4	<	=
कूट	D	F	T	J	N	G	E	X	V	W	K	U	P	Z

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक संख्या है, और अंतिम घटक एक प्रतीक है, तो इन दोनों के कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है, और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को Ø के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(iii) यदि दूसरे और तीसरे, दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

'< 9 4 # 2' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

A. P T U F X

B. P U U F X

C. P T T F X ✓

D. P T P F V

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

48 : 5 :: 96 : 7 :: 6 : ?

A. 36


B. 2 ✓

C. 10

D. 4

Q47 General Intelligence and Reasoning

नीचे दिए गए लाइन-ग्राफ में, एक शहर में वर्ष 2017 से 2022 के दौरान हुई मौतों की संख्या को दर्शाया गया है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



(संदर्भ: No. of deaths - मौतों की संख्या)

2021 से 2022 के दौरान मौतों में हुई लगभग प्रतिशत कमी, और 2020 से 2021 के दौरान मौतों में हुई लगभग प्रतिशत वृद्धि, क्रमशः कितनी है?

A. 30% और 32.93%

B. 40% और 42.83% ✓

C. 42.83% और 40%

D. 32.93% और 30%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?

कथन :
कुछ प्लायर, लीवर हैं।
सभी लीवर, रैम्प हैं।
कुछ कटर, प्लायर हैं।

निष्कर्षः
(I) कुछ कटर, लीवर हैं।
(II) कुछ रैम्प, कटर हैं।
(III) सभी प्लायर, रैम्प हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है ✓

Q49 General Intelligence and Reasoning

शाम के समय, एक व्यक्ति इस तरह खड़ा था कि उसकी छाया उसकी बाईं ओर थी। उसके सामने की ओर कौन सी दिशा थी?

A. पूर्व

B. पश्चिम

C. उत्तर

D. दक्षिण ✓

Q50 General Intelligence and Reasoning

शब्द 'ADVERSE' में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) ऐसे कितने अक्षर-युग्म मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं?

A. 4

B. 3

C. 2 ✓

D. 1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q51 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '−' और '−' का अर्थ '+' है, तो प्रदत्त व्यंजक का मान क्या होगा?

93 - 91 × 7 + 8 ÷ 3

A. 201

B. 194 ✓

C. 89

D. 198

Q52 General Intelligence and Reasoning

एक लीप वर्ष के फरवरी माह में, पांच मित्रों का साक्षात्कार अलग-अलग तारीखों पर होता है। सभी का साक्षात्कार सम संख्या वाली तारीखों पर होता है। प्रत्येक के साक्षात्कार के बीच ठीक पांच दिनों का अंतर है। यदि इनमें से किसी का भी साक्षात्कार 28 फरवरी को नहीं है, तो पहले व्यक्ति का साक्षात्कार किस तारीख को होगा?

A. 8

B. 6

C. 2 ✓

D. 4

Q53 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या श्रेणी का संदर्भ लें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें:

(बाएं) 3 7 9 2 1 5 3 9 2 6 5 8 7 9 1 3 5 9 4 6 (दाएं)

उक्त श्रेणी के बाएं सिरे से बारहवें अंक के बाईं ओर आठवां अंक कौन सा है?

A. 2 ✓

B. 9

C. 1

D. 5

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q54 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित संख्या श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

35, 34, 36, 33, 37, ?

A. 41

B. 32 ✓

C. 34

D. 42

Q55 General Intelligence and Reasoning

छह खिलाड़ियों - फलक, बाला, रेणु, रेखा, प्रिया और पल्लवी में से प्रत्येक का वजन अलग-अलग है। रेखा का वजन केवल फलक और रेणु से अधिक है, लेकिन बाला और प्रिया से कम है। पल्लवी का वजन सबसे अधिक है। प्रिया का वजन बाला से अधिक है और फलक का वजन रेणु से अधिक है। सभी खिलाड़ियों में किसका वजन सबसे कम है?

A. बाला

B. फलक

C. रेणु ✓

D. प्रिया

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

निम्नलिखित रासायनिक समीकरण में x, y और z के मान क्या हैं?

$xPbO(S) + C(S) \rightarrow yPb(S) + zCO_2(g)$

A. x = 2, y = 1 , z = 1

B. x = 2, y = 2 , z = 1 ✓

C. x = 2, y = 1 , z = 2

D. x = 1, y = 1 , z = 2

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q57 General Science

मनुष्यों में होने वाली श्वसन क्रिया _____ का उदाहरण है।

A. ऊष्माशोषी अभिक्रिया

B. रेडॉक्स अभिक्रिया

C. विस्थापन अभिक्रिया

D. ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया ✓

Q58 General Science

दंत क्षय (tooth decay) किस pH स्तर पर शुरू होता है?

A. 7 के pH पर

B. 5.5 से कम pH पर ✓

C. 7 से अधिक pH पर

D. 6 के pH पर

Q59 General Science

किशोर आयु में प्रवेश करने वाले बच्चों (लड़कों और लड़कियों) में इनमें से कौन सा परिवर्तन दृष्टिगोचर नहीं होता है?

A. शरीर के कुछ भागों में बालों का बढ़ना

B. कइयों में त्वचा तैलीय हो जाती है

C. शरीर के सभी हिस्सों में बालों की वृद्धि दिखाई देती है ✓

D. कुछ को मुहासे हो जाते हैं

Q60 General Science

2 Ω, 3 Ω और 5 Ω प्रतिरोध वाले तीन प्रतिरोध, एक V वोल्टेज वाली बैटरी के साथ श्रेणीक्रम में संयोजित हैं। यदि 2 Ω प्रतिरोध से प्रवाहित धारा 4 A है, तो V _____ होगा।

A. 20 V

B. 40 V ✓

C. 60 V

D. 80 V

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q61 General Science

रेखित पेशियों (striated muscles) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. इनकी कोशिकाएं लंबी, बेलनाकार, अशुंडित और अशाखित होती हैं।

B. इनकी कोशिकाएं लंबी, अशुंडित सिरों वाली, और अशाखित होती हैं।

C. इनकी कोशिकाएं अशुंडित और बेलनाकार आकृति वाली तथा शाखित होती हैं।

D. इनमें स्पष्ट हल्के और गहरे पट्ट उपस्थित होते हैं। ✓

Q62 General Science

इनमें से कौन सा, बेरीबेरी (Beriberi) का एक लक्षण है?

A. कमजोर दृष्टि या आंशिक अंधता

B. कमजोर दांत तथा मसूड़ों से खून आना

C. अस्वस्थ त्वचा और सूजा हुआ उदर

D. कमजोर पेशियां और निम्न ऊर्जा ✓

Q63 General Science

एचआईवी (HIV), यौन संपर्क से क्यों फैलता है?

A. विषाणु शुक्राणु के अंदर रहता है

B. विषाणुग्रस्त कण (Viral particles), शुक्र (seminal fluids) में प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं ✓

C. विषाणु यौन अंगों की त्वचा में मौजूद होता है

D. यौन संपर्क के दौरान रक्त मिश्रित होता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q64 General Science

अंगूठा, तर्जनी और मध्यमा को एक-दूसरे के लंबवत स्थिति में किए जाने पर, यदि तर्जनी, चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इंगित करती है, और अंगूठा, चालक की गति की दिशा को इंगित करता है, तो मध्यमा, प्रेरित धारा की दिशा को इंगित करेगी। यह _____ कहलाता है।

A. फ्लेमिंग का बाएं हाथ का नियम

B. फ्लेमिंग का दाएं हाथ का नियम ✓

C. दाएं हाथ के अंगूठे का नियम

D. कार्क स्क्रू नियम

Q65 General Science

निम्नलिखित में से कौन से खनिज, फसलों को कीटों से बचाने में सहायक होते हैं?

A. पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम ✓

B. सोडियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम

C. कैल्शियम, पोटैशियम और सोडियम

D. मैग्नीशियम, आयरन और बोरॉन

Q66 General Science

त्यौहारों के समय भवनों में लगाई जाने वाली लाइटें/झालरें (Festival lights) _____ का उदाहरण हैं।

A. श्रेणी परिपथ ✓

B. विद्युत-चुंबकीय प्रेरण

C. समांतर परिपथ

D. चुंबकीय प्रभाव

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q67 General Science

गंगा नदी को संकटापन्न नदी कहे जाने का मुख्य कारण क्या है?

A. नदी सूख रही है

B. जल-जीवन में कमी हो रही है ✓

C. इसका जल पीने योग्य नहीं है

D. इस पर बहुत सारे बांध हैं

Q68 General Science

इनमें से कौन सा तत्व एक धातु है?

A. B

B. C

C. Fe ✓

D. Si

Q69 General Science

अष्टक सिद्धांत इनमें से किसकी खोज के बाद अप्रासंगिक हो गया?

A. रेडियोधर्मिता

B. उत्कृष्ट गैसें ✓

C. फुलरीन

D. समस्थानिक

Q70 General Science

इलेक्ट्रिक ओवन की कार्यप्रणाली के पीछे की परिघटना _____ है।

A. जूल का तापन प्रभाव ✓

B. विद्युत-चुंबकीय प्रेरण

C. प्रेरित धारा

D. प्रेरित वोल्टेज

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 General Science

निम्न में से कार्बन का कौन-सा अपररूप विद्युत का सुचालक है?

A. फुलरीन

B. ग्रेफाइट ✓

C. चारकोल

D. हीरा

Q72 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा दो यौगिकों के बीच होने वाली एक संयोजन अभिक्रिया का उदाहरण है, जिसके फलस्वरूप नया यौगिक निर्मित होता है?

A. अमोनिया का निर्माण

B. जल का निर्माण

C. कार्बन डाईऑक्साइड का निर्माण

D. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड का निर्माण ✓

Q73 General Science

एक सामान्य वयस्क मनुष्य प्रतिदिन _____ mL मूत्र उत्पन्न करता है।

A. 10 - 20

B. 100 - 200

C. 1000 - 2000 ✓

D. 10000 - 20000

Q74 General Science

शुक्र ग्रह के गाढ़े सफेद और पीलापन लिए हुए रंग के बादल, इनमें से किस अम्ल से बने हैं?

A. एसिटिक अम्ल

B. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

C. नाइट्रिक अम्ल

D. सल्फ्यूरिक अम्ल ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Science

एक अवतल दर्पण, पर्दे पर किसी वस्तु के आकार के तीन गुने आकार का वास्तविक प्रतिबिंब निर्मित करता है। फिर प्रतिबिंब का आकार, वस्तु के आकार के छह गुने के बराबर होने तक वस्तु और पर्दे को खिसकाया जाता है। यदि पर्दे का विस्थापन (shift) 39 cm है, तो दर्पण की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए।

A. 10 cm

B. 13 cm ✓

C. 26 cm

D. 39 cm

Q76 General Science

गोलीय दर्पणों द्वारा परावर्तन के संबंध में निम्न में से कौन से सही हैं?

(a) यदि वस्तु को ध्रुव और फोकस के बीच रखा जाता है, तो अवतल दर्पण प्रकाश किरणों को अपसारित कर देगा।

(b) उत्तल दर्पण किरण-पुंज को अभिसरित कर सकता है।

A. केवल (a) सही है ✓

B. केवल (b) सही है

C. (a) और (b) दोनों सही हैं

D. (a) और (b) दोनों गलत है

Q77 General Science

प्रत्यावर्ती धारा के संबंध में इनमें से कौन सा सही है?

A. धारा की दिशा तथा धारा का परिमाण, समय के साथ परिवर्तित नहीं होते हैं।

B. धारा की दिशा तथा परिमाण, समय के साथ परिवर्तित होते हैं। ✓

C. धारा की दिशा परिवर्तित होती है, किंतु परिमाण स्थिर रहता है।

D. धारा की दिशा स्थिर रहती है, किंतु परिमाण समय के साथ परिवर्तित होता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 General Science

यदि एक 12 V विद्युत-आपूर्ति, एक बल्ब को 24 W की शक्ति प्रदान करती है, तो 6 V आपूर्ति से संयोजित किए जाने पर बल्ब को आपूर्ति की गई शक्ति कितनी होगी?

A. 12W

B. 18W

C. 6W ✓

D. 9W

Q79 General Science

एक प्रकाश किरण माध्यम A से माध्यम B में गमन कर रही है। आपतित किरण अभिलंब के साथ 75° का कोण बनाती है, और अपवर्तित किरण अभिलंब के साथ 40° का कोण बनाती है। माध्यम B के सापेक्ष माध्यम A का अपवर्तनांक क्या होगा?

A. 1.50

B. 0.67

C. 1.34

D. 0.87

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q80 General Science

किस राज्य सरकार के वन विभाग ने राज्य के दक्षिण-पश्चिमी जिलों में नष्ट हुए साल वनों को पुनर्जीवित करने में अपनी विफलताओं को स्वीकार किया है?

A. पश्चिम बंगाल ✓

B. ओडिशा

C. मध्य प्रदेश

D. राजस्थान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q81 General Awareness and Current Affairs

भारत की झूलन गोस्वामी 16 मार्च 2022 को महिला एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 250 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने के लिए सुर्ख़ियों में थीं। उन्होंने यह उपलब्धि किस टीम के खिलाफ हासिल की थी?

A. ऑस्ट्रेलिया

B. इंग्लैंड ✓

C. दक्षिण अफ्रीका

D. न्यूजीलैंड

Q82 General Awareness and Current Affairs

आजादी का अमृत महोत्सव (भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष) मनाने के क्रम में, भारत सरकार ने किस स्कूल को 50 कंप्यूटर दान किए?

A. टोक्यो मेट्रोपॉलिटन असुका हाई स्कूल

B. द यूरोपियन स्कूल कोपेनहेगन

C. लीसी मॉडर्न एम्पेफिलोहा, मेडागास्कर ✓

D. एर्मिस्टेड्स ग्रामर स्कूल, स्किप्टन

Q83 General Awareness and Current Affairs

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड का निगमन किस वर्ष हुआ था?

A. 1956

B. 1963

C. 1973 ✓

D. 1981

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness and Current Affairs

लखीमी बरुआ को किस वर्ष सामाजिक कार्यों के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था?

A. 2021 ✓

B. 2020

C. 2018

D. 2017

Q85 General Awareness and Current Affairs

मैंग्रोव कहां पनपते हैं?

A. तटीय क्षेत्रों में ✓

B. पहाड़ियों में

C. मरुस्थलों (Deserts) में

D. दलदलों (Marshes) में

Q86 General Awareness and Current Affairs

ओडिशा में किस वर्ष अत्यधिक भीषण चक्रवाती तूफान 'फनी (Fani)' आया था?

A. 2017

B. 2018

C. 2019 ✓

D. 2020

Q87 General Awareness and Current Affairs

जुलाई 2022 तक, 'केन्द्रीय हिंदी संस्थान' का मुख्यालय किस स्थान पर स्थित है?

A. नई दिल्ली

B. आगरा ✓

C. प्रयागराज

D. वाराणसी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति एक संवैधानिक शक्ति है, जिसे निम्न में से किसके द्वारा स्थापित किया गया है?

A. चौबीसवां संशोधन अधिनियम ✓

B. छब्बीसवां संशोधन अधिनियम

C. बयालीसवां संशोधन अधिनियम

D. चौवालीसवां संशोधन अधिनियम

Q89 General Awareness and Current Affairs

भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है कि राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा, और उनको ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों?

A. अनुच्छेद 40 ✓

B. अनुच्छेद 41

C. अनुच्छेद 42

D. अनुच्छेद 44

Q90 General Awareness and Current Affairs

इंदिरा पॉइंट इनमें से किस द्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित है?

A. लिटिल अंडमान द्वीप

B. ग्रेट निकोबार द्वीप ✓

C. कार निकोबार द्वीप

D. मध्य अंडमान द्वीप

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness and Current Affairs

मैक्रोइकॉनॉमिक (समष्टि अर्थशास्त्र) विश्लेषण में, अंतिम वस्तुओं के निर्गत के संतुलन मूल्य में कुल वृद्धि और स्वायत्त व्यय में आरंभिक वृद्धि के अनुपात को अर्थव्यवस्था का _____ कहा जाता है।

A. निर्गत गुणक ✓

B. उपभोग गुणक

C. आय गुणक

D. बचत गुणक

Q92 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान का कौन-सा भाग ऐसे व्यक्तियों के नागरिकता अधिकारों से संबंधित है, जो पाकिस्तान से भारत में प्रवास कर चुके हैं?

A. भाग I

B. भाग II ✓

C. भाग III

D. भाग IV

Q93 General Awareness and Current Affairs

उस वक्र को क्या कहा जाता है, जो उन सभी बंडलों का प्रतिनिधित्व करने वाले बिंदुओं को जोड़ता है, जिन्हें उपभोक्ता तटस्थ समझता है?

A. अनधिमान वक्र ✓

B. उपभोक्ता वक्र

C. सीमांत वक्र

D. उपयोगिता वक्र

Q94 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन भारत में निजी क्षेत्र का एक बैंक है?

A. फेडरल बैंक ✓

B. यूको बैंक

C. पंजाब नेशनल बैंक

D. बैंक ऑफ बड़ौदा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में अमित पंघाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?

A. जूडो

B. कुश्ती

C. मुक्केबाज़ी ✓

D. एथलेटिक्स

Q96 General Awareness and Current Affairs

महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं को लगभग 1500 वर्ष पहले जिस रूप में लिखा गया था, उसी रूप में वे वर्तमान में किस स्थान पर उपलब्ध हैं?

A. बिहार में वैशाली

B. बिहार में लछुआर

C. बिहार में पावापुरी

D. गुजरात में वल्लभी ✓

Q97 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन 2021 में भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने वालों में से एक थे?

A. दमित्री मुरातोफ (Dmitry Muratov)

B. स्यूकुरो मनाबे (Syukuro Manabe) ✓

C. मारिया रेसा (Maria Ressa)

D. डेविड जूलियस (David Julius)

Q98 General Awareness and Current Affairs

जवाहरलाल नेहरू का जन्म किस शहर में हुआ था?

A. दिल्ली

B. लखनऊ

C. इलाहाबाद ✓

D. श्रीनगर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q99 General Awareness and Current Affairs

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले इंस्पायर अवार्ड 'मानक' का प्रमुख उद्देश्य क्या है?

A. वाणिज्यिक कृषि करने वाले किसानों को प्रेरित करना

B. कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों को प्रेरित करना ✓

C. तकनीकी विकास के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित करना

D. अंतरिक्ष संबंधी अनुसंधान के लिए वैज्ञानिकों को प्रेरित करना

Q100 General Awareness and Current Affairs

इनमें से किस राज्य की पुलिस ने फरवरी 2020 में महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'दिशा (Disha)' नामक ऐप विकसित किया है?

A. गोवा

B. पंजाब

C. उत्तराखंड

D. आंध्र प्रदेश ✓

Q34 General Intelligence and Reasoning

कुछ व्यक्ति, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। F और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, C के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। A, F के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। यदि पंक्ति में कोई दूसरा व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति में बैठे हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 11

B. 14

C. 10

D. 12 ✓

Q35 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 870548362 के प्रत्येक अंक में 1 जोड़ दिया जाए, तो बाएं से गिनने पर चौथे, पांचवें और छठे अंक का योगफल कितना होगा?

A. 17

B. 24

C. 16

D. 20 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी बेर, अमरूद हैं।

कुछ बेर, आम हैं।

कोई भी बेर, कीवी नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कुछ अमरूद, कीवी हैं।

II. कुछ आम, कीवी हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. न तो निष्कर्ष I और ना ही II पालन करता है। ✓

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q37 General Intelligence and Reasoning

दिए गए समीकरण में किन दो चिह्नों के स्थान परस्पर बदल देने पर समीकरण संतुलित हो जाएगा?

$[\{(15+3)-(4\times 2)\}\div(4-6)]\times 5=10$

A. $\times$ और $+$

B. $+$ और $-$ ✓

C. $\times$ और $\div$

D. $+$ और $\div$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

किरण बिंदु A से ड्राइव शुरू करता है और पूर्व की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 8 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुकता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

A. 9 km, दक्षिण की ओर

B. 12 km, पश्चिम की ओर

C. 6 km, पूर्व की ओर

D. 5 km, पूर्व की ओर ✓

Q39 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) B E S U Y N O A P S B G S A X T G (दाएं)

दी गई शृंखला के बाएं सिरे से छठे अक्षर, और दाएं सिरे से पांचवें अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला में कितने अक्षर हैं?

A. 3

B. 4 ✓

C. 5

D. 6

Q40 General Intelligence and Reasoning

बंसी बिंदु A से ड्राइव शुरू करता है और पश्चिम की ओर 18 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुकता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

A. 4 km, उत्तर की ओर ✓

B. 4 km, दक्षिण की ओर

C. 6 km, पूर्व की ओर

D. 8 km, दक्षिण की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F और G, ये सात विद्यार्थी एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके खड़े हैं। D पंक्ति के ठीक बीच में खड़ा है। A पंक्ति के दाएं सिरे से दूसरे स्थान पर खड़ा है। B, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर खड़ा है। G, D और A के ठीक बीच में खड़ा है। F पंक्ति के बाएं सिरे से तीसरे स्थान पर खड़ा है। C, B के ठीक बगल में खड़ा है। पंक्ति में बाएं सिरे से पांचवें स्थान पर कौन खड़ा है?

A. E

B. F

C. A

D. G ✓

Q42 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। उस निष्कर्ष का चयन कीजिए, जो दिए गए कथन के आधार पर सत्य नहीं है।

कथन : I > Q > P ≥ S = U < M ≤ Z

A. Q > S

B. Z > U

C. I < P ✓

D. P ≥ U

Q43 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'ASIDE' को 'CVMIK' लिखा जाता है और 'ARRAY' को 'CUVFE' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'BOUND' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. DRYJS

B. DRSJY

C. DRJSY

D. DRYSJ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

1.1 ? 3.3 4.4 5.5

A. 2

B. 1.1

C. 3.3

D. 2.2 ✓

Q45 General Intelligence and Reasoning

छह कर्मचारी C, E, G, J, L और M एक वृत्ताकार मेज के परितः केंद्र की ओर मुख करके और एक दूसरे से समान दूरी पर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में बैठे हों। J, E के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। E, M के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L, E के बाईं ओर बैठा है। G, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, L के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। M, G के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। E के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. G

B. J

C. M

D. C ✓

Q46 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन-सा अधिवर्ष (leap year) **नहीं** है?

A. 2800

B. 2200 ✓

C. 6800

D. 3600

Q47 General Intelligence and Reasoning

कुछ लोग एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। C के बाईं ओर केवल चार लोग बैठे हैं। B के दाईं ओर केवल तीन लोग बैठे हैं। A, B के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। A, E के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। C, E के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो कुल कितने व्यक्ति बैठे हैं?

A. 24

B. 19 ✓

C. 21

D. 23

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष, तार्किक रूप से कथन में दी गई जानकारी का निसंदेह पालन करते हैं?

कथन:

बाजार में प्याज की कमी से प्याज के दाम 60 फीसदी तक बढ़ गए हैं।

निष्कर्ष -

I. कीमतों को कम करने के लिए, सरकार प्याज के आयात पर विचार कर सकती है।

II. लोगों को प्याज खाना बंद कर देना चाहिए और इसके बजाय आलू खाना चाहिए।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. न तो निष्कर्ष I और ना ही II पालन करता है।

D. दोनों निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

Q49 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

Z A _ _ X C _ _ C D_ A Y B X _ A B C _ Z _ Y B _ C A _ _ D

A. Y B A C B C D A X A C

B. Y B A A Z B D A Y B C

C. Y B A B Z C D A X B C ✓


D. Y B D B A C D B X B C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न वर्गों में दी गई संख्याएं व्यक्तियों की संख्या को दर्शाती हैं।



संदर्भ

Actors: अभिनेता,

Directors: निर्देशक,

Play-Writers: नाटककार

ऐसे कितने अभिनेता हैं जो निर्देशक भी हैं, लेकिन नाटककार नहीं हैं?

A. 19 ✓

B. 4


C. 32

D. 23

Q51 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित लाइन ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दिया गया लाइन ग्राफ दो कॉलेजों P और Q में शिक्षकों (पुरुष और महिला)की संख्या दर्शाता है।



संदर्भ:[Number of teachers-शिक्षकों की संख्या, Number of female teachers-महिला शिक्षकों की संख्या, Number of male teachers-पुरुष शिक्षकों की संख्या]

कॉलेज P में महिला शिक्षकों की संख्या, कॉलेज Q में पुरुष शिक्षकों की संख्या की कितने प्रतिशत है?

A. 75% ✓

B. 80%

C. 85%

D. 90%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

यदि शब्द BRACKET के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

A. दो ✓

B. शून्य

C. एक

D. तीन

Q53 General Intelligence and Reasoning

XS 18 और SN 22 के बीच एक निश्चित संबंध है। KN 28 और FI 32 के बीच भी वही संबंध है। समान तर्क के आधार पर, PH 44 निम्न में से किससे संबंधित होगा?

A. KC 47

B. KC 48 ✓

C. CK 48

D. CK 74

Q54 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का पालन करते हैं?

कथन :
सभी सेब, पपीते हैं।
कुछ पपीते, बेरी हैं।
कुछ बेरी, चेरी हैं।

निष्कर्षः
(I) कुछ बेरी, पपीते हैं।
(II) सभी पपीते, सेब हैं।
(III) कुछ चेरी, बेरी हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. दोनों निष्कर्ष I और III पालन करते हैं ✓

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

5, 24, 61, 122, 213, ?

A. 320

B. 334

C. 340 ✓


D. 350

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

निम्नांकित ग्राफ का उपयोग करते हुए, चालक का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।



[संदर्भ - Voltage - वोल्टेज, Current - धारा]

A. 60 ओम ✓

B. 0.016 ओम

C. 0.24 ओम

D. 600 ओम

Q57 General Science

बुझे चूने (slaked lime) के विलयन से दीवारों की पुताई/सफेदी करने के 2 से 3 दिन पश्चात, इनमें से कौन सा यौगिक निर्मित होता है, जो दीवारों को चमकदार फिनिश प्रदान करता है?

A. कैल्शियम कार्बोनेट ✓

B. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड

C. कैल्शियम बाइकार्बोनेट

D. कैल्शियम डाईऑक्साइड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q58 General Science

धावन सोडा (washing soda) का रासायनिक गुणधर्म क्या है?

A. यह उदासीन होता है।

B. यह क्षारीय प्रकृति का होता है।

C. यह अम्लीय प्रकृति का होता है।

D. यह उभयधर्मी प्रकृति का होता है। ✓

Q59 General Science

गोलीय दर्पण के लिए m, υ, और u के मध्य सही संबंध क्या होगा?

A. $m = \upsilon \times u$

B. $m = \frac{\upsilon}{u}$

C. $m = -\upsilon \times u$

D. $m = \frac{-\upsilon}{u}$ ✓

Q60 General Science

एक लेंस की फोकस दूरी और उसकी क्षमता के बीच सही संबंध क्या है?

A. $P = f$

B. $P \propto f$

C. $P = \frac{1}{f}$ ✓

D. $P = -{}^{1}/_{f}$

Q61 General Science

जूल के तापन प्रभाव (Joule's heating effect) के सूत्र को _____के रूप में निरूपित किया जाता है। (विकल्पों में, H उत्पन्न ऊष्मा को निरूपित करता है, I चालक के माध्यम से प्रवाहित धारा है, R प्रतिरोध है, और t समयावधि है।)

A. $H = VIt$ ✓

B. $H = IRt$

C. $H = QIt$

D. $H = VIR$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q62 General Science

न्यूलैंड के अष्टक नियम के अनुसार, इनमें से किन तत्वों के गुणधर्म समान होते हैं?

A. Na और Cl

B. Be और Mg ✓

C. B और Si

D. K और Co

Q63 General Science

किसी धारावाही चालक पर लगने वाले बल की दिशा परिवर्तित करने के लिए इनमें से किस विधि का प्रयोग किया जा सकता है?

I. धारा के परिमाण में परिवर्तन

II. चुंबकीय क्षेत्र की प्रबलता में परिवर्तन

III. धारा की दिशा में परिवर्तन

A. केवल (i)

B. केवल (iii) ✓

C. (i) और (iii) दोनों

D. (ii) और (iii) दोनों

Q64 General Science

1100 W के एक तापन उपकरण को 220 V लाइन वोल्टेज पर उपयोग किए जाने हेतु डिजाइन किया गया है। किसी विशेष दिन, लाइन वोल्टेज घटकर 110 V रह जाने पर, इससे प्रवाहित धारा _____ और इसकी आउटपुट शक्ति _____ होगी।

A. 5 A, 550 W

B. 10 A, 550W

C. 2.5 A, 275 W ✓

D. 10 A, 275 W

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

पादपों में स्तनधारियों की भांति वृक्क जैसा सुपरिभाषित उत्सर्जन तंत्र मौजूद क्यों नहीं होता है?

A. वे अपने कायिक अंगों के माध्यम से उत्सर्जन करते हैं ✓

B. क्योंकि पादप अपशिष्ट पदार्थ उत्पन्न नहीं करते हैं

C. क्योंकि पादप केवल गैसीय अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं, जो बाहर विसरित किए जाते हैं

D. क्योंकि पादपों में परिसंचरण तंत्र मौजूद नहीं होता है

Q66 General Science

एक स्व-पोषी पारिस्थितिकी तंत्र (self-sustaining ecosystem) से क्या अभिप्राय है?

A. यह अपने अनुरक्षण के लिए विकिरणी ऊर्जा पर निर्भर नहीं होता है।


B. कोई भी जीव जैविक घटक से जुड़ता या निकलता नहीं है।

C. जीव, स्थानीय जैविक घटकों के साथ सु-अनुकूलित होते हैं।

D. कार्बनिक द्रव्य, पीढ़ी दर पीढ़ी लगभग स्थिर रहता है। ✓

Q67 General Science

निम्न जीव अपने नाइट्रोजनी अपशिष्टों का उत्सर्जन किस प्रकार करता है?



A. स्रावण द्वारा

B. सामान्य विसरण द्वारा ✓

C. उत्सर्जी रसधानियों के माध्यम से

D. रसधानियों में क्रिस्टल जमा करके

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 General Science

मेंडल के मटर के पौधों पर प्रयोगों के संबंध में इनमें से कौन सा कथन गलत है?

A. मेंडल ने विपरीत दृश्य लक्षणों वाले - गोल/झुर्रीदार बीजों, लंबे/बौने उद्यान मटर के कई पौधों का उपयोग किया

B. उन्होंने एक लंबा पौधा और एक बौना पौधा लिया, उनके संकरण द्वारा संतति पौधे उत्पन्न किए, और परिणामी F1 संतति में सभी पौधे लंबे थे।

C. द्वितीय पीढ़ी या F2 पीढ़ी में, जो कि F1 पीढ़ी के लंबे पौधों की संतति थीं, सभी पौधे लंबे थे। ✓

D. F2 संतति में लंबाई और बौनेपन के गुणों का प्रकट होना यह इंगित करता है कि दोनों गुण F1 पौधों में वंशागत हुए थे।

Q69 General Science

निम्न में से कौन सा ऐल्कीनों (alkenes) की सजातीय श्रेणी से संबंधित है?

A. C_3H_8

B. C_3H_6 ✓

C. C_3H_4

D. C_5H_{12}

Q70 General Science

चुंबकीय क्षेत्र में स्थित धारावाही चालक पर लगने वाला बल _____।

A. धारा और चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के लंबवत होता है ✓

B. धारा और चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के समांतर होता है

C. धारा की दिशा के समांतर, और चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के लंबवत होता है

D. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के समांतर और धारा की दिशा के लंबवत होता है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q71 General Science

पुष्पी पादपों में प्रजनन के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन असत्य है?

A. प्रजनन बीजों के माध्यम से हो सकता है।

B. तनों के टुकड़ों से प्रजनन हो सकता है।

C. बीजाणुओं के माध्यम से प्रजनन हो सकता है। ✓

D. पौधे से अलग किए गए और कृत्रिम माध्यम में उगाए गए ऊतकों से प्रजनन हो सकता है।

Q72 General Science

निम्न में से कौन सा स्थल जल-संग्रहण पिट (water-harvesting pit) बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है?

A. एक बड़े आवासीय परिसर के प्रांगण में

B. एक छोटे से एक-मंजिला घर के कोने में

C. एक बड़े खुले लैंडफिल स्थल के नजदीक ✓

D. एक बड़े और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नजदीक

Q73 General Science

निम्न में से कौन-सा तत्व अधिकतम धात्विक लक्षण/गुण दर्शाता है?

A. Ga

B. As

C. Sc ✓

D. Be

Q74 General Science

वायु में कोई प्रकाश किरण अपवर्तनांक $\sqrt{(3/2)}$ वाले माध्यम से वायु को पृथक करने वाले पृष्ठ पर 60° के कोण पर आपतित होती है। किरण, माध्यम में _____ के कोण पर अपवर्तित होगी।

A. 15°

B. 30°

C. 45° ✓

D. 60°

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Science

द्विविस्थापन अभिक्रिया किनके बीच होती है?

A. आयनिक यौगिकों ✓

B. सहसंयोजक यौगिकों

C. आयनिक और सहसंयोजक दोनों यौगिकों

D. न तो आयनिक और न ही सहसंयोजक यौगिकों

Q76 General Science

बेकिंग सोडा को गर्म करने पर, इनमें से कौन सा यौगिक बनता है?

A. सोडियम ऑक्साइड

B. कैल्शियम ऑक्साइड

C. सोडियम कार्बोनेट ✓

D. सोडियम हाइड्रॉक्साइड

Q77 General Science

निम्न में से किस यौगिक में 7 सहसंयोजक आबंध होते हैं?

A. प्रोपेन

B. एथेन ✓

C. ब्युटेन

D. मेथेन

Q78 General Science

रूमेन (rumen) क्या है?

A. ग्रसिका की एक थैलीनुमा संरचना

B. भोजन को संग्रहित करने के लिए आमाशय का एक कक्ष ✓

C. आंत का वह भाग जहां जुगाल बनता है

D. गाय के ग्रहणी का पहला भाग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q79 General Science

निम्न में से क्या, आहार नाल में अम्लीय आहार को क्षारीय में परिवर्तित करता है?

A. आंत्र रस

B. पित्त रस ✓

C. जठर रस

D. अग्न्याशयी रस

Q80 General Science

निम्नलिखित तालिका में, दर्पण, इसके अनुप्रयोग, और अनुप्रयोग का औचित्य दिया गया है। स्तंभ 2 में दिए गए गोलीय दर्पणों के संदर्भ में, बताएं कि किन पंक्तियों में दी गई जानकारी पूर्णतया सही है?

	दर्पण	अनुप्रयोग	औचित्य
1	अवतल	दंतचिकित्सक का दर्पण	आभासी, सीधा और आवर्धित प्रतिबिंब
2	उत्तल	स्ट्रीट लाइटें	प्रकाश किरणों को अपसरित करता है, जिसकी वजह से अधिक बड़े क्षेत्र को देखना संभव है
3	अवतल	सौर भट्ठी	सूर्य जैसे दूरस्थ स्रोत से आने वाली प्रकाश किरणों को अभिसरित करता है
4	उत्तल	पश्चदर्शी (रियर-व्यू) दर्पण	आभासी, सीधे और बड़े प्रतिबिंब बनते हैं

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1, 2 और 3 ✓

D. 1, 2, 3 और 4

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

भारत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने _____ में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में ऐतिहासिक रजत पदक हासिल किया।

A. संयुक्त राज्य अमेरिका ✓

B. यूनाइटेड किंगडम

C. डेनमार्क

D. फिनलैंड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q82 General Awareness and Current Affairs

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, बुद्ध पूर्णिमा _____ की पूर्णिमा के दिन होती है।

A. चैत्र

B. आषाढ़

C. वैशाख ✓

D. माघ

Q83 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (NIC) के उद्देश्यों के बारे में बताता है?

A) सरकार का प्रौद्योगिकी भागीदार

B) यह स्कूली शिक्षा के लिए ई-सामग्री और शिक्षण सामग्री विकसित करता है।

C) यह उभरती प्रौद्योगिकियों का अन्वेषण करता है, और उनके उपयोग से संबंधित सलाह देता है।

D) यह सरकारी और निजी संस्थानों को डेटा नेटवर्क पैकेज प्रदान करता है

A. A और D

B. B और C

C. A और C ✓

D. C और D

Q84 General Awareness and Current Affairs

तीन तलाक़ कानून के अधिनियमन के उपलक्ष्य में, _____ को पूरे भारत में दूसरे 'मुस्लिम महिला अधिकार दिवस' के रूप में मनाया गया।

A. 1 जून 2021

B. 1 जुलाई 2021

C. 1 अगस्त 2021 ✓

D. 1 सितंबर 2021

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q85 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किस वर्ष दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम प्रवर्तित हुआ था?

A. 1954 ✓

B. 1951

C. 1956

D. 1953

Q86 General Awareness and Current Affairs

सरहुल निम्न में से किस राज्य की जनजातीय आबादी का मुख्य पर्व है?

A. झारखंड ✓

B. नागालैंड

C. मेघालय

D. असम

Q87 General Awareness and Current Affairs

_____ को परिवर्ती निवेश के उत्पादन की प्रति इकाई के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. न्यूनतम उत्पाद

B. सीमांत उत्पाद

C. कुल उत्पाद

D. औसत उत्पाद ✓

Q88 General Awareness and Current Affairs

वर्ष 2022 में, तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने भारत के किस शहर में अपना चौथा डेटा केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है?

A. हैदराबाद ✓

B. बेंगलुरु

C. मुंबई

D. दिल्ली

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q89 General Awareness and Current Affairs

अप्रैल 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या कितनी है?

A. 325

B. 300

C. 275

D. 250 ✓

Q90 General Awareness and Current Affairs

अगस्त 2022 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) के अंतर्गत 1 जून से 31 मई तक की अवधि के लिए रू. _____ लाख की जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी और इसका नवीकरण कराया जा सकेगा।

A. 1

B. 1.5

C. 2 ✓

D. 2.5

Q91 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान के अनुसार, 'प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण' निम्नलिखित में से किस मूल अधिकार का हिस्सा है?

A. समानता का अधिकार

B. संविधानिक उपचारों का अधिकार

C. स्वतंत्रता का अधिकार ✓

D. शोषण के विरुद्ध अधिकार

Q92 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन सा कारक भारत की जलवायु का निर्धारण नहीं करता है?

A. अक्षांश

B. भूमि और जल का वितरण

C. ऊंचाई

D. देश का सतह-क्षेत्र/तल-क्षेत्रफल ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q93 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस अधिनियम ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को किसी निर्दिष्ट अवधि के बिना, ताज (क्राउन) के लिए ट्रस्ट में भारतीय क्षेत्रों और राजस्व को बनाए रखने का अधिकार दिया?

A. रेग्युलेटिंग अधिनियम, 1773

B. भारतीय परिषद अधिनियम, 1909

C. चार्टर अधिनियम, 1853 ✓

D. भारत सरकार अधिनियम, 1935

Q94 General Awareness and Current Affairs

अप्रैल 2022 तक, आरबीआई (RBI) के दिशानिर्देशों के तहत, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) की वित्तीय संपत्ति, उनकी कुल संपत्ति (अमूर्त परिसंपत्ति द्वारा नेट ऑफ करने के बाद) के _____ से अधिक होनी चाहिए।

A. 50% ✓

B. 60%

C. 70%

D. 80%

Q95 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस भाषा को भारत में शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान नहीं किया गया है?

A. मैथिली ✓

B. तेलुगू

C. मलयालम

D. कन्नड़

Q96 General Awareness and Current Affairs

भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?

A. 2007

B. 2005 ✓

C. 2003

D. 2000

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q97 General Awareness and Current Affairs

विश्व में सर्वाधिक वर्षा किस स्थान पर होती है?

A. मॉसिनराम ✓

B. तुरा शिखर

C. धूपगढ़

D. कंगतो

Q98 General Awareness and Current Affairs

भारत में किसी भी दीवानी या फौजदारी मामले को एक राज्य के उच्च न्यायालय से दूसरे राज्य के उच्च न्यायालय में या किसी अधीनस्थ न्यायालय से दूसरे राज्य के उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का निर्देश कौन दे सकता है?

A. उच्चतम न्यायालय ✓

B. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

C. भारत का विधि आयोग

D. राज्य के राज्यपाल

Q99 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस खिलाड़ी ने आई.बी.ए. (IBA) महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीता?

A. निखत जरीन ✓

B. सरिता देवी

C. मैरी कॉम

D. लेखा के.सी.

Q100 General Awareness and Current Affairs

मृदा निर्माण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

A. जनक शैल से रंग का निर्धारण होता है।

B. अपक्षय की दर तापमान व वर्षा द्वारा प्रभावित होती है।

C. ऊंचाई और ढलान से ह्यूमस निर्माण की दर निर्धारित होती है। ✓

D. समय के द्वारा मृदा परिच्छेदिका की मोटाई निर्धारित होती है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

0.24 और 0.36 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

A. 0.72

B. 0.12 ✓

C. 0.52

D. 0.32

Q2 Mathematics

यदि x = 5 है, तो $16 \times x\sqrt{x^3 - x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 600


B. 700

C. 800 ✓

D. 900

Q3 Mathematics

निम्नांकित चित्र में, $AB \parallel CD \parallel EF$, $\angle APO = 35°$ और $\angle CQO = 43°$ है। $\angle EOP + \angle EOQ$ का मान ज्ञात कीजिए।



A. 276°

B. 282° ✓

C. 264°

D. 290°

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q4 Mathematics

भिन्नों के महत्तम समापवर्तक (HCF) की गणना $\frac{\text{अंशों का महत्तम समापवर्तक (HCF)}}{\text{हरों का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM)}}$ के रूप में की जाती है। $\frac{2}{3}$, $\frac{4}{5}$ और $\frac{3}{2}$ का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{5}{30}$

B. $\frac{3}{50}$

C. $\frac{1}{40}$

D. $\frac{1}{30}$ ✓

Q5 Mathematics

एक दुकानदार, जूतों की एक जोड़ी को 34% की छूट पर बेचता है, और फिर भी वह इन पर 10% का लाभ प्राप्त करता है। यदि जूतों की उस जोड़ी का क्रय मूल्य ₹480 हो, तो इसका अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹800 ✓

B. ₹700

C. ₹850

D. ₹820

Q6 Mathematics

यदि $x = \sqrt{13 + 2\sqrt{40}}$ और $y = \sqrt{13 - 2\sqrt{40}}$ है, तो $(x - y)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $4\sqrt{5}$

B. $3\sqrt{2}$

C. $2\sqrt{5}$ ✓

D. $6\sqrt{2}$

Q7 Mathematics

एक विक्रेता 20% का लाभ कमाता है। यदि वह सामान बेचते समय वास्तविक वजन से 10% कम वजन देता है, तो उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

A. 33.3% ✓

B. 15%

C. 36.6%

D. 30%

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

₹9,600 की राशि पर 7.2% की वार्षिक दर से 5 वर्षों में प्राप्त होने वाला साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

A. ₹2,416

B. ₹3,456 ✓

C. ₹4,356

D. ₹3,546

Q9 Mathematics

हरि की मासिक आय ₹42,000 है। वह 15% किराए पर, 8% भोजन पर, 45% अन्य चीजों पर व्यय करता है, और शेष राशि बचाता है। वह प्रति माह कितनी राशि की बचत करता है?

A. ₹14,400

B. ₹13,440 ✓

C. ₹25,440

D. ₹28,560

Q10 Mathematics

16 वर्ष पूर्व, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की 4 गुनी थी। वर्तमान में पिता की आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी है। पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु के बीच कितना अंतर है?

A. 24 वर्ष ✓

B. 28 वर्ष

C. 12 वर्ष

D. 16 वर्ष

Q11 Mathematics

एक सिनेमाघर में, प्रत्येक बच्चे के लिए टिकट का मूल्य $2 है, जबकि प्रत्येक वयस्क के लिए टिकट का मूल्य $5 है। एक विशेष दिन, 2000 व्यक्तियों ने टिकट खरीदे, और $5,050 की धनराशि एकत्र हुई। उस दिन बेचे गए $2 वाले टिकटों की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 1650 ✓

B. 350

C. 1560

D. 1570

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q12 Mathematics

हेमा एक निश्चित कार्य को 21 दिन में कर सकती है। हेमा और राजी, एक साथ मिलकर उसी कार्य को 18 दिन में कर सकती हैं, तथा हेमा, राजी और स्मिता, एक साथ मिलकर उसी कार्य को 14 दिन में कर सकती हैं। हेमा और स्मिता एक साथ मिलकर कार्य करते हुए, उसी कार्य को कितने दिन में कर सकती हैं?

A. 63

B. $\frac{63}{4}$ ✓

C. $\frac{63}{5}$

D. $\frac{36}{5}$

Q13 Mathematics

विष्णु ने ₹1.2 प्रत्येक की दर से 8000 उत्पाद खरीदे, ₹1.5 प्रत्येक की दर से अन्य 3000 उत्पाद खरीदे, और ₹ 1.4 प्रत्येक की दर से अन्य 5000 उत्पाद खरीदे। प्रति उत्पाद औसत क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

A. ₹1.41

B. ₹1.27

C. ₹1.39

D. ₹1.32 ✓

Q14 Mathematics

यदि $2xy^2 : 2x^2y :: 2x^2y : z$ है, तो निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प z के समतुल्य व्यंजक को निरूपित करता है?

A. $4xy$

B. $4x^2y^2$

C. $2x^2$

D. $2x^3$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

एक घनाभाकार हॉल की लंबाई 15 m और चौड़ाई 10 m है। यदि इसके फर्श और छत के क्षेत्रफलों का योग, चारों दीवारों के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है, तो हॉल का आयतन ज्ञात कीजिए।

A. 900 m^3 ✓

B. 840 m^3

C. 790 m^3

D. 930 m^3

Q16 Mathematics

n भुजाओं वाले एक सम-बहुभुज का प्रत्येक अंतःकोण 144° है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या (n) ज्ञात कीजिए।

A. 8

B. 9

C. 10 ✓

D. 12

Q17 Mathematics

पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमशः 16 मिनट और 32 मिनट में भर सकते हैं। पाइप A और पाइप B, दोनों एक साथ खोल दिए जाते हैं। यदि खाली टंकी को कुल 16 मिनट में पूरा भरा जाना हो, तो पाइप A को कितने समय बाद बंद करना होगा?

A. 9 मिनट

B. 7 मिनट

C. 8 मिनट ✓

D. 6 मिनट

Q18 Mathematics

$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करते हुए, 38.5 cm व्यास वाले एक वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए।

A. 121 cm ✓

B. 154 cm

C. 165 cm

D. 170 cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Mathematics

यदि $3+2\sqrt{2}$ और $3-2\sqrt{2}$ एक द्विघात समीकरण के मूल हैं, तो वह द्विघात समीकरण ज्ञात कीजिए।

A. $x^2-6x-1=0$

B. $x^2+6x+1=0$

C. $x^2-6x+1=0$ ✓

D. $x^2+6x-1=0$

Q20 Mathematics

7 संख्याओं का औसत 53 दिया गया था। बाद में यह पाया गया कि एक संख्या को गलती से 58 के बजाय 16 के रूप में पढ़ा गया था। इन दी गई 7 संख्याओं का सही औसत ज्ञात कीजिए।

A. 59 ✓

B. 55

C. 56

D. 52

Q21 Mathematics

दो कुर्सियों और तीन मेजों का मूल्य ₹1,650 है। यदि एक कुर्सी का मूल्य, एक मेज के मूल्य से ₹150 कम है, तो एक मेज का मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹400

B. ₹290

C. ₹390 ✓

D. ₹380

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

$\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}$ और $\frac{5}{6}$ में से सबसे बड़ी भिन्न और सबसे छोटी भिन्न का अंतर ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{1}{3}$ ✓

B. $\frac{1}{6}$

C. $\frac{1}{9}$

D. $\frac{1}{12}$

Q23 Mathematics

दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$3x(x-3)+2(3x^2-4)$

A. $9x^2+9x-8$

B. $9x^2-9x+8$

C. $9x^2-9x-8$ ✓

D. $9x^2+9x+8$

Q24 Mathematics

यदि θ एक न्यूनकोण है, और $\cos\theta = \frac{12}{13}$ है, तो $\frac{13\sin\theta+12\sec\theta}{12\tan\theta+5\,\mathrm{cosec}\,\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 1 ✓

B. 2

C. $\frac{1}{2}$

D. $\frac{3}{2}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Mathematics

समीकरण $(k+1)x^2 - 13kx + 7 - 2k = 0$ का एक मूल, दूसरे का व्युत्क्रम होने पर k का मान निम्नांकित में से क्या होगा?

A. 4

B. 2 ✓

C. −2

D. −4

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और छठे पद का पांचवे पद से है।

24 : 144 :: 16: ? :: 8 : 48

A. 93

B. 95

C. 96 ✓

D. 94

Q27 General Intelligence and Reasoning

लक्ष्मी, पूर्व की ओर 12 m चलती है। वह बाईं ओर मुड़ती है, और 5 m चलती है। वह 12 m चलने के लिए फिर से बाईं ओर मुड़ती है। अंत में, वह बाईं ओर मुड़ती है, और 5 m चलती है। अंत में उसका मुख किस दिशा की ओर है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. पूर्व

B. पश्चिम

C. उत्तर

D. दक्षिण ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

पांच लड़कियां, M, N, O, P, और Q एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठी हैं। P, M और N के ठीक बगल में बैठी है। Q, P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। N और Q, O के ठीक बगल में बैठी हैं। Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठी है?

A. N ✓

B. M

C. O

D. P

Q29 General Intelligence and Reasoning

यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '-' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, और साथ ही '×' और '÷' के स्थान परस्पर बदल दिए जाते हैं, तो समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

55 + 34 × 17 ÷ 7 - 51 = ?

A. 85

B. 90

C. 91

D. 92 ✓

Q30 General Intelligence and Reasoning

सात व्यक्ति (L, M, N, O, P, Q और R), उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। L, Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। व्यक्ति L के बाईं ओर केवल दो बैठे हैं। M, Q के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। P, O और L के ठीक बगल में बैठा है। P और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। पंक्ति के बाईं सिरे पर कौन बैठा है?

A. R ✓

B. Q

C. N

D. M

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

निम्न श्रेणी में ऐसे कितने 5 हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक बाद 7 है और ठीक पहले 8 है?

8 5 7 4 3 2 7 5 6 9 8 5 7 8 5 7 4 5 7 6 8 6 9 8 5 7 9 3

A. तीन

B. चार ✓

C. पांच

D. दो

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ गुब्बारे, फूल हैं।

सभी फूल, रंग हैं।

सभी रंग, इंद्रधनुष हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी फूल, इंद्रधनुष हैं।

(II) कुछ गुब्बारे, रंग हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं। ✓

D. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन नहीं करते हैं।

Q33 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित संख्या में कुछ व्यक्ति उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हैं। P और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। N, P के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। L, N के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। M, L के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M, Q के ठीक बगल में नहीं बैठा है। यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो पंक्ति में बैठे व्यक्तियों की कुल संख्या ज्ञात करें।

A. 8

B. 11

C. 9


D. 10 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित बार-ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दिया गया बार ग्राफ स्टोर X, Y, Z और A द्वारा बेचे गए फोनों की संख्या दर्शाता है।



संदर्भ: [Number of phones sold-बेचे गए फोनों की संख्या, Stores:-स्टोर]
सभी चार स्टोरों द्वारा बेचे गए फोनों की कुल संख्या कितनी है?

A. 206

B. 204 ✓

C. 208

D. 210

Q35 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
15 − 2 ÷ 90 x 9 + 10 =?

A. 29

B. 30 ✓


C. 28

D. 32

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

नीचे दिए गए लाइन-ग्राफ में, वर्ष 2016 से 2022 तक एक दुकानदार की दुकान में बिक्री (हजार में) प्रदर्शित की गई है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



संदर्भ: [Sale of a shopkeeper (in thousands)-दुकानदार की दुकान में बिक्री (हजार में);Sale (in thousands)-बिक्री (हजार में); Year-वर्ष]

2020 में बिक्री, 2021 में बिक्री की तुलना में कितने प्रतिशत रही?

A. 61.73%

B. 73.08%

C. 51.13% ✓

D. 59.31%

Q37 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(17, 4913, 3)

(9, 6561, 4)

A. (16, 1536, 2)

B. (8, 512, 6)

C. (7, 49, 2) ✓

D. (2, 64, 4)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

एक शाम, रोहन सीधी सड़क पर 1 किलोमीटर चला, फिर बाएं मुड़ा और 2 किलोमीटर चला। फिर वह दाएं मुड़ा और 1 किलोमीटर चला। उस समय उसका मुख पश्चिम दिशा में था। आरंभ में उसने किस दिशा में चलना शुरू किया था? (सभी मोड़ केवल 90° वाले मोड़ हैं)

A. उत्तर

B. दक्षिण

C. पूर्व

D. पश्चिम ✓

Q39 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'QUART' को 'RSBPU' और 'LEMON' को 'MCNMO' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'JUMPY' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. KWNRZ

B. KSNNZ ✓

C. KSMNZ

D. KTNMZ

Q40 General Intelligence and Reasoning

नीचे दिए गए कथनों से निकाले जा सकने वाले सही निष्कर्ष का चयन कीजिए।

कथन:

1. $X > Z = C \geq K$
2. $E \geq G \leq H = K$

A. $C \geq E$

B. $X > H$ ✓

C. $Z \geq E$

D. $C < E$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित संख्या में व्यक्ति उत्तर की ओर मुख करके एक पंक्ति में बैठे हुए हैं। Z, T के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S, V के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। R, T के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। केवल तीन व्यक्ति K और R के बीच में बैठे हैं। S, K के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है।
यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो बैठे हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 11

B. 12

C. 13 ✓

D. 14

Q42 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

अक्षर	T	P	J	Q	S	U	E	R	H	A
संख्या/प्रतीक	-	6	8	%	7	@	3	9	#	1

नियम:

(i) यदि शब्द में 1 से अधिक स्वर हैं, तो सभी स्वरों को 4 के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(ii) यदि एक शब्द के दोनों सिरों पर व्यंजन हैं, तो दोनों सिरों पर मौजूद दोनों व्यंजनों को 2 के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

EARTH के लिए सही कूट क्या होगा?

A. 349-#

B. 419-#

C. 449-# ✓

D. 319-#

Q43 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) E + Z = D * P B U V @ L & F $ O G Q % & M E ? A (दाएं)
निम्न में से कौन सा अक्षर/प्रतीक, दी गई शृंखला के बाएं सिरे से तेरहवें अक्षर/प्रतीक के बाएं दसवां अक्षर/प्रतीक है?

A. +

B. =

C. Z ✓

D. D

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन करें, जो समान तर्क का पालन करता है।

CRH : APF
TON : RML

A. EKN : YUF

B. UIR : NSH

C. QLF : MBV

D. IWZ : GUX ✓

Q45 General Intelligence and Reasoning

तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि कौन से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:

सभी घाटियां, पर्वत हैं।

कुछ पर्वत, पहाड़ हैं।

कुछ पहाड़, पठार हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ पठार, पर्वत हैं।

II. कुछ घाटियां, पठार हैं।

III. कुछ पर्वत, घाटियां हैं।

A. केवल निष्कर्ष I और II पालन करते हैं

B. केवल निष्कर्ष I और III पालन करते हैं

C. केवल निष्कर्ष II और III पालन करते हैं

D. केवल निष्कर्ष III पालन करता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

99, 92, 83, 76, 67, ?

A. 58

B. 62

C. 60 ✓

D. 54

Q47 General Intelligence and Reasoning

यदि '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा मान आएगा?

$2 - (684 + 228 \times 19) \times 21 \div 4 = ?$

A. 60

B. 62

C. 65

D. 68 ✓

Q48 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ चोटियां, घाटियां हैं।

सभी घाटियां, झरने हैं।

कुछ झरने, जल हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ घाटियां, जल हैं।

(II) कुछ चोटियां, झरने हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है। ✓

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन नहीं करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q49 General Intelligence and Reasoning

COMPLAINED शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर समूह में निम्नांकित में से कौन सा अक्षर दो बार आएगा?

A. P

B. B ✓

C. K

D. C

Q50 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न नीचे दी गई सात, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

365, 125, 486, 548, 654, 552, 354

यदि उपरोक्त संख्याओं में से प्रत्येक संख्या के पहले अंक में 3 जोड़ा जाए, तो कितनी संख्याओं का पहला अंक, दूसरे अंक से पूर्णतः विभाज्य होगा?

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

A. चार

B. तीन ✓

C. दो

D. एक

Q51 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। उस निष्कर्ष का चयन कीजिए, जो दिए गए कथन के आधार पर सत्य नहीं है।

कथन : $J > S \geq C > Q \geq T = A < N$

A. $S \geq T$ ✓

B. $C < J$

C. $N > T$

D. $C > A$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

1 11 20 28 ?

A. 37

B. 36

C. 35 ✓

D. 34

Q53 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष, तार्किक रूप से कथन में दी गई जानकारी का निसंदेह पालन करते हैं?

कथन:

समुद्री जीवन पर हुए हाल ही के एक अध्ययन के निष्कर्षों में कहा गया है, कि जल निकायों में निपटान किए गए प्लास्टिक और अन्य अजैव निम्नीकरणीय (non-biodegradable) अपशिष्ट पदार्थ समुद्री जीवों को हानि पहुंचाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है।

निष्कर्ष:

I. अजैव निम्नीकरणीय (non-biodegradable) सामग्री का जल निकायों में निपटान नहीं किया जाना चाहिए।

II. समुद्री जीवों को बेहतर ढंग से समझने के लिए समुद्री जीवन पर और अधिक शोध किए जा रहे हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. न तो निष्कर्ष I और ना ही II पालन करता है।

D. दोनों निष्कर्ष I और II पालन करते हैं।

Q54 General Intelligence and Reasoning

उस अक्षर-संख्या समूह का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा।

AZP 13, DXR 17, GVT 21, JTV 25, ?

A. MSY 29

B. MRY 29

C. MSX 29

D. MRX 29 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

उत्तर की ओर मुख करके खड़े लोगों की एक पंक्ति में, विक्रम पंक्ति के बाएं सिरे से 11वें स्थान पर है। उसका दोस्त आदित्य दाएं सिरे से तीसरे स्थान पर है। विक्रम और आदित्य के बीच 14 व्यक्ति खड़े हैं। उस पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति खड़े हैं?

A. 30

B. 28 ✓

C. 25

D. 32

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

अवतल दर्पण के लिए, अनंत पर स्थित किसी वस्तु का प्रतिबिंब _____ स्थित होता है।

A. ध्रुव पर

B. फोकस पर ✓

C. वक्रता केंद्र पर

D. फोकस और वक्रता केंद्र के मध्य में

Q57 General Science

प्रत्येक त्रिक में, डॉबेराइनर द्वारा कितने तत्वों की पहचान की गई थी?

A. 3 ✓

B. 6

C. 9

D. 2

Q58 General Science

एक कुंडली के n फेरों द्वारा उत्पन्न क्षेत्र, एक फेरे द्वारा उत्पन्न क्षेत्र के _____ गुने के बराबर होगा।

A. n ✓

B. n^2

C. $1/n$

D. $1/n^2$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q59 General Science

प्रतिरोध का मात्रक_____ होता है।

A. कूलॉम

B. ओम ✓

C. वोल्ट

D. एम्पियर

Q60 General Science

4 cm व्यास वाले एक सिक्के को 30 cm फोकस दूरी वाले उत्तल लेंस के सामने 45 cm की दूरी पर रखा जाता है। सिक्के के प्रतिबिंब का व्यास कितना होगा?

A. 6 cm

B. 8 cm ✓

C. 10 cm

D. 12 cm

Q61 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा कार्बन का क्रिस्टलीय अपररूप नहीं है?

A. ग्रेफाइट

B. हीरा

C. फुलरीन

D. कोक ✓

Q62 General Science

निम्न में से किन प्राणियों में प्रत्येक चक्र के दौरान रक्त दो बार हृदय से होकर गुजरता है?

A. स्तनधारी, पक्षी और सरीसृप वर्ग ✓

B. स्तनधारी, पक्षी और मत्स्य वर्ग

C. स्तनधारी, मत्स्य और सरीसृप वर्ग

D. मत्स्य, पक्षी और सरीसृप वर्ग

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Science

निम्न में से कौन सा यौन संक्रामक रोग हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को प्रभावित करता है?

A. सुजाक (Gonorrhoea)

B. वार्ट्स (Warts)

C. सिफ़िलिस (Syphilis)

D. एचआईवी-एड्स (HIV-AIDS) ✓

Q64 General Science

निम्न में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?

A) धातुओं के ऑक्साइड क्षारीय प्रकृति के होते हैं और अधातुओं के ऑक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते हैं।

B) धातुओं के ऑक्साइड अम्लीय प्रकृति के होते हैं और अधातुओं के ऑक्साइड क्षारीय प्रकृति के होते हैं।

C) अधातुएं विद्युत ऋणात्मक प्रकृति की होती हैं, जबकि धातुएं विद्युत धनात्मक प्रकृति की होती हैं।

A. केवल A

B. A और B दोनों

C. केवल B ✓

D. A और C दोनों

Q65 General Science

प्रिज्म द्वारा इनमें से किस रंग की प्रकाश किरण का विचलन अधिकतम होगा?

A. लाल

B. हरे

C. पीले

D. बैंगनी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Science

एक 12 V का कार हेड लाइट लैंप, 15 मिनट के लिए 3A की धारा कर्षित करता है। इस अवधि के दौरान, कार की बैटरी द्वारा स्थानांतरित ऊर्जा ज्ञात कीजिए।

A. 0.008 kWh

B. 0.009 kWh ✓

C. 0.54 kWh

D. 5.4 kWh

Q67 General Science

यदि एक समानांतर प्रकाश किरण-पुंज, अवतल दर्पण के मुख्य अक्ष के समानांतर नहीं है, तो उक्त किरणें _____ पर अभिसरित होंगी।

A. मुख्य फोकस तल ✓

B. वक्रता केंद्र

C. ध्रुव

D. अनंत

Q68 General Science

महिलाओं में गर्भाशय की भित्ति, स्वयं को विकासशील निषेचित अंडाणु को ग्रहण करने के लिए तैयार करती है। यदि निषेचन नहीं होता है, तो गर्भाशय की भित्ति की मोटी परत (lining) निस्तारित होकर रक्त के साथ शरीर से बाहर निकल जाती है। इसे _____ कहा जाता है।

A. मासिक धर्म/रजोधर्म (menstruation) ✓

B. रजोनिवृत्ति (menopause)

C. गौण लैंगिक लक्षण (secondary sexual characters)

D. कंठमणि (Adam's apple)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q69 General Science

मानवों में केशिकागुच्छ (glomerulus) कहां पाया जाता है?

A. वृक्क में ✓

B. अस्थि मज्जा में

C. यकृत में

D. गर्भाशय में

Q70 General Science

मिल्क ऑफ मैग्नीशिया में डुबोने पर pH पेपर का रंग हल्का नीला हो जाता है। यह दर्शाता है कि मिल्क ऑफ मैग्नीशिया _____ है।

A. दुर्बल अम्ल

B. दुर्बल क्षारक ✓

C. उदासीन

D. प्रबल अम्ल

Q71 General Science

इनमें से कौन सा कथन, समजातीय श्रेणी को सही ढंग से वर्णित करता है?

A. समान प्रकार्यात्मक समूह के कारण समजातीय श्रेणी के अवयवों के रासायनिक गुणधर्म भिन्न होते हैं।

B. समान प्रकार्यात्मक समूह के कारण समजातीय श्रेणी के अवयवों के रासायनिक गुणधर्म लगभग समान होते हैं। ✓

C. भिन्न प्रकार्यात्मक समूहों के कारण समजातीय श्रेणी के अवयवों के रासायनिक गुणधर्म लगभग समान होते हैं।

D. भिन्न प्रकार्यात्मक समूहों के कारण समजातीय श्रेणी के अवयवों के रासायनिक गुणधर्म भिन्न होते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q72 General Science

किसी पादप में मोटी कोशिका भित्ति वाली ऐसी कोशिकाएं हमें कहां मिल सकती हैं?



A. जाइलम में

B. फ्लोएम में ✓

C. बाह्य त्वचा (एपिडर्मिस) में

D. विभज्योतक में

Q73 General Science

निम्न में से कौन रात्रि के समय कार्बन डाईऑक्साइड लेते हैं, और एक मध्यस्थ उत्पाद तैयार करते हैं तथा दिन के दौरान क्लोरोफिल ऊर्जा अवशोषित करके, उस पर कार्य करके अंतिम उत्पाद बनाते हैं?

A. कवक

B. जीवाणु

C. नीले हरे शैवाल

D. मरुद्भिद पौधे ✓

Q74 General Science

जिंक से जिंक आयन का निर्माण किसके कारण होता है?

A. अपचयन

B. ऑक्सीकरण ✓

C. संयोजन अभिक्रिया

D. जल अपघटन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q75 General Science

यदि आपको किसी पारिवारिक समारोह में लगभग 150 मेहमानों को बुफे भोजन परोसना है, तो भोजन परोसने हेतु अच्छी युक्ति क्या होगी? ध्यान दें कि इसका अभिप्राय है कि व्यक्ति को खड़े रहकर अपनी प्लेट हाथ में पकड़कर भोजन करना होगा।

A. धातु की प्लेटें

B. केले के पत्ते

C. प्लास्टिक की प्लेटें

D. धोने योग्य केले के पत्ते और पुन: प्रयोज्य प्लास्टिक की प्लेटें ✓

Q76 General Science

l लंबाई और A अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल वाले एक पदार्थ का प्रतिरोध R है। यदि इसकी लंबाई तीन गुनी करने के बावजूद इसकी अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल A में क्या परिवर्तन किया जाना चाहिए, ताकि इसका प्रतिरोध समान R बना रहे?

A. अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल को 3 गुना कम किया जाना चाहिए।

B. अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल को 3 गुना बढ़ाया जाना चाहिए। ✓

C. अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल को 9 गुना कम किया जाना चाहिए।

D. अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल को 9 गुना बढ़ाया जाना चाहिए।

Q77 General Science

एक छात्र एक प्रयोग करता है, जिसमें वह एल्यूमीनियम सल्फेट में बेरियम क्लोराइड मिलाता है। निम्न में से कौन सी अभिक्रिया सही है?

A. $3BaCl_2(aq) + Al_2(SO_4)_3(aq) \rightarrow 3BaSO_4(s) + 2AlCl_3\ (aq)$ ✓

B. $BaCl_2(aq) + Al_2(SO_4)_3(aq) \rightarrow Ba(s) + SO_2(g) + 2AlCl_3\ (aq)$

C. $BaCl_2(aq) + Al_2(SO_4)_3(aq) \rightarrow 3BaSO_4(s) + Al(s) + Cl_2\ (g)$

D. $3BaCl_2(aq) + Al_2(SO_4)_3(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + AlCl_3\ (aq)$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 General Science

श्रेणीक्रम में संयोजित दो प्रतिरोधों R_1 और R_2 का निवल प्रतिरोध (net resistance) 8 ओम है, और समांतर क्रम में संयोजित किए जाने पर उनका निवल प्रतिरोध (net resistance) 2 ओम है। प्रतिरोधों R_1 और R_2, के मान अलग-अलग क्रमशः क्या होंगे?

A. 6 ओम; 2 ओम

B. 4 ओम; 4 ओम ✓

C. 2 ओम; 6 ओम

D. 8 ओम; 0 ओम

Q79 General Science

निम्न में से कौन सा ब्लीचिंग पाउडर का सही रासायनिक सूत्र है?

A. $CaOCl_2$ ✓

B. $Ca(OH)_2$

C. CaO

D. $CaCl_2$

Q80 General Science

निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जीवाश्म ईंधन हैं।

B. जीवाश्म ईंधन अक्षय संसाधन हैं। ✓

C. कोक, कोल तार और कोयला गैस कोयले के उत्पाद हैं।

D. हमें कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से करना चाहिए।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q81 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किसका उद्गम, चंद्रा और भागा नामक दो नदियों के संगम से होता है, जो स्वयं लाहुल में स्थित बारालाचा दर्रे (Bara Lacha Pass) के एक-एक ओर से निकलती हैं?

A. ब्यास

B. झेलम

C. चेनाब ✓

D. सतलुज

Q82 General Awareness and Current Affairs

भूमि उपयोग के बारे में कौन-सा कथन समूह सत्य है?

1. भूमि का उपयोग विभिन्न भौतिक कारकों जैसे स्थलाकृति, मिट्टी, जलवायु, खनिज और पानी की उपलब्धता से निर्धारित होता है।

2. जनसंख्या और प्रौद्योगिकी जैसे मानवीय कारक भूमि उपयोग पैटर्न के निर्धारक नहीं हैं।

3. लोग और उनकी मांगें निरंतर बढ़ती जा रही हैं, लेकिन भूमि की उपलब्धता सीमित है।

4. निर्माण गतिविधियों में वृद्धि होना भूमि निम्नीकरण, भूस्खलन और मृदा अपरदन के कारणों में से एक है।

A. 1, 2 और 3

B. 2, 3 और 4

C. 4, 3 और 1 ✓

D. 1, 2 और 4

Q83 General Awareness and Current Affairs

वार्षिक नौका दौड़ महोत्सव किस राज्य में आयोजित किया जाता है?

A. केरल ✓

B. गोवा

C. तमिलनाडु

D. ओडिशा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness and Current Affairs

पंचायत के गठन से संबंधित अनुच्छेद 243D किससे संबंधित है?

A. पंचायत में सीटों के आरक्षण ✓

B. ग्राम सभा

C. पंचायतों के गठन

D. पंचायतों की संरचना

Q85 General Awareness and Current Affairs

जुलाई 2022 में खेले गए पहले खेलो इंडिया फेंसिंग वुमेंस लीग की मेजबानी निम्न में से किस शहर ने की थी?

A. नई दिल्ली ✓

B. चेन्नई

C. करनाल

D. चंडीगढ़

Q86 General Awareness and Current Affairs

चारों वेदों में से किस वेद को 'यज्ञ सूत्रों के वेद' के रूप में जाना जाता है, जिसमें समान उद्देश्य के लिए इच्छित छंदों के साथ-साथ विभिन्न संस्कारों के लिए अपनाए जाने वाले गद्य सूत्र भी शामिल हैं?

A. ऋग्वेद

B. यजुर्वेद ✓

C. सामवेद

D. अथर्ववेद

Q87 General Awareness and Current Affairs

राज्यों की परिषद (राज्य सभा) पहली बार कब गठित की गई थी?

A. 3 अप्रैल 1952 ✓

B. 26 जनवरी 1950

C. 15 अगस्त 1947

D. 7 मई 1951

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

_____ उन सभी बंडलों का संग्रह है, जिसे उपभोक्ता विद्यमान बाजार कीमतों पर अपनी आय से खरीद सकता है।

A. बजट मॉडल

B. बजट मूल्य

C. बजट रेखा

D. बजट सेट ✓

Q89 General Awareness and Current Affairs

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

कमल, विष्णु का पिता है। उनकी वर्तमान आयु का योग 60 वर्ष है। यदि 6 वर्ष पूर्व, कमल की आयु विष्णु की तत्कालीन आयु की 5 गुनी थी, तो विष्णु की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

A. 10
B. 15
C. 20
D. 14 ✓

Q2 Mathematics

एक शो के टिकट का मूल्य अभिभावकों के लिए ₹7.50 और बच्चों के लिए ₹3 है। यदि कुल 952 टिकटों की बिक्री से ₹5,925 की राशि एकत्र की गई हो, तो बेचे गए बच्चों के टिकटों की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 682
B. 300
C. 270 ✓
D. 500

Q3 Mathematics

चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर निवेश की गई एक धनराशि, 10 वर्ष में स्वयं की तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्ष में, यह धनराशि स्वयं की 9 गुनी हो जाएगी?

A. 15 वर्ष
B. 20 वर्ष ✓
C. 25 वर्ष
D. 30 वर्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

विष्णु ने अपनी $10^{\text{वीं}}$ पारी में X रन बनाए। ये रन बनाने के बाद, उसके प्रति पारी औसत में 8 रन की वृद्धि हुई। यदि नया औसत 28 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

A. 110

B. 105

C. 100 ✓

D. 90

Q5 Mathematics

दो संख्याओं का योग 205 है। यदि इनमें से एक संख्या को 5% कम कर दिया जाए, और दूसरी संख्या को 10% बढ़ा दिया जाए, तो प्राप्त परिणामी संख्याएं बराबर होती हैं। दोनों प्रारंभिक संख्याओं में से छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 95 ✓

B. 110

C. 100

D. 105

Q6 Mathematics

उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसकी भुजाओं की माप क्रमशः 42 cm, 36 cm और 34 cm हैं।

A. $56\sqrt{110}\,\text{cm}^2$ ✓

B. $112\sqrt{110}\,\text{cm}^2$

C. $28\sqrt{55}\,\text{cm}^2$

D. $14\sqrt{55}\,\text{cm}^2$

Q7 Mathematics

जब $2^{-7} \times 2^{3n+4} = 2^{11} \div 2^5$ है, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

A. 2

B. 4

C. 5

D. 3 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

एक दुकानदार को पता चलता है कि जब वह एक किस्म के चावल को ₹50 प्रति kg की दर से बेचता है, तो उसे 20% की हानि होती है, और जब वह एक अन्य किस्म के चावल को ₹72 प्रति kg की दर से बेचता है, तो उसे 20% का लाभ होता है। यदि वह उन्हें 3 : 2 के अनुपात में मिलाने के बाद, मिश्रण को ₹64 प्रति kg की दर से बेचता है, तो उसका कुल प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)?

A. 4.1% ✓

B. 4.5%

C. 5.4%

D. 5.6%

Q9 Mathematics

ΔABC में, $\overline{AD}$, $\angle A$ को समद्विविभाजित करती है, और D, $\overline{BC}$ पर स्थित एक बिंदु है। यदि $m(\overline{AC}) = 4.2\ cm, m(\overline{BD}) = 4\ cm$ और $m(\overline{BC}) = 7\ cm,$ तो $m(\overline{AB})$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 5.2 cm

B. 5.6 cm ✓

C. 4.8 cm

D. 4.2 cm

Q10 Mathematics

एक माता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का अंतर 30 वर्ष है। 15 वर्ष पूर्व, माता की आयु, उसके पुत्र की तत्कालीन आयु की दोगुनी थी। माता की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

A. 75 ✓

B. 45

C. 60

D. 90

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

एक दुकानदार, ग्राहकों के लिए दो योजनाएं अर्थात् या तो "30% और 20% की क्रमिक छूटें" या "2 खरीदें, 1 मुफ्त पाएं" लाया है। इन दोनों योजनाओं में दी जाने वाली कुल वास्तविक प्रतिशत छूटों में धनात्मक अंतर (positive difference) कितना है?

A. $10\frac{2}{3}\%$ ✓

B. $11\frac{2}{3}\%$

C. $10\frac{1}{3}\%$

D. $11\frac{1}{3}\%$

Q12 Mathematics

रेलगाड़ी A, 6.00 a.m. बजे स्टेशन M से प्रस्थान करती है, और उसी दिन 2.00 p.m. बजे स्टेशन N पर पहुंच जाती है। रेलगाड़ी B, 8.00 a.m. बजे स्टेशन N से प्रस्थान करती है, और उसी दिन 3.00 p.m. बजे स्टेशन M पर पहुंच जाती है। रेलगाड़ियों A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

A. 10.48 a.m. ✓

B. 11.00 a.m.

C. 10.55 a.m.

D. 10.45 a.m.

Q13 Mathematics

62 और 30 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

A. 310

B. 9300

C. 930 ✓

D. 1860

Q14 Mathematics

निम्न में से कौन सी संख्या 4 से विभाज्य है?

A. 2122

B. 2123

C. 2124 ✓

D. 2125

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q15 Mathematics

यदि समीकरण $4x^2 - mx + 25 = 0$ का एक मूल $\frac{5}{2}$ है, तो m का मान कितना होगा?

A. 20 ✓

B. 25

C. 50

D. 10

Q16 Mathematics

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे छोटी भिन्न का चयन कीजिए।

A. $\frac{1981}{150}$

B. $\frac{1981}{153}$

C. $\frac{1981}{152}$

D. $\frac{1981}{155}$ ✓

Q17 Mathematics

एक समषट्भुज के प्रत्येक अंतः-कोण का माप ज्ञात कीजिए।

A. $135°$

B. $45°$

C. $80°$

D. $120°$ ✓

Q18 Mathematics

$(3 + 11) \times 4 \div (6 + 1) - 21$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 15

B. −15

C. −13 ✓

D. 13

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q19 Mathematics

एक समकोण त्रिभुज ABC में, कोण B समकोण है, और यदि $\tan A = \frac{1}{\sqrt{3}}$ है, तो $(\sin A\cos C + \cos A\sin C)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. $\frac{1}{4}$

B. $\frac{1}{2}$

C. $\frac{3}{4}$

D. 1 ✓

Q20 Mathematics

एक लंबवृत्तीय बेलन का आयतन 814 cm^3 है। यदि बेलन की त्रिज्या और ऊंचाई बराबर है, तो बेलन की ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. $\sqrt[2]{259}$

B. $\sqrt[3]{259}$ ✓

C. $\sqrt[3]{295}$

D. $2\sqrt[3]{259}$

Q21 Mathematics

दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) के 14 गुने के बराबर है। यदि एक संख्या 36 है, और उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का योग 270 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 144

B. 126 ✓

C. 252

D. 234

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q22 Mathematics

एक संख्या और इसके व्युत्क्रम का योग -2 है। इस परिस्थिति से संबंधित द्विघात समीकरण और संख्या का चयन कीजिए।

A. $x^2 + 2x + 1 = 0,\ x = -1$ ✓

B. $x^2 - 2x + 1 = 0,\ x = -1$

C. $x^2 + 2x + 1 = 0,\ x = 1$

D. $x^2 + 2x - 1 = 0,\ x = -1$

Q23 Mathematics

A और B एक कार्य को क्रमश: 9 दिन और 12 दिन में पूरा कर सकते हैं। A कार्य शुरू करता है, और वे एक-एक दिन छोड़कर कार्य करते हैं। वे इस कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकते हैं?

A. 11 दिन

B. $11\frac{1}{4}$ दिन

C. $10\frac{2}{7}$ दिन

D. $10\frac{1}{4}$ दिन ✓

Q24 Mathematics

₹150 की एक धनराशि को दो भागों में विभाजित किया गया है। इसका पहला भाग, दूसरे भाग के तीन गुने से ₹2 अधिक है। दूसरा भाग ज्ञात कीजिए।

A. ₹113

B. ₹37 ✓

C. ₹115

D. ₹35

Q25 Mathematics

यदि $48 : b :: b : 75$, और $b > 0$ है, तो b का मान ज्ञात कीजिए।

A. 55

B. 60 ✓

C. 65

D. 70

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 94387251 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में पहले, पांचवें और अंतिम अंक का योगफल कितना होगा?

A. 12

B. 10

C. 11 ✓

D. 14

Q27 General Intelligence and Reasoning

नीचे दो अक्षर-समूह युग्म दिए गए हैं, जिनमें दूसरा अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पहले अक्षर-समूह से संबंधित है। विकल्पों में से उस अक्षर-समूह युग्म का चयन कीजिए, जो समान तर्क का पालन करता है।

CPG : PGC

TJM : JMT

A. UQK : KQU

B. UQK : QUK

C. UQK : QKV

D. UQK : QKU ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन पर विचार करें और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

सर्दियों के दौरान, रात के समय आसमान बहुत साफ रहता है।

धारणाएं:

I. सर्दी के महीनों में, सूर्य जल्दी अस्त होता है।

II. सर्दी के मौसम में, वर्षा भी हो सकती है।

A. केवल धारणा I निहित है।

B. केवल धारणा II निहित है।

C. न तो धारणा I और न ही II निहित है। ✓

D. धारणाएं I और II दोनों ही निहित हैं।

Q29 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$18.01 \times 3.99 + 9.99 \times 3.99 = ?$

A. 92

B. 112 ✓

C. 84

D. 122

Q30 General Intelligence and Reasoning

सात व्यक्ति (E, F, G, H, I, J और K), उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। E और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, J के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। H, E और G के ठीक बगल में बैठा है। K, E के ठीक बगल में नहीं बैठा है। पंक्ति के ठीक मध्य में कौन बैठा है?

A. G ✓

B. H

C. J

D. I

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

H, N, P, T, W और Y एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, और उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 6 है।

H किसी विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, किंतु मंजिल क्रमांक 3 पर नहीं रहता है। H और N के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। P, N के ऊपर की किसी विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है। P और T के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। न तो T और न ही W, सबसे ऊपरी मंजिल पर रहते हैं।
T से नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

A. तीन से अधिक

B. तीन

C. दो

D. एक ✓

Q32 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ लिपस्टिक, लाल हैं।
कुछ लाल, गुलाबी हैं।
सभी लिपस्टिक, रंग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ लिपस्टिक, गुलाबी हैं।
(II) कुछ रंग, लाल हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है। ✓

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q33 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को समान क्रम में बाएं से दाएं की ओर नीचे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में भरने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

E _ F G _ E _ F G H E _ G G H _ F G H _

A. EFHHFH

B. EGFHFF

C. EHFFEH ✓

D. EHFGEH

Q34 General Intelligence and Reasoning

संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर होगा।

संख्या /प्रतीक	2	%	4	3	5	$	@	9	#	+	8	^	7	9
कूट अक्षर	L	D	B	S	G	A	H	K	L	Z	F	X	Q	Y

शर्तें:

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है, और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

(ii) यदि पहला घटक एक विषम संख्या है, और अंतिम घटक एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।

$ 2 3 % 4 का कूट क्या होगा?

A. BLDSA

B. ASLDB

C. ALSDB

D. BLSDA ✓

Q35 General Intelligence and Reasoning

शब्द PLATE में (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) ऐसे कितने अक्षर-युग्म मौजूद हैं, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं?

A. शून्य ✓

B. एक

C. दो

D. तीन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

H, N, P, T, W और Y एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, और उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 6 है।

H, मंजिल क्रमांक 4 के ऊपर की किसी एक मंजिल पर रहता है। H और N के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। P, N के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। P और T के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। W, T के नीचे की किसी विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है।

Y के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर कौन रहता है?

A. T

B. W

C. H ✓

D. N

Q37 General Intelligence and Reasoning

यदि आज सोमवार 22 जनवरी 2020 है, तो आज से 100 दिन बाद कौन-सी तिथि और दिन होगा?

A. 1 मई 2020, सोमवार

B. 2 मई 2020, बुधवार

C. 3 मई 2020, गुरुवार

D. 1 मई 2020, बुधवार ✓


Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q38 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई चार्ट का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दिया गया पाई चार्ट, चार विभिन्न सीज़न (1, 2, 3 और 4) के देखे गए एपिसोडों की संख्या को दर्शाता है । चारों सीज़न को मिलाकर देखे गए एपिसोडों की कुल संख्या 60 है।



सीज़न 3 के देखे गए एपिसोडों की संख्या के संगत केंद्र कोण कितना है?

A. 90° ✓

B. 80°

C. 108°

D. 84°

Q39 General Intelligence and Reasoning

छः छात्रों - A, B, C, D, E और F ने एक अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में भाग लिया। उनमें से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। C ने D से अधिक, किंतु B से कम अंक प्राप्त किए। E ने A से कम अंक प्राप्त किए। B ने A से अधिक, किंतु F से कम अंक प्राप्त किए। C ने E से कम अंक प्राप्त किए। दिए गए छात्रों में से किसने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए?

A. F ✓

B. B

C. A

D. E

Q40 General Intelligence and Reasoning

एक कक्षा की परीक्षा में, कुछ विद्यार्थियों को उनके अंकों के आधार पर अलग-अलग स्थान प्राप्त हुआ। विवेक शीर्ष से 12वें स्थान पर है, और नीचे से 15वें स्थान पर है । कुल कितने विद्यार्थियों ने परीक्षा दी?

A. 27

B. 32

C. 26 ✓


D. 35

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q41 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित ग्राफ में विभिन्न महीनों के दौरान राजेश की किराने की दुकान से हुई आय को दर्शाया गया है। ग्राफ का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।



मई, जून और जुलाई में मिलाकर हुई कुल आय, तथा अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में मिलाकर हुई कुल आय का क्रमशः अनुपात कितना है?

A. 1 : 1 ✓

B. 2 : 1

C. 11 : 21

D. 1 : 2

Q42 General Intelligence and Reasoning

विनी बिंदु A से शुरू करके पूर्व की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है, और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, और 17 km ड्राइव करता है। अंततः वह बाएं मुड़ता है, 20 km ड्राइव करता है, और बिंदु B पर रुक जाता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 4 km पूर्व की ओर

B. 6 km उत्तर की ओर

C. 8 km दक्षिण की ओर ✓

D. 2 km दक्षिण की ओर

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) Z & U P # 2 9 ! 3 B @ 7 4 $ L 5 T 8 5 * X (दाएं)

यदि शृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सा बाईं ओर से दसवें स्थान पर होगा?

A. L ✓

B. *

C. T

D. $

Q44 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो नीचे दिए गए समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करने, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(4, 11, 31)

(3, 9, 25)

A. (5, 13, 29)

B. (7, 11, 35)

C. (6, 15, 43) ✓

D. (2, 8, 19)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन के आधार पर ज्ञात कीजिए कि कौन सा निष्कर्ष सत्य है?

कथन: $P < Q < R \leq S = T \leq U$

निष्कर्ष:

1) $Q \leq T$

2) $T > U$

3) $Q \leq U$

4) $S \leq U$

A. 1

B. 2

C. 3

D. 4 ✓

Q46 General Intelligence and Reasoning

यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 567 243 186 689 427 (दाएं)

(उदाहरण के लिए- 123 में - पहला अंक = 1, दूसरा अंक = 2 और तीसरा अंक = 3 है)

नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।

उपरोक्त श्रेणी की दूसरी सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को, सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ने पर प्राप्त परिणाम ज्ञात कीजिए।

A. 10

B. 11 ✓

C. 12

D. 13

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

आठ दोस्त, एक वर्गाकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से चार दोस्त मेज के कोनों पर बैठे हैं, और शेष चार दोस्त मेज की चारों भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। अरहान, सुनीता के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। हरि, तारिणी के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। तारिणी, अरहान के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। तारिणी और नीलिमा के बीच केवल डेज़ी बैठी है। हरि और नीलिमा के बीच केवल प्रशांत बैठा है। यश, प्रशांत के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। निम्न में से कौन तारिणी और अरहान के ठीक बगल में बैठा है?

A. नीलिमा

B. यश ✓

C. डेज़ी

D. प्रशांत

Q48 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्या 6311624 में प्रत्येक विषम अंक को 2 से गुणा किया जाए, और प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के सबसे बड़े अंक और सबसे छोटे अंक का अंतर कितना होगा?

A. 3

B. 4

C. 6

D. 5 ✓

Q49 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

2 1.5 1.1 0.8 0.6 ?

A. 0.4

B. 0.5 ✓

C. 0.6

D. 0.3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

शहर Q, शहर P के दक्षिण - पूर्व में है। शहर R, शहर Q के दक्षिण - पश्चिम में है। शहर R, शहर P के दक्षिण में है। शहर S, शहर R के पश्चिम में है। शहर S के सापेक्ष, शहर P की दिशा क्या है?

A. दक्षिण-पश्चिम

B. उत्तर

C. दक्षिण-पूर्व

D. उत्तर-पूर्व ✓

Q51 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित संख्या श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

87, 88, 80, 107, 43, ?

A. 168 ✓

B. 70

C. 126

D. 98

Q52 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ घड़ियां, दीवार-घड़ियां हैं।
सभी दीवार-घड़ियां, टावर हैं।
सभी टावर, ईंटें हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ईंटें, घड़ियां हैं।
(II) कुछ दीवार-घड़ियां, ईंटें हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं। ✓

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q53 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और छठे पद का पांचवे पद से है।

48 : 16 :: 96 : ? :: 108 : 21

A. 20 ✓

B. 22

C. 21

D. 23

Q54 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ बर्तन, मिट्टी हैं।
कुछ फूल, मिट्टी हैं।
सभी मिट्टी, कीड़े हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फूल, कीड़े हैं।
(II) कुछ बर्तन, फूल हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Q55 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'ANGRY' को 'CKIOA' लिखा जाता है, और 'THINK' को 'VEKKM' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में, 'CROWN' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. FPRUQ

B. EPRTQ

C. EOQTP ✓

D. FOQUP

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q56 General Science

धातुओं के मामले में आदर्श अपशिष्ट निपटान विधि कौन सी है?

A. भस्मीकरण (incineration)

B. कम्पोस्ट बनाना (composting)

C. पुनर्चक्रण (recycling) ✓

D. पुनः-उपयोग (reusing)

Q57 General Science

दाएं हाथ के अंगूठे के नियम के अनुसार, _____ धारा की दिशा को निरूपित करता/करती है।

A. अंगूठा ✓

B. मध्यमा

C. कनिष्ठिका

D. तर्जनी

Q58 General Science

एक वस्तु को 15 cm फोकस दूरी वाले अवतल लेंस के सामने रखा जाता है, और उसका प्रतिबिंब 7.5 cm की दूरी पर बनता है। लेंस का आवर्धन ज्ञात कीजिए।

A. 1.25

B. 0.50 ✓

C. 0.75

D. 1.5

Q59 General Science

इनमें से कौन सा अम्ल-क्षार युग्म, अमोनियम क्लोराइड का लवण उत्पन्न करेगा?

A. HCl - NaOH

B. HCl - NH_4OH ✓

C. HNO_3 - NH_4OH

D. H_2SO_4 - NH_4OH

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 General Science

_____ में लिंग गुणसूत्रों (sex chromosomes) का एक पूर्ण युग्म मौजूद होता है।

A. सांपों

B. स्टारफिश

C. मानव मादाओं ✓

D. मानव नरों

Q61 General Science

12 V की एक बैटरी एक अज्ञात प्रतिरोध के टर्मिनलों से संयोजित है। यदि 2 mA की धारा, उस परिपथ से होकर प्रवाहित होती है, तो प्रतिरोध का मान _____ होगा।

A. 6 ओम

B. 60 ओम

C. 600 ओम

D. 6000 ओम ✓

Q62 General Science

एक उत्तल दर्पण द्वारा निर्मित प्रतिबिंब से संबंधित आंकड़े नीचे दिए गए हैं:

वस्तु की दूरी = 30 cm,

वस्तु का आकार = 10 cm,

प्रतिबिंब का आकार = 2.5 cm,

इस दर्पण की फोकस दूरी _____ होगी।

A. 10 cm ✓

B. 20 cm

C. 15 cm

D. 30 cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q63 General Science

बड़े बांधों के निर्माण द्वारा नदी के प्राकृतिक प्रवाह को विनियमित करने से _____ अनुप्रवाह (downstream) क्षेत्रों में कृषि प्रभावित होती है।

A. जल प्रवाह कम होने के कारण भौम जलस्तर कम होने से

B. बाढ़ से खनिज समृद्ध तलछट के वार्षिक जमावों को अवरुद्ध करने से ✓

C. जल आपूर्ति कम होने के कारण जल के खारा होने से

D. मानसूनों के दौरान भूजल के पुनर्भरण को रोकने से

Q64 General Science

अवक्षेपण अभिक्रियाएं, एक विशिष्ट श्रेणी की _____ हैं।

A. अपघटन अभिक्रियाएं

B. द्वि-विस्थापन अभिक्रियाएं ✓

C. संयोजन अभिक्रियाएं

D. रेडॉक्स अभिक्रियाएं

Q65 General Science

कार्बन के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

A. कार्बन प्रकृति में अधातु है। ✓

B. कार्बन प्रकृति में धातु है।

C. कार्बन प्रकृति में उपधातु है।

D. कार्बन एक उत्कृष्ट गैस (noble gas) है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q66 General Science

मेंढकों में मानव की तरह ही एक जोड़ी फेफड़े होते हैं, लेकिन वे अपने _____ से भी श्वसन कर सकते हैं।

A. श्वासरंध्रों (spiracles)

B. श्वासप्रणाल (tracheae)

C. आर्द्र और श्लेष्मीय त्वचा (slippery and moist skin) ✓

D. क्लोम (gills)

Q67 General Science

निम्नलिखित धातुओं को उनकी अभिक्रियाशीलता के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

K, Al, Fe, Au, Pb

A. K > Al > Pb > Fe > Au

B. K > Fe > Al > Pb > Au

C. K > Al > Fe > Pb > Au ✓

D. K > Al > Fe > Au > Pb

Q68 General Science

एक प्रकाश किरण-पुंज, एक अवतल लेंस से गुजरने के बाद लेंस के पीछे 25 cm की दूरी पर स्थित एक बिंदु से अपसारित होता प्रतीत होता है। लेंस की क्षमता कितनी है?

A. $+4$ D

B. -0.25 D


C. -4 D ✓

D. $+0.25$ D

Q69 General Science

प्रतिरोध (R) को किस प्रतीक द्वारा निरूपित किया जाता है?

A. 

B. 

C. 

D.  ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q70 General Science

एक वयस्क मनुष्य के मुख में केवल _____ कृंतक होते हैं।

A. चार

B. आठ ✓

C. दस

D. बारह

Q71 General Science

प्रकाश संश्लेषण के दौरान निम्न में से कौन-सी प्रक्रिया नहीं होती है?

A. प्रकाश ऊर्जा का अवशोषण

B. ऑक्सीजन का अवशोषण ✓

C. कार्बन डाईऑक्साइड का अपचयन

D. जल के अणुओं का विभाजन

Q72 General Science

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

A) तत्वों के भौतिक और रासायनिक गुणों की तुलना करने के लिए वर्गीकरण आवश्यक है।

B) एक ही प्रकार के तत्वों को एक ही समूह में व्यवस्थित करने के लिए वर्गीकरण आवश्यक है।

C) विभिन्न प्रकार के तत्वों को एक ही समूह में व्यवस्थित करने के लिए वर्गीकरण आवश्यक है।

A. केवल A

B. केवल A और B ✓

C. A, B और C


D. केवल B और C

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q73 General Science

निम्नांकित आकृति मानव हृदय को दर्शाती है। LA = बायां अलिंद; LV = बायां निलय; RA = दायां अलिंद; RV = दायां निलय। कपाट (valves) कहां स्थित हैं?



A. 1, 2, 4 और 6 क्रमांकित स्थानों पर

B. 2, 3, 4 और 5 क्रमांकित स्थानों पर ✓

C. 4, 5 और 6 क्रमांकित स्थानों पर

D. 1, 2, 3, 4, 5 और 6 क्रमांकित सभी स्थानों पर

Q74 General Science

कार्बन की संयोजकता _____ होती है।

A. 3

B. 4 ✓

C. 2

D. 6

Q75 General Science

5 m लंबाई वाले एक पदार्थ की प्रतिरोधकता 1.6×10^{-8} ohm-m है। यदि पदार्थ की लंबाई में 10 m की वृद्धि कर दी जाए, तो प्रतिरोधकता का मान _____ हो जाएगा।

A. 3.2×10^{-8}

B. 1.6×10^{-8} ✓

C. 0.8×10^{-8}

D. 12.4×10^{-8}

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 General Science

निम्नांकित में से कौन सी आकृति मानव शरीर में यकृत (गुलाबी आकृति के रूप में प्रदर्शित) के सही स्थान को दर्शाती है (दिया गया है कि उस व्यक्ति का मुख आपकी, अर्थात् पाठक की ओर है)?



A. आकृति 1

B. आकृति 2

C. आकृति 3 ✓

D. आकृति 4

Q77 General Science

चुंबकीय क्षेत्र के अंदर स्थित धारावाही चालक पर बल की दिशा ज्ञात करने के लिए प्रयुक्त फ्लेमिंग के बाएं हाथ के नियम के अनुसार, मध्यमा और तर्जनी अंगुलियां क्रमशः _____ और _____ की दिशाओं को निरूपित करती हैं।

A. बल, चुंबकीय क्षेत्र

B. चुंबकीय क्षेत्र, बल

C. चुंबकीय क्षेत्र, धारा

D. धारा, चुंबकीय क्षेत्र ✓

Q78 General Science

न्यूलैंड के अष्टक सिद्धांत के अनुसार, प्रत्येक _____ तत्व के गुणधर्म, पहले तत्व के गुणधर्मों के समान होते हैं।

A. छठवें

B. सातवें

C. आठवें ✓

D. चौथे

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q79 General Science

लवण जल के विद्युत अपघटन के दौरान कौन सी गैस उत्पन्न होती है, जो पॉप ध्वनि के साथ जलती है?

A. H_2 ✓

B. Cl_2

C. N_2

D. O_2

Q80 General Science

गोलीय दर्पण के वक्रता केंद्र के संबंध में निम्न में से कौन से कथन सत्य हैं?

(S - I) गोलीय दर्पण का वक्रता केंद्र (C), उस गोले का केंद्र होता है, दर्पण जिसका कटा हुआ भाग होता है।

(S - II) गोलीय दर्पण का द्वारक (D) उस गोले का व्यास होता है, दर्पण जिसका कटा हुआ भाग होता है।

(S - III) मुख्य फोकस (F), गोलीय दर्पण के ध्रुव (P) और वक्रता केंद्र (C) के बीच का ठीक मध्य-बिंदु होता है।

A. केवल (S - I)

B. केवल (S - I) और (S - II)

C. केवल (S - I) और (S - III) ✓

D. (S - I), (S - II) और (S - III)

General Awareness and Current Affairs

20 Questions • Answer Key

Q81 General Awareness and Current Affairs

जैन धर्म में तीर्थंकर किसे कहते हैं?

A. वह व्यक्ति, जो कभी भी ईश्वर में विश्वास नहीं करता है।

B. वह व्यक्ति, जो एक ईश्वर और एक आत्मा में विश्वास करता है, तथा पुनर्जन्म में विश्वास रखता है।

C. तीर्थयात्रियों का एक समूह।

D. धर्म का रक्षक एवं आध्यात्मिक शिक्षक, जो मोक्ष, या मुक्ति का मार्ग बताता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q82 General Awareness and Current Affairs

राष्ट्रीय वायु खेलकूद नीति 2022 के तहत, भारत में वायु-खेलों (air sports) के लिए _____ स्तरीय गवर्नेंस संरचना होगी।

A. चार ✓

B. तीन

C. दो

D. छह

Q83 General Awareness and Current Affairs

फरवरी 2022 में, किस सेवा प्रदाता ने घोषणा की कि वह अपनी नेक्स्ट जनरेशन मल्टी-टेराबिट इंडिया-एशिया-एक्सप्रेस (IAX) अंडर-सी (अंतः-समुद्री) केबल सिस्टम को हुलहुमाले, मालदीव में उतारेगा?

A. वोडाफोन आइडिया लिमिटेड

B. रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड

C. रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ✓

D. भारती एयरटेल लिमिटेड

Q84 General Awareness and Current Affairs

किस घटना ने भारत के विदेशी व्यापार पर ब्रिटिश नियंत्रण को और अधिक मजबूत कर दिया था?

A. स्वेज नहर को खोल दिया जाना ✓

B. रेल पटरियों के निर्माण

C. भारतीय धन की निकासी

D. विदेशी व्यापार पर अंग्रेजों के एकाधिकार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q85 General Awareness and Current Affairs

मार्च 2022 में, विद्यालयों में हेल्थ क्लीनिक स्थापित करने की परियोजना के तहत, छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान देने हेतु, एक सरकारी विद्यालय में हेल्थ क्लीनिक का उद्घाटन, भारत के किस राज्य में किया गया था?

A. पश्चिम बंगाल

B. पंजाब

C. दिल्ली ✓

D. आंध्र प्रदेश

Q86 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से किस घटना को कलकत्ता हत्याकांड के रूप में जाना जाता है?

A. बंगाल सत्याग्रह

B. भारत छोड़ो आंदोलन

C. सीधी कार्यवाही दिवस ✓

D. नमक सत्याग्रह

Q87 General Awareness and Current Affairs

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने, _____ 2022 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में 'विशेष सप्ताह (Iconic Week)' के रूप में मनाया।

A. 8 से 15 मार्च

B. 1 से 8 मार्च ✓

C. 15 से 22 मार्च

D. 22 से 28 मार्च

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन-सा एक मांग निर्धारक नहीं है?

A. माल की कीमत

B. भविष्य में कीमत में बदलाव की उम्मीद

C. विक्रेता की रुचि और पसंद ✓

D. उपभोक्ता की आय

Q89 General Awareness and Current Affairs

_____ में, भारत सरकार द्वारा कुछ निश्चित आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली भारतीय भाषाओं को "शास्त्रीय भाषा" घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

A. 2004 ✓

B. 2006

C. 2008

D. 2010

Q90 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

A. अल्पकाल में, एक फर्म सभी आगतों में परिवर्तन नहीं कर सकती है।

B. कारकों में से एक में परिवर्तन नहीं किया जा सकता, इसलिए वे अल्पकाल में स्थिर रहते हैं।

C. दीर्घकाल में, उत्पादन के सभी कारकों में परिवर्तन किया जा सकता है।

D. एक फर्म, निर्गत के विभिन्न स्तरों का उत्पादन करने के लिए, दीर्घकाल में किसी एक आगत में परिवर्तन नहीं कर सकती है। ✓

Q91 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया है?

A. मैरी कॉम

B. ज्वाला गुट्टा

C. विराट कोहली

D. नीरज चोपड़ा ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q92 General Awareness and Current Affairs

भारत की कोविड-19 (COVID-19) की विषय विशेषज्ञ समिति (SEC) ने मई 2021 में 2 से 18 वर्ष के आयु वर्ग में चरण II/III नैदानिक परीक्षण के लिए इनमें से किस टीके की सिफारिश की है?

A. स्पुतनिक लाइट वैक्सीन (Sputnik light vaccine)

B. कोवैक्सिन (Covaxin) ✓

C. कॉर्बेवैक्स (Corbevax)

D. कोविशील्ड (Covishield)

Q93 General Awareness and Current Affairs

संविधान के अनुच्छेद _____, जो राज्य के नीति निदेशक तत्वों में से एक को प्रतिष्ठापित करता है, में यह निर्दिष्ट किया गया है कि राज्य ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा, और उन्हें ऐसी शक्तियां और प्राधिकार प्रदान करेगा, जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हों।

A. 31

B. 37

C. 40 ✓

D. 48

Q94 General Awareness and Current Affairs

लोकपावनी और भवानी, _____ नदी की सहायक नदियां हैं।

A. कावेरी ✓

B. कृष्णा

C. महानदी

D. गोदावरी

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

किस पंचवर्षीय योजना में बुनियादी एवं भारी उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया गया, ताकि तीव्र औद्योगीकरण, आत्मनिर्भरता और प्रौद्योगिकी विकास के लिए एक ठोस आधार स्थापित किया जा सके?

A. तीसरी पंचवर्षीय योजना

B. दूसरी पंचवर्षीय योजना ✓

C. चौथी पंचवर्षीय योजना

D. पहली पंचवर्षीय योजना

Q96 General Awareness and Current Affairs

भारत के संविधान के _____ के खंड (2) के अनुसार, भारत के राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते हैं।

A. अनुच्छेद 118

B. अनुच्छेद 121

C. अनुच्छेद 124 ✓

D. अनुच्छेद 127

Q97 General Awareness and Current Affairs

भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक कर्तव्यों के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है?

A. 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना हमारा मौलिक कर्तव्य है ✓

B. माता-पिता की आज्ञा मानना एक मौलिक कर्तव्य है

C. जैव विविधता को संरक्षित करना एक मौलिक कर्तव्य है

D. भविष्य के लिए पैसे बचाना एक मौलिक कर्तव्य है

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q98 General Awareness and Current Affairs

राम नवमी एक हिंदू वसंतोत्सव है, जो भगवान राम के जन्मदिन पर मनाया जाता है, और यह सामान्यतः _____ के महीने में आता है।

A. जून

B. अप्रैल ✓

C. जुलाई

D. अगस्त

Q99 General Awareness and Current Affairs

कस्तूरी मृग (Musk Deer) का प्राकृतिक निवास स्थल कहां है?

A. थार मरुस्थल

B. पश्चिमी घाट

C. 2500 m से अधिक ऊंचाई वाले उच्च अल्पाइन परिवेश ✓

D. 500 m से कम ऊंचाई वाले गंगा के मैदान

Q100 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से कौन-सा पर्वत और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सही सुमेलित नहीं है?

A. कंचनजंगा - सिक्किम

B. नंदादेवी - उत्तराखंड

C. सासेर कांगड़ी - लद्दाख

D. K2 पर्वत - हिमाचल प्रदेश ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

10 वर्ष बाद A की उम्र, B की 10 वर्ष पूर्व की उम्र की दोगुनी होगी। यदि A, B से 9 वर्ष बड़ा है तो A की वर्तमान उम्र क्या है?

A. 39 वर्ष

B. 48 वर्ष ✓

C. 13 वर्ष

D. $21\frac{1}{2}$ वर्ष

Q2 Mathematics

$\sqrt{8836}+\sqrt{6084}-\sqrt{1849}$ का मान ज्ञात करें।

A. 121

B. 129 ✓

C. 162

D. 126

Q3 Mathematics

एक पिता और पुत्र की आयु के बीच का अंतर 35 वर्ष है। अब से पाँच वर्ष बाद, पिता की आयु पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। पुत्र की वर्तमान आयु क्या है?

A. 25 वर्ष

B. 20 वर्ष

C. 15 वर्ष

D. 30 वर्ष ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q4 Mathematics

$(x^{\frac{2}{3}} - x^{\frac{-2}{3}})(x^{\frac{4}{3}} + 1 + x^{\frac{-4}{3}})$ का मान _____ होगा।

A. 0

B. $\frac{1}{x^2}$

C. x^2

D. $x^2 - \frac{1}{x^2}$ ✓

Q5 Mathematics

यदि $a = (0.\overline{29} \div 0.3\bar{2}) \times (0.\bar{2} \div 0.\overline{15}) + 0.\bar{3}$ है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

A. $1\frac{1}{3}$

B. $2\frac{1}{3}$

C. $1\frac{2}{3}$ ✓

D. $3\frac{2}{3}$

Q6 Mathematics

A और B खाली करने वाले पाइप हैं, और C भरने वाला पाइप है। पाइप A और B एक पूरे भरे हुए टैंक को क्रमशः 15 घंटे और 18 घंटे में खाली कर सकते हैं। जब तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाता है, तो टैंक के $\frac{1}{9}$ भाग को खाली करने में $1\frac{1}{4}$ घंटे का समय लगता है। पाइप C अकेले टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को कितने घंटे में भर सकता है?

A. 18

B. 20 ✓

C. 25

D. 30

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q7 Mathematics

अरुणा ने ₹25 में 8 की दर से केले खरीदे, और ₹20 में 6 की दर से बेचे। उसका प्रतिशत लाभ या हानि ज्ञात करें।

A. $6\frac{1}{3}\%$ हानि

B. $6\frac{2}{3}\%$ लाभ ✓

C. $3\frac{2}{3}\%$ लाभ

D. $5\frac{2}{3}\%$ हानि

Q8 Mathematics

MNOP एक ऐसा चतुर्भुज है जिसका प्रत्येक कोण समकोण है। भुजा MN, भुजा PO के बराबर है और भुजा MP, भुजा NO के बराबर है और इसके दोनों विकर्ण 90° पर प्रतिच्छेद नहीं करते हैं। MNOP किस प्रकार का चतुर्भुज है?

A. पतंगाकार

B. समचतुर्भुज

C. वर्ग

D. आयत ✓

Q9 Mathematics

आंकड़ों 9, 12, 11, 8, 16, 18, 10, 14, 15, 13, 17, 20, 2, 24 की माध्यिका x है। यदि इन आंकड़ों में 2 और 8 को क्रमशः 21 और 18 से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार प्राप्त आंकड़ों की माध्यिका y है। $(3x - y)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 23.5

B. 24.5

C. 25 ✓

D. 26

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Mathematics

दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) के 20 गुने के बराबर है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 213 है। यदि इन दो संख्याओं में से किसी एक को 225 से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 4 और शेषफल 165 प्राप्त होता है। दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 426

B. 639

C. 852 ✓

D. 1065

Q11 Mathematics

पाइप A एक टैंक को 8 घंटे में भर सकता है। पाइप B और C पूरे भरे टैंक को क्रमशः 20 घंटे और 15 घंटे में खाली कर सकते हैं। पाइप A और B को एक साथ 5 घंटे के लिए खोला जाता है, और फिर B को बंद कर दिया जाता है, और C को तुरंत खोल दिया जाता है। तो टैंक कुल कितने समय में पूरा भर जाएगा?

A. $10\frac{5}{7}$ घंटे

B. $11\frac{2}{7}$ घंटे

C. $10\frac{3}{7}$ घंटे

D. $15\frac{5}{7}$ घंटे ✓

Q12 Mathematics

यदि $4a + 3b = 2c$ है, तो $(4a)^3 + (3b)^3 + (-2c)^3$ का मान ज्ञात करें।

A. $-72abc$ ✓

B. $72abc$

C. 0

D. 1

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q13 Mathematics

मान लीजिए $0.\overline{27} \div 3.\bar{2} = x$ है, जहां x सरलतम रूप में एक उचित भिन्न है। तो x के अंश और हर का योग क्या होगा?

A. 296

B. 340

C. 342

D. 346 ✓

Q14 Mathematics

दो संख्याएं a और b इस प्रकार हैं कि $a : 24 :: 24 : b$ और $a : b :: b : 192$ है। $(a + b)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 48

B. 54

C. 60 ✓

D. 72

Q15 Mathematics

$\frac{3-4\sin^2\theta}{\cos^2\theta}$ को निम्न में से किस प्रकार सरल किया जा सकता है?

A. $3 - \tan^2\theta$ ✓

B. $3 + \tan^2\theta$

C. $3\cot^2\theta - \tan^2\theta$

D. $3\cos^2\theta - 4\sec^2\theta$

Q16 Mathematics

10.5 cm त्रिज्या वाले एक धातु के गोले को पिघलाकर प्रत्येक 3.5 cm त्रिज्या वाले छोटे गोलों के रूप में ढाला जाता है। इस प्रकार प्राप्त छोटे गोलों की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 32

B. 30

C. 27 ✓

D. 72

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

यदि एक निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹2,761 है, और चक्रवृद्धि ब्याज की दर 10% वार्षिक है, और ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर की जाती है, तो वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

A. ₹21,500

B. ₹26,100

C. ₹25,100 ✓

D. ₹25,150

Q18 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सी संख्या 11 से विभाज्य है?

A. 3592476154475369 20

B. 359247615447536915 ✓

C. 359247615447536923

D. 35924761544753698

Q19 Mathematics

एक व्यापारी पर एक साहूकार का एक वर्ष में देय ₹12,500 बकाया है। हालांकि, व्यापारी 6 माह बाद ऋण का निपटान करना चाहता है। यदि ब्याज की दर 8% वार्षिक है, तो उसे कितनी राशि का भुगतान करना होगा? (अपना उत्तर निकटतम पूर्ण संख्या मान तक पूर्णांकित कीजिए।)

A. ₹12,019 ✓

B. ₹10,219

C. ₹12,091

D. ₹10,291

Q20 Mathematics

यदि किसी विशिष्ट आंकड़ों के माध्य और बहुलक क्रमशः 12 और 21 हैं, तो आनुभविक संबंध का उपयोग करते हुए, माध्यिका ज्ञात कीजिए।

A. 12

B. 16

C. 14

D. 15 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

A, ₹7,250 की पूंजी के साथ एक व्यवसाय शुरू करता है, और 3 महीने बाद, B साझेदार के रूप में A के साथ जुड़ जाता है। A द्वारा व्यवसाय शुरू करने के एक वर्ष बाद, लाभ को A और B के बीच $8:9$ के अनुपात में विभाजित किया जाता है। पूंजी में B का योगदान ज्ञात कीजिए।

A. ₹10,250

B. ₹10,500

C. ₹10,875 ✓

D. ₹10,000

Q22 Mathematics

10 इकाई वाह्य त्रिज्या और 5 इकाई अंतः-त्रिज्या वाले एक खोखले अर्धगोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल (वर्ग इकाई में) ज्ञात कीजिए।

A. 325π ✓

B. 225π

C. 425π

D. 375π

Q23 Mathematics

200 भुजाओं वाले एक बहुभुज के अंतः कोणों का योग कितना होगा?

A. $35{,}640°$ ✓

B. $35{,}460°$

C. $36{,}540°$

D. $35{,}604°$

Q24 Mathematics

वह द्विघात समीकरण ज्ञात करें, जिसके मूल $\sqrt{3}+1$ और $\sqrt{3}-1$ हैं।

A. $x^2 - 2\sqrt{3}\,x + 4 = 0$

B. $x^2 - 2\sqrt{3}\,x + 2 = 0$ ✓

C. $x^2 + 2\sqrt{3}\,x + 2 = 0$

D. $x^2 - \sqrt{3}\,x + 2 = 0$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q25 Mathematics

$x^4 - (x^2-2)^2 + (2 - x) = 0$ क्या है?

A. द्विघात समीकरण ✓

B. रैखिक समीकरण

C. केवल एक संख्या

D. चतुर्घात समीकरण

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

यदि '×' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, '+' का अर्थ '×' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन सा मान आएगा?

$27 \div 288 + 2 \times 2 \times 22 - 2 = ?$

A. 450

B. 550

C. 420

D. 590 ✓

Q27 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कोई नदी, पहाड़ नहीं है।

कुछ पहाड़, झील हैं।

सभी झील, तालाब हैं।

निष्कर्ष:

(I) कुछ झीलें, नदियां नहीं हैं।

(II) कुछ झीलें, पहाड़ हैं।

(III) कुछ तालाब, पहाड़ हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है।

D. सभी निष्कर्ष I , II और III पालन करते हैं। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q28 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित संख्या में व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। A, D के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। P और L के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हुए हैं। K, L के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D, K के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। P, K के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
यदि पंक्ति में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा है, तो बैठे हुए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

A. 13 ✓

B. 14

C. 10

D. 12

Q29 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षरों और प्रतीकों के अनुक्रम का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) W & T O ! A L % V E N # J * U D $ I X @ C ^ (दाएं)

इस अनुक्रम में ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है, और ठीक बाद एक प्रतीक है?

A. दो

B. चार ✓

C. तीन

D. पांच

Q30 General Intelligence and Reasoning

यदि,

P का अर्थ 'गुणा',

Q का अर्थ 'घटाना',

R का अर्थ 'जोड़ना', और,

S का अर्थ 'भाग' है,

तो 15 S 5 P 10 Q 4 R 2 का मान ज्ञात कीजिए।

A. 28 ✓

B. 29

C. 27

D. 26

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 General Intelligence and Reasoning

R, S, T, U, V और W, छह चचेरे/ममेरे/फुफेरे/मौसेरे भाई हैं, जो एक वृत्ताकार भोजन-मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। U, S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T, U के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। R, W और T दोनों के ठीक बगल में बैठा है। S के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. W

B. T

C. R

D. V ✓

Q32 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवें अक्षर-समूह से वही संबंध है, जो दूसरे अक्षर-समूह का पहले अक्षर-समूह से है, और चौथे अक्षर-समूह का तीसरे अक्षर-समूह से है।

PAIN : APNI :: MODE : OMED :: JUST : ?

A. JTUS


B. SUJT

C. UJTS ✓

D. TUJS

Q33 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित पाई-चार्ट में, 1 लीटर स्ट्रॉबेरी शेक बनाने में प्रयुक्त सामग्रियों की लागत का प्रतिशतवार वितरण प्रदर्शित किया गया है। चार्ट का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



[संदर्भ:- Percentage wise distribution of the cost of items used in making 1 litre of strawberry shake :1 लीटर स्ट्रॉबेरी शेक बनाने में प्रयुक्त सामग्रियों की लागत का प्रतिशतवार वितरण; Milk : दूध; Strawberry : स्ट्रॉबेरी; Ice-cream : आइस-क्रीम; Sugar : चीनी]

यदि 3 लीटर स्ट्रॉबेरी शेक बनाने की कुल लागत ₹1,500 है, तो 1 लीटर स्ट्रॉबेरी शेक बनाने के लिए प्रयुक्त स्ट्रॉबेरी की लागत कितनी होगी?

A. ₹120

B. ₹100 ✓

C. ₹150

D. ₹180

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q34 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'BDSHK' को 'GHVJL' लिखा जाता है, और 'FGLRU' को 'KKOTV' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'ELPHT' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. JPTJU

B. JPSJU ✓

C. JPSJV

D. JPTJV

Q35 General Intelligence and Reasoning

नीचे दी गई तालिका में, एक स्कूल में वर्ष 2002 से 2006 तक तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं में रसायनों का उपयोग (लीटर में) प्रदर्शित किया गया है।

तालिका का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

वर्ष	प्रयोगशाला		
	जीवविज्ञान	भौतिकी	रसाय नशास्त्र
2002	52	61	47
2003	81	56	51
2004	67	49	57
2005	91	67	69
2006	93	73	72

2002 से 2006 तक जीवविज्ञान की प्रयोगशाला में रसायनों के कुल उपयोग (लीटर में) और रसायनशास्त्र की प्रयोगशाला में रसायनों के कुल उपयोग (लीटर में) का अनुपात कितना है?

A. 48 : 37 ✓

B. 37 : 48

C. 96 : 71

D. 71 : 96

Q36 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है, और दूसरी संख्या का पहली संख्या से है।

139 : 150 :: 73 : 84 :: 17 : ?

A. 28 ✓

B. 32

C. 44

D. 25

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) S 3 F X # 7 M T & 8 R 9 Y Z * 2 C G 6 A (दाएं)

यदि शृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्न में से कौन सा दाएं से छठा होगा?

A. Y ✓

B. R

C. M

D. &

Q38 General Intelligence and Reasoning

छह दोस्तों - A, D, E, F, K और Z में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। केवल दो दोस्तों की लंबाई, D से अधिक है। केवल चार दोस्तों की लंबाई, Z से कम है। K की लंबाई, Z से अधिक है। लंबाई के घटते क्रम में, F का क्रम E के ठीक बाद आता है। A सभी दोस्तों में सबसे छोटा है। सभी दोस्तों में से दूसरा सबसे लंबा कौन है?

A. Z ✓

B. K

C. D

D. E

Q39 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। उस निष्कर्ष का चयन कीजिए, जो दिए गए कथन के आधार पर सत्य नहीं है।

कथन : $C > N = R \geq H > Q < S$

A. $S > Q$

B. $C > R$

C. $N \geq H$

D. $C \geq H$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q40 General Intelligence and Reasoning

पांच मित्रों - A, B, C, D और E ने एक परीक्षा में भाग लिया, और प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। B ने केवल दो मित्रों से अधिक अंक प्राप्त किए। C ने सर्वाधिक अंक प्राप्त नहीं किए, लेकिन B से अधिक अंक प्राप्त किए। E ने केवल D से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राप्त सर्वाधिक अंकों के आधार पर, इनमें से कौन दूसरे स्थान पर रहा?

A. C ✓

B. A

C. B

D. E

Q41 General Intelligence and Reasoning

स्ट्रॉबेरी, सेब, लीची, चेरी और नाशपाती जैसे विभिन्न फलों वाले पांच डिब्बों को एक के ऊपर एक रखा गया है, किंतु उनका इसी क्रम में होना अनिवार्य नहीं है। स्ट्रॉबेरी वाले डिब्बे को इस ढेर के ठीक मध्य में रखा गया है। नाशपाती वाले डिब्बे को लीची वाले डिब्बे के ठीक नीचे रखा गया है। चेरी और स्ट्रॉबेरी वाले डिब्बों के बीच केवल सेब वाला डिब्बा है। सबसे निचले स्थान पर स्थित डिब्बे में नाशपाती है। कौन सा डिब्बा ऊपर से दूसरे स्थान पर है?

A. लीची

B. सेब ✓

C. चेरी

D. नाशपाती

Q42 General Intelligence and Reasoning

शब्द 'QUIRKY' में पहले और चौथे अक्षरों के स्थान आपस में बदल दिए जाते हैं। इसी प्रकार दूसरे और पांचवें अक्षरों के स्थान आपस में बदल दिए जाते हैं और उसी पैटर्न में, तीसरे और छठे अक्षरों के स्थान आपस में बदल दिए जाते हैं। यदि सभी अक्षरों को बाएं से दाएं की ओर गिना जाए, तो इस प्रकार बने शब्द में दाएं से चौथा अक्षर कौन-सा होगा?

A. Y ✓

B. Q

C. K

D. R

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और उसके बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। कथन और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

कथन:
जान से मारने की धमकी मिलने के बाद एक प्रतिष्ठित व्यक्ति ने आत्मरक्षा के लिए बंदूक के लाइसेंस के लिए आवेदन किया।

तर्क:
(I) हाल ही में एक लोकप्रिय गायक को मौत की धमकी भरा पत्र मिलने के एक हफ्ते बाद, उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।
(II) मशहूर हस्तियों को अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने के लिए जाना जाता है और कइयों को लुप्तप्राय जानवरों की गलत तरीके से हत्या करने के लिए दोषी ठहराया गया है।

A. तर्क (I) कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क (II) कथन का समर्थन करता है।

B. तर्क (II) कथन का समर्थन नहीं करता है, जबकि तर्क (I) कथन का समर्थन करता है। ✓

C. दोनों तर्क (I) और (II), कथन का समर्थन नहीं करते हैं।

D. दोनों तर्क (I) और (II), कथन का समर्थन करते हैं।

Q44 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ चूहे, खरगोश हैं।
सभी खरगोश, गाजर हैं।
कुछ गाजर, संतरे हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चूहे, गाजर हैं।
(II) कुछ खरगोश, संतरे हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'DFGLM' को 'EHJPR' लिखा जाता है, और 'HBEKS' को 'IDHOX' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'TECKO' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. UGEOS

B. UGFPT

C. UGFOT ✓

D. UGDOS

Q46 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और छठे पद का पांचवे पद से है।

392 : 7 :: 1452 : ? :: 810 : 9

A. 10

B. 15

C. 12

D. 11 ✓

Q47 General Intelligence and Reasoning

शब्द 'DECORATING' में, यदि प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार बने अक्षर समूह में कितने स्वर होंगे?

A. तीन ✓

B. दो

C. एक

D. शून्य

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q48 General Intelligence and Reasoning

उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर तार्किक रूप से शृंखला को पूर्ण करेगा।

H 16, K 22, N 28, Q 34, T 40, ?

A. V 46

B. W 44

C. V 44

D. W 46 ✓

Q49 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F एक वृत्ताकार मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हुए हैं। A, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, C के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। D, A और E दोनों के ठीक बगल में बैठा है। E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

A. B ✓

B. D

C. A

D. C

Q50 General Intelligence and Reasoning

A. $100°$

B. $60°$

C. $70°$

D. $120°$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q8 Mathematics

एक टंकी में तीन पाइप A, B और C लगे हुए हैं। पहला पाइप A, खाली टंकी को 8 घंटे में भर सकता है; दूसरा पाइप B, खाली टंकी को 10 घंटे में भर सकता है; और तीसरा पाइप C, पूरी भरी टंकी को 20 घंटे में खाली कर सकता है। यदि टंकी के पूर्ण रूप से खाली होने पर, इन तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी कितने घंटे में पूरी तरह से भर जाएगी?

A. $\frac{30}{7}$ घंटे

B. $\frac{40}{7}$ घंटे ✓

C. $\frac{20}{11}$ घंटे

D. $\frac{25}{11}$ घंटे

Q9 Mathematics

यदि आंकड़ों के एक समुच्चय के माध्य और बहुलक क्रमशः 5 और 8 हैं, तो प्रासंगिक आनुभविक संबंध (empirical relation) का उपयोग करके, आंकड़ों के उस समुच्चय की माध्यिका ज्ञात करें।

A. 3.5

B. 7

C. 6 ✓

D. 14

Q10 Mathematics

दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM), उनके महत्तम समापवर्तक (HCF) के 10 गुने के बराबर है, और उनके लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) का योग 451 है। यदि उन संख्याओं का योग 287 है, तो उन दोनों में से एक संख्या कौन सी है?

A. 41

B. 82 ✓

C. 123

D. 164

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q11 Mathematics

निम्न आंकड़ों की माध्यिका 28.5 है। कुल बारंबारता 60 है। x और y के मान क्रमशः ज्ञात कीजिए।

आयु वर्ष में	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	Total
रोगियों की संख्या	5	x	20	15	y	5	60

A. x = 8, y = 7 ✓

B. x = 7, y = 8

C. x = 9, y = 6

D. x = 6, y = 9

Q12 Mathematics

उस सम पंचभुज का परिमाप कितना होगा, जिसकी प्रत्येक भुजा की लंबाई 2a cm है।

A. $10a$ cm ✓

B. $10a^2$ cm

C. $5a$ cm

D. $5a^5$ cm

Q13 Mathematics

एक निश्चित वार्षिक ब्याज की दर पर, 6 वर्ष में प्राप्त साधारण ब्याज, मूलधन के $\frac{1}{6}$ वें भाग के बराबर होता है। समान साधारण ब्याज की दर पर, किस धनराशि पर 3 वर्ष में प्राप्त मिश्रधन ₹6,000 हो जाएगा? [अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

A. ₹5,538.46 ✓

B. ₹6,539.65

C. ₹5,565.39

D. ₹6,565.39

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q14 Mathematics

यदि 63 वस्तुओं का क्रय मूल्य, 54 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो प्रतिशत लाभ या हानि ज्ञात कीजिए।

A. $16\frac{2}{3}\%$ हानि

B. $16\frac{2}{3}\%$ लाभ ✓

C. $15\frac{1}{3}\%$ हानि

D. $15\frac{1}{3}\%$ लाभ

Q15 Mathematics

x में से 5 घटाने पर प्राप्त परिणामी संख्या 18, 16, 24 और 32 से पूर्णतया विभाज्य है। x का सबसे छोटा मान कितना होगा?

A. 293 ✓


B. 283

C. 288

D. 581

Q16 Mathematics

दी गई आकृतियों (आकृतियां मापनीय नहीं है) में, समरूपता की इनमें से किस शर्त के आधार पर, ΔPQR, ΔXYZ के समरूप है, जहां S - भुजा और A - कोण है?



A. SSS ✓

B. SAS

C. AAA

D. AAS

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

यदि 2 और 5, एक द्विघात समीकरण के मूल हैं, तो उस द्विघात समीकरण को किस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है?

A. $x^2 + 7x + 10 = 0$

B. $2x^2 + 7x + 10 = 0$

C. $x^2 + 3x + 7 = 0$

D. $x^2 - 7x + 10 = 0$ ✓

Q18 Mathematics

तीन पाइप K, L और M हैं। पाइप K किसी टंकी को 45 मिनट में भर सकता है और पाइप L उसी टंकी को एक घंटे में भर सकता है। पाइप M उसी टंकी के भरे होने पर 1 घंटे 45 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी के खाली होने पर तीनों पाइप एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी कितने समय में भर जाएगी?

A. $24\frac{3}{37}$ मिनट

B. $34\frac{2}{37}$ मिनट ✓

C. $44\frac{5}{37}$ मिनट

D. $54\frac{9}{37}$ मिनट

Q19 Mathematics

एक त्रिभुजाकार मैदान की दो भुजाएँ 41 m और 28 m हैं। यदि इसका परिमाप 84 m है तो त्रिभुज के सबसे छोटे उन्नतांश की लंबाई क्या है? [अपना उत्तर दशमलव के दो स्थानों तक लिखें।]

A. 7.15 m

B. 7.12 m

C. 6.12 m

D. 6.15 m ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q20 Mathematics

एक बिक्री के दौरान, एक व्यापारी 25% नकद छूट और उसके बाद 10% व्यापारिक छूट प्रदान करता है। यदि किसी वस्तु का सूची मूल्य ₹800 है, तो उसका विक्रय मूल्य ज्ञात करें।

A. ₹280

B. ₹540 ✓

C. ₹275

D. ₹510

Q21 Mathematics

विकल्पों में से उस छोटी से छोटी संख्या का चयन कीजिए, जिससे 242 को विभाजित करने पर प्राप्त भागफल एक पूर्ण वर्ग होगा।

A. 1

B. 4

C. 3

D. 2 ✓

Q22 Mathematics

यदि M और N की आयु का गुणनफल 486 वर्ष है और उनकी आयु का अनुपात 3 : 2 है, तो उनकी आयु का योगफल ज्ञात करें।

A. 45 वर्ष ✓

B. 60 वर्ष

C. 65 वर्ष

D. 70 वर्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q23 Mathematics

निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$(-2)^4 \div (-2)^6$

A. -4

B. $-\frac{1}{4}$

C. 4

D. $\frac{1}{4}$ ✓

Q24 Mathematics

एक भिन्न के अंश और हर का योग 13 है। यदि अंश और हर दोनों में 6 जोड़ दिया जाए, तो प्राप्त भिन्न $\frac{8}{17}$ के बराबर होती है। दी गई भिन्न के अंश और हर का निरपेक्ष अंतर ज्ञात कीजिए।

A. 12

B. 8

C. 9 ✓

D. 10

Q25 Mathematics

A और B की आय का अनुपात $3:5$ है। A का व्यय उसकी आय का $\frac{7}{12}$ है तथा B का व्यय उसकी आय का $\frac{8}{15}$ है। उनके व्यय के बीच धनात्मक अंतर ₹14,300 है। A की आय ज्ञात करें।

A. ₹78,000

B. ₹46,800 ✓

C. ₹16,800

D. ₹48,300

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q26 General Intelligence and Reasoning

एक कथन तथा उसके दो संभावित निष्कर्ष क्रमांक I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथन का पालन करते हैं?

कथन:

छोटे बच्चों के लिए, कंप्यूटर या मोबाइल फोन पर शिक्षाप्रद वीडियो देखने के बजाए, बगीचे में मिट्टी और तितलियों से खेलना अधिक लाभदायक होता है।

निष्कर्ष:

I. मोबाइल फोन और कंप्यूटर, छोटे बच्चों के लिए हानिकारक हैं।

II. बच्चों के विकास के लिए वास्तविक अनुभव, आभासी अनुभवों की अपेक्षा अधिक लाभकारी होते हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है ✓

C. दोनों निष्कर्ष पालन करते हैं

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है

Q27 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'PROOF' को 'OPLKA' और 'BONES' को 'AMKAN' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MINKS' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. LGKGN ✓

B. LKGKN

C. LHKHO

D. LKHGO

Q28 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरी संख्या से वही संबंध है, जो संबंध दूसरी संख्या का पहली संख्या से और छठी संख्या का पांचवी संख्या से है।

57 : 39 :: 82 : ? :: 89 : 71

A. 64 ✓

B. 66

C. 62

D. 67

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q29 General Intelligence and Reasoning

सात दोस्त, एक बेंच पर पंक्तिबद्ध रूप में उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। लियो और बेन के बीच केवल डैन बैठा है। लियो बेंच के बाएं सिरे पर बैठा है। हैरी दाएं सिरे से तीसरे स्थान पर बैठा है। टिम और हैरी के बीच केवल पीटर बैठा है। फ्लिंट पंक्ति के ठीक मध्य में बैठा है। फ्लिंट के बाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा/बैठी है?

A. हैरी

B. डैन

C. बेन ✓

D. पीटर

Q30 General Intelligence and Reasoning

विमल बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 6 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुकता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए, उसे कितनी दूर और किस दिशा में चलना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री वाले मोड़ हैं)

A. 9 km दक्षिण की ओर

B. 13 km पश्चिम की ओर ✓

C. 6 km पूर्व की ओर

D. 8 km दक्षिण की ओर

Q31 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

176, 168, 160, 152, 144, ?

A. 138

B. 136 ✓

C. 142

D. 132


Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q32 General Intelligence and Reasoning

दिए गए बार-ग्राफ का अध्ययन करें, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दें।

बार-ग्राफ 2001 और 2003 में दो पाठ्यक्रमों (BA और MA) के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या दर्शाता है।



संदर्भ: [Number of application received-प्राप्त आवेदनों की संख्या; Year-वर्ष]

2001 और 2003 में BA के लिए महिलाओं से प्राप्त आवेदनों की संख्या क्रमशः 73 और 101 थी। 2001 और 2003 में पुरुषों से प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या कितनी थी?

A. 124

B. 116

C. 126 ✓

D. 128

Q33 General Intelligence and Reasoning

N, R, S, W, X और Z एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाली मंजिल का क्रमांक 1 है, और उसके ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 2 है। इसी प्रकार सबसे ऊपर वाली मंजिल का क्रमांक 6 है।
N मंजिल क्रमांक 2 पर रहता है। N और R के बीच कोई नहीं रहता। R और S के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं। W, X के ठीक ऊपर रहता है।
Z किस मंजिल क्रमांक पर रहता है?

A. 6 ✓

B. 5

C. 3

D. 1

Q34 General Intelligence and Reasoning

दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए, निम्न विकल्पों में से किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?

$382 + 9 \div 4 - 39 \times 172 = 74$

A. 9 और 172 ✓

B. 382 और 39

C. 9 और 4

D. 4 और 172

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q35 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) 8 # 7 * 3 $ 9 6 2 @ 7 & 9 % 4 3 7 % & 2 5 ^ 6 (दाएं)

शृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या भी है?

A. दो ✓

B. तीन

C. चार

D. पांच

Q36 General Intelligence and Reasoning

संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षरों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। दी गई शर्तों का पालन करने वाले कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है।

संख्या/प्रतीक	1	&	2	9	*	7	3	$	8	5	6	4	@	#
कूट-शब्द	B	F	I	K	A	V	S	U	E	Q	C	P	X	T

शर्तें :

(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है, और दूसरा घटक एक सम संख्या है, तो पहले और दूसरे घटकों को € के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

(ii) यदि पहले और अंतिम, दोनों घटक संख्याएं हैं, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटकों) के कूटों को परस्पर बदला जाना चाहिए।

(iii) यदि अंतिम घटक एक प्रतीक है, तो उस घटक को β के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

5 @ & 2 7

A. QXFIV

B. VFXIV

C. VXFIQ ✓

D. FXIQV

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q37 General Intelligence and Reasoning

सुरेश बिंदु A से ड्राइव शुरू करता है और पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 10 km ड्राइव करता, फिर से दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुकता है। बिंदु B से बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

A. 5 km, उत्तर की ओर

B. 7 km, दक्षिण की ओर ✓

C. 3 km, दक्षिण की ओर

D. 7 km, पश्चिम की ओर

Q38 General Intelligence and Reasoning

उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें मौजूद संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याओं के बीच है।

(नोट: संक्रियाएं संख्याओं को उनके संघटक अंकों में विभक्त किए बिना, संपूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं, जैसे - जोड़ना / घटाना / गुणा करना इत्यादि 13 पर ही की जानी चाहिए। 13 को 1 और 3 में विभक्त करना, और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(32, 166, 19)

(49, 230, 17)

A. (37, 186, 21)

B. (36, 186, 20)

C. (36, 186, 21) ✓

D. (36, 187, 21)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F, G और H एक ही इमारत के आठ अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल की क्रमांक 1, उसके ऊपर की मंजिल की क्रमांक 2 और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल की क्रमांक 8 है। D एक सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन मंजिल क्रमांक 4 या 2 पर नहीं रहता है। D और A के बीच केवल पांच व्यक्ति रहते हैं। C, A के ठीक ऊपर रहता है। H मंजिल संख्या 1 पर रहता है। केवल B, F और D की मंजिलों के बीच रहता है। E एक सम क्रमांक वाली मंजिल पर नहीं रहता है। E की मंजिल के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

A. 1

B. 4

C. 3 ✓

D. 2

Q40 General Intelligence and Reasoning

छह मित्र - L, M, N, O, P और Q एक ही इमारत के छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपर मंजिल का क्रमांक 6 है।

M और Q की मंजिलों के बीच वाली मंजिल पर केवल O रहता है। L और P की मंजिलों के बीच वाली मंजिल पर केवल N रहता है। Q, L की मंजिल के ऊपर वाली किसी मंजिल पर रहता है। O, किस मंजिल पर रहता है?

A. 3री

B. 2री

C. 5वीं ✓

D. 4थी

Q41 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

YABUYHIRJSBRXMPQSDIRAYEFG

उक्त शृंखला में ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है, और ठीक बाद भी एक स्वर है?

A. 1

B. 2

C. 3 ✓

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, और बताएं कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं?

कथन:

सभी लिली, गुलबहार हैं।

सभी गुलाब, लिली हैं।

सभी पिटूनिया, लिली हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ गुलबहार, पिटूनिया हैं।

II. कुछ गुलाब, पिटूनिया हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है ✓

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है

C. न तो निष्कर्ष I और ना ही II पालन करता है

D. निष्कर्ष I और II दोनों पालन करते हैं।

Q43 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
सभी छाते, रेनकोट हैं।
सभी रेनकोट, मेंढक हैं।
कुछ रेनकोट, पानी हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ मेंढक, पानी हैं।
(II) सभी छाते, मेंढक हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं। ✓

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q44 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन कीजिए, जो समान तर्क का पालन करता है।

YRF : UNB

GLS : CHO

A. TDU : GWF

B. MPL : ILH ✓

C. RJM : TSY

D. OKA : LPZ

Q45 General Intelligence and Reasoning

इस प्रश्न में, एक कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। उस निष्कर्ष का चयन कीजिए, जो दिए गए कथन के आधार पर सत्य **नहीं** है।

कथन : $L > D = W \geq K > Q < C \leq P$

A. $D \leq Q$ ✓

B. $K \leq D$

C. $L > W$

D. $P > Q$

Q46 General Intelligence and Reasoning

शब्द INTERNAL के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। यदि इस प्रकार बने शब्द के प्रत्येक अक्षर को वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो शब्द में दाएं से पांचवें स्थान पर कौन सा अक्षर होगा?

A. K ✓

B. M

C. J

D. F

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

एक कथन और विकल्प के रूप में उसके चार निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन के आधार पर चयन करें कि कौन-सा निष्कर्ष सत्य है।

कथन: R > M = N < Q < P = J

A. R < Q

B. J > M ✓

C. M > P

D. P < M

Q48 General Intelligence and Reasoning

निम्न दिए गए समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए और साथ ही '×' और '÷' को भी आपस में बदल दिया जाए?

100 × 25 − 10 ÷ 5 + 24 = ?

A. 54


B. 40

C. 30 ✓

D. 24

Q49 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। दिया गया बार ग्राफ 2018, 2019 और 2020 में स्पेन और पुर्तगाल के लिए निर्गत वीज़ा की संख्या दर्शाता है।



संदर्भ: [Number of visa issued-निर्गत वीज़ा की संख्या, Spain-स्पेन, Portugal-पुर्तगाल]

2018 में दोनों देशों के लिए निर्गत वीज़ा की संख्या, और 2020 में पुर्तगाल के लिए निर्गत वीज़ा की संख्या के बीच संबंधित अनुपात कितना है?

A. 5 : 2

B. 3 : 2

C. 3 : 1

D. 5 : 1 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

यदि नीचे दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कौन सी संख्या दाईं ओर से तीसरे स्थान पर होगी?

बाएं 11, 3, 2, 6, 14, 9, 7, 5, 2 दाएं

A. 3

B. 7

C. 11

D. 9 ✓

Q51 General Intelligence and Reasoning

D, E, H, K, M, R, S और W एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं।
D मेज के किसी एक कोने पर बैठा है। E, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H और M के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, M के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। W, D के ठीक बगल में नहीं बैठा है। K, R के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

दी गई व्यवस्था के अनुसार, _____, R के बाईं ओर ठीक बगल में बैठा है।

A. E ✓

B. D

C. H

D. M

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से, तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. कुछ गुलाब, जेरेनियम हैं।

2. कुछ गुलाब, डेज़ी हैं।

3. कुछ लिली, जेरेनियम हैं।

निष्कर्ष:

I-कुछ जेरेनियम, डेज़ी हैं।

II-कुछ लिली, गुलाब हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. निष्कर्ष I और II, दोनों पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है। ✓

Q53 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दिए गए अक्षरों को निम्नलिखित अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में बाएं से दाएं की ओर रखे जाने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।

K H U _ H K _ U S G K H U S _ _ H U S E

A. H S K F

B. S S F K

C. S H F K ✓

D. H F H K

Q54 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

11, 12, 14, 18, 26, ?

A. 56

B. 34

C. 42 ✓

D. 48

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q55 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) $ Q 8 J & L N 9 % * K T # 6 2 V 4 @ 5 Z 7 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है, और ठीक बाद भी एक संख्या है?

A. चार

B. तीन

C. दो

D. एक ✓

General Science

25 Questions • Answer Key

Q56 General Science

दो विद्युत परिपथों से प्रवाहित धाराओं का अनुपात 1: 4 है। यदि उनके प्रतिरोधों का अनुपात 2: 1 हो, तो उनकी शक्तियों का अनुपात कितना होगा?

A. 8: 1

B. 1: 32

C. 1: 8 ✓

D. 32: 1

Q57 General Science

0.5 m फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के लिए, यदि वस्तु की दूरी 0.6 m है, तो उत्पन्न आवर्धन _____ होगा।

A. 0.5

B. -0.5

C. 5

D. -5 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q58 General Science

दो प्रतिरोधों को श्रेणीक्रम में संयोजित किए जाने पर, उनका कुल प्रभावी प्रतिरोध 120 Ω होता है। उन्हीं दो प्रतिरोधों को समांतर क्रम में संयोजित किए जाने पर, उनका प्रभावी प्रतिरोध 30 Ω होता है। दोनों प्रतिरोधों का प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

A. 90Ω और 30 Ω

B. प्रत्येक 60Ω और 60Ω ✓

C. 70Ω और 50Ω

D. 80 Ω और 40 Ω

Q59 General Science

विद्युत शक्ति का एस.आई. (SI) मात्रक _____ होता है।

A. जूल

B. कैलोरी

C. न्यूटन

D. वाट ✓

Q60 General Science

अपवर्तनांक (μ), हवा में प्रकाश की चाल (c) और माध्यम में प्रकाश की चाल (v) के मध्य सही संबंध क्या होगा?

A. $c = \frac{\mu}{v}$

B. $v = \frac{\mu}{c}$

C. $\mu = \frac{c}{v}$ ✓

D. $\frac{1}{\mu} = \frac{c}{v}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q61 General Science

विद्युत मोटर में, मोटर के आर्मेचर की भुजाओं पर चुंबकीय क्षेत्र के लंबवत कार्यरत बलों के संबंध में इनमें से कौन सा सत्य है?

A. इनका परिमाण समान होता है, और दिशा विपरीत होती है ✓

B. इनका परिमाण असमान होता है, और समान दिशा में अनुदिश होते हैं

C. इनका परिमाण समान होता है, और दिशा समान होती है

D. इनका परिमाण असमान होता है, और दिशा विपरीत होती है

Q62 General Science

अमीबा और पैरामीशियम द्वारा भोजन ग्रहण करने की प्रक्रियाओं में मूलभूत अंतर क्या है?

A. अमीबा विशिष्ट स्थान से भोजन ग्रहण करता है, जबकि पैरामीशियम 2 स्थानों से भोजन ग्रहण कर सकता है

B. वे दोनों कोशिका की संपूर्ण सतह से भोजन ग्रहण कर सकते हैं

C. अमीबा अपनी कोशिका की संपूर्ण सतह से, और पैरामीशियम अपनी कोशिका की सतह पर मौजूद 4 स्थानों से भोजन ग्रहण कर सकता है

D. अमीबा कोशिका की संपूर्ण सतह से, और पैरामीशियम केवल विशिष्ट स्थान से ही भोजन ग्रहण कर सकता है ✓

Q63 General Science

निम्न में से कौन सा, वृद्धि (growth) के लिए आवश्यक प्रोटीन प्रदान करता है?

A. सेब

B. पत्तेदार सब्जियां

C. खाद्यान्न

D. दालें ✓

Q64 General Science

इनमें से किस यौगिक को क्लोरीन से उपचारित किए जाने पर ब्लीचिंग पाउडर बनता है?

A. बुझा चुना ✓

B. अनबुझा चूना

C. कैल्शियम कार्बोनेट

D. कैल्शियम बाइकार्बोनेट

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q65 General Science

कार्बन डाईऑक्साइड और ऑक्सीजन से कार्बन मोनोऑक्साइड का बनना, इनमें से किसका उदाहरण है?

A. उदासीनीकरण अभिक्रिया

B. अपघटन अभिक्रिया

C. संयोजन अभिक्रिया

D. विस्थापन अभिक्रिया

Dropped by RRB: discrepancy found in question/answer, ignored for all candidates (no answer key).

Q66 General Science

दिए गए रासायनिक समीकरण के बाईं ओर ऑक्सीजन के कितने परमाणु हैं?

$Ca(OH)_2 + CO_2 \rightarrow CaCO_3 + H_2O$

A. 4 ✓

B. 3

C. 2

D. 1

Q67 General Science

वस्तु को अवतल दर्पण के वक्रता केंद्र पर रखे जाने पर, निर्मित प्रतिबिंब _____ होता है।

A. वास्तविक और सीधा

B. वास्तविक और उल्टा ✓

C. आभासी और सीधा

D. आभासी और उल्टा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 General Science

स्तंभों को सुमेलित कीजिए।

समूह-I	समूह-II
I. ठोस अपशिष्ट	A. कम्पोस्ट बनाना (composting)
II. जैविक अपशिष्ट	B. खुले में जमा करना (open dumping)
III. हॉस्पिटल अपशिष्ट	C. भस्मीकरण (incineration)

A. I-C; II-A; III-B


B. I-C; II-B; III-A

C. I-B; II-C; III-A

D. I-B; II-A; III-C ✓

Q69 General Science

एक कटी हुई टहनी को रंगीन पानी में रखा जाता है जैसा कि नीचे दिए गए चित्र में दिखाया गया है। कुछ घंटों के बाद, जब टहनी काट दी जाएगी, तो वह कैसी दिखेगी (रंगीन ऊतक कहां पाया जाता है)?



A. चित्र A की तरह

B. चित्र B की तरह ✓

C. चित्र C की तरह

D. चित्र D की तरह

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q70 General Science

निम्नलिखित में से कौन सा जीव, भोजन को शरीर के बाहर विखंडित करता है, और फिर पचे हुए भोजन को अवशोषित करता है?

A. मशरूम ✓

B. जूं

C. अमीबा

D. मृग

Q71 General Science

जब कोई छात्र दूध में नींबू की कुछ बूंदें मिलाता है, तो कौन-सी अभिक्रिया होती है?

A. संयोजन अभिक्रिया

B. जल अपघटन

C. अवक्षेपण अभिक्रिया ✓

D. विस्थापन अभिक्रिया

Q72 General Science

चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति _____ द्वारा निर्धारित की जा सकती है।

A. एमीटर

B. वोल्टमीटर

C. गैल्वेनोमीटर

D. चुंबकीय सुई ✓

Q73 General Science

उन असंतृप्त हाइड्रोकार्बनों को किस नाम से जाना जाता है, जिनमें एक या एक से अधिक द्विबंध होते हैं?

A. कीटोन

B. ऐल्कीन (alkenes) ✓

C. ऐल्केन (Alkanes)

D. अम्ल

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q74 General Science

आपको कैसे पता चलेगा कि कोई व्यक्ति एक वर्ष पहले एचआईवी (HIV) से संक्रमित हुआ है?

A. रक्त कणिकाओं की कम संख्या द्वारा

B. वजन में कमी और थकान द्वारा

C. रक्त में एंटी-एचआईवी (anti-HIV) एंटीबॉडी द्वारा ✓

D. निरंतर बुखार (एक महीने से अधिक)

Q75 General Science

जल की स्थायी कठोरता को दूर करने के लिए निम्न में से किसका प्रयोग किया जाता है?

A. $CaOCl_2$

B. $Na_2CO_3.10H_2O$ ✓

C. NaCl

D. $NaHCO_3$

Q76 General Science

पुराने जाइलम (Old Xylem) में किस प्रकार के अपशिष्ट उत्पादों को संग्रहित किया जाता है?

A. वृद्धि संवर्धक पदार्थ

B. अमोनिया, यूरिया और अमीनो अम्ल

C. रेजिन और गोंद ✓

D. यूरिक अम्ल

Q77 General Science

कोलाइडी कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन की परिघटना से _____होता है।

A. प्रकाश का अपवर्तन (refraction of light)

B. टिंडल प्रभाव (Tyndall effect) ✓

C. वर्ण-विक्षेपण (dispersion)

D. पूर्ण आंतरिक परावर्तन (Total internal reflection)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 General Science

सल्फर का परमाणु क्रमांक और संयोजकता क्रमशः क्या हैं?

A. 16 और 2 ✓

B. 14 और 4

C. 15 और 3

D. 17 और 1

Q79 General Science

निम्न में से कौन सा वन संसाधनों के सतत प्रबंधन (sustainable management) का कारण हो सकता है?

A. वनों को मनुष्यों और उनके पशुधन की पहुंच-सीमा से बाहर करना

B. वनों को उत्काष्ठन (logging) से बचाने के लिए सफारी पर्यटकों के धन का उपयोग करना

C. वनों की वृद्धि दर के आधार पर लकड़ी की उपज को समायोजित करना ✓

D. पेड़ों के विकास को बढ़ाने के लिए उर्वरकों और वृद्धिकारकों का प्रयोग करना

Q80 General Science

आधुनिक आवर्त सारणी में जिंक का स्थान क्या है?

A. वर्ग 11, आवर्त 3

B. वर्ग 12, आवर्त 3

C. वर्ग 11, आवर्त 4

D. वर्ग 12, आवर्त 4 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q81 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन सा, भारतीय बजट में राजकोषीय घाटे को सर्वोत्तम ढंग से परिभाषित करता है?

A. पूंजीगत व्यय – पूंजीगत प्राप्तियां

B. राजस्व व्यय + पूंजीगत व्यय – राजस्व प्राप्तियां

C. कुल व्यय – उधारी के अलावा कुल प्राप्ति ✓

D. कुल व्यय + उधारी सहित कुल प्राप्ति

Q82 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद द्वारा राज्यपाल में राज्य की कार्यकारी शक्तियां निहित हैं?

A. अनुच्छेद 146

B. अनुच्छेद 154 ✓

C. अनुच्छेद 176

D. अनुच्छेद 181

Q83 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन सी योजना या पहल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित नहीं है?

A. खेलो इंडिया योजना

B. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

C. राष्ट्रीय खेल विकास कोष

D. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 General Awareness and Current Affairs

मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान में किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया था?

A. 40वें

B. 41वें

C. 42वें ✓

D. 43वें

Q85 General Awareness and Current Affairs

कच्छ के रण के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

A. यह गुजरात के कच्छ जिले के थार मरुस्थल में नमक का दलदल है।

B. यह सफेद नमक का प्रसिद्ध रेगिस्तान है जो मानसून के मौसम के बाद दिखाई देता है।

C. यह जंगली गधों के लिए प्रसिद्ध है।

D. यह ओडिशा राज्य के पूर्वी घाट में स्थित है। ✓

Q86 General Awareness and Current Affairs

संविधान का निम्न में से कौन सा अधिनियम, शहरी स्थानीय निकायों की संरचना और जनादेश के लिए एक सामान्य अवसंरचना प्रदान करता है ताकि वे स्थानीय स्वशासन की प्रभावी लोकतांत्रिक इकाइयों के रूप में कार्य कर सकें?

A. 70वां संशोधन अधिनियम, 1990

B. 74वां संशोधन अधिनियम, 1992 ✓

C. चौथा संशोधन अधिनियम, 1956

D. 10वां संशोधन अधिनियम, 1966

Q87 General Awareness and Current Affairs

भारतीय परिषद अधिनियम (Indian Councils Act), 1909 को _____ भी कहा जाता है।

A. भारत छोड़ो आंदोलन

B. साइमन कमीशन

C. मॉर्ले-मिंटो सुधार ✓

D. चौरी चौरा कांड

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q88 General Awareness and Current Affairs

अहमदाबाद नगर परिवहन सेवा (Amdavad Municipal Transport Service) स्थानीय परिवहन के लिए भारत की सबसे बड़ी नगर परिवहन सेवा है। R.T.A ने जनवरी _____ में अहमदाबाद नगर पालिका को 29 मार्गों पर बस-सेवा के प्रबंधन हेतु परमिट जारी किया।

A. 1941

B. 1947 ✓

C. 1950

D. 1952

Q89 General Awareness and Current Affairs

वह कौन सी प्राप्ति है, जिनका दावा सरकार से नहीं किया जा सकता है?

A. राजस्व प्राप्ति (revenue receipt) ✓

B. पूंजीगत प्राप्ति (capital receipt)

C. प्रतिदेय प्राप्ति (redeemable receipt)

D. दावाकृत प्राप्ति (claimed receipt)

Q90 General Awareness and Current Affairs

'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए उत्कृष्टता केंद्र' किस संगठन की एक पहल है?

A. इनफ्लिबनेट (INFLIBNET)

B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

C. राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र ✓

D. भारतीय विज्ञान संस्थान

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 General Awareness and Current Affairs

किस मंत्रालय ने 11-14 वर्ष की आयु-वर्ग की स्कूल छोड़ चुकी किशोरियों (OoS AG) के स्कूलों में पुनः नामांकन के लिए 7 मार्च, 2022 को कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव नामक एक विशेष अभियान शुरू किया था?

A. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ✓

B. शिक्षा मंत्रालय

C. गृह मंत्रालय

D. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

Q92 General Awareness and Current Affairs

सही कथन का चयन करें।

A. सरकार द्वारा ब्याज, शुल्क और लाभांश के रूप में एकत्र की गई राशि को कर राजस्व प्राप्ति के रूप में जाना जाता है।

B. सरकार के राजकोषीय राजस्व तथा राजकोषीय व्यय के वार्षिक विवरण को राजकोषीय बजट के रूप में जाना जाता है।

C. पूंजी बजट सरकारी बजट का हिस्सा नहीं होता है।

D. राजकोषीय घाटा सरकार की आय में उसके खर्च की तुलना में कमी को दर्शाता है। ✓

Q93 General Awareness and Current Affairs

निम्नलिखित में से कौन, मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति थे?

A. प्रो. अब्दुल जलीलखान एम. पठान

B. प्रो. मोहम्मद मियां

C. प्रो. मोहम्मद शमीम जयराजपुरी ✓

D. डॉ. मोहम्मद असलम परवेज

Q94 General Awareness and Current Affairs

पद्म श्री 2022 पुरस्कार विजेता पैरा-जेवलिन थ्रो खिलाड़ी सुमित अंतिल इनमें से किस राज्य से संबंधित हैं?

A. राजस्थान

B. उत्तराखंड

C. हरियाणा ✓

D. कर्नाटक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 General Awareness and Current Affairs

बेसिलिका ऑफ बॉम जीसस (Basilica of Bom Jesus) एक रोमन कैथोलिक बेसिलिका है, जो _____ राज्य में स्थित है, और यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में से एक है।

A. आंध्र प्रदेश

B. मेघालय

C. केरल

D. गोवा ✓

Q96 General Awareness and Current Affairs

1 मार्च 2022 को, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा पूरे भारत में कितने शिक्षकों को राष्ट्रीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया था?

A. 49 ✓

B. 59

C. 69

D. 79

Q97 General Awareness and Current Affairs

निम्न में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार चौदह वर्ष से कम आयु के किसी बालक को किसी कारखाने या खान में काम करने के लिए या किसी अन्य ख़तरनाक नियोजन में नियुक्त नहीं किया जाएगा?

A. अनुच्छेद 24 ✓

B. अनुच्छेद 25

C. अनुच्छेद 26

D. अनुच्छेद 27

Q98 General Awareness and Current Affairs

वसंत नाटकीय-सांस्कृतिक उत्सव 'रोंगाली बिहू' भारत के किस राज्य में मनाया जाता है?

A. असम ✓

B. मेघालय

C. पश्चिम बंगाल

D. त्रिपुरा

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q99 General Awareness and Current Affairs

नंदादेवी जैवमंडल निचय (बायोस्फीयर रिज़र्व) कहां स्थित है?

A. लद्दाख

B. हिमाचल प्रदेश

C. सिक्किम

D. उत्तराखंड ✓

Q100 General Awareness and Current Affairs

नर्मदा (Narmada) या नर्बुद्दा (Nerbudda) मध्य भारत की एक नदी है, जो _____ राज्य में अरब सागर में मिल जाती है।

A. राजस्थान

B. महाराष्ट्र

C. कर्नाटक

D. गुजरात ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Mathematics 25 Questions • Answer Key

Q1 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सी संख्या 6 और 9 दोनों से विभाज्य है?

A. 4256
B. 2156
C. 5186
D. 3186 ✓

Q2 Mathematics

यदि $x - y = 9$ और $xy = 16$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 113 ✓
B. 49
C. 32
D. 115

Q3 Mathematics

K और M की आयु का अनुपात 7:5 है और उनकी आयु का योगफल 72 वर्ष है। 9 वर्ष बाद, उल्लिखित क्रम में K और M की आयु का अनुपात क्या होगा?

A. $9 : 8$
B. $13 : 11$
C. $12 : 9$
D. $17 : 13$ ✓

Q4 Mathematics

यदि $u - v = 4$ और $uv = 20$ है, तो $u^3 - v^3$ का मान ज्ञात करें।

A. 64
B. 224
C. 304 ✓
D. 176

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q5 Mathematics

A और B मिलकर एक कार्य को 5 दिन में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया, लेकिन 3 दिन बाद, B ने कार्य छोड़ दिया। यदि कार्य 3 और दिन बाद पूरा हो जाता है, तो B अकेले इस पूरे कार्य को कितने दिन में कर सकता था?

A. 6.5 दिन

B. 15 दिन ✓

C. 13 दिन

D. 7.5 दिन

Q6 Mathematics

A और B ने एक कार्य को ₹800 में करने की जिम्मेदारी ली है। A अकेले इसे 6 दिन में कर सकता है, जबकि B अकेले इसे 8 दिन में कर सकता है। C की सहायता से, वे इसे 3 दिन में पूरा कर सकते हैं। कार्य को पूरा करने हेतु प्राप्त कुल राशि में A का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

A. 450

B. 350

C. 400 ✓

D. 300

Q7 Mathematics

सोमवार, मंगलवार और बुधवार को औसत तापमान 32°C था, और रविवार, सोमवार और मंगलवार को औसत तापमान 36°C था। यदि रविवार को तापमान 39°C था, तो बुधवार को तापमान ज्ञात कीजिए।

A. $34^{\circ}C$

B. $27^{\circ}C$ ✓

C. $26^{\circ}C$

D. $28^{\circ}C$

Q8 Mathematics

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

A. 1 एक अभाज्य संख्या है।

B. 2 के अतिरिक्त सभी अभाज्य संख्याएं, विषम संख्याएं होती हैं। ✓

C. 1 और 20 के बीच सात अभाज्य संख्याएं हैं।

D. यदि संख्या x अभाज्य है, तो संख्या x+1 सदैव अभाज्य होगी।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q9 Mathematics

कमल के दो बच्चे, विष्णु और दीक्षा हैं। वर्तमान में, कमल की आयु विष्णु की आयु की 3 गुनी है। दीक्षा की आयु, विष्णु से 3 वर्ष कम है। 3 वर्ष पूर्व, उन तीनों की तत्कालीन आयु का योग 63 वर्ष था। कमल की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

A. 20

B. 54

C. 46

D. 45 ✓

Q10 Mathematics

$7 \times 8 + 11 - (17 - 5)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 55 ✓

B. 45

C. 57

D. 47

Q11 Mathematics

दो क्रमागत विषम संख्याओं का गुणनफल 1155 है। x को दोनों संख्याओं में से छोटी संख्या मानते हुए, इस स्थिति को द्विघात समीकरण के रूप में व्यक्त कीजिए।

A. $x^2 - 2x - 1155 = 0$

B. $x^2 + 2x + 1155 = 0$

C. $x^2 + 2x - 1155 = 0$ ✓

D. $x^2 + x + 1155 = 0$

Q12 Mathematics

यदि $\cot\theta - \operatorname{cosec}\theta = -\frac{1}{3}$ है, तो $\frac{(1+\cos\theta)}{\sin\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 1

B. 2

C. 3 ✓

D. 4

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q13 Mathematics

मान लीजिए कि n वह छोटी से छोटी संख्या है, जिसे 15, 18, 20 और 27 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 प्राप्त होता है, और n, 53 से विभाज्य है। n के अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

A. 9

B. 10

C. 12 ✓

D. 13

Q14 Mathematics

कुछ वस्तुओं को इस प्रकार बेचा जाता है कि जब 5% की छूट दी जाती है, तो 33% का लाभ होता है। ज्ञात कीजिए कि सूची मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

A. 40% ✓

B. 30%

C. 35%

D. 25%

Q15 Mathematics

दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 416 और महत्तम समापवर्तक (HCF) 2 है, तथा इन संख्याओं का अनुपात 13: 16 है। इन दोनों में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 32 ✓

B. 42

C. 26

D. 34

Q16 Mathematics

द्विघात समीकरण $bx^2 + cx + a = 0; b \neq 0$, के विविक्तकर को निम्नलिखित में से किस व्यंजक द्वारा निरूपित किया जा सकता है?

A. $b^2 - 4ac$

B. $b^2 + 4ac$

C. $a^2 - 4ab$

D. $c^2 - 4ab$ ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q17 Mathematics

यदि एक गोले का आयतन $\frac{792}{7} cm^3$ है, तो गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

(गणना के लिए $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 3 cm ✓

B. 2 cm

C. 2.5 cm

D. 3.5 cm

Q18 Mathematics

यदि $x = 2$ है, तो $(-x)^2 \times (-x)^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. −32 ✓

B. 32

C. $(-2)^1$

D. $(-2)^6$

Q19 Mathematics

यदि दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 361 : 529 है, तो उनकी संगत भुजाओं का अनुपात क्या होगा?

A. 23 : 19

B. 19 : 23 ✓

C. 361 : 529

D. 15 : 23

Q20 Mathematics

एक समकोण त्रिभुज का परिमाप 80 cm है। यदि इसके कर्ण की लंबाई 34 cm है, तो इसकी अन्य दो भुजाओं की लंबाई ज्ञात कीजिए।

A. 16 cm, 30 cm ✓

B. 20 cm, 26 cm

C. 18 cm, 28 cm

D. 14 cm, 32 cm

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q21 Mathematics

$18 \div \{(7 \text{ of } 3 - 12)\} \times 9 \times (11 - 7)$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 27

B. 58

C. 64

D. 72 ✓

Q22 Mathematics

निम्नलिखित समीकरण में 'y' का मान ज्ञात कीजिए।

$$3\frac{1}{2} + 2\frac{5}{7} \times y - \frac{1}{2} \div 2 = 4\frac{1}{4}$$

A. $\frac{19}{7}$

B. 0

C. $\frac{7}{19}$ ✓

D. $\frac{7}{5}$

Q23 Mathematics

उस गोले का आयतन ज्ञात कीजिए, जिसका पृष्ठीय क्षेत्रफल 5544 cm^2 है।

A. 9261 cm^3

B. 10888 cm^3

C. 38808 cm^3 ✓

D. 96621 cm^3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q24 Mathematics

एक बैंक अर्ध-वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर गणनीय, 7.5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष में 1 जनवरी को ₹3,600, और उसी वर्ष में 1 जुलाई को भी ₹3,600 जमा करता है। वर्ष के अंत में, ब्याज के रूप में उसे प्राप्त होने वाली राशि ज्ञात कीजिए। [अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

A. ₹272.25

B. ₹405.06

C. ₹410.06 ✓

D. ₹415.06

Q25 Mathematics

x का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए, जिससे संख्याओं 478265475x और 25481459x का योग 8 से विभाज्य होगा?

A. x = 1

B. x = 3

C. x = 4

D. x = 2 ✓

General Intelligence and Reasoning

30 Questions • Answer Key

Q26 General Intelligence and Reasoning

सात व्यक्ति - N, O, P, S, W, X और Y उत्तर की ओर मुख करके एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।
N, O के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। न तो N और ना ही O पंक्ति के किसी भी सिरे पर बैठे हैं। N और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, P के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। W, X के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। Y के दाईं ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?

A. O

B. P ✓

C. X

D. N

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q27 General Intelligence and Reasoning

एक कमरे में छह बच्चे - 1, 2, 3, 4, 5 और 6 हैं, प्रत्येक बच्चे की लंबाई अलग-अलग है। केवल तीन बच्चों की लंबाई, बच्चा 4 से अधिक है। बच्चा 1 की लंबाई, बच्चा 3 से अधिक है, लेकिन बच्चा 4 से कम है। बच्चा 5 की लंबाई, बच्चा 2 से अधिक है, लेकिन वह समूह में सबसे लंबा नहीं है। छह बच्चों में से दूसरा सबसे लंबा बच्चा कौन है?

A. 6

B. 5 ✓

C. 2

D. 3

Q28 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित अक्षर-शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) T S A B N U V T D Q S N M L A L E (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं जिनके ठीक पहले एक स्वर है, और ठीक बाद भी एक स्वर है?

A. 3

B. 6

C. 4

D. 1 ✓

Q29 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो दी गई श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

4 12 76 292 804 ?

A. 1000

B. 1804 ✓

C. 2000

D. 2804

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q30 General Intelligence and Reasoning

छह दोस्तों P, Q, R, S, T और U में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। R की लंबाई, केवल एक दोस्त से अधिक है। Q की लंबाई, केवल तीन दोस्तों से अधिक है। T की लंबाई, R से अधिक है, लेकिन U से कम है। U की लंबाई सबसे अधिक नहीं है। U की लंबाई, S से अधिक है। सभी दोस्तों में से दूसरा सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?

A. R

B. T

C. Q

D. U ✓

Q31 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथन में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार कीजिए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से, तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

1. सभी सैंडल, जूते हैं।

2. कुछ हील, बूट हैं।

3. कुछ सैंडल, बूट हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ हील, सैंडल हैं।

II. कुछ बूट, जूते हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है। ✓

C. निष्कर्ष I और II, दोनों पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है।

Q32 General Intelligence and Reasoning

P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। P और S के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S, T के ठीक नीचे रहता है। P एक सम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन मंजिल क्रमांक 2 पर नहीं रहता। R सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है। Q, R के ठीक नीचे वाली मंजिल पर रहता है। मंजिल क्रमांक 3 पर कौन रहता है?

A. P

B. U ✓

C. Q

D. T

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q33 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'TEMPLE' को 'QHJSIH' लिखा जाता है, और 'MOSQUE' को 'JRPTRH' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'SUPREME' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. PRMOBJB

B. PRMUBPB

C. PXMUBPB ✓

D. PRMOBJH

Q34 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका पांचवीं संख्या से वही संबंध है, जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है, और चौथी संख्या का तीसरी संख्या से है।

8 : 65 :: 12 : 145 :: 13 : ?

A. 169

B. 170 ✓

C. 171

D. 133

Q35 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथन पर विचार करें, और बताएं कि दी गई धारणाओं में से कौन सी कथन में निहित हैं?

कथन:

त्यौहार के मौसम के दौरान, यात्रियों की बढ़ती मांग की पूर्ति करने के लिए चेन्नई से पटना तक एक नई हॉलिडे - स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। यह सितंबर और अक्टूबर के महीनों में सभी बुधवारों को चलेगी।

धारणाएं:

I. अपेक्षाकृत अधिक लोगों द्वारा, सितंबर और अक्टूबर में चेन्नई से पटना की यात्रा किया जाना संभावित है।

II. चेन्नई से पटना के बीच चलने वाली मौजूदा ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

A. केवल धारणा I निहित है। ✓

B. केवल धारणा II निहित है।

C. न तो धारणा I और न ही II निहित है।

D. धारणाएं I और II दोनों ही निहित हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q36 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षरों के अनुक्रम का अध्ययन कीजिए, और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) N C A H L M W U V G L I Q S P O Z (दाएं)

इस अनुक्रम में ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनके ठीक पहले एक स्वर है?

A. चार ✓

B. छह

C. दो

D. पांच

Q37 General Intelligence and Reasoning

उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।

6, 9, 12, 16, 20, 25, ?

A. 30 ✓

B. 35

C. 31

D. 29

Q38 General Intelligence and Reasoning

यदि संख्याओं 8452, 6327, 7524, 4598 और 5691 को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो दाएं सिरे से दूसरी संख्या के तीसरे अंक और बाएं सिरे से तीसरी संख्या के दूसरे अंक का गुणनफल क्या होगा?

(उदाहरण- 697 में - बाएं से पहला अंक = 6, बाएं से दूसरा अंक = 9 और बाएं से तीसरा अंक = 7 है)

A. 54

B. 48

C. 27 ✓

D. 26

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q39 General Intelligence and Reasoning

यदि 8:45 am बजे, किसी घड़ी की मिनट की सुई उत्तर की ओर इंगित करती है, तो 9:00 pm बजे, वह किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

A. उत्तर

B. दक्षिण

C. पूर्व ✓

D. पश्चिम

Q40 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है।
E के ऊपर केवल एक व्यक्ति रहता है। D एक विषम क्रमांक वाली मंजिल पर रहता है। E और C के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। C, F के ठीक ऊपर रहता है। B, A के नीचे नहीं रहता है। मंजिल क्रमांक 1 पर कौन रहता है?

A. F

B. D ✓

C. C

D. B

Q41 General Intelligence and Reasoning

उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है, और छठे पद का पांचवे पद से है।

77 : 28 :: 89 : ? :: 134 : 47

A. 32 ✓

B. 34

C. 31

D. 35

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q42 General Intelligence and Reasoning

पांच दोस्त, एक ही इमारत की पांच अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 5 है। संजय, नम्रता के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। अंशिका तीसरी मंजिल पर रहती है। हीना सबसे निचली मंजिल पर रहती है। नम्रता, अंशिका के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहती है। मनवीर, हीना के ठीक ऊपर वाली मंजिल पर रहता है। सबसे ऊपर वाली मंजिल पर कौन रहता/रहती है?

A. हीना

B. मनवीर

C. नम्रता

D. संजय ✓

Q43 General Intelligence and Reasoning

निम्न में से कौन सा विकल्प उस निकटतम लगभग मान को दर्शाता है, जो निम्न समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

$15.32 \div 4.37 + 2.11 \times 14.47 = ?$

A. 50

B. 16

C. 61

D. 32 ✓

Q44 General Intelligence and Reasoning

एक निश्चित कूट भाषा में, 'ISSUE' को 'NPXRJ' लिखा जाता है, और 'PAINT' को 'UXNKY' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में, 'MEDIA' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

A. PZGDD

B. PBGFD

C. RBIFF ✓


D. RZIDF

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q45 General Intelligence and Reasoning

निम्नांकित लाइन-ग्राफ में, विभिन्न वर्षों के दौरान एक कॉलेज के आय और व्यय को दर्शाया गया है। ग्राफ का अध्ययन कीजिए, और पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।



[संदर्भ: Income of College - कॉलेज की आय; Expenses of College - कॉलेज के व्यय]

1992 से 1993 तक आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

A. 19.04% ✓

B. 23.82%

C. 14.03%

D. 38.52%

Q46 General Intelligence and Reasoning

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि कौन से निष्कर्ष तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?

कथन:

कुछ पेन, स्कूटर हैं।

कुछ मुकुट, हैट हैं।

सभी गुब्बारे, ग्लोब हैं।

निष्कर्ष:

(I) सभी स्कूटर, पेन हैं।

(II) कुछ मुकुट, ग्लोब हैं।

(III) कुछ गुब्बारे, हैट हैं।

A. केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

B. केवल निष्कर्ष II पालन करता है।

C. या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष III पालन करता है।

D. कोई भी निष्कर्ष पालन नहीं करता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q47 General Intelligence and Reasoning

यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कितना मान आएगा?

$102 \div 15 \times 5 - 7 + 10 \times 2 = ?$

A. 116

B. 117

C. 118 ✓

D. 119

Q48 General Intelligence and Reasoning

निम्न अक्षर, संख्या, प्रतीक शृंखला के आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) T M % A 8 ? 4 D & S R # Y 7 Z * E 9 = 5 C (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले और ठीक बाद एक संख्या है?

A. शून्य

B. एक

C. दो ✓

D. तीन

Q49 General Intelligence and Reasoning

निम्नलिखित में से उस पद का चयन कीजिए, जो दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आकर तार्किक रूप से शृंखला को पूर्ण करेगा?

BGH 17, FKL 14, JOP 11, NST 8, ?

A. QVW 5

B. RVW 7

C. RWX 5 ✓

D. SWX 9

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q50 General Intelligence and Reasoning

दिए गए अक्षर-समूह युग्म में, पहला अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क के आधार पर दूसरे अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए युग्मों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए, और दिए गए विकल्पों में से उस युग्म का चयन करें, जो समान तर्क का पालन करता है।

GKV : IMX

PLR : RNT

A. UKM : TPJ

B. EMH : VXR

C. JWO : LYQ ✓

D. WDZ : JAP

Q51 General Intelligence and Reasoning

तीन कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए विचार करें, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और बताएं कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से पालन करते हैं।

कथन:
कुछ परियां, देवदूत हैं।
कुछ परियां, चुड़ैलें हैं।
सभी चुड़ैलें, झाड़ू हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ झाड़ू, परियां हैं।
(II) कुछ चुड़ैलें, देवदूत हैं।

A. केवल निष्कर्ष (I) पालन करता है। ✓

B. केवल निष्कर्ष (II) पालन करता है।

C. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) पालन करते हैं।

D. न तो निष्कर्ष (I) और ना ही निष्कर्ष (II) पालन करता है।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 General Intelligence and Reasoning

HORIZON शब्द में ऐसे कितने अक्षर-युग्म (आगे और पीछे दोनों दिशाओं में) हैं, जिनमें से प्रत्येक के बीच शब्द में उतने ही अक्षर हैं, जितने उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में मौजूद हैं?

A. एक

B. दो

C. तीन

D. चार ✓

Q53 General Intelligence and Reasoning

A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इसके केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से कुछ इसके कोनों पर बैठे हैं, जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं।

